
RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 336
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 29 सितंबर, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



राजनाथ ने अरुणाचल प्रदेश में अग्रिम क्षेत्रों का किया दौरा

राष्ट्रीय-9

# पीएफआई पर पांच साल का प्रतिबंध

● कई सहयोगी संगठनों पर भी आतंकवाद निरोधक कानून के तहत लगी पाबंदी, वैश्विक आतंकी संगठन आईएसआईएस से संपर्क होने के आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने कथित रूप से आतंकी गतिविधियों में संलिप्तता और आईएसआईएस जैसे आतंकवादी संगठनों से संबंध होने के कारण पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) व उससे संबद्ध कई अन्य संगठनों पर कड़े आतंकवाद रोधी कानून के तहत पांच साल का प्रतिबंध लगा दिया है। पीएफआई और उसके नेताओं से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी के बाद सरकार ने यह कदम उठाया है।

पीएफआई के अलावा गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत प्रतिबंधित संगठनों में रिहैब इंडिया फाउंडेशन (आरआईएफ), कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया (सीएफ), ऑल इंडिया इमाम काउंसिल (एआईआईसी), नेशनल कॉन्फेडरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स ऑर्गेनाइजेशन (एनसीएचआरओ), नेशनल विमेंस फ्रंट , जूनियर फ्रंट , एम्पॉवर इंडिया फाउंडेशन और रिहैब फाउंडेशन (केरल) के नाम शामिल हैं। सोलह साल पुराने संगठन पीएफआई के खिलाफ मंगलवार को सात राज्यों में छापेमारी के बाद 150 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया या गिरफ्तार किया गया। इससे पांच दिन पहले भी देशभर में पीएफआई से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की ( शेष पेज 9 )



भोपाल में पीएफआई के सील कार्यालय के बाहर बैठी पुलिस

## मुख्यमंत्री ने किया फैसले का स्वागत

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार की ओर से पीएफआई पर प्रतिबंध लगाने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया और उसके अनुषांगिक संगठनों पर लगाया गया प्रतिबंध सराहनीय और स्वागत योग्य है। योगी ने कहा कि यह 'नया भारत' है, यहां आतंकी, आपराधिक और राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा के लिए खतरा बने संगठन और व्यक्ति स्वीकार्य नहीं हैं। सीएम योगी के बयान से साफ है कि उन्होंने जो मांग की थी अब केंद्र सरकार ने उसे पूरा कर दिया है।

## लखनऊ से पीएफआई के तीन और सदस्य गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ ने लखनऊ से पापुल फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के तीन और सदस्यों को गिरफ्तार किया। बीते सोमवार की देर रात से शुरू हुई छापेमारी की कार्रवाई बुधवार को भी जारी रही। बुधवार को एसटीएफ ने गुड़म्बा, कैसरबाग और आलमबाग क्षेत्र से एक-एक सदस्य को गिरफ़्तार करने में कामयाबी हासिल की। पकड़े गए सदस्यों के कब्जे से भड़काऊ और आपत्तिजनक दस्तावेज, मोबाइल फोन और विस्फोटक बनाने वाली जानकारी वाले पर्चे बरामद हुए हैं। एसटीएफ, एटीएस ( शेष पेज 9 )

## योगी सरकार ने दो साल पहले ही की थी बैन करने की सिफारिश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**खुफिया** एजेंसियों के इनपुट पर पिछले कई दिनों से हो रही छापेमारी के दौरान गिरफ्त में आए पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के सदस्यों से पूछताछ के दौरान मिली राष्ट्रविरोधी गतिविधियों की जानकारी के बाद केंद्र सरकार ने इस संगठन को पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। केंद्र ने यह कदम अब उठाया है लेकिन प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने वर्ष 2020 में ही पीएफर्आ को बैन करने की सिफारिश की थी। प्रदेश में सीएए और एनआसी आंदोलन में संगठन की भूमिका सामने आने के बाद प्रदेश सरकार कमी ओर से गृह मंत्रालय को सिफारिशी पत्र भेजा गया था। सीएए के विरोध में उत्तर प्रदेश के 21 जिलों में हिंसक प्रदर्शन हुए थे। इसके पीछे पीएफ आई की बड़ी भूमिका सामने आई थी। तत्कालीन डीजीपी ओपी सिंह के प्रस्ताव पर गृह विभाग के तत्कालीन अपर मुख्य सचिव अवनीश कुमार ( शेष पेज 9 )

# प्रभु राम हमारी सभ्यता के प्रतीक पुरुषः मोदी



**पायनियर समाचार सेवा।** अयोध्या

● रामनगरी में मुख्यमंत्री ने लता मंगेशकर चौक का किया लोकार्पण

**केंद्र** व प्रदेश सरकार के प्रयास से अयोध्या रामनगरी का नयाघाट बंधा चौराहा अब लता मंगेशकर चौराहा नाम से जाना जाएगा। प्रधानमंत्री ने आज अयोध्या में आयोजित लता मंगेशकर चौक के लोकार्पण कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि नवरात्र का तृतीय दिन मां चन्द्रघंटा की साधना का पर्व भी है। उन्होंने लता जी को मां चन्द्रघंटा की साधना का स्वरूप बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चौक का लोकार्पण किया। इस मौके पर लता मंगेशकर के परिजन भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहाकि भगवान राम हमारी नैतिकता, हमारे मूल्यों, हमारी मर्यादा, हमारे कर्तव्य के जीवंत आदर्श हैं और हमारी सभ्यता के प्रतीक पुरुष हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लता दीदी के स्वरों में आस्था, आध्यात्मिकता व पवित्रता गूंजती है। उनके गाए हुए भजनों में दैवीय मधुरता थी। उनके स्वर युगों-युगों तक देश के कण-कण को जोड़े रखेंगे। लता दीदी के नाम पर बना ये चौक हमारे देश में कला जगत से जुड़े लोगों के लिए भी प्रेरणा स्थली की तरह कार्य करेगा। ये बताएगा कि ( शेष पेज 9 )

## हम अपने सभी तीर्थों को सजाएंगेः योगी

**अयोध्या।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने लता मंगेश्कर चौक का लोकार्पण किया। इस मौके पर उनके साथ केन्द्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी सहित कई मंत्री व नेता मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीणा निर्माता राम सुतार से भी मिले ? की। इसके बाद वह रामकथा पार्क के लिए रवाना हो गए। लोकार्पण समारोह में लता मंगेशकर के भतीजे व बहू भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या अपना पुराना गौरव प्राप्त कर रही है। रामनगरी को सजाने-संवारने की जिम्मेदारी हम सबकी है। आज हमने लता चौक का लोकार्पण कर ( शेष पेज 9 )

## चतुर्थ कूष्मांडा



**सुरासम्पूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च। दधाना हस्तपद्माभ्यां कुष्मांडा शुभदास्तु मे।**

**नवरात्र** में चौथे दिन देवी को कुष्मांडा के रूप में पूजा जाता है। अपनी मंद, हल्की हंसी के द्वारा अंड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्मांडा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था, तब इसी देवी ने अपने हास्य से ब्रह्मांड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदि स्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। इस देवी की आठ भुजाएं हैं, इसलिए अष्टभुजा कहलाईं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जप माला है। इस देवी का वाहन सिंह है और इन्हें कुम्हड़े की बलि प्रिय है।

# दिग्विजय और थरूर के बीच अंतिम मुकाबले के आसार

**कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव**

● दिल्ली पहुंचे दिग्विजय पार्टी हाईकमान से मुलाकात के बाद कर सकते हैं नामांकन

● राजस्थान संकट के चलते गहलोत की उम्मीदवारी पर संशय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**यदि** अंतिम समय में गांधी परिवार और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बीच कोई समझौता नही हुआ या पार्टी हाईकमान की ओर से कोई वाइल्ड एंट्री नही हुई तो कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए अंतिम मुकाबला शशि थरूर और दिग्विजय सिंह के बीच होने के आसार नजर आ रहे हैं। एक ओर थरूर ने जहां ऑन रिकॉर्ड चुनाव लड़ने की बात कही है, वही दिग्विजय सिंह दिल्ली आ रहे हैं और एक दो दिन में अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। नामांकन दाखिले की अंतिम तिथि शुक्रवार है।

एक अन्य वरिष्ठ पार्टी नेता मल्लिकार्जुन खड़गे भी मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं लेकिन पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी से हरी झंडी मिलने के बाद। इस पूरी कहानी में एक दिलचस्प मोड़ उस समय आया जब एक कांग्रेस सांसद ने सलाह दिया कि प्रियंका गांधी भी यह चुनाव लड़ सकती है क्योंकि उन्होंने वाड्रा परिवार में विवाह किया है इसलिए वे अब गांधी परिवार की सदस्य नहीं हैं। भारत जोड़ो यात्रा में भाग ले रहे दिग्विजय सिंह को दिल्ली पहुंचने के लिए कहा गया है। सिंह ने कहा कि 'यदि हाईकमान ( शेष पेज 9 )

# गरीबों को तीन माह और मिलेगा मुफ्त राशन

● केंद्रीय कैबिनेट ने विस्तार को दी मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने बुधवार को गरीबों को मुफ्त अनाज देने की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की अवधि तीन माह यानी दिसंबर, 2022 तक बढ़ा दी है। इसपर 44,700 करोड़ रुपए की लागत आएगी। माना जा रहा है कि महंगाई से गरीबों को राहत देने के अलावा गुजरात विधानसभा चुनाव को देखते हुए यह निर्णय किया गया है। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में योजना तीन महीने बढ़ाने का निर्णय किया गया।

उन्होंने कहा कि योजना के तहत 80 करोड़ गरीबों को पांच किलो गेहूं और चावल हर महीने दिया जाता है। यह योजना शुक्रवार 30 सितंबर को समाप्त हो रही थी। इसे तीन महीने यानी अक्टूबर से दिसंबर, 2022 तक के लिए बढ़ाया गया है। आधिकारिक बयान के अनुसार, ऐसे समय में जब दुनिया कोविड महामारी और अन्य कारणों से उत्पन्न विभिन्न समस्याओं से जूझ रही है, भारत ने आम लोगों के लिए चीजें सुलभ रखने को लेकर आवश्यक कदम उठाते हुए कमजोर वर्गों के ( शेष पेज 9 )



नई दिल्ली में पत्रकार वार्ता के दौरान केंद्रीय मंत्री अश्विनि वैष्णव और अनुराग ठाकुर

## केंद्रीय कर्मियों, पेंशनधारकों को 4% की दर से अतिरिक्त महंगाई भत्ता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्रीय कर्मचारियों एवं पेंशनधारियों के लिए चार प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता (डीए) एवं राहत की अतिरिक्त किस्त जारी करने को बुधवार को मंजूरी दे दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने संवाददातओं को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को अनुमति दी गई। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के कर्मचारी और पेंशनभोगी महंगाई भत्ते और महंगाई राहत की बढ़ी हुई राशि के लिए जुलाई 2022 से हकदार होंगे। सरकार के इस निर्णय से 41.85 लाख केंद्रीय कर्मचारी और 69.76 लाख पेंशनधारकों को लाभ मिलेगा। ठाकुर ने बताया कि इसके तहत केंद्रीय ( शेष पेज 9 )

# लखीमपुर-खीरी में निजी बस व ट्रक की टक्कर में 10 की मौत



**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी

**लखीमपुर** खीरी जिले के ईसानगर क्षेत्र में बुधवार सुबह एक ट्रक और निजी बस के बीच भीषण टक्कर में कम से कम दस लोगों की मौत हो गई तथा 41 अन्य घायल हो गए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर शोक व्यक्त किया है।

प्रदेश सरकार ने मृतक परिजनों को दो-दो लाख व गंभीर घायलों को पचास हजार रुपए देने के निर्देश दिए हैं। वहीं प्रधानमंत्री ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में एक सड़के हादसे में हुई लोगों की मौत पर दुख जताया और उनके परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपए की मदद दिए जाने की घोषणा की।

पुलिस उपाधीक्षक प्रीतम पाल सिंह ने बताया कि धौरहरा से यात्रियों को लेकर लखनऊ जा रही एक निजी बस की राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 730 पर ऐरा पुल पर सामने से आ रहे एक ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई और कम से कम दस लोगों की मौत हो गई। सिंह के अनुसार मृतकों में आठ की पहचान धौरहरा निवासी जितेंद्र (25), कौशल किशोर (58), सुरेंद्र कुमार चौरसिया (35), अजीमुन (55), सगीर (45), ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 56,598 | ↓ 509 | |
| निफ्टी | 16,858 | ↓ 148 | |
| सोना | 49,282 | ↓ 435 | /10g |
| चांदी | 54,765 | ↓ 1600 | /kg |

## क्विक न्यूज

### आर. वेंकटरमणी देश के नए एटार्नी जनरल नियुक्त

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ अधिवक्ता आर. वेंकटरमणी को बुधवार को तीन साल की अवधि के लिए देश का नया अटॉर्नी जनरल (एजी) नियुक्त किया गया। उनका कार्यकाल तीन साल का होगा। सरकार द्वारा जारी एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है। वह के.के. वेणुगोपाल का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल 30 सितंबर को समाप्त हो रहा है। 91 वर्षीय वेणुगोपाल को जुलाई 2017 में इस पद पर नियुक्त किया गया था। उन्हें 29 जून को तीन महीने के लिए देश के शीर्ष कानून अधिकारी के रूप में पुनः नियुक्त किया गया था। वेणुगोपाल ने अपनी बढ़ती उम्र की वजह से संवैधानिक पद पर बने रहने के प्रति अनिच्छा जाहिर की थी। एक अन्य वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कुछ दिन पहले अटॉर्नी जनरल बनने की पेशकश को ठुकरा दिया था।

## ज्ञानवापी मामले में वाराणसी न्यायालय के आदेश पर रोक 31 अक्टूबर तक बढ़ी

**भाषा।** प्रयागराज

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने काशी विश्वनाथ मंदिर- ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने संबंधी वाराणसी की एक अदालत के आदेश पर लगी रोक 31 अक्टूबर तक के लिए बुधवार को बढ़ा दी। न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इस मामले में अगली सुनवाई की तारीख 18 अक्टूबर तय की। याचिकाकर्ता अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद (वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद की प्रबंधन समिति) और अन्य ने वाराणसी की जिला अदालत में 1991 में दायर मूल वाद की पोषणीयता को चुनौती देते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर रखी है। मूल वाद में उस जगह पर जहां वर्तमान में ( शेष पेज 9 )

# लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान होंगे नए सीडीएस

● जनरल बिपिन रावत के निधन के बाद यह पद रिक्त था

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**लेफ्टिनेंट** जनरल अनिल चौहान (सेवानिवृत्त) को बुधवार को नए प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) के रूप में नियुक्त किया गया। जनरल बिपिन रावत की मृत्यु के बाद यह पद रिक्त था। पद रिक्त होने के नौ महीने से अधिक समय बाद इस पर नियुक्ति की गई है।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर लेफ्टिनेंट जनरल चौहान की नियुक्ति की घोषणा की। बयान में कहा गया है, सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान (सेवानिवृत्त) को अगले सीडीएस के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लिया है, जो भारत सरकार, सैन्य मामलों के विभाग के सचिव के रूप में भी कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से और अगले आदेश तक कार्य करेंगे।



लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान

लगभग 40 वर्षों से अधिक के अपने करियर में, लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान ने कई कमान, स्टॉफ और महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है तथा उन्हें जम्मू कश्मीर और पूर्वोत्तर भारत में आतंकवाद विरोधी अभियानों में व्यापक अनुभव हैं।

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में मिलीं बौद्ध गुफाएं व मंदिर

● भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को मिला इतिहास का अनमोल खजाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) टीम की खोज में मध्यप्रदेश के बांधवगढ़ के टाइगर रिजर्व क्षेत्र में कई प्राचीन गुफाएं, मंदिर, विशाल प्रतिमाएं, अभिलेख समेत कई वस्तुएं मिली हैं जो ऐतिहासिक दृष्टि से अनमोल खजाना है। यहां दूसरी से पांचवीं शताब्दी की मानव निर्मित 26 गुफाएं और 26 मंदिर भी मिले हैं।

बौद्ध धर्म के महायान पंथ से संबंधित इन गुफाओं को चट्टानों को काटकर बनाया गया था। गुफाओं और मंदिर के साथ ही इतिहासविदों को ब्राह्मी और अन्य लिपियों के 24 अभिलेख मिले हैं, जिसपर मथुरा, कौशाम्बी समेत दूसरे स्थानों के नाम का जिक्र किया गया है। एएसआई के जबलपुर क्षेत्र के अधिकारी शिवाकांत वाजपेई ने नई दिल्ली में बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि 170 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले बाधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 20 मई से 27 जून के बीच तलागर क्षेत्र में एएसआई द्वारा एक खोज अभियान चलाया गया था। इस अभियान में गुफाओं के साथ पौराणिक मंदिर और कई प्राचीन मूर्तियां मिली हैं। इनमें विष्णु के विभिन्न अवतारों जैसे वराह और मत्स्य की विशाल मूर्तियों के अलावा गुफाओं में बोर्ड गेम (गोटी खेलने के लिए) की प्रतिकृति भी मिली हैं।



शिवाकांत वाजपेई ने बताया कि चट्टानों को काटकर बनाए गए इन गुफाओं में बौद्ध धर्म से जुड़े कई अहम तथ्य मिले हैं। पुरातत्व की दृष्टि से यहां मिले ऐतिहासिक प्रमाण काफी महत्वपूर्ण हैं। यहां मिले स्तंभ युक्त बौद्ध स्तूप और मनौती स्तूप ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त यहां दुनिया की सबसे विशाल वराह की प्रतिमा भी मिली है जो 6.4 मीटर उंची है। अभी तक विशाल वराह ( शेष पेज 9 )

## बांधवगढ़ का इतिहास

**बांधवगढ़** का पौराणिक इतिहास है। इस स्थल का उल्लेख नारद पंचरात्र एवं शिव पुराण में है। ऐसा माना जाता है कि भगवान राम अयोध्या लौटते समय अपने छोटे भाई लक्ष्मण को यह क्षेत्र उपहार में दिया था। इस क्षेत्र से प्राप्त अभिलेखों से पता चलता है कि यह बहुत लंबे समय तक मघ राजवंश के अधीन था। मघ राजाओं तथा व्यापारियों के नाम यहां पर उत्कीर्ण ब्राह्मी शिलालेखों में पाये गए है। इसके अतिरिक्त बांधवगढ़ में मघ राजवंश के एवं अन्य सिक्के भी प्राप्त हुए हैं।

# यूपी में होगी तीन और महिला पीएसी बटालियन की स्थापना

● भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया पुलिस मुख्यालय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में तीन और महिला पीएसी बटालियन की स्थापना की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके तहत जालौन, बलरामपुर और मिर्जापुर में महिला पीएसी बटालियन के लिए जमीन को चिन्हित कर लिया गया है। जिसकी रिपोर्ट का प्रस्ताव बनाकर पुलिस मुख्यालय को भेज दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हरी झंडी मिलते ही भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही शुरू कर दी जाएगी। मालूम हो कि योगी सरकार ने इससे पहले भी प्रदेश की बेटियों और महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने के साथ उन्हे आत्मनिर्भर बनाने के लिए तीन महिला पीएसी बटालियन की घोषणा की थी। इसके लिए भूमि आवंटित होने के बाद निर्माण कार्य चल रहा है। साथ ही बटालियन के लिए पद भी स्वीकृत किए जा चुके हैं। जल्द ही भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

एडीजी पीएसी केएस प्रताप सिंह ने बताया कि सीएम योगी ने प्रदेश में तीन और महिला पीएसी बटालियन की स्थापना करने का आदेश दिया था। इसी के तहत प्रदेश में झांसी और जालौन में से एक जनपद बलरामपुर व मिर्जापुर और भदोही में से एक जनपद में महिला पीएसी बटालियन की स्थापना के लिए आदेश दिया गया था। ऐसे में जालौन के ऊरई तहसील के ग्राम ऐर थाना डकोर के तहत ग्राम समाज की 17.150 हेक्टेयर भूमि को चिन्हित किया गया है। यह भूमि पहले से ही 33 वीं वाहिनी पीएसी झांसी के कब्जे में है। इस महिला पीएसी बटालियन का नाम रानी लक्ष्मी बनाई रखा जाएगा। इस प्रस्ताव बनाकर पुलिस मुख्यालय को बनाकर भेज दिया गया है।

# मेडिकल कॉलेजों व विवि के लिए धन की कमी नहीं

● मुख्यमंत्री ने की लोनिवि की समीक्षा, कहा नवीनतम तकनीक को अपनाने का हो प्रयास



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोनिवि की समीक्षा करते हुए कहा कि चिकित्सा शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग से जुड़ी निर्माण परियोजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा की जाए। ड्रोन के माध्यम से परियोजना स्थल का भौतिक निरीक्षण किया जाए। इसकी रिपोर्ट विभागीय मंत्रियों को दी जाए। प्रोजेक्ट मैनेजर साइट पर रहें। यदि कहीं मैनपॉवर कम हो तो अतिरिक्त की व्यवस्था तत्काल हो। कहीं कोई समस्या आ रही हो तो मुख्यमंत्री कार्यालय को जानकारी दें। परियोजनाओं की साप्ताहिक प्रगति से विभागीय मंत्रियों को अवगत कराया जाए। सीएम योगी ने आगे कहा है कि एक जनपद-एक मेडिकल कॉलेज के संकल्प के साथ राज्य सरकार लगातार आगे बढ़ रही है। सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज क्रियाशील हों यह हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। बुलन्दशहर, लखीमपुर खीरी, गोंडा, औरैया, ललितपुर, सोनभद्र, कानपुर देहात, पीलीभीत, बिजनौर, चंदौली, कौशाम्बी, कुशीनगर और सुल्तानपुर जनपदों में मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य तेज किए जाने की जरूरत है। इसी प्रकार अटल मेडिकल विवि में भवन निर्माण में तेजी अपेक्षित है। अनावश्यक लेटलतीफी पर जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाएगी। यह व्यापक जनहित की परियोजनाएं हैं, इसमें देरी स्वीकार्य नहीं है। इसे मिशन मोड में लिया जाए। प्रत्येक दशा में जून 2023 तक पूरा करा लिया जाए। निर्माण कार्य की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। धन की कोई कमी नहीं है, काम समय से पूरा होना चाहिए। राज्य सरकार द्वारा मां शाकुम्भरी राज्य विवि सहारनपुर, राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विवि अलीगढ़ तथा महाराजा सुहेलदेव विवि, आजमगढ़ के रूप में तीन नए राज्य विवि की स्थापना की गई है। इनके भवन निर्माण को समय से पूरा कराया जाए। जननायक चंद्रशेखर बलिया विवि के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। स्पीड ब्रेकर निर्माण करते समय लोगों की सुविधा का ध्यान भी रखें। स्पीड ब्रेकर टेबल टॉप हों। बुजुर्गों, बच्चों, महिलाओं, मरीजों को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े। खराब डिजाइनिंग की वजह से अक्सर लोग स्पीड ब्रेकर के किनारे से वाहन निकालने का प्रयास करते हैं, जिससे दुर्घटना भी होती है। प्रदेश में सड़क निर्माण की तकनीक सुधार की दिशा में अभिनव कार्य हुए हैं। ग्राम्य अभियंत्रण विभाग ने एफडीआर तकनीक आधारित सड़क तैयार कर न केवल सड़क की गुणवत्ता को बेहतर किया, बल्कि लागत को भी कम किया है। फुल डेप्थ रेक्लेमेशन तकनीक यानी एफडीआर के जरिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माण कार्य कराया जा रहा है। आज भारत सरकार ने कई राज्यों को हमारे इस प्रयास मॉडल से सीखने-जानने को भेजा है। प्लास्टिक वेस्ट से सड़कें बन रही हैं। पीडब्ल्यूडी द्वारा भी ऐसी अभिनव तकनीक अपनाया जाए। इस वर्ष भारतीय सड़क कांग्रेस (आईआरसी) के 81वें अधिवेशन की मेजबानी उत्तर प्रदेश को मिली है।

# भाई-भतीजावाद सपा के ब्रांड एंबेसडर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बीजेपी** के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने सपा के प्रदेश अधिवेशन पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि पूरी सपा में दूसरा कोई योग्य व्यक्ति नहीं है, पांच साल से सपा को दूसरा राष्ट्रीय और प्रदेश अध्यक्ष नहीं मिल रहा है। यह परिवारवाद का सबसे बड़ा उदाहरण है।

सपा का अधिवेशन झूठ और फरेब की बुनियाद पर टिका है और जनता को गुमराह नहीं कर पाएगा। जनता पांचवीं बार 2024 में सपा का सूपड़ा साफकरने जा रही है। उन्होंने कहा कि सपा के ब्रांड एंबेसडर जंगलराज, भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और भाई-भतीजावाद हैं। प्रदेश की जनता चार बार सपा की सरकार देख चुकी है और वह भली भांति जानती है कि सपा सरकार में कोई सुरक्षित नहीं था। प्रदेश में निवेश की बात ही छोड़िए, विकास में भी भेदभाव किया जाता था। प्रदेश की बदहाली के लिए सबसे अधिक अगर कोई जिम्मेदार है, तो वह सपा ही है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में गुंडे, माफिया, अपराधियों और दंगाइयों को राजनीतिक संरक्षण के एक नहीं सैंकडों उदाहरण है। आज योगी सरकार इनके खिलाफकार्रवाई कर रही हैए तो सपा को पीड़ा हो रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पिछले साढ़े पांच वर्षों में प्रदेश की छवि देश दुनिया में बदली है। उसी का नतीजा है कि विदेशी कंपनियां भी अब प्रदेश में निवेश कर रही हैं। प्रदेश में विकास की नई गंगा बह रही है।

# डिप्टी सीएम बोले एक-एक सदस्य की होगी धरपकड़

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**डिप्टी** सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा है कि यूपी से पीएफआई का सफाया होगा और इस संगठन के एक-एक सदस्य की धरपकड़ होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन पीएफआई के सारे मंसूबों पर पानी फेरने में जुटी है। उन्होंने कहा कि पीएफआई पर पाबंदी जरूरी थी। भाजपा सरकार आतंकवाद के लिए अपनी जीरो टोलेरेंस नीति पर अडिग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार किसी भी दशा में आतंकी संगठन व उनके शह देने वालों को बर्दाश्त नहीं करेगी। गृहमंत्री ने पांच साल के लिए पीएफ आई पर पाबंदी लगाई है, इसका देश व उत्तर प्रदेश की जनता स्वागत करती है। गैरसामाजिक व गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त इस संगठन पर प्रतिबंध लगाकर सरकार ने देश में अच्छा संदेश दिया है। पीएफ आई जैसे अन्य संगठन भी सरकार के निशाने पर हैं ताकि गैरकानूनी संगठन सिर न उठा सकें।

# भाजपा को सिर्फ सपा ही हरा सकती है: अखिलेश

● नरेश उत्तम पटेल फिर बने प्रदेश अध्यक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** के 9वें राज्य स्तरीय सम्मेलन में बुधवार को सर्वसम्मति से नरेश उत्तम पटेल को सपा का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने प्रदेश की योगी सरकार व केंद्र की मोदी सरकार पर जबरदस्त तरीके से हमला बोला। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा को सिर्फ समाजवादी पार्टी ही हरा सकती है।

उन्होंने कहा कि देश की राजनीति को बदलने का काम उत्तर प्रदेश की जनता ही करेगी। अखिलेश ने कहा जब देश की राजनीति बदलेगी तो समाजवादी भूमिका अलग दिखाई पड़ेगी। प्रदेश की राजधानी लखनऊ के रमाबाई अंबेडकर मैदान में बुधवार को समाजवादी पार्टी के दो दिवसीय सम्मेलन की शुरूआत हुई। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सबसे पहले राष्ट्रीय ध्वज फिर पार्टी का ध्वज फहरा कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। सपा के वरिष्ठ नेता राम गोपाल यादव ने अव्यवस्था पर मंच से कार्यकर्ताओं को डांट लगाई। इसके बाद उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू करते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए केवल नरेश उत्तम पटेल का नाम आया। चुनाव अधिकारी प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने नरेश उत्तम पटजे के प्रदेश अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष करेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव बृहस्पतिवार को पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में किया जाएगा। अखिलेश यादव को एक बार फिर अध्यक्ष चुने जाने की प्रबल संभावना है। अखिलेश यादव ने नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले समय में जो चुनौतियां हैं, उनका मुकाबला हम सब मिलकर करेंगे। संगठन के साथ-साथ हमारे सभी साथी मिलकर समाजवादी आंदोलन को आगे बढ़ाएंगे। यह लड़ाई बड़ी है, जो समाज में बांटने वाली ताकतें हैं उनको सत्ता से बाहर निकालने का काम हम मिलकर करेंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा द्वारा समाजवादियों और बहुजनवादियों के साथ गठबंधन के नतीजे भले ही अपेक्षा के अनुरूप न रहे हों, लेकिन इससे यह जाहिर हुआ है कि भारतीय जनता पार्टी को सिर्फ सपा ही हरा सकती है। उन्होंने कहा कि उसके बाद दोबारा समाजवादियों ने मिलकर वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ा। जो दल उस समय भाजपा को हटाने के लिए संघर्ष कर रहे थे उन सबको साथ लेकर हम लोगों ने एक मंच पर एक गठबंधन तैयार किया। हम जीत नहीं पाए, लेकिन मैं यह कह सकता हूं 2019 और 2022 के प्रयोग ने और जिस तरह से हमारे नेता और कार्यकर्ताओं ने काम किया, भले ही हमें अपेक्षित सफलता न मिली हो लेकिन हम समाजवादी लोग जान गए हैं कि भाजपा का मुकाबला अगर कोई कर सकता है और कोई उसे हरा सकता है तो वह समाजवादी पार्टी है। उन्होंने कहा कि हमारी मिली-जुली संस्कृति को ठेस पहुंचाई जा रही है उसे बचाकर हम देश को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। हमें जो भी संघर्ष करना पड़ेगा, आने वाले समय में अगर हमें सरकार से टकराना भी पड़ा तो हम ऐसा करेंगे। अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भाजपा की कड़ी आलोचना करते हुए उसे हर मोर्चे पर विफल बताया। साथ ही अपनी पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में हासिल की गई उपलब्धियों का जिक्र किया और कहा कि सपा को जब जब सत्ता में आने का मौका मिला तो उसने जनता के भले के लिए काम किया।

# भगत के विचार आज और अधिक प्रासंगिक



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी लोहिया (प्रसपा) द्वारा बुधवार से शुरू किए गए भगत-जे पी, लोहिया पखवाड़ा अन्तर्गत पार्टी प्रमुख शिवपाल सिंह यादव ने आन लाइर्न कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भगत सिंह की समावेशी राष्ट्रीयता व प्रगतिशील समाजवाद पर व्यापक विचार- विमर्श की आवश्यकता है। देश में बढ़ती आर्थिक विषमता चिंताजनक है। अरबपतियों की संख्या बढ़ने या बढ़ाने से सम्पूर्ण देश का समग्र विकास संभव नहीं। प्रसपा भगत सिंह की जयंती 28 सितंबर से लोहिया पुण्यतिथि 12 अक्टूबर तक भगत-जे पी, लोहिया पखवाड़ा मना रही है। इस उपलक्ष्य में प्रसपा कार्यालय में आयोजित परिचर्चा को ऑन लाइन संबोधित करते हुए शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि भगत सिंह के विचार आज और अधिक प्रासंगिक हैं। भगत सिंह ने चंद्रशेखर आज़ाद की अध्यक्षता में हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी का गठन देश को स्वतंत्र करा कर समता मूलक समाजवादी व्यवस्था लागू करने के लिए किया था। भगत सिंह जितने महान योद्धा उतने ही बड़े विचारक भी थे।


पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

पहले मेरा नाम फातिमा अन्सारी था जिसको बदलकर मैंने अपना नाम फातमा बीबी रख लिया है। आगे से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। फातमा बीबी, पत्नी हफीज अहमद पता – A-29/56-B-3 बहादुर शहीद बलुआबीर पीली कोठी, वाराणसी

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम Nitin Kumar Kesarwani था जो अब बदलकर Nitin Kesarwani हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। Nitin Kesarwani S/o Vinod Kesarwani, 728, Colonelganj, Allahabad.

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरी पुत्री अनन्या बौद्ध के विद्यालय अभिलेखों में त्रुटिवश Ananiya Baudh अंकित हो गया है जो गलत है जबकि उसका सही नाम Ananya Baudh है जो कि उसके आधार कार्ड पर दर्ज हैं अतः अब से समस्त अभिलेखों में मेरी पुत्री नाम का नाम Ananya Baudh ही पढ़ा व समझा जाये। सिद्धराम पुत्र श्री दयाराम निवासी ग्राम व पोस्ट–लालपुर (कमलापुर), वि0ख0 मछरेहटा, तहसील–मिश्रिख, जिला सीतापुर

**सूचना**

मेरे भूमि खसरा नं0 274, ग्राम पहाड़गंज, परगना हवेली अवध फैजाबाद रकवा 1380 वर्गफुट रजिस्ट्री दिनांक 03.03.1992 पुस्तक संख्या I खण्ड 350 पृष्ठ संख्या 117/130 क्रम संख्या 967 रजिस्ट्रीकृत फैजाबाद जो कि रामचन्दर के नाम से है। मूल रजिस्ट्री वास्तव में खो गयी है जिसका प्रयोग अवैध है। माया सिंह पत्नी वीरेन्द्र सिंह 19/1151, इन्दिरानगर लखनऊ।


# जिलों में परिवर्तन लाने के लिए अफसरों को खुद के अंदर जगानी होगी इच्छाशक्ति



● सीएस ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने समस्त जिलाधिकारियों तथा मंडलायुक्ताओं को अपने कार्यों को और बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। जिलों में परिवर्तन लाने के लिए खुद के अंदर इच्छाशक्ति जागृत करनी होगी। सभी जनपदों में नवाचार करते रहना चाहिए। जनपदों में आम जनमानस को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके और उनकी समस्याओं का तत्परता से निस्तारण हो सके, तभी सही मायने में जनपद विकास की ओर अग्रसर होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की इकोनॉमी को चार गुना करने का लक्ष्य मुख्यमंत्री ने रखा है। यह लक्ष्य तभी संभव होगा जब जिले के अधिकारी नई सोच के साथ निष्ठापूर्वक कार्य करेंगे। मुख्य सचिव बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से डीएम-कमिश्नर के साथ विकास कार्यों और विभिन्न सरकारी विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रदेश में 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 7 से 21 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में साफ सफ ाई आदि की व्यवस्था पहले से कर ली जाए। विद्यालयों में रोगों से बचाव तथा रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए।

# ऊर्जा मंत्री ने सुनवाई कर 27 वर्ष पुरानी समस्या का किया समाधान

## गलत बिल पर मीटर रीडर के खिलाफ सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

● सभी डिस्कॉम में मीटर की पर्याप्त उपलब्धता हो, उपभोक्ताओं को इसकी कमी न पड़े



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**ऊर्जा** मंत्री एके शर्मा ने शक्ति भवन में सम्भव पोर्टल के तहत जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने शिकायतकर्ता से शिकायत के संबंध में ऑनलाइन बात की और मौके पर ही अधिकारियों को शिकायतों के समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में उन्होंने 21 शिकायतों की सुनवाई की और इनका तत्काल समाधान किया। इस दौरान उन्होंने आगरा के शिकायतकर्ता वेद प्रकाश शर्मा के 27 वर्ष पुरानी समस्या का समाधान किया। उन्होंने कहा कि वेद प्रकाश शर्मा ने अपने पुत्र निदेश कुमार शर्मा के नाम से 14-277 मदन मोहन दरवाजा फुलट्टी बाजार आगरा पर संयोजन के लिए आवेदन किया था। किंतु उस परिसर पर दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड व टोरेंट का बकाया होने के कारण संयोजन नहीं मिल रहा था। वेद प्रकाश ने उस परिसर में अगस्त 1995 में अपने संयोजन का स्थाई विच्छेदन करवा दिया था लेकिन दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड से टोरेंट को 2010 में डाटा स्थानांतरित करते समय यह संयोजन लाइव था जिसके कारण नया संयोजन नहीं मिल पा रहा थाए जिसका समाधान कराया गया। इसी प्रकार जिला शामली के शिकायतकर्ता प्रदीप कुमार को 5 वर्ष से बिना विद्युत मीटर के 2000 से अधिक का बिल निर्गत किया जा रहा था जिसका समाधान कराया गया। इसी प्रकार मंत्री ने सम्भव पोर्टल पर बिल संशोधन, विद्युत आपूर्ति, न्यू कनेक्शन, विद्युत पोल लगाने, एबीसी केबल लगाने, मीटर लगाने, ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि, विद्युत चोरी, मीटर खराबी से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई और 21 मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया। जन सुनवाई के दौरान ऊर्जा मंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी मीटर रीडर गलत बिल जारी करें उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही बिलिंग एजेंसी को भी नोटिस दिया जाए। उन्होंने सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक डिस्कॉम में मीटर की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे। उपभोक्ताओं को मीटर की कमी ना होने पाए। उन्होंने कहा कि इसके निरंतर प्रयास किए जाएं कि सभी उपभोक्ता समय पर अपना बिजली बिल जरूर जमा करें। उन्होंने बड़े बकायेदारों से संपर्क कर शीघ्र बकाया जमा कराने के लिए भी निर्देश दिए।

## जनता को आसानी से मिलें विद्युत कनेक्शन

● अप्रैल से अब तक 8 लाख नए विद्युत कनेक्शन स्वीकृत किए गए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश की जनता को विद्युत कनेक्शन सुगमता से प्राप्त हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने उप्र पावर कारपोरेशन एवं वितरण निगमों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कनेक्शन देने में यदि कहीं पर भी मीटर आदि की कमी है तो उसे तत्काल दूर किया जाये। उन्होंने बताया है कि प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। अप्रैल से अब तक लगभग 8 लाख नये विद्युत कनेक्शन दिये गये हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं को ऑनलाइन कनेक्शन प्राप्त करने में कोई परेशानी न हो, इसके लिये झटपट पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का हर स्तर पर प्रभावी मॉनीटरिंग करने के भी निर्देश दिये हैं। ऊर्जा मंत्री ने कहा है कि झटपट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन विद्युत कनेक्शन देने के निर्णय का उद्देश्य उपभोक्ताओं को आसानी से घर बैठे विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराना है। इसमें प्रत्येक स्तर पर अधिकारी को अपनी कार्यवाही पूर्ण करने के लिये समय सीमा तय है। इस समय सीमा का पालन भी सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि इस अवधि में लगभग 25 हजार ग्रामीणों को निजी नलकूपों के कनेक्शन स्वीकृत किये गये है।

# संपत्ति हस्तांतरण योजना से 449 करोड़ की आय

● तीन माह में 1.30 लाख दानपत्र हुए पंजीकृत: रवींद्र

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**विधान** भवन में पत्रकारों से बात करते हुए राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रविंद्र जयसवाल ने कहा कि मात्र 5 हजार रुपयों के स्टांप शुल्क से रक्त संबंधियों को संपत्ति हस्तांतरण करने की योजना का प्रदेश की जनता ने भरपूर लाभ उठाया है। मात्र 3 महीनों में 130596 दानपत्र पंजीकृत हुए हैं। इससे विभाग को 449 करोड़ की आय प्राप्त हुई। श्री जायसवाल ने बताया कि परिवारों में अधिकांश विवाद अचल संपत्तियों में बंटवारे को लेकर होता था जिसके कारण न्यायालय में मुकदमों की संख्या भी बहुतायत में होती थी। इन सबके समाधान के लिए निबन्धन विभाग ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पारिवारिक सदस्यों के मध्य अचल संपत्तियों के हस्तानांतरण पर लगने वाले स्टाम्प ड्यूटी को 6.7 प्रतिशत से घटाते हुए मात्र 5000 रूपए अधिकतम करने का एक बड़ा निर्णय लिया। विभाग के इस निर्णय के बाद जहाँ परिवारों में सौहार्दपूर्ण वातावरण स्थापित हुआ वहीं 18 जून 27 सितम्बर की अवधि में 130596 दानपत्र पंजीकृत हुए तथा विभाग को 449 करोड़ की आय प्राप्त हुई। गत वर्ष 18 जून 2021 से 27 सितम्बर 2021 की अवधि में मात्र 20867 दानपत्र पंजीकृत हुए तथा इससे 230 करोड़ की आय विभाग को हुई थी। पिछले 3 माह में वसीयतों के पंजीकरण में भी काफी कमी आयी है। इतने कम समय में इतनी बड़ी संख्या में दान विलेखों को पंजीकृत करने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है जिससे राज्य सरकार के इस निर्णय की महत्ता और जनसामान्य हेतु इसकी उपयोगिता स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। स्टांप तथा पंजीयन मंत्री ने कहा कि मोदी-योगी ने प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए समृद्ध समाज, सुविकसित संस्कृति एवं घर-घर सौहार्दपूर्ण वातावरण के संकल्पों को पूरा करने के लिए निबंधन विभाग ने अपनी महत्ती भूमिका का निर्वहन किया है। अचल संपत्तियों के हस्तानांतरण पर पूर्व में इतनी बढ़ी धनराशि लगने के कारण पारिवारिक सदस्यों के मध्य अचल संपत्तियों को हस्तानांतरित करने में परिवार के मुखिया संकोच कर वसीयतों का सहारा लेते थे।

# बारह साल का हुआ आपका आधार

## आज ही के दिन 2010 में जारी हुआ था देश का पहला आधार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा जारी किया जाने वाला आपका आधार गुरूवार को 12 साल का हो गया। 29 सितम्बर 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा महाराष्ट्र के तेम्भी गाँव में रहने वाली रंजना सोनवणे को देश का पहला आधार प्रदान किया गया था। उत्तर प्रदेश में अप्रैल 2012 को 1 करोड़ निवासियों को आधार जारी करने के आकड़े पर पहुंचा वही मार्च 2015 को 10 करोड़, जून 2016 को 15 करोड़ और मई 2018 को 20 करोड़ के आकड़े पर पंहुचा, वर्तमान समय में प्रदेश के 22.40 करोड़ लोगों का आधार बन चुका है जिसमे 18 साल से अधिक आयु में शत प्रतिशत, वही 5-18 के 96 प्रतिशत बच्चों और 0-5 के 22 प्रतिशत बच्चों का आधार बन चुका है। प्रदेश भर में प्रतिदिन लगभग 14000 आधार नामांकन एवं अद्यतन मशीन की मदद से लगभग 40000 आधार नामांकन और 71000 आधार अपडेट किया जा रहा है। आधार प्रमाणीकरण के मदद से लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाने के कारण राज्य सरकार को अबतक लगभग 8400 करोड़ धनराशि की बचत हुई है जिसके कारण योजनाओं का लाभ अधिक लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।

आधार की मदद से विगत तीन वर्षों में प्रदेश के लगभग 100 से अधिक बच्चों और दिब्यांग जनों को उनके परिवार से मिलाया जा चुका है। राज्य में 13 रजिस्ट्रार आधार नामांकन और अपडेट का कार्य संचालित कर रहे है जिसमे मुख्य रूप से बैंक, बेसिक शिक्षा विभाग, भारतीय डाक, भारत संचार निगम लिमिटेड, महिला एवं बाल विकास विभाग, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक एवं स्वास्थ्य विभाग शामिल है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा अपने में संचालित राज्य का पहला आधार सेवा केंद्र आगरा में शुरू किया गया था। वर्तमान समय में राज्य में 12 आधार सेवा केंद्र लखनऊ, वाराणसी, मुरादाबाद, सहारनपुर, गोरखपुर, गोण्डा, गाज़ियाबाद, कानपुर, ग्रेटर नोएडा, मेरठ और प्रयागराज में सुचारू रूप से संचालित हो रहे है जिससे सम्बंधित जिले और आस पास के जिले के लोगों को आसानी से आधार की सेवाएं मिल रही हैं। इस अवसर पर प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आधार पर रेडियो जिंगल लिखने के लिए बच्चों के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जैसा की हम जानते है कि आधार एक अतिमहत्वपूर्ण दस्तावेज है ण् इसके माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिलता है इसलिए इसका अपडेटेड होना जरुरी और लाभदायक हैए अगर आपका आधार अपडेटेड होता है तो आपको केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में बहुत आसानी होती है। आधार में एक ख़ास फीचर है की आप इसे आसानी से अपडेट करा सकते है विशेष तौर पर अपना पता और मोबाइल नंबर हमेशा अपडेट रखे। इस सन्दर्भ में निवासियों को सलाह दी जाती है की अगर आपका आधार बने हुए 10 साल या उससे अधिक हो गए है तो अपना आधार अपडेट जरुर कराए। प्रदेश में खाद्य एवं रसद विभाग के द्वारा आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से 99 प्रतिशत लाभार्थियों को राशन का वितरण किया जा रहा है। राज्य के 24 विभाग द्वारा आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से लाभार्थियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# बाल श्रम उन्मूलन को एक जन आंदोलन बनाना होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**श्रम** एवं सेवायोजन अपर मुख्य सचिव सुरेश चन्द्रा ने कहा कि प्रदेश को बाल श्रम से मुक्त कराने में सिर्फ बाल श्रमिक को कार्य से अवमुक्त कराकर शिक्षा की मुख्यधारा में सम्मिलित कराने से ही यह कार्य पूर्ण नहीं होगा। इसके लिए कामकाजी बच्चों को चिन्हित कर उनके परिवारों को भी सूचीबद्ध करना होगा और यह देखना होगा की बाल श्रमिक अपने परिवार की किस समस्या से ग्रसित होकर बाल श्रम करने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि यदि परिवार की किसी आर्थिक समस्या के कारण बच्चे से बाल श्रम कराया जा रहा है तो उसको पात्रता के अनुसार प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न





सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से आच्छादित कर लाभान्वित कराया जाये और यदि परिवार किसी सामाजिक समस्या के कारण अपने बच्चे से बाल श्रम करा रहा है तो उसकी काउन्सिलिंग कर उसके बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा में सम्मिलित कराया जाए। श्री चन्द्रा ने यह विचार बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वासन विषय पर श्रम विभाग एवं आईएलओ के सहयोग से आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में व्यक्त किये। श्री चन्द्रा ने कहा कि बच्चों की ट्रैफिकिंग को रोकने में एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट का भी महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश को बाल श्रम मुक्त कराने में हमें बाल श्रम उन्मूलन का वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार करना होगा और बाल श्रम उन्मूलन को एक जन आंदोलन बनाना होगा। उन्होंने कहा कि बाल श्रम किसी एक व्यक्ति या किसी एक विभाग की समस्या नहीं है। यह पूरे प्रदेश की समस्या है और जब तक इसको एक जन आंदोलन नहीं बनाया जायेगाए तब तक पूरी तरह बाल श्रम का उन्मूलन नहीं हो सकेगा। श्रम आयुक्त शकुन्तला गौतम ने कहा प्रदेश सरकार का संकल्प है कि प्रदेश को आगामी 5 वर्षों में बाल श्रम मुक्त घोषित किया जाये।

# 75 जिलों में खेलो इण्डिया सेंटर की होगी स्थापना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**खेल** एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि एक जिला एक खेल योजना के अंतर्गत प्रदेश के सभी 75 जिलों में खेलो इण्डिया सेंटर की स्थापना कराई जायेगी। 42 जनपदों में प्रशिक्षकों का चयन कर प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। शेष अन्य जनपदों में प्रशिक्षकों के चयन की कार्यवाही चल रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो में खेलों को बढ़ावा देने के लिए ब्लाक स्तर पर स्टेडियम बनाये जाने पर विचार किया जा रहा है। वर्ष 2017 से लेकर अब तक प्रदेश में 41 स्टेडियम का निर्माण कराया जा चुका है। मंत्री श्री यादव ने यह बात बुधवार को बीबीडी बैडमिंटन अकादमी में उत्तर प्रदेश क्रीड़ा भारती प्रादेशिक बैठक में पदाधिकारियों को सम्बोधित करते



हुए कही। उन्होंने कहा कि क्रीड़ा भारती को राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी खेल गतिविधियों से जोड़ा जायेगा। जिला प्रोत्साहन समिति में भी क्रीड़ा भारती के सदस्य को शामिल करने पर विचार किया जायेगा। अपर मुख्य सचिव खेल नवनीत सहगल ने कहा कि सरकार का आमजन से जुड़ने का खेल सबसे अच्छा माध्यम है। प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा लोगों को खेल से जोड़ने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 14 गेम्स के लिए क्षेत्र चिन्हित कर वहां सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना कराई जायेगी।

# नाबालिग दुराचार पीड़िता ने गर्भपात की मांगी इजाजत

● हाईकोर्ट ने सीएमओ को मेडिकल बोर्ड गठित कर जांच का दिया आदेश

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**एक** नाबालिग दुराचार पीड़िता ने हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ से गर्भपात की इजाजत मांगी है। पीठ ने इस मामले की परिस्थिति और पीड़िता की उम्र के मद्देनजर अब लखीमपुर खीरी के सीएमओ को मेडिकल बोर्ड का गठन कर उसकी मानसिक व शारीरिक स्थिति की जांच का आदेश दिया है। पीठ ने यह भी देखने का आदेश दिया हैं कि गर्भपात के कारण पीड़िता का जीवन तो खतरे में नहीं पड़ेगा। पीठ ने इस मामले की पिछली सुनवाई पर पीड़िता की गर्भ की जांच का आदेश सीएमओ को दिया था।

पीठ के इस आदेश के अनुपालन में जांच रिपोर्ट पेश की गई। जिसके मुताबिक पीड़िता को 15 हफ्ते का गर्भ है। मामले की अगली सुनवाई 10 अक्टूबर को होगी। जस्टिस राजन रॉय एवं जस्टिस संजय कुमार पचौरी की पीठ ने यह आदेश पीड़िता की ओर से उसके पिता द्वारा दाखिल याचिका पर दिया है। याचिका में कहा गया है कि 22 जून 2022 को नाबालिग पीड़िता के साथ हुई घटना की एफआईआर थाना ईशानगर में दर्ज हुई थी। पीड़िता की उम्र 16 साल है। उसकी सामाजिक व मानसिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वह एक बच्चे को जन्म दे व उसे पाल सके। याचिका में इसी आधार पर उसका गर्भपात कराने की अनुमति मांगी गई है।

## हेरोइन के साथ पकड़े गए मुल्जिमों को पांच साल की सजा

**लखनऊ (विसं)।** एनडीपीएस एक्ट के विशेष जज पुष्कर उपाध्याय ने हेरोइन के साथ पकड़े गए मुल्जिम मो अकीम व मो यामीन पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने इन दोनों पर 20.20 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। 20 नवंबर 2007 को पुलिस ने जुआ खेलते कुछ मुल्जिमों को पकड़ा था। इनमें अकीक व यामीन के पास से अलग अलग 100 ग्राम हेरोइन भी बरामद हुआ था विशेष लोक अभियोजक जेपी सिंह के मुताबिक इस मामले की एफआईआर थाना कैसरबाग में दर्ज हुई थी।

## दुराचारी को आठ साल की सजा

**लखनऊ (विसं)।** विशेष जज विनय सिंह ने दुराचार के एक मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम विजय कुमार कश्यप को आठ साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने इस पर 19 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। सरकारी वकील दुर्गेश नंदिनी श्रीवास्तव व सीमा सिंह के मुताबिक मुल्जिम पर शादी के इरादे से एक नाबालिग युवती को भगाने व दुष्कर्म का इल्जाम है। 12 अप्रैल 2011 को इस मामले की एफआईआर पीड़िता के पिता ने थाना गुड़म्बा में दर्ज कराई थी।

## पर्यटन क्षेत्र में निवेश व रोजगार के असीमित अवसरः जयवीर सिंह

**लखनऊ।** पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि कोरोना कालखण्ड के समय लाकडाउन के कारण पर्यटकों की संख्या में कमी आई। मौजूदा समय में पर्यटकों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। इसका श्रेय उत्तर प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था का होना एवं प्रदेश में एक स्थान से दूसरे स्थान तक कम समय में आने-जाने की सुविधा को जाता है। उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचारप्रसार किया जा रहा है। इसके साथ ही देश में पूंजी निवेश को आकर्षित करने के लिए मुख्यमंजी की संकल्पनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। जयवीर सिंह ने विश्व पर्यटन दिवस से संबंधित दो दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश में पर्यटन सेक्टर को बढ़ावा मिले, इसलिए बुनियादी सुविधाओं के विकास पर तेजी से कार्यवाही की जा रही है।

## प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई शहीद भगत सिंह की 115 वीं जयंती

**लखनऊ।** शहीद भगत सिंह की 115 वीं जयंती के अवसर पर बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन सचिव अनिल यादव ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अभूतपूर्व साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुकाबला किया। उन्होंने असेम्बली में बम विस्फोट करके ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध खुले विद्रोह को बुलन्दी प्रदान की। उन्होंने बम फेंकने के बाद भागने से मना कर दिया जिसके परिणामस्वरूप अंग्रेज सरकार ने इन्हें 23 मार्च 1931 को इनके दो अन्य साथियों राजगुरू तथा सुखदेव के साथ फांसी पर लटका दिया गया। संगठन महासचिव दिनेश ने कहा कि आज भी भारत और पाकिस्तान की जनता शहीद भगत सिंह का आजादी के दीवानों के रूप में देखती है जिन्होंने अपनी जवानी सहित सारी जिन्दगी देश के लिए समर्पित कर दी।

## गौरव को मिला राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान

**लखनऊ।** लविवि नवीन परिसर स्थित विधि संकाय के पंचवर्षीय एलएलबी के पांचवें सेमेस्टर छात्र गौरव चावला ने एमिटी लॉ स्कूल लखनऊ द्वारा आयोजित चतुर्थ राष्ट्रीय संविधानिक विधि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में देश भर से आए कुल ढाई सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया जिनसे संविधान के विभिन्न पहलूओं पर जैसे अनुच्छेदों, संशोधनों, वाद विधियों एवं करंट लीगल डेवलपमेंट पर प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता कुल 3 चरणों में आयोजित की गई थी। छात्र को इनाम स्वरूप विजेता ट्रॉफी, गोल्ड मेडल एवं 10000 की नकद राशि प्रदान की गई साथ ही एक स्पोर्ट्स बैग भी दिया गया।

## आकाश पटेल बने राज्यपाल के नए परिसहाय

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने वर्ष 2019 बैच के आंपीएस अधिकारी आकाश पटेल को राज्यपाल का नया परिसहाय बनाया गया है। वह अभी तक सहायक पुलिस अधीक्षक गाजियाबाद के पद पर तैनात थे। वहीं राज्यपाल के वर्तमान परिसहाय अभिमन्यू मलिक अपर पुलिस अधीक्षक नगर सहारनपुर के पद पर तैनाती प्रदान की गई है।

## बैट्रियां चोरी करने वाले तीन चोर गिरफ्तार

**लखनऊ।** सरोजनीनगर पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का सामान नकदी व घटना में प्रयोग किये जाने वाली बाइक बरामद की है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली तो मुखबिर की सूचना पर भरोसा किया और ततकाल मौके पर पहुंचकर शातिरों को दबोच लिया। पुलिस पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नाम मदीना मस्जिद सरोजनीनगर निवासी आशू सिंह अलीनगर कृष्णानगर निवासी सुभास रावत व मदीना मस्जिद सरोजनीनगर निवासी अमन शेख बताया। अभियुक्त खड़े टैम्पो से उनकी बैट्रियां व बन्द मकानो की रैकी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की हुई बैट्रियां एक मोटरसाइकिल व चौदह हजार की नकदी बरामद की है।

## महिला समेत चार वारंटी गिरफ्तार

**लखनऊ।** चिनहट पुलिस ने काफी समय से फरार चल रहे एक शातिर को गिरफ्तार करने का दावा किया है। उधर पीजीआई पुलिस ने महिला समेत दो वारंटियों को दबोच कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। जानकारी के अनुसार डीसीपी पूर्वी प्राची सिंह के आदेश पर अपराध एंव अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत इंस्पेक्टर चिनहट के नेतृत्व में एक टीम गठित कर फरार चल रहे शातिर रामलीला मैदान चिनहट निवासी ज्योति उर्फ जय प्रकाश को गिरफ्तार किया है। उधर इंस्पेक्टर पीजीआई बृजेश कुमार ने काफी समय से फरार चल रहे अभियुक्त पीजीआई निवासी विनोद व कल्ली पश्चिम पीजीआई निवासी माया देवी को गिरफ्तार किया है।

## अभ्यर्थियों को मिली राहत

**लखनऊ।** पीजी स्तर के मेडिकल कोर्सो में प्रवेश को लेकर चल रही यूपी नीट पीजी-2022 की काउंसिलिंग में ओबीसी और ईडब्ल्यूएस के अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिली है। ओबीसी व ईडब्ल्यूएस के तमाम ऐसे अभ्यर्थी थे, जिनके पास अप्रैल 2022 के बाद का प्रमाण पत्र नहीं था। ओबीसी व ईडब्ल्यूएस का प्रमाण पत्र न होने के कारण वह पीजी काउंसलिंग में प्रतिभाग करने से वंचित हो रहे थे। अब चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं कि ऐसे अभ्यर्थी आनलाइन पंजीकरण करते समय सिर्फ प्रमाण पत्र के लिए आवेदन की तारीख भरकर भी काउंसलिंग में शामिल हो सकते हैं। महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा श्रुति सिंह की ओर से जारी आदेश के अनुसार ऐसे अभ्यर्थी अपना पंजीकरण करा सकेंगे व पंजीकरण शुल्क जमा कर सकेंगे। पंजीकरण की प्रक्रिया बीते सोमवार को शुरू होने के बाद यह समस्या सामने आई कि तमाम ओबीसी व ईडब्ल्यूएस के अभ्यर्थियों के पास अप्रैल 2022 के बाद का प्रमाण पत्र नहीं है। काउंसिलिंग के लिए अभ्यर्थी 29 सितंबर तक सीट आरक्षित करने के लिए सिक्योरिटी मनी जमा कर सकेंगे।

## आईईटी के मो हारून को मिला 49 लाख का पैकेज

**लखनऊ।** इंस्टिट्यूट ऑफइंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में पिछले तीन दिनों से चल रहे विभिन्न प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 243 विद्यार्थियों को जॉब प्लेसमेंट मिला है। संस्थान के निदेशक प्रो विनीत कंसल ने बताया कि संस्थान के बीटेक कंप्यूटर साइंस विभाग के छात्र मो अयान का जॉब प्लेसमेंट टाइटन कंपनी में 49 लाख रुपए के पैकेज पर हुआ है। इसके साथ ही बीटेक आईटी के छात्र अब्बास मेंहदी नकवी को जोश टेक्नोलॉजी कंपनी में 17.5 लाख प्रतिवर्ष पर प्लसमेन्ट मिला है। इसी प्रकार वेस्टर्न यूनियन कंपनी में संस्थान के 34 विद्यार्थियों को 17.5 लाख प्रतिवर्ष पर प्लसमेन्ट मिला है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त 5 लाख एवं अधिक के पैकेज पर कुल 206 विद्यार्थियों को बहुराष्ट्रीय कंपनियों में जॉब प्लसमेन्ट मिला है।

## लोहिया संस्थान में खुला दूसरा ब्लड बैंक

**लखनऊ।** डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान प्रदेश का ऐसा अकेला चिकित्सा संस्थान की श्रेणी में आ गया है, जहां पर दो ब्लड बैंक स्थापित है। एक ब्लड बैंक मुख्य संस्थान परिसर में और दूसरा डॉ राम प्रकाश गुप्त मातृ शिशु एवं रेफरल हॉस्पिटल में। शहीद पथ स्थित मातृ शिशु एवं रेफरल हॉस्पिटल में ब्लड बैंक खोलने की अनुमति एक दिन पूर्व ही संस्थान को ड्रग लाइसेंसिंग एंड कंट्रोल अथॉरिटी की तरफसे जारी किया गया है। डॉ सुब्रत चन्द्रा ने बताया कि 27 सितंबर 2022 से 26 सितंबर 2027 तक के लिए लाइसेंस दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसमें रक्त के नौ कंपोनेंट मरीज को जरूरत के अनुसार दिए जाएंग।

# होटल लेवाना के निदेशक व मैनेजर की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**विशेष** जज गौरव कुमार ने गैरइरादतन हत्या के एक मामले में निरुद्ध होटल लेवाना के निदेशक रोहित अग्रवाल, राहुल अग्रवाल व मैनेजर सागर श्रीवास्तव की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने प्रथम दृष्टया मुल्जिमों के अपराध को गंभीर करार दिया है। अपने आदेश में विवेचना का हवाला देते हुए कहा है कि मुल्जिम

रोहित द्वारा निदेशक के रुप में होटल में आकस्मिक घटनाओं से निपटने के लिए मानक के अनुरुप समुचित व्यवस्थाओं की अनदेखी की गई। जिसकी वजह से मौत की घटना हुई। ऐसे में जमानत अर्जी खारिज करने योग्य है। बीते पांच सितंबर को होटल लेवाना में आग लग गई थी। इस आगलगी में चार लोगों की मौत हो गई थी। जबकि सात लोग बुरी तरह से घायल हुए थे। थाना हजरतगंज में इस मामले की एफआईआर एसआई दयाशंकर द्विवेदी ने दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान रोहित अग्रवाल, राहुल अग्रवाल तथा मैनेजर सागर श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। फौजदारी के जिला शासकीय अधिवक्ता मनोज त्रिपाठी व अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अशोक त्रिपाठी ने जमानत अर्जी का जोरदार विरोध किया। उनका कहना था कि होटल में फायर सेफ्टी की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। आपात स्थिति में बाहर निकलने व प्रवेश करने की भी कोई व्यवस्था नहीं थी। ऐसी भी व्यवस्था नहीं थी जिससे धुंआ बाहर निकल सके।

होटल के मालिक व मैनेजर को मालुम था कि ऐसी आपात स्थिति में लोगों की जान जा सकती है। बावजूद इसके बचाव का कोई इंतजाम नहीं किया गया था। मुल्जिम निदेशक के साथ ही होटल का मालिक भी है।

# हत्यारों को आजीवन कारावास

**लखनऊ ( विधि संवाददाता )** । जमीन के विवाद में एक बुर्जुग की गोली मारकर हत्या करने के मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम अनुराग लोध को सत्र अदालत ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। एडीजे नरेंद्र कुमार, तृतीय ने इस पर 20 हजार 500 का जुर्माना भी ठोंका है। सरकारी वकील कृष्ण कुमार साहू के मुताबिक 25 जनवरीए 2014 को इस मामले की एफ्आईआर मृतक के पुत्र पवन कुमार ने थाना काकोरी में दर्ज कराई थी। वहीं एक नाबालिग युवती की हत्या के मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम श्याम सुंदर कश्यप को भी आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। एडीजे फूल चन्द्र कुशवाहा ने इस पर 13 हजार का जुर्माना ठोंका है। सरकारी वकील धीरज सिंह के मुताबिक मुल्जिम पर घर में घुसकर खाना बना रही युवती की चाकू से गोदकर हत्या करने का इल्जाम है। 26 मार्च 2003 को इस मामले की एफ्आईआर मृतका की मां ऊषा रस्तोगी ने थाना अलीगंज में दर्ज कराई थी।

# पेयजल योजनाओं का भौतिक सत्यापन करने पहुंचे डीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**जल** जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन पेयजल योजना के कार्यों का जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार द्वारा मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मोहनलालगंज के खुजौली गांव में निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया। निर्माण कार्य में लग रहे मटेरियल की गुणवत्ता को परखा गया। जिलाधिकारी द्वारा कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए गए। साथ ही जरूरत के अनुसार श्रमिकों की संख्या को बढ़ाने के लिए कहा गया। वहीं अधिकारियों को ग्राम प्रधानों से बातचीत कर प्रतिदिन 300 मीटर की ट्रंच खुदाई करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने संस्था की अनावश्यक रोड कटिंग पर गहरी नाराजगी जताई। चेतावनी देते हुए अनावश्यक रोड कटिंग को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अनावश्यक रोड कटिंग का हर्जाना संस्था के भुगतान से करने का निर्देश दिया। मोहनलालगंज के खुजौली में निर्माणाधीन पेयजल योजना के कार्यों का जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने भौतिक सत्यापन किया। ग्राम के अंदर की सड़क का निरीक्षण करने के दौरान जिलाधिकारी को मालूम हुआ कि कार्यदायी संस्था ने अनावश्यक रोड की कटींग की गई है जबकि रोड के साइड में पाइप लाइन डालने के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध है। इसके सम्बन्ध में ज़िलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते ग्राम के अंदर जहां भी पेटेंट रोड है उसको नहीं काटने के निर्देश दिए।

# 12 साल से नहीं खुला थाना हसनगंज का मालखाना

● हाईकोर्ट ने एसीपी महानगर को रिपोर्ट तैयार करने का दिया आदेश

**लखनऊ( विधि संवाददाता )।** करीब 12 साल से थाना हसनगंज का मालखाना नहीं खोलने के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एसीपी महानगर को रिपोर्ट तैयार कर जिला जज के समक्ष पेश करने का आदेश दिया है। जस्टिस अजय कुमार श्रीवास्तव प्रथम की एकल पीठ ने यह आदेश ब्रम्हानंद की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है। वर्ष 1997 में याचिकाकर्ता की बंदूक थाने के मालखाने में जमा की गई थी। उनकी बंदूक की रिलीज की अर्जी निचली अदालत में विचाराधीन है। निचली अदालत में थाने की ओर से बंदूक जमा होने के संदर्भ में कोई स्पष्ट आख्या नहीं दी जा रही है। एकल पीठ के समक्ष याचिका पर जवाब देते हुए सरकार की ओर से बताया गया कि जिस हेड कांस्टेबिल कन्हैया लाल के पास मालखाने का चार्ज थाए वह छह.सात पहले सेवानिवृत हो चुका है। लेकिन उसने न तो चार्ज और न मालखाने की चाभी सौंपीए जिसकी वजह से यह समस्या आ रही है। पीठ ने जिला जज को भी आदेश दिया है कि पुलिस कमिश्नर के साथ मासिक बैठक के दौरान इस विषय को प्रमुखता से उठाया जाए।

# अन्तरराष्ट्रीय मुख्य न्यायाधीश सम्मेलन 18 नवम्बर से

● विभिन्न देशों के 120 से अधिक राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व मुख्य न्यायाधीश प्रतिभाग करेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल के तत्वावधान में 'विश्व के मुख्य न्यायाधीशों का 23वां अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन' 18 से 22 नवम्बर 2022 तक सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिभाग हेतु विभिन्न देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संसद के अध्यक्ष, न्यायमंत्री, संसद सदस्य, इण्टरनेशनल कोर्ट के न्यायाधीश एवं विश्व प्रसिद्ध शान्ति संगठनों के प्रमुख समेत 50 देशों के 120 से अधिक मुख्य न्यायाधीश, न्यायाधीश व कानूनविद् लखनऊ पधार रहे हैं। यह जानकारी आज यहां आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेन्स में सिटी मोन्टेसरी स्कूल के संस्थापक, प्रख्यात शिक्षाविद् एवं अन्तर्राष्ट्रीय मुख्य न्यायाधीश सम्मेलन के संयोजक डॉ. जगदीश गांधी ने पत्रकारों को दी। डॉ. गांधी ने आगे कहा कि 'भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51' पर आधारित यह ऐतिहासिक सम्मेलन विश्व एकता, विश्व शान्ति एवं विश्व के ढाई अरब से अधिक बच्चों के सुन्दर एवं सुरक्षित भविष्य को समर्पित है।

डा. गांधी ने बताया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पधारने वाली प्रख्यात हस्तियों में एमिल कॉन्स्टेंटिनेस्कु, पूर्व राष्ट्रपति, रोमानिया, स्टीपन मेसिक, पूर्व राष्ट्रपति, क्रोएशिया, जोसेलेर्मे प्रिवर्ट, पूर्व राष्ट्रपति, हैती, डॉ. पकालिथा बी. मोसिलिली, पूर्व प्रधानमंत्री, लेसोथो, जीन-हेनरी सेन्ट, पूर्व प्रधानमंत्री, हैती, सर रॉडनी एरे लॉरेंस विलियम्स जीसीएमजी, गवर्नर-जनरल, एंटीगुआ और बारबुडा, प्रो. इब्राहिम अल्जाज़ी, कैबिनेट मामलों के मंत्री, जार्डन, न्यायमूर्ति नौरेदा लागामी, चेयरपरसन, हाई ज्यूडिशियल सर्विस, अल्बानिया, न्यायमूर्ति डा. इवान पेट्रीसियो सैक्विसेला रोडास, प्रेसीडेन्ट, नेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस, इक्वाडोर, न्यायमूर्ति श्रीमती ग्लेडिस गुटिरेज़, प्रेसीडेन्ट, राष्ट्रपति, सुप्रीम कोर्ट, वेनेज़ुएला; न्यायमूर्ति जमीरबेक बाजारबेकोव, चेयरमैन, सुप्रीम कोर्ट, किर्गिज़ रिपब्लिक; न्यायमूर्ति डा. जोएल लियोनार्डो, प्रेसीडेन्ट, सप्रीम कोर्ट, अंगोला; न्यायमूर्ति चान रीक मदुत, चीफ जस्टिस, दक्षिण सूडान, न्यायमूर्ति मोहम्मद अल्फी, चीफ जस्टिस, लीबिया एवं न्यायमूर्ति कमल कुमार, चीफजस्टिस, फिजी आदि प्रमुख हैं।

# राम नाम है सबसे बड़ी औषधिः स्वामी रामानंद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रभु** श्रीराम का नाम सबसे बड़ी औषधि है। राम नाम रूपी मंत्र जपने से सारे कष्ट स्वतः दूर हो जाते हैं। यह बात अमेरिका से पधारे स्वामी रामानंद सरस्वती ने कही। वे हनुमत् कृपा ट्रस्ट व इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर स्प्रिचुअल एडवांसमेंट (आइसा) के संयुक्त तत्वावधान में श्रीसिद्धेश्वर महादेव मंदिर पार्क में संगीतमय सुन्दर कांड के बाद राम कथा में बोल रहे थे। कथा के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया। स्वामी जी व उनकी धर्मपत्नी अरुणा द्विवेदी ने भक्ति भाव में विह्वल होकर सस्वर सुंदर कांड का पाठ किया जिसका धर्मेंद्र सक्सेना, एसके त्रिपाठी समेत अन्य भक्तों ने भरपूर साथ दिया। कार्यक्रम का अमेरिका के कई शहरों में सीधा प्रसारण भी किया गया और वहां से अनेक रामभक्त कार्यक्रम में इंटरनेट के माध्यम से सम्मिलित हुए। मंदिर समिति की अध्यक्ष नीलम दीक्षित, हनुमत कृपा ट्रस्ट के प्रमुख नरेश दीक्षित, वीर विक्रम बहादुर मिश्र, अमित श्रीवास्तव, नंदलाल यादव, रामदेव मिश्र, सम्पत्ति कुमार मिश्र, राजीव श्रीवास्तव, भ्रमर बैसवारी, शिवा राम मिश्र, श्रीराम मिश्रा, धीरज गिहार, अशोक द्विवेदी, अभिनव द्विवेदी, अमित द्विवेदी, एसडी दीक्षित, आशीष दीक्षित, जितेंद्र कुमार, आकाश दीक्षित, विवेक शुक्ल, रमेश शर्मा, डॉ. अरविन्द पाण्डेय, प्रमोद शुक्ल आदि भक्तजन शामिल रहे।

# अन्याय और अनाचार के खिलाफ उठने वाली हर आवाज है भगत सिंह



● जयन्ती पर याद किए गए भगत सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शहीद** ए आजम भगत सिंह की जयन्ती पर भारतीय नागरिक परिषद् के तत्वावधान में भगत सिंह के क्रांतिकारी जीवन का स्मरण किया गया और शहीदों के सपनों के भारत विषयक संगोष्ठी में जीवन्त परिचर्चा हुई। आयोजित संगोष्ठी शहीदों के सपनों का भारत में उप्र सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और मुख्य वक्ता ऑल इण्डिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे थे। सुरेश खन्ना ने कहा कि भगत सिंह के स्मरण का अर्थ है हर क्षेत्र, हर दल और विचार में घुसी जातीय विद्रूपताओं व् संकीर्णताओं को अपने व्यवहार से ख़त्म करें, दहेज, कन्या भ्रूण हत्या, स्त्री अपमान, अंध विश्वास भगत सिंह की क्रांतिकारी ज्वालाओं में भस्म हों तभी उनका स्मरण सार्थक होगा। उन्होंने कहा जहाँ भी अन्याय, जुल्म और अनाचार है उसके खिलाफउठने वाली हर आवाज भगत सिंह है।

# दिल की सलामती के लिए करें खाद्य तेल का सही इस्तेमाल

विश्व हृदय दिवस आज


**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**दिल** के मरीजों की संख्या दुनिया में लगातार बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश भी इससे अछूता नहीं है। नौजवान से लेकर बुजर्ग तक हृदय रोग से पीड़ित हैं। सवाल यह है कि दिल को कैसे स्वस्थ रखा जाए। आहार विशेषज्ञों का मानना है कि खानपान नियंत्रित करके काफी हद तक हृदय रोग से बचा जा सकता है। विश्व हृदय दिवस 29 सितंबर को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य लोगों को दिल स्वस्थ रखने के बारे में जागरूक करना है। किंग जार्ज मेडिकल विवि की वरिष्ठ डायटिशियन मृदुल विभा के मुताबिक दिल को हेल्दी रखने में डाइट अहम भूमिका निभाती है। हृदय को स्वस्थ रखने में सही तेल का इस्तेमाल बेहद आवश्यक है। तेल को ज्यादा गर्म करके खाना नहीं पकाना चाहिए। अधिक गर्म करने पर तेल अपने पौष्टिक गुणों को खो देता है और हानिकारक तत्व उत्पन्न करता है। मोटे तौर पर तेल तभी सेहतमंद होगा जब एक बार उपयोग करने के बाद दोबारा



गर्म न किया जाए। इसके अलावा तेल को सूखी व ठंडी जगहों पर स्टोर करें। धूप से दूर रखें। ओवरस्टॉक न करें। उन्होंने बताया कि दिल को हेल्दी रखने के लिए डाइट में हरी सब्जियों, मौसमी फल व प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थों को शामिल करने से दिल हमेशा स्वस्थ रहेगा। मोटे अनाज पोषक तत्वों का भंडार हैं। चावल और गेहूं की तुलना में इनमें 3.5 गुना अधिक पोषक तत्व पाए जाते हैं। पोषण और स्वास्थ्य की दृष्टि से इसके फायदों के कारण ही इन्हें सुपरफूड भी कहा जाता है। इनका सेवन वजन कम करने, शरीर में उच्च रक्तचाप और अत्यधिक कोलेस्ट्राल को कम करने, हृदय रोग, मधुमेह जैसे रोगों के जोखिम को कम करने के साथ.साथ कब्ज और अपच से भी निजात दिलाने में मदद करता है।

## विश्व हृदय दिवस पर गोष्ठी आयोजित




**लखनऊ।** विश्व हृदय दिवस के अवसर पर कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया उत्तर प्रदेश ईकाई की ओर से आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने ने गोष्ठी को अति महत्वपूर्ण बताते हुए हृदयाघात व उपचार पर विस्तार से भाव रखते हुए कहा कि हमे अपनी जीवन शैली मे परिवर्तन करते हुए सूर्योदय बेला मे प्रातः जल्दी उठकर न्यूनतम पैंतालीस मिनट व्यायाम कर व खान पान मे संतुलित आहार लेकर, हृदय रोगों से मुक्त होने का आह्वान किया। अजीत महापात्रा ने अपने सम्बोधन मे हृदय रोगों से बचने हेतु गाय के दूध के सेवन के महत्व के बारे जागरूक किया।जे पी सिंह ने अपनी अभिव्यक्ति मे बताया कि नवजात शिशु के शरीर में समय निर्धारण की एक समुन्नत व्यवस्था होती है जिसे हम जैविक घड़ी कहते हैं जो उसे बृह्म काल मे जगा देती है। सभी वक्ताओं ने अपने सम्बोधन मे कहा कि नियमित जीवन शैली, व्यायाम, पौष्टिक आहार व तनाव रहित रहना ही हृदय रोगों से बचने का मूल मंत्र है। अंत में डॉ गौरव चौधरी ने सभी सम्मानित अतिथियों व उपस्थित चिकित्सकों, सुधीजनों, सामाजिक संगठनों का अंतर्मन पटल से आभार व्यक्त कर सभी को स्वास्थ के प्रति सचेष्ट रहने की सलाह व जागरूक रहने का आग्रह किया।

# डिफेंस टेस्टिंग हब के लिए 400 करोड़ रुपए का वित्तीय अनुदान

## ● यूपीडा मुख्यालय पर 78वीं बोर्ड बैठक सम्पन्न

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**यूपीडा** के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरविन्द कुमार की अध्यक्षता में 78वीं बोर्ड बैठक में कई निर्णय लिए गए। बैठक में उप्र डिफेंस इण्डस्ट्रीयल कॉरिडोर के अन्तर्गत डिफेंस टेस्टिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर स्कीम (यूएएस, यांत्रिक एवं सामग्री तथा संचार परीक्षण सुविधा) की बिडिंग प्रक्रिया ऑनलाईन फ्लोट करने हेतु यूपीडा बोर्ड द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। इस योजना के अन्तर्गत केन्द्र सरकार,एमएसएमई सहित समस्त निवेशकों को टेस्टिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उप्र डिफेंस इण्डस्ट्रीयल कॉरिडोर को तीन कार्यक्षेत्रों एवं तमिलनाडु डिफेंस इण्डस्ट्रीयल कॉरिडोर को पांच कार्यक्षेत्रों यानि कुल आठ कार्यक्षेत्रों में डिफेंस टेस्टिंग अवसंरचना हब स्थापित करने हेतु 400 करोड़ रुपए का वित्तीय अनुदान देगी। निदेशक मण्डल की बैठक में अरविन्द कुमार द्वारा बोर्ड के समक्ष प्रसन्नता व्यक्त करते हुए यह बताया गया कि गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है, उन्होंने बताया कि भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति 13 जुलाई 2022 को प्रदान की गई है। निदेशक मण्डल से यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के परियोजना के समस्त छह नोड्स यथा लखनऊ, कानपुर, आगरा, अलीगढ़ चित्रकूट व झांसी में भूमि को औद्योगिक विकास क्षेत्र अधिसूचित करने से संबंधित अनुमोदन प्राप्त किया गया।

# 16 हजार कनेक्शनों का होगा सत्यापन



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जिलाधिकारी** सूर्य पाल गंगवार द्वारा पेयजल योजना के डीपीआर को स्वीकृत करने पर बैठक की गयी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया गया कि पेयजल योजना के तहत 472 ग्राम पंचायतों को जोड़ा जाएगा, जिससे घर घर पानी पहुँचेगा। यही नहीं, प्रत्येक ग्राम वासी को 1 मिनट में 5ली के फलो से दिन में दो बार एक घण्टा सुबह 1 घंटा शाम प्रतिदिन 600 ली पानी उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यदायी संस्था कनेक्शन देने के बाद लाभार्थी का टैप कनेक्शन के साथ फोटो गूगल शीट पर अपलोड करेगी। जिलाधिकारी द्वारा प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाएगी । वहीं, अभी तक हुए सभी 16000 कनेक्शनों का सत्यापन कराया जाएगा। बैठक में ज़िलाधिकारी ने कहा कि यह योजना सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। इस योजना अंतर्गत हमें हर घर मे स्वच्छ जल पहुँचना है। बैठक में ज़िलाधिकारी ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि योजना में किसी भी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नही किया जाएगा। ज़िलाधिकारी ने इस योजना से 472 ग्रामों को जोड़ने का निर्देश दिया। शेष 22 ग्राम पुरानी योजनाओं से आच्छादित है।

# अधिशासी अभियन्ता सहित पांच कार्मिकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बिल** संशोधन में अनियमितता के आरोप में एक अधिशासी अभियन्ता, एक उपखण्ड अधिकारी तथा तीन कार्यकारी सहायकों के विरुद्ध एफआईआर करायी गयी है। जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर अधीक्षण अभियन्ता महाराजगंज द्वारा कोतवाली में इन पांच कार्मिकों के विरुद्ध एफआईआर करायी गयी है। इनके विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्यवाही भी की जायेगी। जिनके विरुद्ध एफआईआर की गई है उसमें हरिशंकर अधिशासी अभियन्ता, ईश्वर शरण सिंह उपखण्ड अधिकारी, अविनाश मणी पाण्डेय कार्यकारी सहायक, राजकपूर कार्यकारी सहायक एवं रुद्रप्रताप पाण्डेय कार्यकारी सहायक शामिल हैं। उप्र पावर कारपोरेशन अध्यक्ष एम देवराज ने बताया है कि उपभोक्ताओं के बिल संशोधन में शिकायत मिलने पर दो सदस्यीय जांच समिति गठित की गयी थी। इस जॉच समिति की रिपोर्ट में पाया गया कि विभागीय उपखण्ड अधिकारी, अवर अभियन्ता की रिपोर्ट किसी भी संशोधन में नही ली गयी। उपभोक्ता द्वारा पार्ट पेमेन्ट जमा करने के प्रकरण में सरचार्ज गणना नियमानुसार नहीं की गयी है। कई उपभोक्ताओं के मीटर बदलने तथा नये मीटर लगाने की सीलिंग का संज्ञान ठीक ढंग से नही लिया गया। उपभोक्ता की प्रतिमाह विद्युत खपत अत्यन्त कम है। अतः बिल संशोधन से पूर्व परिसर की विभागीय उपखण्ड अधिकारी, अवर अभियन्ता की रिपोर्ट लगवानी चाहिए थी। उपभोक्ताओं द्वारा आरसी, डीसी के मद में जमा की गयी धनराशि को भी उपभोक्ताओं के बीजकों में से घटा दी गयी है।

# पुलिसकर्मियों को तंबाकू के दुष्प्रभावों से किया जागरूक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राष्ट्रीय** तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बुधवार को पुलिस लाइन में संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर तंबाकू और तंबाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में सभी को अवगत कराया गया। साथ ही सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) 2003 के बारे में भी जानकारी दी गयी। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा राजेन्द्र कुमार चौधरी ने कहा कि सभी पुलिस कर्मी अपने.अपने क्षेत्रों को तंबाकू मुक्त बनाने पर जोर दें। खैनी, जरदा, हुक्का, तंबाकू युक्त पान मसाला, बीड़ी, सिगरेट, मावा मिसरी, गुल एवं अन्य धुआँ रहित तंबाकू में 4000 से अधिक विषैले और कैंसर कारक तत्व मौजूद होते हैं, जिससे मुंह का कैंसर हो सकता है। लगभग 95 प्रतिशत मुंह का कैंसर तंबाकू का सेवन करने वाले व्यक्तियों में होते हैं। टीबी, डायबिटीज, दृष्टिविहीनता, लकवा, फेफड़े एवं सांस संबंधी रोग भी होते हैं।

# बच्चों को दी जाय बेहतर ढंग से शिक्षा

**लखनऊ।** प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने कहा कि बेसिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के क्रियान्वयन बेहतर ढंग से करते हुए विभागीय कार्यों को निर्धारित समय में किया जाना चाहिए, इसमें किसी प्रकार की ढिलाई नहीं की जाये। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को बेहतर ढंग से शिक्षा प्रदान की जाये इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। प्रेरणा पोर्टल पर पंजीकृत छात्र-छात्राओं के सापेक्ष आधार प्रमाणीकरण के कार्य को गम्भीरता से लेते हुए समय से कराया जाये। योजना भवन में खंड शिक्षा अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग में उन्होंने कहा कि विभागीय कार्यों को मेहनत से किया जाये, विद्यालयों में पेयजल की व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए। इसके साथ ही शौचालय बेहतर ढंग से क्रियाशील होना चाहिए। इसका भी विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने आधार कार्ड विहीन छात्र-छात्राओं के आधार कार्ड बनाये जाने,जल जीवन मिशन के अन्तर्गत यूपीपीसीएल द्वारा कराये जा रहे पाइप्ड पेयजल आपूर्ति के अन्तर्गत किये गये कार्यों का सत्यापन सहित अन्य विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

# किसानों को बांटा गया तोरिया बीज

**मोहनलालगंज।** तिलहन की फसल का क्षेत्रफल बढ़ाने के लिए बुधवार को मोहनलालगंज में दर्जनों किसानों को तोरिया के बीज का मुफ्त वितरण किया गया। जल्द ही किसानों को सरसों का बीज भी बांटा जाएगा। मोहनलालगंज में राजकीय कृषि बीज भण्डार पर बुधवार को प्राविधिक सहायक दिलीप दोहरे और पूजा अवस्थी ने न्याय पंचायत दहियर के दो दर्जन से अधिक किसानों को तोरिया बीज की किट वितरित की। कार्यालय सहायक सुरेश कुमार ने भी तकरीबन दो दर्जन किसानों को तोरिया का बीज वितरित किया। किसानों को मिनी किट में दो किलोग्राम तोरिया का बीज दिया जा रहा है। एडीओ कृषि बीरेन्द्र सिंह ने बताया विभाग से जल्द ही सरसों का बीज भी आने वाला है। बीज उपलब्ध होते ही किसानों को सूचना देकर वितरण किया जाएगा।

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी संग्रामपुर, अमेठी।

पत्रांक –1398/वि0म0क्षे0वि0नि0/क्षे0पं0 –टेण्डर/2021–22 दिनांकः– 24/09/2022

## अल्पकालीन निविदा

क्षेत्र विकास निधि मद के अन्तर्गत राज्यवित्त आयोग/पन्द्रहवॉवित्त आयोग क्षेत्र पंचायत संग्रामपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों/प्रोजेक्टों को कराने हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 30.09.2022 को अपरान्हन 2.00 बजे तक मुहरबन्द निविदा रजिस्टर्ड फर्मों/संस्थाओं से आमंत्रित की जाती है जो कि स्वयं अथवा डाक द्वारा कार्यालय कार्य दिवस में दिया जा सकेगा। प्राप्त टेण्डर उसी दिनांक को अपराह्न 3.00 बजे अघोहस्ताक्षरी अथवा नामित प्रतिनिधि द्वारा टेण्डरदाताओं की उपस्थिति में अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोले जायेंगे।

कार्य का स्थल सहित विवरण निम्नवत हैः–

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | धरोहर धनराशि (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| | 8 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | सोनारी गगन मार्ग से उमेश उपाध्याय के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 600000.00 | 500 | 18000 |
| 2 | चण्डेरिया मार्ग से छोटेलाल सरोज के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य। | 200000.00 | 500 | 6000 |
| 3 | सुरेश मिश्र के घर से फौजदार यादव के मसीन तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 200000.00 | 500 | 6000 |
| 4 | महादेव के घर से राम आसरे के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 100000.00 | 500 | 3000 |
| 5 | संग्रामपुर अमेठी मार्ग से देवतन मन्दिर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 150000.00 | 500 | 4500 |
| 6 | चण्डेरिया मार्ग से छोटलाल सरोज के घर तक इण्टलाकिंग निर्माण कार्य | 280000.00 | 500 | 8400 |
| 7 | संदीप यादव के घर से शिसिर यादव के घर तक इण्टर लाकिग निर्माण कार्य | 250000.00 | 500 | 7500 |
| 8 | संग्रामपुर अमेठी मार्ग से देवतन मन्दिर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 350000.00 | 500 | 10500 |
| 9 | कालिकन परिसर में इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 480000.00 | 500 | 14400 |
| 10 | बदलापुर लिकमार्ग से पूरे भुलई हनुमान मन्दिर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 280000.00 | 500 | 8400 |
| 11 | धनापुर मार्ग से रमेश सिंह के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 150000.00 | 500 | 4500 |
| 12 | विनोद मिश्र के घर से विनोद सिंह के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 280000.00 | 500 | 8400 |
| 13 | संग्रामपुर आर0सी0सी0 रोड से पप्पूसिंह के घर तक इण्टरलांकिग निर्माण कार्य | 250000.00 | 500 | 7500 |
| 14 | पूरे जवाहर सिह पिच रोड से हरिकेश के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 250000.00 | 500 | 7500 |
| 15 | लोदी बाबा का चबूतरा निर्माण कार्य | 110000.00 | 500 | 3300 |
| 16 | अलगू यादव के घर से राम लाल यादव के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 450000.00 | 500 | 13500 |
| 17 | मधुपुर खदरी पिच रोड से भारत कोरी के घर तक इण्टर लाकिग निर्माण कार्य | 410000.00 | 500 | 12300 |
| 18 | मघुपुर खदरी पिच रोड से विजय मौर्य के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 250000.00 | 500 | 7500 |
| 19 | जगनकेश के घर से रघुनाथ के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 350000.00 | 500 | 10500 |
| 20 | लखनपुर पिच रोड से भइयाराम के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 350000.00 | 500 | 10500 |
| 21 | पूरे पठान सड़क से रामचन्द्र के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 350000.00 | 500 | 10500 |
| 22 | राजाराम के घर से विनोद सिंह के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 480000.00 | 500 | 14400 |
| 23 | धरौली पिच रोड से रणंजय सिंह के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 250000.00 | 500 | 7500 |
| 24 | लाल विहारी के घर से सन्तोष सिंह के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 350000.00 | 500 | 10500 |
| 25 | रामदेव वर्मा के घर से अजय सिंह के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 250000.00 | 500 | 7500 |
| 26 | आर0सी0सी0 सड़क से काली सड़क तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 280000.00 | 500 | 8400 |
| 27 | भावलपुर पक्की सड़क से तरून तिवारी के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 250000.00 | 500 | 7500 |
| 28 | अमिलहना मेन रोड से बाला जी पब्लिक स्कूल तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 450000.00 | 500 | 13500 |
| 29 | त्रिभुवन पाल के घर से राम जग के चक नाली तक नाली निर्माण कार्य। | 180000.00 | 500 | 5400 |
| 30 | अम्बरपुर बाजार परिसर में इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 320000.00 | 500 | 9600 |
| 31 | मेन रोड से हरिराम पाल के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 350000.00 | 500 | 10500 |
| 32 | भागवत सिंह के घर से हरीराम सिंह के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 110000.00 | 500 | 3300 |
| 33 | सूर्यबक्स सिंह के घर से अशोक सिंह के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 110000.00 | 500 | 3300 |
| 34 | कालिकापाल के घर से राम सुमेर के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 450000.00 | 500 | 13500 |
| 35 | गुगई अनु के घर से राम मिलन अनुसूचित के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 250000.00 | 500 | 7500 |
| 36 | रंजीत अनुसूचित के घर से सूरज शर्मा के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 240000.00 | 500 | 7200 |
| 37 | जंग बहादुर के घर से विजय नरायन के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 675000.00 | 500 | 20250 |
| 38 | राम प्रकाश के घर से विजय नरायन के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 450000.00 | 500 | 13500 |
| 39 | बब्बू यादव के घर से राम किशुन के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 450000.00 | 500 | 13500 |
| 40 | मडौली इण्टर लाकिंग से संदीप शुक्ला के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 450000.00 | 500 | 13500 |
| 41 | रानीपुर मार्ग से पहिया तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य। | 450000.00 | 500 | 13500 |
| 42 | राम फेर यादव के घर से विरिन्दा प्रसाद वर्मा के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 450000.00 | 500 | 13500 |
| 43 | सुरेन्द्र शुक्ला के घर से कमलेश गुप्ता के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 450000.00 | 500 | 13500 |
| 44 | संगम कसियाही के घर से खड़ण्जा तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 850000.00 | 500 | 25500 |
| 45 | मुबारक के घर से मेदई धोबी के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 500000.00 | 500 | 15000 |
| 46 | पप्पू यादव के घर से जयराम के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 500000.00 | 500 | 15000 |
| 47 | रेखा के घर से फकीर चन्द्र के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 500000.00 | 500 | 15000 |
| 48 | उत्तर गांव इण्टर लाकिंग से विकास सिह घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 680000.00 | 500 | 20400 |
| 49 | भौसिंहपुर पिच रोड से राजीव सिंह के घर इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 110000.00 | 500 | 3300 |
| 50 | कसारा मिश्रौली रोड से बजरंग के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 220000.00 | 500 | 6600 |
| 51 | गौआश्रय स्थल पर फिनीसिंग एवं आर0सी0सी0 पिलर | 140000.00 | 500 | 4200 |
| 52 | शीतला बक्श का पुरवा से भवानी कोरी के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 950000.00 | 500 | 28500 |
| 53 | कसारा गड़ेरियन का पुरवा से पप्पू दूबे के घर तक इण्टर लाकिग निर्माण कार्य | 800000.00 | 500 | 24000 |
| 54 | पक्की सड़क से बनवासी टोला शकर पुर में इण्टर लाकिग निर्माण कार्य | 210000.00 | 500 | 6300 |
| 55 | पक्की सडक से सोनू मौर्य के कुटिया तक इण्टर लाकिगं निर्माण कार्य | 500000.00 | 500 | 15000 |
| 56 | पक्की सड़क से कमला पाण्डेय के घर तक इण्टर लाकिग निर्माण कार्य | 200000.00 | 500 | 6000 |
| 57 | गजराज सिह के घर से पक्की सड़क तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 500000.00 | 500 | 15000 |
| 58 | श्यामू सिह कसारा के घर पर इण्टर लाकिग निर्माण कार्य | 250000.00 | 500 | 7500 |
| 59 | बैंक आफ बड़ौदा संग्रामपुर की बिल्डिंग मरम्मत कार्य | 500000.00 | 500 | 15000 |
| 60 | अमेठी संग्रामपुर मार्ग से शोभनाथ यादव के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 500000.00 | 500 | 15000 |
| 61 | विकास खण्ड कार्यालय एवं आवासीय कर्मचारी का ध्वस्तीकरण कराकर नया निर्माण कराना | 850000.00 | 500 | 25500 |
| 62 | सी0सी0 रोड से भूप के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 250000.00 | 500 | 7500 |
| 63 | मुश्ताक के घर से पिच रोड तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 250000.00 | 500 | 7500 |
| 64 | भौसिहपुर मार्ग से प्रवीन सिंह के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 500000.00 | 500 | 15000 |
| 65 | ठेगहा विशेषरगंज मार्ग से रामदेव मौर्य के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 250000.00 | 500 | 7500 |
| 66 | पूरे छाछा पक्की सड़क से राजेन्द्र के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 250000.00 | 500 | 7500 |
| 67 | राजाराम के घर से भिखारी पाल के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 670000.00 | 500 | 20100 |
| 68 | राकेश वर्मा कैथौला के घर से आर0सी0सी0 रोड तक इण्टर लाकिग निर्माण कार्य | 250000.00 | 500 | 7500 |
| 69 | कालिका देवी मन्दिर परिसर हैतु कूड़ादान कार्य | 100000.00 | 500 | 3000 |
| 70 | पंचायत भवन परिसर पतापुर में इण्टर लाकिंग एवं शौचालय निर्माण कार्य | 540000.00 | 500 | 16200 |
| 71 | टीकरमाफी सम्पर्क मार्ग से सरवन मौर्य के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 310000.00 | 500 | 9300 |
| 72 | ओम प्रकाश सराज की मसीन से राम सिह के खेत तक इण्टर लाकिंग निर्माण | 500000.00 | 500 | 15000 |
| 73 | शीतला गंज मार्ग से शिव प्रकाश के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 350000.00 | 500 | 10500 |
| 74 | शीतला गंज मार्ग से शिव प्रकाश के घर तक इण्टरलाकिग निर्माण कार्य | 350000.00 | 500 | 10500 |
| 75 | चौहान पुरवा मार्ग से नसीम के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 350000.00 | 500 | 10500 |
| 76 | पंचायत मवन धौरहरा से राजा के बगल तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 450000.00 | 500 | 13500 |
| 77 | पक्की सड़क से मूर्ती के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 850000.00 | 500 | 25500 |
| 78 | आर0सी0सी0 रोड से छेदी सिंह के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 250000.00 | 500 | 7500 |
| 79 | अमेठी संग्रामपुर मार्ग से यदुराम के घर तक खड़ण्जा निर्माण कार्य | 110000.00 | 500 | 3300 |
| 80 | पक्की सड़क से लाल विहारी पाण्डेय टिकरिया के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 190000.00 | 500 | 5700 |
| 81 | राम प्रसाद का पुरवा पिच रोड से लाले राम अनुसूचित के घर तक इण्टर निर्माण कार्य | 350000.00 | 500 | 10500 |
| 82 | क्षे0पं0 प्रमुख मानदेय 12 माह | 180000.00 | 500 | 5400 |
| 83 | तकनीकी एवं प्रशासनिक व्यय | 350000.00 | 500 | 10500 |
| 84 | क्षे0पं0 सदस्य भत्ता | 500000.00 | 500 | 15000 |
| 85 | सुरेश मिश्र के घर से फौजदार यादव के मसीन तक इण्टरलाकिग निर्माण कार्य | 200000.00 | 500 | 6000 |
| 86 | संदीप यादव के घर से शिसिर यादव के घर तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 250000.00 | 500 | 7500 |
| 87 | प्यारेलाल मास्टर के घर से राम आसरे चक तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 380000.00 | 500 | 11400 |
| 88 | स्ट्रीट लाइट | 400000.00 | 500 | 12000 |
| 89 | स्ट्रीट लाइट | 400000.00 | 500 | 12000 |
| 90 | स्ट्रीट लाइट | 400000.00 | 500 | 12000 |
| 91 | स्ट्रीट लाइट | 400000.00 | 500 | 12000 |
| 92 | विकास खण्ड में समूह के महिलाओं हेतु बिक्री केन्द्र का निर्माण | 450000.00 | 500 | 13500 |
| 93 | विकास खण्ड में समूह के महिलाओं हेतु प्रेरणा कैन्टीन का निर्माण | 450000.00 | 500 | 13500 |
| | **योग** | **34025000** | **46500** | **1020750** |

इस निविदा से संबंधित विस्तृत शर्तों का विवरण निम्नवत है।

1. निर्धारित मानक व गुणवत्ता के अनुरूप ही कार्य निर्धारित अवधि में सन्दर्भित कार्य स्थल पर कराना होगा।
2. कोई सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।
3. प्रत्येक मदों की दी जाने वाली दरों के अतिरिक्त अन्य कोई भी व्यय अथवा चार्जेज देय नहीं होगा।
4. कार्य कराने के उपरान्त प्रस्तुत बिल में से नियमानुसार अनुमन्य कटौतियां की जायेंगी।
5. फर्म एवं टेण्डर दाता का वैध हैसियत प्रमाण पत्र, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र, आई0टी0आर तथा तीन वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र तथा क्षेत्र पंचायत समिति में पंजीयन प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।
6. इस निविदा को पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
7. शासनादेश सं0–622/23–12–2012–2 आडिट/08 टीसी दिनांक– 08.06.2012 के अनुसार कार्यो की विभागीय दर से ठेकेदारों द्वारा दी गयी निविदित दर 1 प्रतिशत से 10 प्रतिशत तक कम होने पर 5 प्रतिशत प्रति 1 प्रतिशत की कमी पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक दरों की कमी पर 01 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत की कमी पर अतिरिक्त परफारमेन्स जमानत धनराशि जमा करनी होगी यह परफारमेन्स निविदा में उल्लिखित धरोहर/जमानत धनराशि के अतिरिक्त जमा करनी होगी, तथा अनुबन्ध के समय उक्त परफारमेन्स जमानत धनराशि जमा करने की बाध्यता होगी। विभाग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्य कराने में असफल रहने पर धरोहर धनराशि तथा परफारमेन्स जमानत धनराशि विभाग द्वारा जब्त कर ली जायेगी।
8. तय समय सीमा के अन्तर्गत कार्य पूर्ण न होने की दशा में निविदादाता की जमानत धनराशि जब्त करके निविदादाता के विरूद्ध वाद दायर कर कानूनी कार्यवाही की जायेगी एवं उसका रजिस्ट्रेशन निरस्त कर दिया जायेगा।
9. उपरोक्त सभी निर्माण कार्यों के आगणन की दरों में जीएसटी सम्मिलित है।
10. बिड सिक्योरिटी शासनादेश सं0–480/तेईस–7–2021 दिनांक –12.04.2021 के अनुपालन में शून्य की गयी है, न्यूनतम निविदादाता जिसकी बिड नियमों के अन्तर्गत स्वीकृत होगी, उसको स्वीकृति की धनराशि का 03 प्रतिशत परफारमेन्स सिक्योरिटी के रूप में अनुबन्ध गठन हेतु प्रस्तुत करना होगी।

**प्रमुख क्षेत्र पंचायत**
**संग्रामपुर, अमेठी**

**खण्ड विकास अधिकारी**
**संग्रामपुर, अमेठी**

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 29 सितंबर 2022



# लोकपाल की जांच में मिलीं खामियां

## ● मृतक को मनरेगा मजदूर बनाकर खाते में भेजा जा रहा है सरकारी धन

संवाददाता। मऊ

**मऊ** जिले के विकासखंड कोपागंज के ग्राम सभा नौसेमर में जॉब कार्ड में फर्जीवाड़ा कर सरकारी धन के गबन के संबंध में ग्राम प्रधान के विरुद्ध बृज बिहारी वह रमेश द्वारा की गई शिकायत पर लोकपाल श्रीमती विनीता पाण्डेय ने मौके का स्थलीय जांच किया। इसमें उपस्थित ब्लॉक स्तरीय टीम तथा ग्राम वासियों के समक्ष बयान व अभिलेखीय जांच में यह तथ्य सामने आया कि जो व्यक्ति मृतक हैं उन्हें जिंदा बताकर फर्जी मस्टर रोल तैयार कर खाते में पैसे भेजकर गबन किये जा रहे हैं। साथ ही साथ चौकाने वाली बात यह भी है



कि गांव में एक भी मुस्लिम आबादी ना होने के बावजूद 7 मुस्लिम मजदूरों के नाम फर्जी जॉब कार्ड व मस्टररोल बनाकर खाते में पैसे भेजे जा रहे हैं। कुछ ऐसे नाम सामने आए जो बाहर रहकर नौकरी करते हैं और जो नाबालिग हैए जो 70 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्ध हैं उनके नाम से भी फर्जीवाड़ा कर खाते में पैसे भेजकर गबन किए जा रहे हैं। इस पर लोकपाल विनीता पांडेय ने नाराजगी जताते हुए बताया कि दोषियों से सरकारी धन की वसूली करते हुए मुकदमा दर्ज कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई किया जाएगा। जांच के समय मौके पर एपीओ अनूप कुमार ए तकनीकी सहायक अनिरुद्धए ग्राम पंचायत सचिव नंद बिहारीए ग्राम प्रधान एशिकायतकर्ता एमनरेगा मजदूर ए ग्रामवासी तथा सुरक्षाकर्मी उपस्थित रहे।

## जय माँ दुर्गा के जयकारों से भक्तिमय हुआ माहौल

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थानाक्षेत्र के विभिन्न ग्राम सभाओं में नवरात्र के तीसरे दिन बुधवार को वेदमंत्रों के उच्चारण व जय माँ दुर्गा के जयकारों से समूचा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। ग्राम सभा सिरसोती बीजपुर डोडहर नेमना जरहां रजमिलान महुली लीलाडेवा अंजानी पिंडारी झीलों खम्हरिया महरीकला व सिंदूर में दुर्गा पूजा पंडालों में समूचे दिन लाऊड स्पीकरों के माध्यम से गाए जा रहे भक्तिरस से ओतप्रोत गीत व पंडितों के द्वारा किए जा रहे वेदमंत्रों के उच्चारण से समूचा क्षेत्र भक्तिरस में डूबा हुआ दिख रहा था। देवी व अन्य मंदिरों में भोर से ही भक्तों द्वारा पूजा-अर्चना का क्रम देखने को मिल रहा था। बीजपुर बाजार में श्री श्री दुर्गा पूजा व रामलीला समिति के तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे भव्य कार्यक्रम का उद्घाटन सोमवार को संविदाकार व वरिष्ठ समाजसेवी सत्यदेव सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर यजमान की भूमिका का निर्वहन कर रहे लल्लन सिंह व उनकी धर्मपत्नी, पूजा समिति के अध्यक्ष यशवंत सिंह, महामंत्री रविन्द्र कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार गर्ग रविंदर सिंह सीताराम शर्मा उपेन्द्र प्रताप सिंह रविन्द्र कुमार पाण्डेय के साथ साथ पूजा समिति के अन्य पदाधिकारी व सदस्यगण बाजार के व्यवसायीगण धनंजय शर्मा आदि उपस्थित थे। समिति के तत्वावधान में मां दुर्गा की पूजा अर्चना के साथ ही रात्रि में पर्दे पर रामायण सीरियल का प्रदर्शन किया जा रहा है। पुनर्वास प्रथम में मौजूद मां दुधईया देवी मंदिर परिसर में आयोजित पूजा पंडाल में भी देखने को मिल रहा है। जहाँ पूजा समिति के अध्यक्ष राम प्रवेश गुप्ता व अन्य पदाधिकारियों के देखरेख में भव्य दुर्गा पूजा का कार्यक्रम किया जा रहा है। थानाक्षेत्र के अन्य ग्राम सभाओं में भी पूजा पंडाल में पर्दे पर रामायण सीरियल तो कहीं रामलीला तो कहीं श्रीराम कथा आदि भक्तरस से युक्त कार्यक्रम का आयोजन ने क्षेत्र को भक्तिमय माहौल से सराबोर कर दिया है। इस दौरान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने की कड़ी में प्रभारी निरीक्षक बीजपुर पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस व होमगार्ड बल के जवान जगह जगह तैनात व चक्रमण करते हुए देखने को मिल रहे हैं।

## विधायक अब्बास अंसारी हेट स्पीच मामले में आज भी नहीं हुए पेश

संवाददाता। मऊ

**विधानसभा** चुनाव के दौरान सदर विधायक अब्बास अंसारी द्वारा हेट स्पीच देने के मामले में बुधवार को तारीख नियत थी। इस मामले में एमपीध्एमएलए मजिस्ट्रेट श्वेता चौधरी ने आरोपी के पिछले तारीख पर अनुपस्थित रहने के कारण जमानती वारंट जारी किया थाए जिसका तामिला भी पत्रावली में संलग्न है। इस मामले में अन्य आरोपी स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा उपस्थित थेए किन्तु अब्बास अंसारी उपस्थित नहीं थे। अदालत ने उनके विरुद्ध आदेश सुरक्षित रख लिया और अगली तारीख 12 अक्टूबर नियत कर दी गई। मामले के अनुसार विधानसभा चुनाव के दौरान एक जन सभा में बतौर प्रत्याशी अब्बास अंसारी ने जिले के आला अधिकारियों को चेतावनी दी कि उनकी सरकार आ रही है और वे सभी का हिसाब किताब करने के बाद अन्य जगह स्थानांतरण करवायेंगे।

गई है।

### पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान की गिरफ्तारी पर उच्च न्यायालय की रोक

**मऊ ।** एमपीध्एमएलए मामलों की विशेष मजिस्ट्रेट श्वेता चौधरी ने मधुबन के पूर्व विधायक दारा सिंह चौहान व एक अन्य के विरूद्ध चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन मामले में बिना जमानती वारंट का आदेश जारी किया था। जिसके विरूद्ध दारा सिंह चौहान उच्च न्यायालय में याचिका दायर किए और उच्च न्यायालय ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दिया। इस मामले में बुधवार को तारीख नियत थी। न्यायालय ने इस मामले में अगली तारीख 12 अक्टूबर की तारीख नियत कर दी। यह मामला 2017 का मधुबन थाना क्षेत्र का है। चुनाव के दौरान आचार संहिता का उलंघन करते हुए नारेबाजी की गयी। इस मामले में दारा सिंह चौहान सहित कुल 11आरोपी बनाए गए थे।

### विधायक निधि व शस्त्र मामलों में अगली पेशी 12 अक्टूबर को होगी

**मऊ।** सिविल जज सीनियर डिवीजन एमपीध्एमएलए मजिस्ट्रेट श्वेता चौधरी की अदालत में पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की विधायक निधि दुरुपयोग एवं फर्जी असलहा मामले में बुधवार को वीडियो कांफ्रेसिंग से बांदा जेल से पेशी कराया गया। विधायक निधि मामले में साक्षी के नहीं आने से गवाही नहीं हो सकी। इस मामले में एसएचओ राम सिंह का बयान दर्ज किया जा चुका हैए साथ ही जिरह के लिए बुधवार को तारीख नियत किया गया था। गौरतलब हो कि पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी ने अपने विधायक निधि से सदर विधायक रहते लाखों रूपया सरवां के बैजनाथ महाविद्यालय को फर्जी खतौनी के आधार पर प्रबन्धक आनन्द यादव को प्राप्त कराया था। जिस पर धोखाधड़ी एवं षड़यंत्र का मामला सरायलखंसी थाना में प्रभारी निरीक्षक राम सिंह ने दर्ज कराया था। वहीं विधायक के लेटर पैड पर आधा दर्जन लोगों को शस्त्र लाइसेंस के लिए संस्तुति की गई थी। इस मामले में भी 12 अक्टूबर की तिथि नियत की

### पूर्व सांसद हरिनारायण के मामले में नहीं हो सकी गवाही

**मऊ ।** घोसी लोक सभा से भाजपा के पूर्व सांसद हरिनारायन राजभर के मुहम्मदाबाद कोतवाली के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में न्यायालय में बुधवार को साक्ष्य हेतु तारीख नियत थीए लेकिन इस मामले में कोई अभियोजन साक्षी उपस्थित नहीं हुआ। एमपीध्एमएलए मजिस्ट्रेट श्वेता चौधरी ने इस मामले में जिलाधिकारी व एसपी को पत्र भेजकर अवगत कराने का निर्देश दिया कि एमपीध्एमएलए मामलों में उच्च न्यायालय का त्वरित निस्तारण का सख्त आदेश है। इसके वावजूद अभियोजन साक्षी अदालत में उपस्थित नहीं हो रहे हैं जिससे विचारण में बिलम्ब हो रहा है। न्यायालय ने गवाहों को प्रासेस जारी कर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। विशेष मजिस्ट्रेट ने इस मामले में साक्ष्य हेतु 7 अक्टूबर की तारीख नियत किया है। पूर्व सांसद हरिनारायन राजभर सहित अन्य के विरुद्ध भारतीय दंड सहिता की धारा 188 व 171 जी के तहत 2014 में मुहम्मदाबाद कोतवाली में मामला दर्ज किया गया था।

## एचडीएफसी बैंक फेस्टिव ट्रीट्स 4.0 में मिलेंगे हजारों से ज्यादा ऑफर्स

**वाराणसी।** एचडीएफसी बैंक इस फेस्टिव सीज़न को और ज्यादा बड़ा व बेहतर बनाने के लिए फेस्टिव ट्रीट्स 4.0 लाया है, जो इसके वार्षिक अभियान का चौथा संस्करण है। इसमें एचडीएफसी बैंक के सभी बैंकिंग और लेंडिंग उत्पादों पर आकर्षक ऑफर एवं शॉपिंग पर छूट प्राप्त होगी। तीन सालों तक अत्यधिक सफल अभियान चलाने के बाद, इस साल की थीम, 'गो बिग दिस फेस्टिव सीज़न' है। यह बैंक ग्राहकों को अकाउंट्स, लोन, कार्ड एवं ईएमआई में अनेक ऑफर्स द्वारा त्योहारों पर उनकी सभी इच्छाएं पूरी करने में समर्थ बनाएगा, तथा सुनिश्चित करेगा कि पैसा लोगों को दायरे में बांधने की बजाए उन्हें आसानी से उपलब्ध हो सके। रवि संथानम, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, एचडीएफसी बैंक ने कहा, 'एचडीएफसी बैंक में हमारा हर निर्णय ग्राहकों की जरूरत पर केंद्रित होता है। फेस्टिव ट्रीट्स ने जश्न के मौसम में ग्राहकों की खुशी बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मां चन्द्रघंटा के दरबार में श्रद्धालुओं ने नवाया शीश







पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**शारदीय** नवरात्र के तीसरे दिन चन्द्रघंटा देवी के दरबार में सुबह से लेकर देर रात हजारों नर-नारियों ने पहुँचकर किया दर्शन-पूजन। भगवती चन्द्रघंटा देवी की भोर में मंगला आरती के बाद श्रद्धालुओं के लिए दर्शन-पूजन के कपाट खोल दिया। हजारों श्रद्धालुओं ने मॉ चन्द्रघंटा देवी का उद्घोष करते हुए मॉ को नारियल-चुनरी, माला-फूल एवं प्रसाद, सिन्दूर आदि चढ़ाकर आर्शीवाद प्राप्त किया। लक्खी चौतरा से लगायत मंदिर प्रांगण तक मॉ चन्द्रघंटा देवी के दर्शन-पूजन के लिए कतार लगी हुई थी।इस दौरान मंदिर के आसपास सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गये थे। चौक थाना प्रभारी शिवानंद मिश्र हमराहियों के साथ मंदिर पहुँचकर मॉ का दर्शन-पूजन किया एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। महिला श्रद्धालुओं के लिए महिला पुलिस की सुरक्षा लगायी गई थी। देर रात तक देवी चन्द्रघंटा का दर्शन-पूजन श्रद्धालु करते रहे। शारदीय नवरात्र के चौथे दिन मॉ कुष्माडा देवी के दर्शन-पूजन का महात्म्य है। इनका मंदिर दुर्गाकुंड स्थित दुर्गा जी का मंदिर है।

## टैली सोल्युशन्स की वाराणसी में विशेष पहल

**वाराणसी।** 10 करोड़ एवं इससे अधिक टर्नओवर वाले जीएसटी रजिस्टर्ड बिज़नसेज़ के लिए ई-इनवॉसिंग को अपनाने की अंतिम दिनांक करीब आ रही है, ऐसे में टैली सोल्युशन्स, पूरी तरह से कनेक्टेड सोल्युशन टैलीप्राइम के साथ उन्हें ई-इनवॉयसिंग को अपनाने एवं इसके प्रबन्धन में मदद करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। कंपनी वाराणसी के बिज़नसेज़ को इसके बारे में हर ज़रूरी जानकारी देने के लिए पूरे प्रयास कर रही है, ताकि ये बिज़नसेज़ कम्प्लायन्ट बने रहें। इस पहल के बारे में बात करते हुए अर्चन मुखर्जी, जनरल मैनेजर-ईस्ट ज़ोन, टैली सोल्युशन्स ने कहा, 'भारत सरकार ने 1 अक्टूबर से 10 करोड़ एवं इससे अधिक टर्नओवर वाले बिज़नसेज के लिए ई-इनवॉयसिंग अपनाना ज़रूरी कर दिया है।

# एक अक्टूबर से चलाया जाएगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**सोनभद्र।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान जिले में 1अक्टूबर से चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत संचारी रोगों से जहां लोगों को बचाव की जानकारी दी जाएगी वहीं बुखार के मरीजों, कुपोषित बच्चों और कोरोना के लक्षण वालों की जांच कराई जाएगी। यह अभियान पूरे एक माह 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने सभी विभागों से सामंजस्य स्थापित कर सभी तैयारियां पूर्ण कर लिया है। जिला मलेरिया अधिकारी धर्मेंद्र नारायण श्रीवास्तव ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अलावा जिला पंचायत राज विभाग,कृषि विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग,पशुपालन विभाग,नगरपालिका तथा शिक्षा विभाग समेत अन्य विभागों के सहयोग से यह अभियान चलाया जाएगा। संचारी रोग नियंत्रण अभियान1अक्टूबर से31अक्टूबर तक चलेगा। जबकी दस्तक अभियान 7 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक चलाया जायेगा। इस दौरान लोगों को साफ-सफाई, घरों के पास पानी इकट्ठा न होने देने,मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने तथा कोरोना टीकाकरण हेतु जागरूक किया जाएगा। जिससे लोग संक्रामक बीमारियों की चपेट में न आने पाए । यह अभियान पूरे एक माह 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने सभी विभागों से सामंजस्य स्थापित कर सभी तैयारियां पूर्ण कर लिया है।

### लेप्टो स्पाइरोसिस स्क्रब टाईपस रोग के प्रति किया जाएगा जागरूक

**जिला** मलेरिया अधिकारी ने बताया कि लेप्टो स्पाइरोसिस स्क्रब टाईपस रोग पशु जनित बीमारी है। यह घरेलू पशुओं से फैलता है खासतौर पर यह चूहे से फैलता है। चूहे के शरीर में कीटाणु होते हैं जो मनुष्य के शरीर में पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि इस रोग से बुखार आता है और शरीर पर चकत्ते पड़ जाते हैं। इस रोग से बचाव के लिए पशुपालन विभाग गोष्ठियों का आयोजन कर लोगों को इसके प्रति जागरूक करेगा। इसके अलावा कृषि विभाग चूहों को नियंत्रण करने हेतु लोगों को प्रेरित करेगा और पंचायती राज विभाग द्वारा झाड़ियों की सफाई कराई जाएगी।

### 55 लोगों को दी गई नोटिस

**जिला** मलेरिया अधिकारी धर्मेंद्र नारायण श्रीवास्तव ने बताया कि नगरी क्षेत्र में 55 लोगों द्वारा जलजमाव किया गया है जिससे डेंगू मच्छर पनपते हैं उनको चिन्हित करते हुए नोटिस दे दिया गया ।

## डीएम ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दिए निर्देश

**मीरजापुर।** विंध्याचल नवरात्र मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के सुविधा व सुरक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा प्रत्येक स्तर पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। नवरात्र मेला भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा देखा गया कि अमरावती चौराहा के आस.पास बड़ी संख्या में दर्शनार्थी सड़क के किनारे सो रहे थे। जिलाधिकारी द्वारा उनकी सुविधा व सुरक्षा को देखते हुए अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल व अपर पुलिस अधीक्षक श्री कांत प्रजापति को उपयुक्त स्थान का चयन कर निरू शुल्क रैन बसेरा तत्काल बनाने का निर्देश दिया गया। उक्त निर्देश के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी द्वारा अमरावती चौराहा के पास उपयुक्त अमरावती चौराहा.रेहडा मार्ग पर छोटकी महुवरियाए रेहड़ा ट्रांसफार्मर के बगल स्थान का चयन कर जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी के द्वारा आज प्रातः लगभग 10 बजे स्थान का निरीक्षण कर रैन बसेरा बनाने का निर्देश दिया गया।

# राम व सीता जन्म पर हर्षित हुए लीला प्रेमी

**सोनभद्र।** हिण्डाल्को रामलीला परिषद द्वारा हिण्डाल्को रामलीला मैदान पर दूसरे दिन की रामलीला का शुभारंभ राजा दशरथ द्वारा किये गये पुत्रेष्ठि यज्ञ के सजीव मंचन के साथ हुआ। पुत्रेष्ठि यज्ञ से राजा दशरथ की तीनों रानियों कौशल्या, कैकेई और सुमित्रा को पुत्र रत्नों की प्राप्ति होती है। रामलला के जन्म की खबर पर पूरे अयोध्या में खुशी की लहर दौड़ जाती है और रामलला के दर्शन पाकर मैदान पर उपस्थित हजारों दशकों में भी उल्लास छा जाता है और पूरा मैदान श्री राम के जयकारे से गूंज उठता है इसके बाद की लीलाओं में गुरू वशिष्ठ नामकरण करते हुए चारों भाइयों को राम, लक्ष्मण, भरत तथा शत्रुघ्न का नाम प्रदान करते हैं। आगे चारों भाई गुरू वशिष्ठ के आश्रम में शिक्षा प्राप्त करते हुए अपने बाल सुलभ लीलाओं से दर्शकों को बरबस अपनी ओर आकर्षित करते हैं। इसके उपरान्त श्री राम एवं लक्ष्मण द्वारा मुनि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा राक्षसों से करने का दृश्य भी



बहुत ही सजीवता से मंचित किया जाता है। उधर जनकपुर में पड़े भीषण अकाल से प्रजा की रक्षा हेतु राजा जनक स्वयं हल चलाते हैं और सीता उत्पत्ति का बेहद मनोहारी दृश्य देखकर लीला प्रेमी मंत्र-मुग्ध हो जाते हैं। आगे की लीलाओं में श्री राम द्वारा अहिल्या का उद्धार एवं राम-लक्ष्मण के जनकपुर भ्रमण आदि का दृश्य भी बहुत ही सजीवता से मंचित होता है। दूसरे दिन की लीला से पूर्व मुख्य अतिथि रतन सोमानी एवं जयश्री सोमानी ने विशिष्ट अतिथि मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह एवं सीमा मलहोत्रा, वनीता वासनिक, परनीत सिंह, मेजर सीमा चहल शुक्ला, रामलीला परिषद के अध्यक्ष पीके उपाध्याय एवं निर्देशक सुनील परवाल आदि के साथ विधि-विधान से गणेश पूजन करके लीला का शुभारंभ किया। श्री उपाध्याय ने बताया कि तीसरे दिन सीताजी द्वारा गौरी पूजन, धनुष यज्ञ,लक्ष्मण-परशुराम संवाद, राम-सीता विवाह आदि लीलाओं का मंचन किया जाएगा।

## लैपटॉप व नगदी बरामद, चोर गिरफ्तार

**मुग़लसराय चन्दौली।** पुलिस अधीक्षक चंदौली अंकुर अग्रवाल द्वारा टप्पेबाजी करने वाले गिरोह पर अंकुश लगाए जाने वह टप्पेबाजो की गिरफ्तारी हेतु दिए गए निर्देश के क्रम में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी पीडीडीयू नगर अनिरुद्ध सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मुगलसराय संतोष कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में मुगलसराय कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक शातिर चोर टप्पेबाज को गिरफ्तार किया जिसका नाम सिंघराज बताया जाता है जिसके पास से पुलिस ने एक लैपटॉप व ?11500 नगद बरामद किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार श्रीवास्तव कोतवाली मुगलसरायए उपनिरीक्षक सुनील कुमार सिंह कोतवाली मुगलसरायएहेड कांस्टेबल अमित सिंहएविजय कुमार गोंडए आरक्षी आलोक सिंह आदि मौजूद रहे।

# पालिका अध्यक्ष ने दो सार्वजनिक शौचालयों का किया शिलान्यास

संवाददाता। मीरजापुर

**नगर** पालिका अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बुधवार की दोपहर नगर के दो विद्यालयों में सार्वजनिक शौचालयों का शिलान्यास किया।बता दे नगर के गुड़हट्टी स्थित बीएलजे इंटर कॉलेज और रमईपट्टी स्थित जुबिली इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों और आमजन की सुविधाओं को देखते हुये विद्यालय परिषर में ही सार्वजनिक शौचालय बनाने का निर्णय लिया है।बुधवार की दोपहर नपाध्यक्ष ने सभासदोंएपालिका के अधिकारियों एवं स्थानीय लोगों के साथ पहुँचकर शिलान्यास किया।इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर में कई सार्वजनिक और महिला शौचालय बनाये गये है।दोनों विद्यालयों में विद्यार्थियों की मूलभूत सुविधाओं को देखते हुये शौचालय निर्माण का



निर्णय लिया गया हैं।अधिकारियों को दो माह के भीतर इन दोनों शौचालयों के निर्माण कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया गया है।इस मौके पर सभासद राजेश सोनकरएकृष्ण मोहन वर्माएबीण्एलण्जेण्इण्टर कॉलेज प्रबन्धक अतुल जायसवालएपूर्व प्रबन्धक आलोक जायसवालए जुबली इण्टर कॉलेज प्रिसिंपल राजेंद्र तिवारीएव बीण्एलण्जेण्इण्टर कॉलेज प्रिंसिपल बंशीधर तिवारीए और महेश वर्माएपूर्व सभासद डॉक्टर सुरेश कसेराएएडण् सुरेश कसेराएज्ञान चन्द गुप्ताएप्रीतम केसरवानीए सुरेश जायसवालएविनय सिंहएपंकज कुमारएविनोद मिश्राएकुँवर साहब अश्वनी विश्वकर्माए समारू प्रजापतिए आशीष यादवए श्याम यादवए राम जीए देवी साहूएशिव शंकर मौर्य एअखिलेश एप्रशांत वर्माएरामसजीवनए जगत बहादुरएसियाराम यादवएबृजेश प्रताप सिंहएअनिल तिवारीएकृष्ण कुमार सिंह उर्फरिचुए किशन कसेरा एसौरभ वर्माए सत्यम केशरवानी एविकास ए वर्मा नरेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने कस्तुरबा गॉधी बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने डायट परिसर उरमौरा में स्थापित कस्तुरबा गॉधी बालिका विद्यालय आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने छात्राओं के कक्षा में जाकर पढ़ाये जा रहे पाठ्य क्रमों का जायजा लिया और छात्राओं से बात चीत कर उनके बौद्धिक स्तर को भी जाना। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के छात्रावास भोजनालय शौचालय किचन स्टोर रूम पेयजल छात्राओं के सोने के लिए बेड आदि का बारी बारी से मौके पर जाकर जायजा लिया इस दौरान मौके पर उपस्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि शौचालय में टाईल्स लगाने के साथ ही और बेहतर व्यवस्था किया जाये, विद्यालय में जहां मरम्मत की आवश्यकता हो, तत्काल ठीक कराने, पीने के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराने, बच्चों को निर्धारित मीनू के अनुसार समय से भोजन उपलबध कराने, सभी छात्राओं को मच्छरदानी उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। इस दौरान उन्होंने कहा कि भोजनालय में टाईल्स लगाया जाये ताकि साफ-सफाई बनी रहें। उन्होंने विद्यालय के निरीक्षण के दौरान सौर ऊर्जा खराब पाये जाने पर तत्काल मरम्मत कराकर उपयोग में लाने के निर्देश सम्बन्धित को दियें विद्यालय में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था करने के साथ ही बच्चों को सफाई के प्रति जागरूक करने के भी निर्देश दियें। इस दौरान उन्होंने सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए कहा कि छात्राओं के बेहतर शिक्षा दी जाये जिससे आगे की पढ़ायी के लिए बेस मजबूत हो सके। इस मौके पर कस्तुरबा गॉधी विद्यालय के अध्यापक अध्यापिकाएं कार्मिकगण सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# मिर्जापुर शहर में हो सकता है अब आपका अपना घर

संवाददाता। मिर्जापुर

**मंगलवार** की शाम मिर्जापुर शहर के महुअरिया स्थित तहसील रोड पर विंध्य कॉरिडोर रियल स्टेट कंपनी के ब्रांच ऑफिस का उद्घाटन विधि विधान एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यालय का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद शहर कोतवाली के थानाध्यक्ष अरविन्द मिश्रा के कर कमलों से संपन्न हुआए जिसमें शहर के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सेवक संघ आरएसएस भारत के प्रदेश अध्यक्ष संतोष सिंह राजपूत की गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की गयी। इस मौके पर आयोजक मनोज कुमार मौर्या एवं सुनील गुप्ता ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि उनका बीते जमाने में एक सपना था कि वे मिर्जापुर जनपद के नागरिकों को सस्ती एवं अच्छी जमीन एवं मकान उपलब्ध कराएंए जो अब जाकर पूरा होता दिखाई पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि ये ब्रांच ऑफिस हैं जबकि मुख्य शाखा पाण्डेयपुर में उपलब्ध है। रियल स्टेट कंपनी के स्वामीद्वय ने कहा कि फिलहाल शहर के पास स्थित बरकछा में उनकी कंपनी द्वारा प्लाटिंग की जा रही हैं जिसकी शुरूआती कीमत मात्र 251ध् रूपये रखा गया हैंए ताकि कम से कम आर्थिक संपन्न व्यक्ति भी अगर घर बनाने का सपना देख रहा हैं तो हम उसकी मदद की जा सके। ब्रांच ऑफिस के उद्घाटन अवसर पर उन्होंने जनपद के नागरिकों को त्यौहार का ऑफर भी मीडिया के माध्यम से दिया कि अभी से लेकर दीपावली तक उनके रियल स्टेट में हिस्सेदारी लेने वाले सभी उपभोक्ताओं का रजिस्ट्री शुल्क कंपनी देगी। ग्राहक को अपनी तरफसे कोई अतिरिक्त पैसा नहीं लगाना होगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवक संघ आरएसएस भारत के प्रदेश मंत्री अजय सोनीए गणेश तिवारीए विनोद मिश्राए एडवोकेट अमित कुमार सिंहए भाजपा समर्थक मंच के मण्डल अध्यक्ष मनोज मौर्याए मनोज कुमार पाण्डेयए शिवम सिंहए ओम सिंहए महेन्द्र पाण्डेयए संतोष मौर्याए सुनील गुप्ताए सत्यमए आशीषए सोनू मौर्याए खुशी मिश्राए कमलेश मौर्याए अजय श्रीवास्तवए दीनानाथए श्वेता मिश्राए हनीए प्रिंस मौर्या आदि मौजूद रहे।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 29 सितंबर, 2022



# एलजी-विरोधी अभियान

## आप को झटका

**आम** आदमी पार्टी–आप ने दिल्ली के उप–राज्यपाल के खिलाफ निन्दा अभियान छेड़ रखा था, पर उसका नतीजा उल्टा निकला है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आप और उसके नेताओं को उप–राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के खिलाफ 'झूठे' आरोप लगाने पर चेतावनी दी है। इससे अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी को घुटने टेकने पड़े हैं। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण रूप से अदालत ने उनसे सोशल मीडिया पर मौजूद सभी निन्दाजनक पोस्टें, वीडियो व ट्वीट हटाने को कहा है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब आप और उसके नेताओं को विभिन्न पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ सभी प्रकार के आरोप लगाने से पीछे हटना पड़ा है। इनमें नितिन गडकरी से लेकर अरुण जेटली व शीला दीक्षित से लेकर कपिल सिब्बल और अकाली दल नेता बिक्रम सिंह मजीठिया से लेकर रमेश विधूड़ी तक शामिल हैं। आप आमतौर से अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ निराधार आरोप लगाती रही है। अन्ना हजारे आंदोलन के शिखर समय पर केजरीवाल व उनके सहयोगियों ने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर निशाना लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी और उनकी छवि खराब करने के सभी संभव प्रयास किए ताकि इससे वे स्वयं को 'भ्रष्टाचार के खिलाफ योद्धा' की तरह पेश कर सकें। 2015 में सत्ता में आने के बाद से इस उभरती पार्टी के नेताओं पर अनेक मानहानि मामलों का बोझ आ गया। इस तथ्य को देखते हुए कि उनके बहुसंख्य आरोप प्रमाणहीन थे, केजरीवाल व उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेता बार–बार माफी मांगने लगे। उम्मीद थी कि अपने सबक सीखने तथा बीते सालों में एक सीमा तक राजनीतिक परिपक्वता प्राप्त



करने के बाद अब वे बिना प्रमाण के आरोप लगाने से बचेंगे। लेकिन आप का 'मारो और भागो' गिरोह इसके बाद भी कीचड़ उछालने में लगा रहा। इस बार दिल्ली की आबकारी नीति के खिलाफ सीबीआई जांच की सिफारिश करने के बाद दिल्ली के उप–राज्यपाल वी.के. सक्सेना आप के निशाने पर आ गए थे। आप नेताओं ने न केवल सक्सेना पर निशाना लगाया, बल्कि उनकी बेटी को भी जाल में फंसाने का प्रयास किया।

बिना किसी प्रमाण के उन्होंने सक्सेना पर 2016 में नोटबंदी के दौरान लगभग 1,400 करोड़ रुपये की हेराफेरी का आरोप लगाया। उनका कहना था कि जब सक्सेना खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष थे तब उन्होंने कर्मचारियों पर इसके लिए कथित रूप से दबाव डाला था। तथ्य यह है कि सक्सेना ने केवीआईसी के कोषाध्यक्ष व एक और कर्मचारी द्वारा 17 लाख रुपये की 'मनी लांड्रिंग' की जांच के आदेश दिए थे। यह समझ से परे है कि आप नेता 1,400 करोड़ के आंकड़े पर कैसे पहुंचे और उन्होंने संवैधानिक पद पर बैठे एक व्यक्ति के खिलाफ आरोप लगाने के पहले दोबारा विचार तक नहीं किया। सक्सेना ने न केवल इन आरोपों को खारिज किया, बल्कि आप नेताओं द्वारा अपने खिलाफ कीचड़ उछालने के मामले को दिल्ली उच्च न्यायालय ले गए। इन नेताओं में आतिशी सिंह, सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश पाठक, संजय सिंह व जैस्मीन शाह शामिल हैं। सक्सेना ने राजनीतिक पार्टी और उसके पांच नेताओं से हरजाने और मुआवजे के रूप में 2.5 करोड़ का दावा भी किया। सक्सेना ने पहले आप व उसके नेताओं को एक कानूनी नोटिस भेज कर एक प्रेस वक्तव्य जारी करने को कहा था जिसमें 'पार्टी के सभी नेताओं तथा उनसे प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़े सभी लोगों को यह निर्देश देने को कहा जाए कि वे झूठे, अपमानजनक, घृणापूर्ण व निराधार बयान देना बंद करें।' अब उच्च न्यायालय द्वारा उप–राज्यपाल के पक्ष में फैसला देने के बाद आप नेताओं को कठिन कानूनी लड़ाई का सामना करना पड़ सकता है।

# नियंत्रणों के बोझ से दबा उर्वरक उद्योग

एक संभावित खरीदार को सार्वजनिक क्षेत्र की उर्वरक फैक्ट्री खरीदने के पहले सौ बार सोचना पड़ेगा क्योंकि इनमें अक्षमतायें भरी होने की संभावना है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं।)



**वि**त्तमंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण ने 2021–22 के बजट में केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों–सीपीएसयू के निजीकरण पर व्यापक दृष्टिकोण पेश करते हुए उनको दो श्रेणियों–रणनीतिक व गैर–रणनीतिक में बांटा था। रणनीतिक में भी चार उप–समूह थे जिनमें नाभिकीय ऊर्जा, अंतरिक्ष व रक्षा, परिवहन व दूरसंचार, ऊर्जा, पेट्रोलियम, कोयला व अन्य खनिज तथा बैंकिंग, बीमा व वित्तीय सेवायें शामिल थे। इसके अलावा गैर–रणनीतिक क्षेत्र में बाकी सभी क्षेत्र शामिल थे, जैसे औद्योगिक व उपभोक्ता वस्तुयें, होटल व पर्यटन सेवायें, व्यापार, मार्केटिंग, आदि। योजना के अनुसार सरकार को गैर–रणनीतिक क्षेत्र में सभी सीपीएसयू का निजीकरण करने तथा इस श्रेणी के सभी घाटे वाले उद्यम बंद करने का लक्ष्य था। सरकार ने इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए कुछ कदम उठाए थे। सीपीएसयू वे उद्यम हैं जहां केन्द्र सरकार का स्वामित्व पर वर्चस्त था तथा उसके नियंत्रण में इनके 51 प्रतिशत या इससे अधिक शेयर थे। बताया जाता है कि नीति आयोग के सीईओ परमेश्वरन अय्यर की अध्यक्षता में समूह अधिकारियों–सीजीओ की एक कमेटी ने उर्वरक क्षेत्र के आठ पीएसयू फर्मों की सूची बनाई थी जिनके निजीकरण का इरादा था। इनमें अन्य के साथ राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड–आरसीएफएल, नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड–एनएफएल, द फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स ट्रावनकोर लिमिटेड–एफएसीटी तथा फर्टिलाइजर कार्पोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड–एफसीआईएल शामिल थे। इसके साथ ही प्रोजेक्ट्स एंड डेवलपमेंट इंडिया लिमिटेड–पीडीआईएल के निजीकरण की प्रक्रिया पहले से चल रही थी।

फसलों की उपज बढ़ाने तथा खाद्य सुरक्षा मजबूत करने में पौधे के पोषकों का महत्व देखते हुए दशकों से अनेक राजनीतिक अवस्थापनाओं ने उर्वरकों को रणनीतिक क्षेत्र माना तथा सार्वजनिक क्षेत्र में उर्वरक प्लांट लगाने पर जोर दिया। इसके साथ ही इस क्षेत्र में निजी निवेश आकर्षित करने के प्रयास किए गए। इन नीतियों में केन्द्रीकृत रूप से उर्वरकों के अधिकतम खुदरा मूल्य–एमआरपी पर नियंत्रण रखा गया। इसके लिए उत्पादन व वितरण में आने वाले खर्च पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया। किसानों को बिक्री से प्राप्त होने वाली कम धनराशि के बावजूद यह सुनिश्चित किया गया कि निर्माताओं को नुकसान न होने पाए। इसके लिए उनको एमआरपी से होने वाली आमदनी से अधिक खर्च पर सब्सिडी दी गई। 1990 के दशक तक यूरिया व गैर–यूरिया उर्वरकों के निर्माताओं को 'विशिष्ट इकाई' के आधार पर लागत–सब्सिडी से पूर्ति होती रही। इसमें क्षमता प्रयोग, ऊर्जा उपभोग, पूंजी संबंधी चार्ज या सीआरसी, शेयरधारकों के फंड पर चार्ज या सीआरसी, शेयरधारकों के फंड पर गारंटीशुदा वापसी, अन्य फिक्स चार्ज, गैस व अन्य निवेशों की लागत, आदि शामिल थे।

1992 में गैर–यूरिया उर्वरकों पर नियंत्रण हटाने के बाद सरकार ने इन उर्वरकों के सभी निर्माताओं को प्रति पोषक आधार पर 'समान' सब्सिडी की दिशा में धीरे–धीरे आगे बढ़ा गया। अप्रैल, 2010 के बाद उनको एमआरपी तय करने में भी स्वतंत्रता मिल गई। लेकिन यूरिया के मामले में गैर–विशिष्ट आधार पर सब्सिडी की भरपाई जारी रही। इन नीतियों के कारण सार्वजनिक व निजी क्षेत्र में क्षमताओं का निर्माण प्रभावित हुआ जिनमें इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड या इफ्को द्वारा स्थापित प्लांट भी शामिल हैं। इस बीच बहुसंख्य उर्वरक सीपीएसयू ने अपनी क्षमता से कम काम किया है। उदाहरण के लिए, 2019–20 में 6 सीपीएसयू ने केवल 1,293 करोड़ रुपये का मुनाफा दिखाया। इनमें खासकर एफसीआईएल व हिंदुस्तान फर्टिलाइजर कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड–एचएफसीएल के प्लांट भी शामिल हैं जो साल दर साल लगातार घाटा दिखा रहे हैं। कुछ प्लांट तो जन्म से ही बीमार थे जिनमें 1970 तथा 1980 के दशकारंभ में पूर्व आंध्र प्रदेश में शुरू किए गए रामगुंडम, ओडिशा के तालचेर तथा पश्चिम बंगाल का हल्दिया शामिल हैं। ये सीपीएसयू लंबे समय से वेंटीलेटर पर हैं और केन्द्र सरकार ने इनको जीवित रखने के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च किए हैं। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने प्लांटों को पुनर्जीवित करने की योजनायें बनाईं। लगभग पांच साल पहले झारखंड के सिंदरी, उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, बिहार के बरौनी, ओडिशा के तालचेर तथा आंध्र प्रदेश के रामगुंडम प्लांट पुनर्जीवन की योजना बनाई गई थी और ये 2021–22 में कारगर हुए।

अब 2021–22 की नीति के अनुसार सभी उर्वरक सीपीएसयू को एक आधार पर रखना है। उनके पुनर्जीवन पर हजारों करोड़ रुपये खर्च करने के बाद अब केन्द्र सरकार द्वारा उनके निजीकरण का निर्णय अजीब लगता है। उपरोक्त पांच प्लांटों पर लगभग 40,000 करोड़ रुपये खर्च हुए। इनकी बिक्री से प्राप्त धनराशि इनके पुनर्जीवन पर खर्च धनराशि की तुलना में बहुत कम होगी। इसके बावजूद नीति के अनुसार इनकी बिक्री होनी चाहिए। इसके पीछे एक और कारण भी है। नौकरशाही और राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण ये पीएसयू 'अक्षमताओं' व 'कुप्रबंधन' का शिकार हैं। वित्त मंत्रालय ने इस स्थिति को स्वीकार करते हुए हाल ही में एक आदेश द्वारा पीएसयू द्वारा दूसरे पीएसयू खरीदने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके अनुसार, 'एक सरकारी उद्यम के प्रबंधन पर किसी अन्य सरकारी संगठन के प्रबंधन या राज्य सरकार के कब्जे से राज्य–संचालित फर्मों में अंतर्निहित अक्षमतायें बनी रहेंगी।' लेकिन इनका निजीकरण आसान नहीं है। इसमें एक बड़ी बाधा संस्तुतियों व लाल फीताशाही की जटिल व लंबी प्रक्रियायें हैं। वर्तमान प्रक्रियाओं के अंतर्गत नीति आयोग रणनीतिक विनिवेश वाली कंपनियों की पहचान करता है जिन पर विनिवेश के लिए सचिवों के प्रमुख समूह–सीजीडी द्वारा विचार किया जाता है जो अपने आप में बहुत लंबी प्रक्रिया है। इसके बाद यह वैकल्पिक व्यवस्था–एएम के अंतर्गत आता है जिसमें मंत्रालयों का एक समूह संस्तुति प्रदान करता है। इनमें वित्त तािा सड़क व राजमार्ग परिवहन मंत्रालय शामिल हैं। रणनीतिक विनिवेश में लगभग 12 चरण हैं जिसके कारण प्रक्रिया शुरू होने में अपरिहार्य रूप से विलम्ब होता है। इसके साथ ही जब सरकार बाजार में प्रवेश करती है तब परिस्थितियों का सकारात्मक होना जरूरी नहीं होता है। एक और बड़ी बाधा यह तथ्य है कि उर्वरकों के लगभग हर आयाम पर भारी नियंत्रण है जिसमें उत्पादन, आयात, हैंडलिंग, परिवहन, वितरण, मूल्य, सब्सिडी तथा भुगतान व्यवस्थायें शामिल हैं। इन सभी आयामों के कारण उर्वरक फर्म का वित्तीय स्वास्थ्य प्रभावित होता है। यूरिया के मामले में लागू 'विशिष्ट इकाई' व्यवस्था के कारण लागत और सब्सिडी की अनुमति से फर्म नौकरशाहों की इच्छाओं व पसंद के कारण और संकट में फंसती है। वे तय करते हैं कि लागत के कितने आयामों को सब्सिडी भुगतान की अनुमति मिलनी चाहिए। इनमें सीआरसी, अन्य निश्चित खर्च, गैस डिलीवरी का खर्च तथा अन्य निवेशों पर खर्च शामिल हैं।

इन कारणों से उर्वरम पीएसयू का संभावित खरीदार उसके बारे में निर्णय लेने से पहले सैकड़ों बार सोचता है क्योंकि अच्छा मुनाफा कमाने के लिए उसकी क्षमता महत्वपूर्ण होती है जो उसका प्रबंधन करने वाले नौकरशाहों की क्षमता पर निर्भर होती है, भले ही खरीदार के पास प्लांट प्रबंधन की अच्छी क्षमता क्यों न हो। पीएसयू की कीमत बढ़ा–चढ़ा कर पेश की जाती है जिससे उसकी लागत बढ़ जाती है। इसके परिणामस्वरूप अधिग्रहण के बाद निर्भरता तथा जोखिम भी और बढ़ जाता है। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए उर्वरक पीएसयू के निजीकरण की संभावनायें बहुत धुंधली हैं। ये स्थितियां तभी बदल सकती हैं जब सरकार दो बाधायें हटाने के लिए कठोर निर्णय ले। उसे शेयरों की बिक्री की प्रक्रिया को लाल फीताशाही से मुक्त करना होगा। वह एक होल्डिंग कंपनी–एचसी बना सकती है जहां पीएसयू के सभी शेयर समाहित किए जांए। एचसी को मूल्य, शेयरों की संख्या, बिक्री के समय, आदि पर सभी निर्णय लेने के लिए शक्तिशाली बनाया जाए।

इसके साथ ही सरकार को उर्वरक क्षेत्र पर लगे सारे नियंत्रण हटाने चाहिए तथा किसानों को सीधे सब्सिडी देने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

# महत्वपूर्ण है खेल का समय

**स्मृति पारिख**
(लेखिका, साक्षरता क्षेत्र से संबद्ध हैं)



**बच्चों** के रोजमर्रा के जीवन या उनकी दिनचर्या में खेल के समय को महत्व देना चाहिए, क्योंकि जीवन के अनेकानेक प्रमुख पाठ खेलों से सीखे जाते हैं। खेलों के महत्व को देखते हुए ही संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायोग प्रत्येक बच्चे के लिए खेल को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता देता है। खेलने के समय को बच्चों के समग्र विकास को बढ़ाने के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि कुछ ऐसे रूप में, जिसे अकादमिक उपलब्धि की कीमत पर अपनाया जाता है। इस प्रकार, व्यापक दृष्टिकोण से देखा जाए तो खेल दिमाग और समग्र बाल विकास का विरोधी नहीं है, बल्कि इसका एक महत्वपूर्ण पहलू है।

अक्सर, बच्चों से कहा जाता है कि वे अपना होमवर्क पूरा करने के बाद खेल सकते हैं। अन्य उदाहरणों में, खेल के समय का उपयोग समानार्थक रूप से संगठित खेल कक्षाओं के रूप में किया जाता है। लेकिन इससे अनेक बार खेलों में छिपा आनन्द गायब हो जाता है। हालांकि, आमतौर से खेल पसंद, आश्चर्य और आनंद से सजे होते हैं। इसलिए, बच्चों को, व्यवस्थित और अव्यवस्थित खेल, दोनों के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान किए जाने चाहिए।

अव्यवस्थित खेल, जिसे मुक्त खेल के रूप में भी जाना जाता है, मुख्यत: बच्चों के नेतृत्व में होता है। बच्चे इसके दौरान बिना किसी के निर्देशन व निर्धारण अपने आप खेलों की ईजाद करते हैं तथा अपने साथियों को उनमें शामिल करते हैं। खुशी और उत्साह के क्षणों की तलाश में बच्चे इन अनुभवों को अपने लिए डिजाइन करते हैं। ये अवसर गेम बनाने और निष्पक्ष खेल के नियम बनाने जैसे लगते हैं। खेल का समय, चाहे वो व्यवस्थित हो या वयस्कों के नेतृत्व में, हालांकि लाभकारी होता है, मगर सीमित लाभ प्राप्त करता है। इसका उद्देश्य बच्चों को उन अनुभवों में भागीदार बनाना है जो स्व–निर्देशित क्षण होते हैं।

शोध संकेत करता है कि यह अव्यवस्थित क्षण ही होते हैं जिसमें बच्चे आश्चर्य और आनंद का अनुभव करते हैं। वास्तविक खेल के दौरान, बच्चे अपनी दुनियाओं से प्राप्त अर्थ को आकार देते हैं और अन्य अनुभवों के लिए उन्हीं को बयान करते हैं। इससे बच्चों में कल्पनाशीलता तथा दूसरे बच्चों के साथ सहयोग व सामंजस्य की भावना का विकास होता है।

खेलों के प्रकारों के चयन में आलोचनात्मक सोच और आत्म–जागरूकता की आवश्यकता होती है। बाल दिवस दिन की दिनचर्या या स्कूल के टाइम–टेबिल के लिए निर्धारित होता है। बच्चों को एजेंसी और पसंद का अनुभव करने के सीमित अवसर मिलते हैं। खेल के समय में भाग लेते हुए, बच्चे न केवल इस संबंध में सचेत विकल्प बना रहे हैं कि किसके साथ खेलना है बल्कि यह भी कि क्या और कैसे खेलना है। वे टीम के सदस्यों के संबंध में भी निर्णय लेते हैं, कोई कब जीतता है, और इस बारे में रणनीति बनाते हैं कि वे कैसे जीत सकते हैं। ये निर्णय जो महत्वहीन लगते हैं, कार्यकारी कार्यों के निर्माण खंड हैं। स्व–अध्ययन का आयोजन करते समय, करियर चुनते समय, और भावनात्मक जीवन विकल्प बनाते समय भी इन्हीं योग्यताओं का उपयोग किया जाता है। निर्णय लेने और मूल्यांकन कार्य करने से परिचित होना सोच को एक ढांचा प्रदान करता है। बच्चे पुरिणाम–दुष्परिणाम, तार्किक बुद्धिमता, यहां तक कि अपनी भावनाओं को व्यवस्थित करने जैसे उपकरण प्राप्त करते हैं। वे किसी निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए साथियों के साथ सहयोग करना सीखते हैं। अव्यवस्थित नाटक छात्रों को अपने विचारों को सम्मानपूर्वक व्यक्त करने तथा अपनी चालों को स्थापित करने की भाषा देता है। इसके अलावा, टीम–आधारित खेल आवश्यक नेतृत्व कौशल को भी विकसित करता है।

खेल का समय, जो बच्चों को आश्चर्य की स्थिति में पहुंचाता है, मस्तिष्क के उन प्रमुख क्षेत्रों को विकसित करता है जो विचार और कल्पना के निर्माण के लिए जिम्मेदार होते हैं। खेलों तथा उनके परिणामस्वरूप विकसित मानसिक कौशल भविष्य में प्रक्षेपण के लिए भी उपयोगी हैं। एक बच्चा जो खेल के दौरान काल्पनिक परिदृश्यों की कल्पना कर सकता है, वह भविष्य में अपनी सफलता की कल्पना करने में भी सक्षम होगा। वे बड़े होकर यह सोच सकेंगे कि वे क्या बनना चाहते हैं। उपलब्धि का एक मुख्य घटक, अज्ञात कल के लिए दृष्टि और लक्ष्य निर्धारित करने की क्षमता है।

खेल का समय उन परिदृश्यों के बारे में जागरूकता बनाता है जो हर्षित और प्रेरक महसूस करते हैं। इस तरह की जागरूकता उन्हें व्यक्तिगत उपलब्धि की दिशा में बेहतर कदम उठाने में मदद करती है, जैसे ऐसी दोस्ती में रहना, जो खुशी और सुरक्षा की भावना लाती है, ऐसे विषय क्षेत्रों को चुनना, जो गर्व पैदा करते हैं, और अंतत: ऐसे व्यवसायों में रहना, जो व्यक्ति की पूरी क्षमता का उपयोग करते हैं।

प्रसन्नता बच्चे के जीवन का एक कम आंका गया पहलू है। जबकि बच्चों के जीवन में प्रसन्नता का सर्वाधिक महत्व है। प्रसन्न होने पर बच्चों को भी वयस्कों की तरह, खुशी का अनुभव करने से चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने और लचीलापन अपनाने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। वास्तव में संतुष्ट महसूस करना बच्चे को और अधिक करने के लिए सशक्त बनाता है।

जब बच्चे प्रसन्नता का अनुभव करते हैं, तो वे अपने भीतर कुछ ऐसा करने की क्षमता पाते हैं जो पिछली बार की तुलना में थोड़ी अधिक चुनौतीपूर्ण थी। इस प्रकार खेलों के दौरान एक तरह से मानसिक व शारीरिक रूप से लुका–छिपी का अखाड़ा बड़ा हो जाता है। दूसरे शब्दों में कहें तो खेल के दौरान बच्चों का विशेष शक्तियों से सामना होता नजर आता है।

खेलों के दौरान आनंद का अनुभव करने के बाद बच्चों द्वारा कठिन कार्यों से निपटने की योजना बनाना तुलनात्मक रूप से आसान हो जाता है। यह विकास के अन्य पहलुओं के लिए भी आवश्यक है। अधिक कठिन विषयों का अध्ययन करने का प्रयास करने से पहले बच्चों को सरल सामग्री पर काम करते हुए देखा जा सकता है। यह भी देखा जा सकता है कि जब बच्चे अपने दोस्तों के साथ काम कर रहे होते हैं तो वे अधिक चुनौतीपूर्ण काम करने में सक्षम होते हैं। यह खुशी की भावना ही है जो उन्हें आगे बढ़ाती है। इससे बच्चों में सामूहिकता की भावना का विकास भी होता है जो भावी जीवन में उनकी प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है।

जब तक हम खेल को शिक्षाविदों के विपरीत के रूप में देखना जारी रखते हैं, हम बच्चों का अहित कर रहे हैं। बच्चों के खेलों को खास दायरों या नियमों में कैद नहीं किया जाना चाहिए। वयस्कों के रूप में, हम बोर्ड गेम या अन्य पार्टी खेलों के माध्यम से भी, खेल में भाग लेते हैं। कोशिश करें और याद रखें कि आपने उस पल में कैसा महसूस किया था, और इसने आपके कामकाज को कैसे प्रभावित किया होगा। अब कल्पना कीजिए कि अगर बच्चों को कितना फायदा हो सकता है अगर उन्हें लगातार इसका अनुभव मिलता रहे। खेलों की दुनिया बच्चों को एक जटिल, चुनौतीपूर्ण दुनिया के लिए बहुत अच्छी तरह तैयार कर सकती है और यह बात हम अपने अनुभव से जानते हैं।

## आप की बात

### अकेलेपन की समस्या

**कुछ** साल पहले जापान में अकेलेपन की समस्या को सुलझाने के लिए एक मंत्रालय गठित किया गया था। ब्रिटेन में भी ऐसे मंत्रालय बनाए गए थे। ब्रिटेन में 90 लाख के आसपास लोग अकेलेपन की समस्या से पीड़ित हैं। ध्यान से देखें तो परिवार के टूटने का सबसे अधिक लाभ दुनिया भर के व्यवसायी वर्ग को हुआ है। वर्तमान में पति–पत्नी, बेटा–बेटी और परिवार के अन्य लोगों को स्पेशल टीवी, कमर, कार चाहिए। यहां से परिवार का बिखराव शुरू होता है। भारत में अकेले लोगों की संख्या छह प्रतिशत बताई जाती है। इनमें से कई गंभीर मानसिक बीमारियों के चपेट में हैं। अकेलेपन से जूझते लोग अब अपने समाज में भी बढ़ते जा रहे हैं। एक तरफ तमाम नई तकनीकों ने हमें दुनिया से जोड़ दिया है, मोबाइल में बातचीत को इतना आसान कर दिया है कि लोग खूब बात कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ ऐसे लोग भी हैं जिनका अकेलापन बढ़ता जा रहा है। अकेलेपन की समस्या दूर करने के लिए व्यक्तिगत व सामूहिक स्तर के साथ ही सामाजिक स्तर पर व्यापक प्रयासों की आवश्यकता है। भारत में समस्या पर गंभीरता से विचार किए बिना इसका निराकरण संभव नहीं लगता है।

–**सदन जी,** पटना

### पीएफआई पर प्रतिबंध

**केंद्र** सरकार ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया को गैर–कानूनी संगठन घोषित करते हुए इसे पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। सरकार का निर्णय समयानुकूल और स्वागत योग्य है ! हालांकि यह कदम कुछ देरी से उठाया गया है! पी एफ आई की संदिग्ध गतिविधियां और देश में बवाल मचाने के लिए उनका इतना बड़ा नेटवर्क खड़ा हो गया! हाल ही में देश भर में मारे गए छापों में करोड़ों रुपए की अवैध संपत्ति और कई तरह के गैर कानूनी गतिविधियों के दस्तावेज प्राप्त हुए हैं! यहां तक की देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या की योजना तैयार की गई थी। इन्हें देखते हुए पीएफआई को प्रतिबंधित किया जाना अति आवश्यक था। पहले सिम्मी को बंद किया तो पीएफआई शुरू हो गया। अब पीएफआई को बंद किया तो किसी अन्य नाम से कोई नया देशद्रोही संगठन आ खड़ा ना होने पाए, इसके लिए सरकार के गुप्तचर विभाग को निरंतर सजग और सतर्क रहना होगा। साथ ही विदेश से आने वाले एक एक पैसे का पूरा हिसाब उसे भेजने वाले व पाने वाले के सभी नाम पते। व नंबर रिकॉर्ड में रखने होंगे।

–**सुभाष बुड़ावनवाला,** रतलाम


### विश्व हृदय दिवस

**प्रत्येक** व्यक्ति को हर साल कम से कम एक बार ईसीजी अवश्य करवाना चाहिए। इस संबंध में संदेह का एक सूचकांक उठाया जाना चाहिए और विभिन्न स्तरों पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। पोषण शिक्षा के मूल सिद्धांतों को विशेषज्ञता नहीं बनाया जाना चाहिए और इसे स्कूलों व कॉलेजों के पाठ्यक्रम में भी अवश्य ही शामिल किया जाना चाहिए। खाने की आदतों के हिस्से में, सफेद चीनी को प्राकृतिक मिठास वाले पदार्थों जैसे शहद, गुड़, किशमिश, खजूर आदि से बदलना चाहिए। कृत्रिम भोजन की खुराक के बजाय अधिक प्राकृतिक भोजन (फ्ल और सब्जियां) को शामिल करके अच्छे और संतुलित आहार का पालन करना चाहिए। विश्व हृदय दिवस प्रतिवर्ष 29 सितंबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य होता है हृदय रोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उनके वैश्विक प्रभाव को रोकने के लिए उन्हें कैसे नियंत्रित किया जाए। विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय अवकाश की स्थापना की गई थी।

–**डॉ सत्यवान सौरभ,** दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया





**मैने** पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के राजकीय अंतिम संस्कार में भाग लेने हेतु टोकियो यात्रा की। वे मेरे मित्र तथा भारत–जापान मैत्री के बहुत बड़े पैरोकार थे।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**बिना** प्रतियोगिता के पूंजीवाद निरर्थक है। यह शोषण है। इसी कारण मेरा पूरा प्रशासन इसे अर्थव्यवस्था में प्रोत्साहित कर रहा है।

– **जो बाइडेन**
अमेरिका के राष्ट्रपति





**आज** बड़े उद्योगपतियों का अरबों का कर्ज माफ किया जा रहा है। लेकिन किसान या छोटे व्यापारी द्वारा कर्ज न अदा करने पर उसे जेल में डाल दिया जाता है।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 29 सितम्बर 2022



# अयोध्या का विश्व स्तर पर आध्यात्मिक व सुंदर विकास होगाः मुख्यमंत्री

**● प्रधानमंत्री के वीडियो संदेश के साथ लोकार्पण का कार्यक्रम सम्पन्न**

**●रामनगरी का नयाघाट बन्धा चौराहा अबसे कहलायेगा लता मंगेशकर चौक**





**संवाददाता।** अयोध्या

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने आज अयोध्या में आयोजित लता मंगेशकर चौक के लोकार्पण कार्यक्रम विडियो के माध्यम से भारत रत्न लता मंगेशकर जी की जयंती पर बधाई देते हुये कहा कि नवरात्रि के तृतीय तिथि पर मां चन्द्रघंटा की साधना का पर्व भी है। उन्होंने लता जी को मां चन्द्रघंटा की साधना का स्वरूप बताते हुये प्रशंसा की। मा. प्रधानमंत्री ने कहा कि अयोध्या में लता मंगेशकर चैक पर स्थापित की गयी मां सरस्वती की ये विशाल वीणा संगीत की साधना का प्रतीक है।

उप्र के यशस्वी मुख्यमत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा अयोध्या नयाघाट पर स्वर साम्राज्ञी भारत रत्न लता मंगेशकर चैक का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण अवसर पर श्रीराम कथा पार्क में आयोजित किया गया। उक्त अवसर पर मा. मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि अयोध्या में भगवान मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम की नगरी है यहां के कार्योध्विकास हमें विश्व स्तर के शहर के अनुरूप दिव्य करना है इसमें किसी भी प्रकार की कमी नही आनी चाहिए। स्वर साम्राज्ञी भारत रत्न लता मंगेशकर जी ने अपने जीवन को भारतीय कला एवं संस्कृति को बढ़ाने के लिए समर्पित कर दिया था उसी के सम्मान में भारत सरकार द्वारा भारत रत्न के रूप में अलंकृत किया गया। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में आज उनके जन्म दिवस के अवसर पर भारत वर्ष में लता जी के नाम पर सबसे पहले एक स्मारक के रूप में उप्र की एवं भगवान श्रीराम की जन्म स्थली अयोध्या में चैक का निर्माण किया गया। यह कार्य बहुत ही कम समय में उप्र एवं अयोध्या अधिकारियों ने लगन एवं निष्ठा से तैयार किया है। आज उसका लोकार्पण कर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। अयोध्या में सभी चैराहो पर महापुरूषों की मूर्तिध्स्मारक बनाया जायेगा, जिसमें जगतगुरू रामानन्दाचार्य, रामानुजाचार्य आदि प्रसिद्व संतो के अलावा अयोध्या के प्रसिद्व सन्तों, श्रीराम जन्मभूमि से जुड़े महानायकों के नाम पर समर्पित चैराहे होंगे इसकी आज शुरूआत हो गयी है हम लोग अयोध्या में हमेशा सरकार की तरफसे कार्यक्रम आयोजित करते रहते है हम लोग दीपोत्सव इसी कड़ी में आयोजित करते आ रहे है। अगले माह में दीपोत्सव की भव्यता से तैयारी करने के निर्देश दिये जा चुके है। आम जनता से भी मर्यादा में रहते हुये धैर्य एवं सहयोग की अपील करते हुये अयोध्या को भव्य बनाने का सहयोग करने की अपील करता हूं। आप लोगों के धैर्य का ही फ्ल है कि 500 साल बाद अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर बन रहा है आगे भी ऐतिहासिक कार्य होंगे जो अयोध्या को दिव्यता प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री जी ने भारत रत्न लता मंगेशकर को भगवान राम पर आधारित भजन गाने वाली प्रसिद्व कलाकार बताते हुये कहा कि भगवान मर्यादा पुरूषोत्तम राम में लता जी की अटूट आस्था थी और भगवान राम पर आधारित सभी कार्यक्रमों में सक्रियता से भागीदारी करती थीए आज उनके जन्मदिवस पर यह चैक समर्पित करते हुये मुझे उनके संगीत और कला को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत भी किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केन्द्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी, अयोध्या सांसद लल्लू सिंह, उप्र पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, मुख्यमंत्री सलाहकार अवनीश अवस्थी, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति महेश मेश्राम ने अयोध्या शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित ग्लोबल इंसाइक्लोपीडिया आफ रामायण के 11 पुस्तकों का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य कार्यक्रम स्थल रामकथा पार्क में स्व. लता जी को श्रद्वांजलि अर्पित की गयी। इसके बाद लता मंगेशकर परिवार से आये सदस्यों का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। समारोह में लता जी के भजनों की प्रस्तुति प्रख्यात गायिका सावनी रविन्द्र महाराष्ट्र द्वारा की गयी तथा भारत रत्न लता मंगेशकर चैक के निर्माण को दर्शाती एक लघु फिल्म को भी दिखाया गया।

केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमे गर्व महसूस हो रहा है कि भारत रत्न लता जी की स्मृति में बन रहे चैक के लोकार्पण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा मुझे आमंत्रित किया गया है। लता जी ने भगवान श्रीराम चन्द्र जी के जीवन से सम्बंधित अनेको भजन गाये है जो विभिन्न भाषाओं में गाये है हम दक्षिण राज्य से आते है हमारी मातृभाषा तेलगू है हम इनके भगवान राम से सम्बंधित भजन तेलगू में सुनते रहते है। हमारा मंत्रालय संस्कृति के उत्थान के लिए संकल्पित है इसके उत्थान में कोई कमी नही आने दी जायेगी। अयोध्या के लोकप्रिय सांसद श्री लल्लू सिंह द्वारा अयोध्या जनपद की तरफसे एवं साधु महात्माओं की तरफसे मा. मुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री एवं पर्यटन मंत्री एवं लता मंगेशकर के परिवार के सदस्यों का स्वागत किया गया और कहा गया कि भारत रत्न लता मंगेशकर की याद में आज रामनगरी में वीणा की स्थापना लता मंगेशकर चैक पर की गयी जो हमेशा उनके सदाबाहर गीतों का अनुश्रवण करायेगी तथा लता मंगेशकर चैक को विश्व पटल में एक भव्य स्मारक के रूप में दर्जा प्राप्त होगा।

उप्र के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुये कहा कि बड़े सौभाग्य की बात है कि भारत रत्न लता मंगेशकर के नाम से निर्मित चैक के लोकार्पण के लिए एकत्रित हुये है इस कार्यक्रम का पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को जाता है। उन्होंने संकल्प किया था कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के भजन की गायिका लता जी के नाम से अयोध्या में एक चैक का निर्माण कराया जायेगा। लता जी के परिवार के सदस्य आदिनाथ मंगेशकर उनकी धर्मपत्नी कृष्णा मंगेशकर के साथ आज के समारोह में सम्मिलित हुये है। उन्होंने कहा कि इसके लिए मा. प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की जितनी सराहना की जाय कम है और मैं उनका आभार प्रकट करता हूं।

भारत रत्न लता मंगेशकर की 93वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में अयोध्या के प्रसिद्व संतए श्रीराम जन्मभूमि न्यास क्षेत्र के अध्यक्ष नृत्यगोपाल दास अन्य संत सुरेश दास, भरत दास, कमल नयन दास सहित संत महात्माओं एवं न्यास क्षेत्र के महासचिव चम्पत राय, सदस्य अनिल मिश्रा, विमलेन्द्र मोहन प्रताप मिश्र, दिनेन्द्र दास आदि संत महानुभावों के अलावा मुख्यमंत्री सलाहकार अवनीश अवस्थी, प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम तथा मा. सांसद लल्लू सिंह, नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रूदौली विधायक रामचन्द्र यादव, बीकापुर विधायक डा. अमित सिंह चैहान, महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि/ पदाधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री के रामकथा पार्क हेलीपैड पर शासन, मण्डल, जनपद के अधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया, जिसमें मण्डलायुक्त नवदीप रिणवाए पुलिस उपमहानिरीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद सिंह, जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, नगर आयुक्त विशाल सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम की बिन्दुवार जानकारी दी गयी। कार्यक्रम सम्पन्न होने पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री को हेलीपैड से विदा किया गया तथा समारोह के सकुशल समापन होने पर सहयोग करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों, सूचना निदेशक शिशिर, डीएम नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, नगर आयुक्त विशाल सिंह, एडीएम नगर सलिल कुमार पटेल, एडीएम वित्त राजस्व महेन्द्र कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन अमित सिंह, नगर मजिस्ट्रेट/ सचिव विकास प्राधिकरण सत्येन्द्र सिंह, वरिष्ठ अधिकारियों आदि द्वारा अयोध्या वासियों को सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा मीडिया बन्धुओं के सहयोग के लिए डीएम, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं उपनिदेशक सूचना डा. मुरलीधर सिंह द्वारा विशेष आभार व्यक्त किया गया।

# महिलाएं उद्यमी व आत्मनिर्भर बनें : सिद्धार्थ नाथ सिंह

**● वोकल फॉर लोकल मंत्र ने स्थानीय उत्पादों को दी नई पहचान**

**प्रयागराज।** शहर पश्चिमी की महिलाओं के पास सबसे बड़ी ताकत है उनका हुनर और कला। जिसके जरिए वह जीवन में समृद्धि ला सकती हैं। यह बातें उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री और शहर पश्चिमी विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने भाजपा द्वारा झलवा में सेवा पखवाड़ा में आयोजित वोकल फॉर लोकल प्रदर्शनी के शुभारंभ के दौरान कहीं। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा शहर पश्चिमी में ललिता शास्त्री स्नेही सेवा संस्थान के माध्यम से महिलाओं प्रशिक्षण लेकर सीखा। टूल किट भी प्राप्त किए और बैंक ने भी आगे बढ़कर लोन दिया। जिन महिलाओं ने सीखा उन्होंने स्वदेशी निर्मित उत्पाद का स्टाल लगा दिखा रही हैं। यह बता रही है कि आप भी सीखकर आगे बढ़ सकती हैं। आपमें बड़ी ताकत होने के बाबजूद टूलकिट लेने के बाद भी कई महिलाएं घर में बैठी हैं। पति का सहारा बनिए खुद ताकत बनें। स्थानीय उत्पाद के अपार संभावनाओं के बाबजूद स्थानीय बाजार में पहचान बनाने में पिछड़े हैं। मोदी और योगी का सपना है कि महिलाएं उद्यमी बनकर स्थानीय



प्रदर्शनी में बोलते पूर्व काबीना मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह।

उत्पादों को पहचान के साथ आत्मनिर्भर बनें। हमें भीड़ नहीं हुनरमंद और आगे बढ़ने में रुचि रखने वाली महिलाएं चाहिए जो आगे बढ़ेगी तो बेटी और बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। महिला भी उद्यमी बन सकती हैं केवल सोच बदलना होगा। राजनीतिक मंच की शोभा न बनें।बल्कि ऐसी ताकत बनें कि राजनीतिक लोग आपसे पास पहुँचने गौरवांवित महसूस करें। जिस दिन संकल्प ले लिया उन दिन से पीछे मुड़ कर नहीं देखना पड़ेगा। वोकल फॉर लोकल मंत्र ने स्थानीय उत्पादों को नई पहचान दी है। महिलाएं स्वालंबी बनकर आत्मनिर्भर बनें तभी मोदी और योगी का सपना साकार होंगे। इससे पहले मल्टीग्रेन आटा वर्मी कम्पोस्ट खाद हाथों से निर्मित कपड़े के बैग व पर्स मायक्रम से बनी गणेश प्रतिमा आयुर्वेद की दवाएं आचार मुरब्बा गोबर से दियाली गंगा जल से निर्मित अगरबत्ती दोना राम गोल्ड का मसाला बच्चों के द्वारा बने प्राकृतिक दृश्य मिट्टी के बने वस्तुओं को देखा और जमकर सराहना किया।

इस मौके पर पूर्व विधायक प्रभाशंकर पाण्डेय खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी राम औतार यादव डॉ नीता सिंह उर्वशी मिश्रा सीमा पाल प्रीति पटेल निर्जला पटेल आभा सिंह आकांक्षा केसरवानी ममता गुड्डी सिंह कविता शबाना खातून सूफिया बीबी गुरमीत सिंह जगदीश दिवाकर सीमा सिंह कौशकी सिंह रामजी शुक्ला पवन मिश्रा संजय कुशवाहा रीता साहू दिनेश तिवारी आदि रहे। संचालन कार्यक्रम संयोजक राम लोचन साहू ने किया।

## कार्यक्रम को लेकर कलाकारों में है बेहद उत्साह

**प्रयागराज।** पॉपुलर फिक्शन शो कुमकुम भाग्य अपनी दिलचस्प कहानी और रणबीर कृष्णा कौल प्राची मुग्धा चापेकर रिया टीना फिलिप शहाना अपर्णा मिश्रा एवं आलिया रेहना पंडित जैसे अपने से लगने वाले किरदारों के साथ दर्शकों का पसंदीदा बना हुआ है। लोगों को कई दिलचस्प मोड़ दिखाने के बाद हाल ही में शो में दिखाया गया कि रिया एक बार फिर प्राची की ज़िंदगी में हलचल मचा रही है।आगे क्या होगा जानने के लिए कुमकुम भाग्य हर सोमवार से शुक्रवार रात नौ बजे सिर्फ ज़ी टीवी पर आएगा। ताकि वो रणबीर और प्राची को एक होने से रोक सके। इस बीच रणबीर ने प्राची और सिद्धार्थ की शादी कराने का फैसला किया है।

# डीएम और एसएसपी ने रामलीला कमेटी कटरा पंडाल का किया स्थलीय निरीक्षण

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने दशहरा एवं दुर्गापूजा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत बुधवार को रामलीला कमेटी कटरा पथरचट्टी रामबाग एवं पजावा अतरसुईया पंडालों सहित विभिन्न मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दल निकलने वाले मार्गों पर साफसफाई विद्युत के तारों की मरम्मत बदले जाने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने पीडब्लूडी एवं नगर निगम के अधिकारियों को दल वाले मार्गों का निरीक्षण कर जहां कहीं पर भी गड्ढ़े इत्यादि हों उसे तत्काल ठीक कराये जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने दल वाले मार्गों पर जहां कहीं पर भी पेड़ हो उसकी छटाई कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने फायर बिग्रेड के अधिकारियों को सभी पण्डालों में फायर सेफ्टी उपकरण तथा बालू आदि रखने तथा प्रशिक्षण दिए जाने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने रामलीला कमेटियों के पदाधिकारियों से अन्य व्यवस्थाओं के सम्बंध में बात की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने मेले को सकुशल रूप से सम्पन्न कराये जाने के लिए सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर एडीएम सिटी मदन कुमार अपर नगर आयुक्त अरविंद राय आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

**● डीएम ने रामदल वाले मार्गों पर साफ सफाई विद्युत तारों एवं सड़कों की मरम्मत सहित अन्य व्यवस्थाओं को तत्काल ठीक कराये जाने के दिए निर्देश**

## डीएम ने मुण्डेरा मण्डी वेयर हाउस का किया निरीक्षण



दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण करते डीएम एसएसपी।

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने बुधवार को मुण्डेरा स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट के वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम एवं वीवीपैट का भण्डारण सुरक्षित ढंग से पाया गया। उन्होंने वहां पर सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता सुरक्षा व्यवस्था तथा बारिस के दृष्टिगत कक्षों की स्थिति के बारे में जानकारी ली तथा उन्होंने वेयर हाउस में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं चुस्त दुरूस्त बनाये रखने का निर्देश दिया है। निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय एसओसी चकबन्दी सहित निर्वाचन से सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# रामलीला का हुआ मंचन



**अंबेडकरनगर।** श्री राम कृष्ण लीला समिति के तत्वावधान में निर्देशक राम सूरत मौर्य के सफल संचालन में आज दूसरे दिन की लीला ने जनमानस को भक्ति रंग में भाव विभोर कर दिया। आज जहां एक तरफमाता जानकी का जन्म हुआ वहीं दूसरी तरफ बाल्यावस्था में भगवान श्री राम और लक्ष्मण का पहली बार दर्शन कर एवं संवाद को सुनकर जनता ने सफल निर्देशन की भूरि भूरि प्रशंशा किया।आज की लीला में गुरु विश्वामित्र जी के साथ राम और लक्ष्मण ने मुनि के यज्ञ की रक्षा करते हुए ताड़का का वध किया। बाल्यावस्था में राम के रूप में बहन ऐश्वर्या तथा लक्ष्मण के रूप में बहन तनु ने भूमिका निभाई एवं विश्वामित्र के रूप में विजय मौर्य तथा शंकर जी के रूप में राम उजागिर मौर्य कौशिलया के रूप में गौतम सौनी ने विरोध भूमिका निभाई। पालने पर झूलते हुए संजीव राम के रूप में भैया अर्जुन को देख जनता गदगद हो गयी और निर्देशक राम सूरत मौर्य की सराहना किया। आज की लीला में जनकपुर बाजार तथा फुलवारी लीला का मनोरम दृश्य प्रस्तुत किया जाएगा। आज मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ता संघ टांडा के अध्यक्ष अजय प्रताप श्रीवास्तव एडवोकेट उपस्थिति रहेंगे।

# क्रांति की तलवार विचारों के पत्थर से होती है तैयार : नवदीप रिणवा

**● भगत सिंह के जन्म दिवस पर नगर निगम स्थित प्रतिमा पर किया माल्यार्पण**

**संवाददाता।** अयोध्या

**शहीद भगत सिंह** की जयंती पर सिविल लाइन स्थित नगर निगम स्थित प्रतिमा पर आयोजित श्रद्धा सुमन कार्यक्रम में सर्वप्रथम मंडलायुक्त नवदीप रिणवा ने माल्यार्पण किया और कहा कि शहीद भगत सिंह युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं शहीद भगत सिंह की जीवनी से हमें परिचित होकर उनके बताए मार्ग पर चलना होगा उन्होंने युवाओं को शहीद भगत सिंह की सोच पर चलने का आह्वान किया और कहा कि 28 सितंबर 1907 को जन्मे भगत सिंह ने सिर्फ23 साल की उम्र में ही वह कर दिखाया जो लोगों को उनके विचारों पर सोचने को मजबूर करता है उन्होंने कहा कि क्रांति की तलवार विचारों के पत्थर से तैयार होती है क्रांतिवीरों की जब भी बात होगीए भगत सिंह का नाम सबसे ऊपर होगा। गुलाम देश की आज़ादी के लिए अपनी जवानी और संपूर्ण जीवन भगत सिंह ने देश के नाम कर दिया। वह क्रांतिकारी तो थे ही साथ ही उन्होंने बहुत गहन अध्ययन किया हुआ इनके द्वारा कहीं गई यह बात बहुत प्रेरणादाई है उनके जीवन पर विचार डालते हुए कमिश्नर नवदीप उन्होंने कहा कि जब परिवार के लोग उनसे मिलने जाते थे तो वह परिवार के लोगों को सांत्वना देते हुए कहते थे आप रो मत आपका बेटा किसी गलत कार्य से नहीं जा रहा वह देश के लिए शहीद होने जा रहा अंतिम समय तक जब जेल में थे वह अपने अंतिम काल तक पुस्तकें पढ़ते रहे युवाओं के लिए देश के लिए हम सभी के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं भारत सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया कि जो चंडीगढ़ का एयरपोर्ट है उसका नामकरण सरदार भगत सिंह के नाम से किया जा रहा है जिसके लिए खुशी भी जाहिर की । सैन्य शहीद स्मारक सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित शहीद भगत सिंह के जयंती पर नगर निगम में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में कमिश्नर नवदीप रिणवा मौजूद रहे। जहां पर समिति के संस्थापक ओमप्रकाश सिंह नाहर द्वारा मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा सेवा निवृत्त पुलिस अधीक्षक प्रीतम सिंह, सूबेदार मेजर शिव शंकर सिंह, सूबेदार इतकाद हुसैन का सम्मान मुख्य अतिथि द्वारा किया गया ? इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कैप्टन जेपी द्विवेदी, कैप्टन केके तिवारी, हवलदार रामानंद यादव, हवलदार दुल्हम यादव, आनंद अग्रहरि, शरद, कविंद्र साहनी, भारती सिंह, रीना द्विवेदी सहित अन्य उपस्थित रहे।

श्री राम कृष्ण लीला समिति के तत्वावधान में निर्देशक श्री राम सूरत मौर्य के सफल संचालन में आज दूसरे दिन की लीला ने जनमानस को भक्ति रंग में भाव विभोर कर दिया।आज जहां एक तरफ माता जानकी का जन्म हुआ वहीं दूसरी तरफबाल्यावस्था में भगवान श्री राम और लक्ष्मण का पहली बार दर्शन कर एवं संवाद को सुनकर जनता ने सफल निर्देशन की भूरि भूरि प्रशंशा किया।आज की लीला में गुरु विश्वामित्र जी के साथ राम और लक्ष्मण ने मुनि के यज्ञ की रक्षा करते हुए ताड़का का वध किया।

बाल्यावस्था में राम के रूप में बहन ऐश्वर्या तथा लक्ष्मण के रूप में बहन तनु ने भूमिका निभाई एवं विश्वामित्र के रूप में विजय मौर्य तथा शंकर जी के रूप में राम उजागिर मौर्य कौशिलया के रूप में गौतम सौनी ने विरोध भूमिका निभाई। पालने पर झूलते हुए संजीव राम के रूप में भैया अर्जुन को देख जनता गदगद हो गयी और निर्देशक राम सूरत मौर्य की सराहना किया। आज की लीला में जनकपुर बाजार तथा फुलवारी लीला का मनोरम दृश्य प्रस्तुत किया जाएगा। आज मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ता संघ टांडा के अध्यक्ष श्री अजय प्रताप श्रीवास्तव एड जी उपस्थिति रहेंगे।

## नवरात्रि पर जगह-जगह हो रही नौ दुर्गा की पूजा

**प्रयागराज।** जहां दुनिया भर में लोग नवरात्रि को खुशी और उत्साह के साथ मनाते हैं। वहीं संजोग के रजनीश दुग्गल उर्फ राजीव मीत की आशी सिंह उर्फ मीत कुमकुम भाग्य की अपर्णा मिश्रा उर्फ शहाना एवं मुग्धा चाफेकर उर्फप्राची और कुंडली भाग्य के संजय गगनानी उर्फ पृथ्वी जैसे ज़ी टीवी के कलाकारों ने त्यौहार से जुड़ीं कुछ सबसे खास यादें ताजा की और बताया कि वह इस साल इसे कैसे मनाने की योजना बना रहे हैं। ज़ी टीवी के संजोग में राजीव का किरदार निभाने वाले रजनीश दुग्गल ने कहा वह मूल रूप से दिल्ली से हैं और हर नवरात्रि में हम नौ दिनों के लिए घर पर अखंड ज्योत जलाते हैं। साथ ही देवी दुर्गा की स्तुति में विभिन्न प्रकार की मिठाइयां और फूल चढ़ाते हैं। मीत में मीत हुड्डा की भूमिका निभाने वाली आशी सिंह ने कहा ड्रेस अप होना और गरबा खेलना पसंद है। हालांकि मैं गरबा के स्टेप्स अच्छी तरह से नहीं जानती हूं। पहले मैं नवरात्रि के पूरे नौ दिन उपवास रखती थी और मुझे वो खास व्रत के आलू खाना पसंद था।

# प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक शशिकांत सिंह को रेलमंत्री राजभाषा रजत पदक



शशिकांत सिंह को सम्मानित करते रेलवे बोर्ड के अधिकारी विनय कुमार त्रिपाठी।

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक शशिकांत सिंह को राजभाषा के उत्कृष्ट प्रयोग प्रसार के लिए मंगलवार को अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी रेलवे बोर्ड वी के त्रिपाठी द्वारा रेलमंत्री राजभाषा रजत पदक से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि शशिकांत सिंह ने पूर्व में मंडल रेल प्रबंधक खुर्दा रोड के पद पर कार्य करते राजभाषा को बढ़ावा देने में विशिष्ट भूमिका निभाई थी। वर्तमान में महाप्रबंधक प्रमोद कुमार के नेतृत्व और मार्गदर्शन में वह उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य राजभाषा अधिकारी के रूप में पूरे रेलवे में राजभाषा हिंदी के प्रगति प्रसार के महत्वपूर्ण दायित्व का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। यह जानकारी वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी डॉ अमित कुमार मालवीय ने दी है।

## चुनौतियों को परिभाषित करने की आवश्यकताः राणा

**प्रयागराज।** सभी को जिंदगी में हमेशा सही विकल्प अपनाने चाहिए। इंजन ऑयल के प्रमुख ब्रांड मोबिल ने बहु प्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर विक्रम वेधा के साथ साझेदारी की है। विक्रम वेधा तीस सितम्बर को दुनिया भर में सौ से अधिक देशों में रिलीज़ होने जा रही है। ऋतिक रौशन सैफअली खान और राधिका आप्टे के अभिनय से सजी इस बहु प्रतीक्षित फिल्म के साथ जुड़कर मोबिल इंसानों की प्रगति को बढ़ावा देने उनमें आत्मविश्वास पैदा करने और लोगों को उनकी असली क्षमता पहचानने की ब्रांड वैल्यू पर जोर देना चाहता है। जिसके लेखक और डायरेक्टर पुष्कर गायत्री हैं। इसमें एक कड़क पुलिस ऑफिसर विक्रम सैफ अली खान खतरनाक गैंगस्टर वेधा ऋतिक रौशन का पता लगाने और उसका पीछा करने के लिए तैयार है। जिसमें कहानी गढ़ने में उस्ताद वेधा एक के बाद एक कहानियों से विक्रम को उलझा कर रखता है इसका अंजाम दिमाग को झकझोर देने वाली नैतिक दुविधाओं के रूप में सामने आता है।

# इंडक्शन प्रोग्राम के तीसरे दिन छात्रों को योग विज्ञान से परिचित कराया

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि के गणित एवं सांख्यिकी विभाग में इंडक्शन प्रोग्राम के तीसरे दिन बुधवार को नव.प्रवेशित छात्र.छात्राओं को योग विज्ञान विषय पर आधारित विद्यार्थियों में प्रतिरोधक क्षमता व स्मरण शक्ति संवर्धन हेतु कार्यशाला आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में गणित एवं सांख्यिकी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं शारीरिक शिक्षा खेल एवं योग विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. एसएस मिश्र ने विद्यार्थी के जीवन में योग के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि योग का सैद्धांतिक पक्ष विचारों में श्रेष्ठता के साथ जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाता है। यदि विद्यार्थी निरंतर योगाभ्यास अपनाएं तो रोग प्रतिरोधक क्षमता, एकाग्रता व स्मरण शक्ति बढ़ाने के साथ जीवन के समग्र विकास में सर्वथा सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में विद्यार्थियों को प्रार्थना विज्ञान व योग विज्ञान से परिचित कराया गया। जिसमें योग विभाग की गायत्री वर्मा ने बताया कि योग समग्र स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है। संपूर्ण मानवता को यदि समग्र स्वास्थ्य व समग्र विकास की प्राप्ति करना है तो समग्र योग को योगिक दिनचर्या, यौगिक आहार, विचार संयम, व्यवहार एवं आचरण में लाना होगा। उन्होंने छात्रों को सूर्योदय काल में जागरण शौच, दंतधावन एवं स्नानोपरान्त योगाभ्यास करने के वैज्ञानिक पक्ष से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि देर रात्रि तक जागरण निद्रा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके कारण स्मृतियां मिटने लगती है। आधुनिक विज्ञान भी मानता है कि देर रात जागने से पाचन से संबंधित अनेक असाध्य रोग बढ़ जाते है। ब्रह्म मुहूर्त में सूर्योदय के पहले उठ कर स्नानादि से निवृत्त होकर योगाभ्यास के पश्चात् जो विद्यार्थी अध्ययन करते हैं उनमें अद्भुत व अपरिमित एकाग्रता एवं स्मरण शक्ति का विकास होता है। कार्यक्रम में योग विज्ञान के आलोक तिवारी ने योग विज्ञान की दो छात्राओं के माध्यम से विद्यार्थियों में तनाव प्रबंधन, रोग प्रतिरोधक क्षमता एकाग्रता स्मरण शक्ति बढ़ाने वाले योगाभ्यास का वैज्ञानिक प्रतिपादन करते हुए प्रदर्शन किया।

## हिस्सेदारी हासिल करेंगे कट्टी

**कानपुर।** चीनी उद्योगपति श्री लावा रमेश कट्टी जो प्रतिष्ठित कट्टी परिवार से संबंधित हैं। हाल ही में लावा रमेश कट्टी को 9 सितंबर 2022 से प्रभावी कंपनी के प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। कुछ समय पहले कंपनी ने श्री शिवसागर शुगर एंड एग्रो प्रोडक्ट्स लिमिटेड की ओर आयोजित नीलामी में चीनी मिलए को.जेन प्लांटए इथेनॉल प्लांटए ऑफिस बिल्डिंगए गोदाम और गेस्ट हाउस के अधिग्रहण में सफलतापूर्वक भाग लिया था। बैंक ने इसके लिए उन्हें सैद्धांतिक पत्र भी दिया है। वह ओपेन आफर के तहत एचकेजी के इक्वटी शेयर प्राप्त कर रहे हैं।

## शशि भूषण ने वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक का पदभार संभाला

**प्रयागराज।** वर्ष 2005 सिविल सेवा बैच के भारतीय रेल यातायात सेवा के अधिकारी शशि भूषण ने आन प्रयागराज मण्डल के वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक का पदभार ग्रहण कर लिया। यह पद निवर्तमान वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक विपिन कुमार सिंह के उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय स्थानान्तरण से रिक्त हुआ था। इससे पूर्व शशि भूषण उप मुख्य परिचालन प्रबंधक मालभाड़ा उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय का दायित्व निभा रहे थे। शशि भूषण ने इलाहाबाद विवि से रसायन शास्त्र में परास्नातक की उपाधि हासिल की। शशि भूषण की छवि एक तेज़ तर्रार अफसर की है एवं उन्होंने धनबाद मण्डल से सहायक यातायात प्रबंधक चोपन के रूप में अपनी रेल सेवा प्रारम्भ की। भूषण ने मण्डल यातायात प्रबंधक बरकाकाना वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक सोनापुर वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक आगरा वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक झांसी एवं उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में उप मुख्य परिचालन प्रबंधक मालभाड़ा के महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवा प्रदान की है। शशि भूषण के उप मुख्य परिचालन प्रबंधक मालभाड़ा के कार्यकाल के दौरान उत्तर मध्य रेलवे के मालभाणा लदान में वृद्धि हुई और रिकार्ड अर्जन हुआ था। यह जानकारी पीआरओ अमित कुमार सिंह ने दी है।



# भीषण सड़क हादसे से मचा कोहराम

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**बुधवार की** सुबह तहसील धौरहराए विकासखंड ईसानगर के ऐरा पुल पर बस व डीसीएम के मध्य हुए भीषण सड़क हादसे की सूचना मिलते ही डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी संजीव सुमन ने ऐरा पुल पहुंचकर वस्तुस्थिति जानी। इस दौरान पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भिजवाया।

डीएम-एसपी ने मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों को जरूरी निर्देश दिए। इसके बाद दोनों अफसर ओयल स्थित जिला चिकित्सालय पहुंचे जहां उन्होंने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों से इमरजेंसी वार्ड में देखा। चिकित्सकों से घायलों को दिए जा रहे मेडिकल ट्रीटमेंट की जानकारी लेकर समुचित इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह, सीएमओ डा. अरुणेंद्र त्रिपाठी, सीएमएस डा. एससी श्रीवास्तव मौजूद रहे।



## खीरी पहुंची कमिश्नर अस्पताल में घायलों का लिया कुशलक्षेम

करीब 10:30 बजे आयुक्त, लखनऊ मंडल लखनऊ डॉ रोशन जैकब लखनऊ से सीधे जिला चिकित्सालय ओयल पहुंची। उन्होंने अफसरों से ना केवल पूरी दुर्घटना की जानकारी ली बल्कि और सभी घायलों से एक-एक कर मुलाकात की। उन्होंने एडी हेल्थ लखनऊ मंडल डा. जीएस बाजपेईए सीएमओ डा. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी को सभी मुकम्मल चिकित्सीय सुविधाएं प्रदान करने का निर्देश दिए। आयुक्त ने लखनऊ रेफर किए गए घायल मरीजों को सुगमता से बेहतर इलाज उपलब्ध हो। इसके लिए उन्होंने राजधानी लखनऊ के अधीनस्थ अफसरों को टेलीफोन से निर्देश दिए। कमिश्नर करीब तीन घंटे तक अस्पताल में मौजूद रही। इस दौरान सभी घायलों को मुकम्मल इलाज उपलब्ध कराने के लिए कमिश्नर ने अफसरों संग वार्डो में भ्रमणसील रही। इस दौरान चिकित्सालय में भर्ती एक बच्चे को देखकर आयुक्त अत्यंत भावुक हो उठीं यही नहीं एडमिट बच्चे का हाल देख उनके आँखों से आंसू छलक उठे।

बताते चलें की ऐरा सड़क हादसे में 06 लोगों की मौके पर मृत्यु हो गई। दुर्घटना स्थल से 43 घायलों को इलाज के लिए भेजा, जिसमें 14 घायलों की गंभीर स्थिति होने पर लखनऊ रेफर किया गया। लखनऊ जाते वक्त दो व्यक्तियों ने सीतापुर में व दो व्यक्तियों ने केजीएमयू में अपना दम तोड़ दिया। वही 29 घायलों का इलाज चिकित्सकों की निगरानी में जिला चिकित्सालय ओयल में चल रहा है। ऐरा सड़क दुर्घटना में कुल 10 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। वही 10 लोगों का इलाज लखनऊ में एवं 29 लोगों का इलाज जिला चिकित्सालय ओयल में डॉक्टरों की देखरेख एवं निगरानी में हो रहा है।

### मृतकों की सूची

1. सगीर पुत्र सईद अहमद
2. सुरेन्द्र कुमार चौरसिया पुत्र बदलू
3. मुन्नू मिश्रा पुत्र मथुरा प्रसाद
4. अजीमुन पत्नी अकील अहमद
5. सरस्वती चंद्र वर्मा पुत्र श्री मंशादीन
6. कु० आर्या निगम पुत्री श्री मंशू निगम
7. कौशल किशोर पुत्र नवल किशोर
8. जितेंद्र रस्तोगी पुत्र श्री रामसरन
9. जुबेरिया पुत्री श्री फुकान
10. अज्ञात

# नहीं थम रहा शराब का अवैध कारोबार

● संदना पुलिस ने 05 टीमें बनाकर की सघन छापेमारी

●06 अभियुक्तों की हुई गिरफ्तारी 60 लीटर कच्ची शराब बरामद

संवाददाता। सीतापुर

**नशे का** कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा ,शराब बनाने वाला, बेचने वाला ,व पीने वाला यह सभी भली-भांति जानते हैं कि यह कितनी घातक व जानलेवा है फिर भी महज चंद पैसों के लिए यह लोग मानव जीवन से खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे, प्रशासन अवैध शराब के निर्माण को लेकर काफी सख्त हैं व समय-समय पर इसकी रोकथाम के लिए छापेमारी करता आया है ,आपको बता दें संदना पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है, क्षेत्राधिकारी मिश्रिख श्सुशील कुमार यादवश् व प्रभारी निरीक्षक संदना श्ओम प्रकाश तिवारीश् के नेतृत्व में कुल 5 टीमें बनाकर सघन छापेमारी करते हुए संदना पुलिस ने 06 अभियुक्तों- लक्ष्मण पुत्र गेंदू उम्र 55 वर्ष ,सीताराम पुत्र बेदू उम्र 60 वर्ष ,भगत उर्फ श्रीराम पुत्र तोखन उम्र 58 वर्ष ,गया प्रसाद उर्फ गयारी पुत्र बचान उम्र 27 वर्ष, प्रमोद पुत्र जसकरन उम्र 45 वर्ष, संदीप पुत्र नंदू उम्र 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है । इनके कब्जे से 60 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने अभियुक्तों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की है। अब प्रश्न यह उठता है कि समाज को शराब जैसी कुरीति से कब मुक्ति मिकेगी। पुलिस टीम में उप निरीक्षक रजनीश कुमार वर्मा, हेड कांस्टेबल अजीत सिंह, दिलीप वर्मा ,श्रीकृष्ण ,कॉन्स्टेबल रामतीर्थ , नफीस अहमद ,जोनिस, रंजीत कुमार इत्यादि शामिल थे।

## जनपद स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में नेशलन इंटर कालेज सिधौली की टीम रही विजेता

**सीतापुर।** नेशनल इंटर कालेज सिधौली सीतापुर में जनपद स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में जिले के 12 विद्यालयों के 200 बालकों और 50 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में नेशलन इंटर कालेज सिधौली की टीम आल ओवर विजेता रही। आरबीएसबी इंटर कालेज कमलापुर को दूसरा स्थान मिला, इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम सिधौली अजय कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर डीआईओएस देवी सहांय तिवारी, कालेज के प्रधानाचार्य राजीव मिश्र, जूनियर हाईस्कूल के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार श्रीवास्तव, जिला क्रीड़ा सचिव अवधेश नंदन पांडेय, विवेक शुक्ला, अनूप सिंह, दीप कुमार, मनू शर्मा आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### भाई-बहन पर पड़ोसियों ने किया हमला

**बरेली ।** दरवाजे पर बनी सीढ़ियों पर चढ़ने को लेकर हुए विवाद के बाद पड़ोसियों ने भाई बहनों पर हमला कर दिया जिससे दोनों घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया।कैंट थाना क्षेत्र के गांव चनहेटी निवासी मनोज पुत्र जीवनलाल और उसकी बहन प्रेमवती पर उनके पड़ोस में रहने वाले शंकरलाल और उसके दो बेटों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया । जिला अस्पताल आए मनोज ने बताया कि वह सब्जी बेचकर गुजारा चलाता है और आज सुबह वह रास्ते से गुजर रहा था ।इसी दौरान उसने अपना पैर पड़ोसी शंकरलाल के मकान के दरवाजे पर बनी सीढ़ियों पर रख दिया जिससे शंकरलाल उससे नाराज हो गए और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर शंकरलाल ने उस पर हमला कर दिया। शोर सुनकर उसकी बहन प्रेमवती उसे बचाने पहुंची पहुंची तो शंकरलाल और उसके लड़कों ने दोनों के साथ मारपीट की। मौके पर पहुंचे घर वालों ने उन्हें बचाया और घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद जिला अस्पताल लाए। घटना का वीडियो भी वायरल हो गया।

### ट्रेन से गिरकर दो लोग घायल

**बरेली ।** चलती ट्रेन से गिरकर घायल हुए 2 लोगों को इलाज के लिए गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कैंट थाना क्षेत्र में लाल फाटक से कुछ ही दूरी पर चलती ट्रेन से गिरकर घायल हुए सीतापुर के कस्बा व थाना परेवाजल निवासी 30 वर्षीय जितेंद्र पुत्र रामकुमार और सीबीगंज थाना क्षेत्र में परसाखेड़ा से गुजरने वाली रेलवे लाइन के पास ट्रेन से गिरकर घायल अवस्था में पड़े बहराइच के बदायूं गंज थाना क्षेत्र के गांव कटरा निवासी पप्पू पुत्र अमृतलाल को आज सुबह इलाज के लिए घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया दोनों घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है सूचना मिलने पर दोनों स्थानों पर पहुंची पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजकर उनके पास मिले मोबाइल फोन बात प्रपत्र के आधार पर घटना की जानकारी उनके घर वालों को दे दी गई समझा जाता है कि रात के समय दिल्ली से वापस लौट रहे दोनों युवक चलती ट्रेन से गिरकर घायल हुए ।

### महिला की ससुराल में संदिग्ध मौत, हत्या का लगाया आरोप

**बरेली ।** विवाह के 3 साल बाद एक महिला की ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई मृतका के पिता ने दहेज हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी। शेरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव रमपुरा निवासी शाहिद की 28 वर्षीय पत्नी अफसाना की बीती रात घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के पिता बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव शेखुपुर निवासी वाहिद नूर ने बताया कि उसने अपनी बेटी अफसाना का विवाह 3 वर्ष पूर्व शाहिद से किया था और बेटी को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज भी दिया था लेकिन विवाह के बाद से ही दहेज कम मिलने बात पर शाहिद अफसाना को परेशान करता था और मारपीट करता था पिता ने आरोप लगाया कि कल शाम को शाहिद ने अफसाना की गला घोट कर हत्या कर दी और घरवालों को सूचना नहीं दी गांव में रहने वाले कुछ रिश्तेदारों में अफसाना के मायके वालों को सूचना दी तब वह मौके पर पहुंचे उन्हें अफसाना की लाश घर में चारपाई पर मिली उन्होंने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी ।

### उप निरीक्षक दीपक पांडे को अर्पित की श्रद्धांजलि

**सीतापुर।** सिधौली कोतवाली में एक शोक सभाकर संदना थाने में तैनात रहे दिवंगत उप निरीक्षक दीपक पांडे को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। बता दे दीपक पांडे पिछले कुछ दिनों से बुखार से पीड़ित थे और उनका चरक हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था इलाज के दौरान ही उनका देहांत 25 सितंबर को हो गया था। शोकसभा में कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार त्रिपाठी, उपनिरीक्षक अपराध वीरेंद्र पंकज, उप निरीक्षक संजीव कुमार, कस्बा इंचार्ज संजीव कुमार, उप निरीक्षक प्रदीप यादव, दीवान पारसनाथ यादव ने श्रद्धांजलि दी।

### मनाया गया हिन्दी पखवाड़ा



**सीतापुर।** भारतीय खाद्य निगम मंडल कार्यालय सीतापुर में हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया। समापन अवसर पर हिन्दी में कार्य करने पर बल दिया गया। पखवाड़ा के दौरान हिन्दी में काम करने वाले प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे अधिकारियों, कर्मचारियों को पुरूस्कृत किया गया। इस मौके पर भारतीय खाद्य निगम के मंडल प्रबंधक मृत्युजंय कुमार, रामगणेश, अवधेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्र जागरण युवा संगठन ने शहीद भगत सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया याद

**बरेली ।** राष्ट्र जागरण युवा संगठन महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष तृप्ति शुक्ला के नेतृत्व में भगत सिंह पार्क मॉडल टाऊन में शहीद भगत सिंह की जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें युवाओ के प्रेरणा श्रोत शहीद भगत सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्जित कर उन्हें याद किया गया । इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित भारद्वाज ने बताया कि हमे शहीद भगत सिंह की कुर्बानी याद करनी चाहिए और हमे देश हित राष्ट्र निर्माण में हमेशा सहयोग करना चाहिए ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्थापक सचिव सौरभ शर्मा , प्रदेश महामंत्री पंकज पांडेय , मंडल अध्यक्ष सतीश गुप्ता , जिला अध्यक्ष तृप्ति शुक्ला , जिला उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा जिला अध्यक्ष तृप्ति शुक्ला , जिला उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा , जिला महामंत्री प्रियंका कपूर , पूजा कालरा , नेहा भोजवानी ,अनन्या गुप्ता , पूजा दुवे आदि ने भगतसिंह को याद किया ।।

### आठ दिवसीय सिल्क प्रदर्शनी शुरू

**लखनऊ।** उमंग आर्ट एंड क्राफ्ट्स एक्स्पो द्वारा फाईवर टू सिल्क फै प्रदर्शनी व सेल लखनऊ के कैसरबाग बारादरी में यह प्रदर्शनी 28 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक चलेगी। उमंग आर्ट एंड क्राफ्ट्स एक्स्पो के आयोजक आशीष कुमार गुप्ता ने बताया कि संस्थान द्वारा आयोजित फाईवर टू सिल्क फैब प्रदर्शनी व सेल देश भर से आए सिल्क बुनकरों व डिजाईनरो ने अपने अपने प्रदेश संस्कृति काव्य और त्याहारो को सिल्क पर छापा है । एक्जीवीशन में गुजरात की पटोला सिल्क ए तेलांगना की उपाडा सिल्क तमिलनाडु की कांजीवरम सिल्क ए महाराष्ट्र की पैठानी सिल्कए पर गई कलाकारी लोगो को अपनी ओर खीच रही है। आयोजक श्री आशीष कुमार गुप्ता ने बताया कि कैसरबागए बारादरी ए लखनऊ में आयोजित फाईवर टू सिल्क फैब का मकसद देशभर के सिल्क उत्पादों का एक ही छत के तले प्रदर्शनी करना है।

# प्रधानमंत्री को दी खास अंदाज में शुभकामनाएं

● सीजी- पोस्टकार्ड पर प्रेषित की शुभकामनाएं

●कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थियों ने लिखे पोस्टकार्ड

●एक साथ भेजे गए 501 पोस्टकार्ड

संवाददाता। सीतापुर

**राजकीय इंटर** कालेज सीतापुर के विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पोस्टकार्ड भेजकर शुभकामनाएं प्रेषित की है। कालेज के कक्षा 11 व 12 के 501 विद्यार्थियों ने पोस्टकार्ड भेजकर प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई न्यू एजुकेशन पालिसी के लिए आभार व्यक्त किया है। यह पोस्टकार्ड प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर आयोजित सेवा पखवाड़ा के तहत प्रेषित किए गए है। कालेज के प्रधानाचार्य अनूप तिवारी ने विद्यार्थियों को पत्र लेखन से जुड़ी तमाम जानकारियां दी। प्रधानमंत्री को शुभकामना संदेश प्रेसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। भाजयुमो क्षेत्रीय मंत्री आशीष कश्यप ने सभी विद्यार्थियों को सुझाव दिया कि शुभकामना पत्र किस तरह लिखा जाना चाहिए, इसके क्या सकारात्मक विचार होने चाहिए। विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने वालों में सत्येंद्र गुप्ता, सत्यप्रकाश तिवारी, खान शादाब जीमल, अनिल बाजपेई, मुरलीधर कनौजिया, इसरार, शिवकुमार द्विवेदी आदि शामिल रहे।

# धूमधाम से मनाई गई छत्रपति महाराजा अग्रसेन की जयंती

● दूर दूर से आए कवियों ने सुनाईं रचनाएं, कविताओं की बौछार से लोट-पोट हुए श्रोता

संवाददाता। सीतापुर

**क्षत्रपति महाराजा** अंग्रेसन जयंती महोत्सव के अंतिम दिन दूर-दूर से आए कवियों ने काव्य पाठ कर समा बांधी। आयोजकों की तरफ से मुख्य अतिथि नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू का स्वागत किया गया। शहर के उत्सव गेस्ट हाउस में कवि सम्मेलन मुख्य अतिथि पूर्व महोली विधायक अनूप गुप्ता की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कवि सम्मेलन में आशीष अनल, सर्वेश अस्थाना, गजेन्द्र प्रियांशु, हेमंत पांडेय, रंचना सिंह और सुनील सुमैया ने कविताएं सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। इससे पूर्व तीन दिवसीय जयंती महोत्सव में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। अग्रवाल सभा सीतापुर मनाई गई जयंती के पहले दिन 25 सितंबर को साइकिल रेस प्रतियोगिता हुई, इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि अतिरिक्त मजिस्टेड्ट सीतापुर पंकज प्रकाश राठौर ने किया। प्रतियोगिता में 12 वर्ष से 16 वर्ष तक के बच्चों ने भाग लिया। तत्पश्चात अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा मेडिकल अग्रसेन अतिथि भवन में लगाया गया। कैंप में अपोलो अस्पताल लखनऊ से आए डाक्टरों की टीम ने मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं थी और परामर्श दिया। शिविर में अग्रवाल समाज के व्यक्तियों का परीक्षण किया गया। 26 सितंबर को अग्रसेन भवन पर प्रात: 6.30 बजे ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद 16 वर्ष तक के समाज के बच्चों की बैडमिंटन प्रतियोगिता तरणताल में हुई। मेधावियों को सम्मानित किया गया। दोपहर 12 बजे अग्रसेन अतिथि भवन से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई और सांय 5 बजे महाराजा अग्रसेन की आरती उतारी गई। इसी दिन उत्सव गेस्ट हाउस में एक समारोह का आयोजन कर समाज के बुजुर्गों का सम्मान किया गया। सांय 6.30 बजे डांडिया नाइट में समाज की महिलाओं ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। रात 9 बजे बाबा की रसोई में सभी ने प्रसाद छका। महोत्सव के तीसरे दिन 27 सितंबर को प्रात: 6.30 बजे आरएमपी इंटर कालेज सीतापुर मैदान पर क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। दोपहर 11.30 बजे अग्रवाल महिला सभा की तरफ से उत्सव गेस्ट हाउस में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें कुकिंग विद आउट फायर, मोबाइल बैक कवर को सजाना, शापिंक पेपर बैग को बनाकर सजाना आदि शामिल रहा। सांय 5 बजे महाराजा अग्रेसन की आरती के बाद 5.15 बजे फैंसी डेस्स प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में अग्रवाल समाज के 5 वर्ष तक के 10 वर्ष तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। सांय 6 बजे ईश्वर तेरे रूप अनेक प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें 6 वर्ष तक के बच्चों ने विभिन्न रूपों में मंचन कर मन मोहा। समारोह में अग्रवाल सभा सीतापुर अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, महामंत्री नवीन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मोहन अग्रवाल, मीडिया प्रभारी आकाश अग्रवाल, महेन्द्र अग्रवाल, संजय अग्रवाल, दीपक महावर, विकास अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, शिवमोहन अग्रवाल, रवीन्द्र अग्रवाल, रमापति अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, प्रेमचन्द अग्रवाल, महेश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, युवा मंच के अक्षत अग्रवाल, शुभम चिरानिया, वैभव अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल सहित अग्रवाल समाज के तमाम लोग शामिल हुए।

## दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**बरेली ।**तेजी से आ रही मोटरसाइकिल ने सड़क पर जा रहे युवक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई ।बदायूं के उसहैत थाना क्षेत्र के गांव पीलामई निवासी 25 वर्षीय शराफत पुत्र अंसार अली की बीती रात इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे 26 सितंबर को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि शराफत 26 सितंबर को अपने किसी काम से उसहैत गया था जहां पर सड़क पार करते समय तेजी से आ रही मोटरसाइकिल ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो चुका था उसको पुलिस ने एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया और उसके पास मिले मोबाइल फोन से घरवालों को सूचना दी जो अस्पताल पहुंचे और हालत नाजुक देखकर शराफत को इलाज के लिए बरेली ले आए यहीं पर बीती रात उसने दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक 3 बेटियों का पिता था उसकी पत्नी का नाम नूरजहां है।

## आदर्श समाज का कर्णधार है शिक्षक:बृजेश त्रिपाठी

**निघासन-खीरी।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई द्वारा स्थानीय ब्लॉक सभागार में सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के दौरान अपनी जीवन यात्रा को शिक्षा की बुनियाद मजबूत करने में समर्पित कर देने वाले तीन शिक्षकों को गीता, अंगवस्त्र तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।समारोह को संबोधित करते हुए नवागत खंड शिक्षा अधिकारी डॉ ब्रजेश त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा के शाश्वत मार्ग की इमारत बुलंद बनाने में शिक्षक की संवैधानिक और नैतिक भूमिका तो है ही लेकिन साथ में अभिभावकों की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है ए अभिभावकों के प्रयास अपने पाल्यों को सिर्फ विद्यालय भेजने तक ही सीमित नहीं है बल्कि उन्हें घर पर ही ऐसे संस्कारों से लैस कर देना चाहिए कि बालक राष्ट्रीय मूल्यों से ओतप्रोत होकर जिम्मेदारी को बखूबी समझते हुए विद्यालय की ओर स्वयं दौड़ा चला आए और मेहनत से पढ़ाई पर ध्यान केन्द्रित करे, उन्होंने कहा कि वैसे भी परिवार को बालक की प्रथम पाठशाला माना जाता है। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें इस बात का हर्ष है कि शैक्षिक निपुणता हासिल करने में ब्लॉक निघासन जिले में दूसरे स्थान पर पहुंच चुका है, बकौल बीईओ सरकार द्वारा शैक्षिक निपुणता हासिल करने करने संबंधी प्रदत्त समय से पहले ही हम लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। ऐसा हमारा विश्वास अपने शिक्षकों की मेहनत को देखकर और भी मजबूत हो गया है।बीईओ ने डिजिटलाइजेशन से पहले की बेहतरीन शिक्षा का भी जिक्र किया साथ ही उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक पूरी जिम्मेदारी से अपना काम करें, कोई भी दिक्कत हो तो कहीं जाने की जरूरत नहीं है सिर्फ हमें बताएं आपकी समस्या का समाधान होगा । खंड विकास अधिकारी राकेश सिंह ने कहा कि शिक्षक सरकारी नौकर नहीं बल्कि समाज और मजबूत राष्ट्र का निर्माता है ए चाहे जो जिस पद पर कार्यरत हो, उसको इस मुकाम तक पहुंचाने वाला शिक्षक ही है। संगठन के जिलाध्यक्ष संजीव त्रिपाठी ने कहा कि बेसिक का शिक्षक सबसे बड़ा योद्धा है वह हर चुनौती का सामना डटकर करता है और चुनौती से पीछे भागने के बजाय उसे अंगीकृत करके पारदर्शी परिणाम देता है। कार्यक्रम को स्थानीय प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रतीक दीक्षित ए जिला मंत्री मनोज शुक्ल तथा शिक्षा मित्र संघ निघासन अध्यक्ष मनोज पाण्डेय आदि ने भी संबोधित किया।

### विधायक निवास पर बैठक

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** विधायक निवास फार्म हाउस पर एक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में अमन अरविंद गिरि ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वे क्षेत्रवासियों के आशीर्वाद से अपने पिता स्वर्गीय अरविंद गिरि के पदचिन्हों पर चलते हुए उनके एक ही नारा भाईचारा के नारे को जीवंत रूप प्रदान करेंगे तथा सभी को एक साथ लेकर क्षेत्र के विकास हेतु निरंतर तत्पर्य रहेंगे। अमन गिरि ने कहा कि किसी भी कार्यकर्ता को निराश होने की आवश्यकता नही है वे और उनका परिवार सभी क्षेत्रवासियों की सेवा करने हेतु समर्पित है। पिता को याद करते हुए अमन अरविंद गिरि ने कहा कि उनके पिता का नाम विकासपुरुष के नाम से विख्यात है वे अपने पिता की लोकप्रियता व कार्यों के अनुरूप कार्य करते हुए जनसेवा करेंगे। तत्पश्चात शहीद-ए-आज़म भगत सिंह जनमोत्स्व व दशमेश खालसा इंटर कॉलेज. के वार्षिकोत्सव, पचतौर अलीगंज में अमन अरविन्द गिरि ने विद्यालय के मेधावी छात्रछात्राओं को पुरुस्कृत किया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानचार्य निर्मल सिंहएप्रबंधक सत्यम सिंह सहित विद्यालय के छात्रछात्राएं व शिक्षक एवं शिक्षकाएँ उपस्तिथ रहे।

# बैंक मित्र लूट कांड और हत्या का हुआ खुलासा,दो गिरफ्तार

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

**दस दिन** पूर्व एक बैंक मित्र की गोली मार कर हत्या और लूट के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने मठभेड़ के बाद दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार लुटेरों से पुलिस की मुठभेड़ थाना कछौना के अंतर्गत गढ़ी कमालपुर रोड पर हुई। बताया गया है कि पुलिस ने संदिग्ध बाइक सवारों को जब रोका तो दोनों ने बाइक को छोड़कर भागने का प्रयास किया। इस पर पुलिस ने उनका पीछा किया। जवाब में इन दोनों लुटेरों ने पुलिस पर फायरिंग की जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों को पैर में गोली लगी और पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाशों में से एक का नाम कल्लू पुत्र शब्बीर निवासी ग्राम बतैया थाना सकरन जनपद सीतापुर जबकि दूसरे बदमाश का नाम संतोष तिवारी पुत्र रमेश तिवारी निवासी ग्राम हीरापुर थाना मचरेहटा जनपद सीतापुर पता चला। इस लुटेरों के पास से लूटे गए 52 हजार रुपए तथा बैंक मित्र का पर्स बरामद हुआ। दोनों बदमाश रेखी करने वाले को पैसा देने जा रहे थे। गौरतलब है कि ग्राम दुर्गाखेड़ा निवासी बैंक मित्र को 19 सितंबर की शाम गोली मारकर उससे 1 लाख 35 हजार रुपए लुटेरों ने छीन लिए थे। 22 सितंबर को घायल बैंक मित्र ओमप्रकाश की ट्रॉमा सेंटर लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। इस घटना का खुलासा करने के लिए भी आईजी लक्ष्मी सिंह ने कड़े निर्देश स्थानीय पुलिस को दिए थे।

## गोवंश के पशुओं का वध करने वाले चार अभियुक्त गिरफ्तार

**बरेली।** खेत में गो वंशीय पशुओं के अवशेष मिलने के बाद पुलिस ने आज पशुओं का वध करने वाले चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया उनके पास से पशुओं का वध करने के काम आने वाले औजार व अन्य सामान भी बरामद हुआ पुलिस ने सभी को जेल भेजा। बहेडी थाना क्षेत्र में नंदेली रोड गरीब पुरा मोड से पहले पुलिस ने आज गोकशी करने वाले चार अभियुक्तों बहेड़ी के गांव सकरस निवासी जावेद पुत्र असलम मोहम्मदपुर निवासी इमरान पुत्र मोबीन टांडा निवासी इस्तियाक पुत्र अशफाक और मंडन पुर सुमाली निवासी छोटा उर्फ फहीम पुत्र हससमत को मुखबिर की सूचना के बाद गिरफ्तार कर लिया तलाशी के दौरान गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के पास से पुलिस ने एक बोरे में रस्सी के चार टुकड़े, तीन छुरियां एक गड़ासा, एक रेती बरामद की गिरफ्तार अभियुक्तों ने 27 नंबर को नंदेली मार्ग स्थित ब्रह्म देव स्थल के सामने सचिन जौहरी के खेत में गोवंश के पशुओं को काटने की बात स्वीकार कर ली पुलिस ने गिरफ्तार किए गए सभी अभियुक्तों को जेल भेजा उन्हें गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक बृजेश कुमार सिपाही सतेंद्र भाटी, कृष्णा देसवार, सोनवीर और सकित कुमार शामिल रहे।

### विकास के मैदान में उतरने से खलबली

**निघासन-खीरी।** नवसृजित निघासन नगर पंचायत का प्रथम चुनाव समाजसेवी विकास अग्रवाल के आकस्मिक पदार्पण से काफी दिलचस्प साबित होने वाला है। स्थानीय क्षेत्र पंचायत में युवा किंगमेकर का खिताब हासिल कर चुके विकास अग्रवाल की सूरत और सीरत दोनों से यहां की जनता अच्छी तरह से वाकिफ है। दृढ़ संकल्प और जुझारूपन की जिंदा मिसाल विकास अग्रवाल जनता के हक के लिए संघर्ष करने में कभी पीछे नहीं हटे, श्री अग्रवाल के अचानक निघासन नगर पंचायत के चुनाव में कूद पड़ने से यहां का सियासी माहौल काफी रोमांचक मुकाबले की दुहाई देने लगा है। गौरतलब है कि जिस समय निघासन को नगर पंचायत का दर्जा मिला। उसी समय लोगों में विकास अग्रवाल को यहां के पहले चेयरमैन के रूप में तड़प देखने को मिली ।

# दो सड़क दुर्घटनाओं में चार की मौत, एक घायल

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

**दो सड़क दुर्घटनाओं** में चार युवाओं की दर्दनाक मौत हो गयी जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गयी जिसे ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संडीला-मल्लावां रोड पर बीती रात लगभग 9 बजे एक अनियंत्रित गति से आ रहे ट्रक ने दो बाइकों को टक्कर मारी। बताया गया है कि ग्राम टिमरुख निवासी 20 वर्षीय लोकेश पुत्र मोहनलाल, 21 वर्षीय अनूप पुत्र महावीर हलवाईखेड़ा के पास एक ढाबे पर गए थे। वहां से दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे। ग्राम नानकखेड़ा के पास पहुंचने पर संडीला की ओर से आ रहे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। तभी एक अन्य बाइक सवार भी इस ट्रक की चपेट में आ गया। यह 20 वर्षीय युवक जयप्रकाश पुत्र बिहारीलाल निवासी ग्राम जमसारा था जो साफ्यीस्ट फैक्ट्री से अपनी ड्यूटी करके वापस लौट रहा था। तीनों युवकों को उठाकर सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टरों में उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस दुर्घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक को लेकर वहां से भागा तथा गौसगंज के पास इस ट्रक को छोड़कर फरार हो गया। एक अन्य सड़क दुर्घटना में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गयी जबकि परीक्षा देने जा रहा युवती गंभीर रूप से घायल हो गयी। बताया गया है कि ग्राम अनिपुर थाना मलिहाबाद निवासी सुभासनी पुत्री रामसनेही महावीर प्रसाद महाविद्यालय कामीपुर कछौना में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा है। वह परीक्षा देने के लिए अपने भाई सत्येन्द्र कुमार के साथ जा रही थी। कताई मिल के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे सत्येन्द्र की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि सुभासनी गंभीर रूप से घायल हो गयी। उसे गंभीर अवस्था में ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है। मृतक सत्येन्द्र कुमार लखनऊ में किसी पैथालॉजी लैब में काम करता था और अपनी बहन को परीक्षा दिलाने जा रहा था।

## सेवानिवृत्त लेखपाल व उसकी पत्नी की गला रेतकर हत्या

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

**एक सेवा निवृत्त** लेखपाल और उसकी पत्नी की अज्ञात हत्यारों नें गला रेतकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद मौके पर पुलिस अधीक्षक एवं आईजी लखनऊ रेंज पुहंच गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बघौली के अंतर्गत ग्राम काईमऊ निवासी संतराम पुलिस विभाग में होम गार्ड थे और कुछ समय पहले ही वे सेवा निवृत्त हुए थे। वह अपनी पत्नी कैलाशा देवी के साथ रहते थे। उनके पुत्र बाहर रहकर नौकरी करते हैं। बताया जाता है कि जब सुबह देर तक दरवाजा नहीं खुला तो किसी ने दरवाजा खट खटाया लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं हुई। इसके बाद ग्रामीण घर के अंदर घुसे तो वहां का दृश्य देखकर हैरान रह गए। दोनों पति पत्नी की खून के तालाब में डूबी हुई लाशें पड़ीं थीं। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमें में हडकंप मच गया। सीओ बघौली, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। सूचना मिलने पर आईजी लखनऊ रेंज लक्ष्मी सिंह भी मौके पर पुहंची तथा घटना स्थल का बारीकी से मुआयना करने के बाद डॉग स्क्वाड बुलाने के निर्देश दिए। एसप राजेश द्विवेदी ने मीडिया कर्मियों को बताया की घटना का खुलासा करने के लिए कई टीमों का गठन किया गया है। शीघ्र ही हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# कुछ गंभीर करने की साजिश रच रहा था पीएफआई : शिंदे

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हिंसा के कई मामलों में कथित तौर पर शामिल पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) को प्रतिबंधित करने के केंद्र सरकार के फैसले का बुधवार को स्वागत करते हुए कहा कि यह प्रकाश में आया है कि संगठन राज्य में कुछ गंभीर करने की साजिश रच रहा था। शिंदे ने नासिक में संवाददाताओं को बताया कि संगठन के सदस्यों ने पुणे में भी शांतिभंग करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की त्वरित कार्वाई ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। उन्होंने पीएफआई और उसके कुछ सहयोगी संगठनों को पांच साल के लिए प्रतिबंधित करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद दिया। पुणे में पीएफआई के एक प्रदर्शन के दौरान कथित तौर पर पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए जाने का संदर्भ देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ऐसे लोगों को देश में रहने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय उनका ध्यान रखेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा, पीएफआई और उसके सहयोगी संगठन गंभीर अपराधों में संलिप्त पाए गए। संगठन हाल में आतंकी वित्त पोषण, हत्याओं, संविधान का अपमान करने, सामाजिक सद्भाव और देश की एकता को भंग करने में सक्रिय हुआ। यह भी सामने आया है कि संगठन महाराष्ट्र में भी कुछ गंभीर साजिश रच रहा था। उन्होंने कहा, असमाजिक तत्वों की राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने और समाज को विभाजित करने की साजिश कभी कामयाब नहीं होगी। शिंदे ने कहा कि यह देशभक्तों का राष्ट्र है और देश के खिलाफ बयानों को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आज कहा कि यह साबित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य हैं कि केंद्र द्वारा पांच साल के लिए प्रतिबंधित पीएफआई समाज में हिंसा के बीज बो रहा था। फडणवीस के पास गृह मंत्रालय की भी जिम्मेदारी है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि इस संगठन का उद्देश्य अफवाह फैलाना और हिंसा भड़काना था।

फडणवीस ने कहा, सरकार और जांच एजेंसियों के पास पर्याप्त साक्ष्य हैं कि पीएफआई हिंसा के बीज बो रहा था। अफवाह फैलाना, धन जुटाना और हिंसा भड़काना उनका लक्ष्य था। उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर के एक राज्य में एक मस्जिद को गिराए जाने का एक फर्जी वीडियो हिंसा भड़काने के इरादे से प्रसारित किया गया था। अमरावती में ऐसी घटना हम पहले भी देख चुके हैं। बाद में पता चला कि वीडियो बांग्लादेश का है। फडणवीस ने कहा कि केरल पहला राज्य है जिसने पीएफआई पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इसी तरह की मांग बाद में देश के अन्य राज्यों द्वारा भी की गई।



नासिक में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे स्वामी नारायन मन्दिर के स्थापना दिवस समारोह में साधु-संतों से आशीर्वाद लेते हुए



डिब्रूगढ़ में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आर्मी कैम्प में जवानों से बात करते हुए।

## पीएफआई की बर्बरता का शिकार हुए प्रोफेसर ने कहा, कभी-कभी मौन रहना बेहतर

**कोच्चि।** करीब 12 साल पहले पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के कार्यकर्ताओं की बर्बरता का शिकार हुए प्रोफेसर टी.जे. जोसेफ ने बुधवार को कट्टरपंथी इस्लामी संगठन पर केंद्र द्वारा लगाए गए प्रतिबंध पर प्रतिक्रिया देने से इंकार कर दिया। जोसेफ ने कहा कि हमेशा बोलने के बजाय कभी-कभी मौन रहना बेहतर होता है। गौरतलब है कि कथित ईशनिंदा के लिए करीब 12 साल पहले पीएफआई कार्यकर्ताओं ने जोसेफ का हाथ काट डाला था। पीएफआई पर प्रतिबंध लगाए जाने से जुड़े संवाददाताओं के सवालों पर प्रोफेसर ने कहा कि वह देश के एक नागरिक के रूप में केंद्र सरकार के कदम के बारे में स्पष्ट राय रखते हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं देना चाहता क्योंकि वह इस मामले में पीडति हैं। जोसेफ ने कहा कि पीएफआई पर प्रतिबंध एक राजनीतिक निर्णय और राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित है और इस घटनाक्रम पर राजनेताओं, संगठनात्मक प्रतिनिधियों और ऐसे अन्य तटस्थ लोगों को प्रतिक्रिया देनी चाहिए।

## सुप्रीम कोर्ट ने बलात्कार, हत्या मामले में मौत की सजा पाए दोषी को बरी किया

● निचली अदालतों पर उठाया सवाल

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने छह साल की बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के मामले में मौत की सजा पाए दोषी को बुधवार को बरी कर दिया और कहा कि अपराध की पीड़िता के साथ हुए अन्याय की भरपाई के लिए अदालत किसी को अन्याय का शिकार नहीं बना सकती। न्यायालय ने त्रुटिपूर्ण जांच के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस की खिंचाई भी की और कहा कि मामले में सही तरीके से जांच नहीं कर, अभियोजन पक्ष ने पीडि़ता के परिवार के साथ अन्याय किया है। न्यायालय ने कहा कि जब अपराध जघन्य हो, तो अदालत को भौतिक साक्ष्यों को अधिकतम जांच के तहत रखना आवश्यक है लेकिन सत्र अदालत और उच्च न्यायालय के त्रुटिपूर्ण रुख के कारण गरीब आदमी को फांसी पर चढ़ाया जा रहा था। न्यायमूर्ति एस. अब्दुल नजीर, न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यम की पीठ ने कहा कि वह इस तथ्य से इनकार नहीं कर सकती कि यह छह साल की बच्ची के साथ बलात्कार और हत्या का जघन्य मामला है।

पीठ ने कहा, ठीक से जांच नहीं कर, अभियोजन पक्ष ने पीड़िता के परिवार के साथ अन्याय किया है। बिना किसी सबूत के अपीलकर्ता को दोषी ठहराकर... अभियोजन पक्ष ने अपीलकर्ता के साथ अन्याय किया है। किसी अपराध की पीड़िता के साथ हुए अन्याय की भरपाई के लिए अदालत किसी को अन्याय का शिकार नहीं बना सकती। सर्वोच्च अदालत ने छोटकू नामक एक व्यक्ति द्वारा दायर अपील पर यह फैसला सुनाया। अपीलकर्ता को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 376 (बलात्कार) के तहत दोषी ठहराया गया था और सत्र अदालत ने उसे मौत की सजा सुनाई थी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक संदर्भ पर इस फैसले की पुष्टि की थी।

पीठ ने कहा कि यह एक ऐसा मामला है जहां अभियुक्त इतना गरीब है कि वह सत्र न्यायालय में भी कोई वकील नहीं रख सकता और निचली अदालत से उसके बार-बार अनुरोध करने के बाद, एक वकील की सेवा न्याय मित्र के रूप में मुहैया कराई गई थी। यह मामला उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले का है जिसमें आठ मार्च 2012 को एक बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई थी।

## आरोपियों को चुनाव लड़ने से रोकने के मामला: कोर्ट ने केंद्र, निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गंभीर अपराधों के आरोपित व्यक्तियों को चुनाव लड़ने से रोकने की मांग करने वाली एक याचिका पर केंद्र और निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति के एम जोसेफ और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय की पीठ ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए बुधवार को विधि और न्याय मंत्रालय, गृह मंत्रालय तथा निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत इस मुद्दे पर वकील अश्विनी उपाध्याय की ओर से दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। अधिवक्ता अश्विनी कुमार दुबे के माध्यम से दायर याचिका में मांग की गई है कि जिन लोगों के खिलाफ आपराधिक मामलों में आरोप तय किए गए हैं, उन्हें चुनाव लड़ने से रोका जाए। इसके अलावा केंद्र और भारत निर्वाचन आयोग को ऐसे उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने से रोकने के लिए कदम उठाने का निर्देश देने की भी मांग की गई है।


## राजनाथ ने अरुणाचल प्रदेश में अग्रिम क्षेत्रों का दौरा किया

**ईटानगर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को असम के तिनसुकिया जिले के दिनजान में देश की सबसे पूर्वी सैन्य संरचना का दौरा किया और इसकी परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। यह जानकारी एक रक्षा विज्ञप्ति में दी गई। सिंह अरुणाचल प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उनके साथ सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, पूर्वी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आर पी कालिता के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी थे। तीसरी कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल आर सी तिवारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा रक्षा मंत्री को वास्तविक नियंत्रण रेखा से लगे क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास, क्षमता विकास और परिचालन तैयारियों के बारे में जानकारी दी गई। सिंह का दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब चीन सीमा पर अपने बुनियादी ढांचे को उन्नत कर रहा है। चीन अरुणाचल प्रदेश में भारत की संप्रभुता को स्वीकार करने से इनकार करता है और इसे दक्षिण तिब्बत कहता है।

इस दौरे के दौरान रक्षा मंत्री सिंह को सीमा पर तैनात सैनिकों की परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक सैन्य उपकरणों और प्रौद्योगिकी के उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई। इस विज्ञप्ति में कहा गया है कि रक्षा मंत्री ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सेना के स्पीयर कोर के सभी रैंकों द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों और उत्कृष्ट सेवाओं की सराहना की। सिंह बृहस्पतिवार को अग्रिम चौकियों का दौरा करेंगे और परिचालन तैयारियों के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी लेंगे और वहां के सैनिकों से बातचीत करेंगे। वह अथु पोपू के दूसरे धार्मिक अभियान के सदस्यों के साथ बातचीत करेंगे। यह अभियान स्थानीय इडु मिश्मी जनजाति की एक वार्षिक यात्रा है, जिसके लिए सेना 2021 से सुविधा प्रदान कर रही है।

## एसडीपीआई को वर्ष 2018-19 से 11 करोड़ रुपए से अधिक का चंदा मिला

**नई दिल्ली।** प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की राजनीतिक शाखा माने जाने वाले सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया को 2018-19 से 11 करोड़ रुपए से अधिक का चंदा मिला है। निर्वाचन आयोग के पास उपलब्ध आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। दिल्ली में एक गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के रूप में एसडीपीआई का गठन जून 2009 में किया गया था और अप्रैल 2010 में निर्वाचन आयोग के पास इसे पंजीकृत कराया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, दिल्ली की वेबसाइट पर उपलब्ध विवरण के अनुसार, वित्तीय 2018-19 में पार्टी ने चंदे के रूप में 5.17 करोड़ रुपए और वित्त 2019-20 में 3.74 करोड़ रुपए प्राप्त किए। पार्टी को वित्त 2020-21 के दौरान 2.86 करोड़ रुपए चंदा मिला। एसडीपीआई को मिले चंदे का हवाला देते हुए अधिकारियों ने कहा कि इसका अधिकतर हिस्सा पार्टी को तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक से प्राप्त हुआ है। पीएफआई और उससे सम्बद्ध संगठनों पर लगाए गए प्रतिबंध को लोकतंत्र पर सीधा हमला करार दिया। पार्टी अध्यक्ष एम. के. फैजी ने कहा कि जो कोई भी भाजपा सरकार की गलत और जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध बोलता है तो उसे गिरफ्तारी और छापेमारी के खतरे का सामना करना पड़ता है।



जम्मू में नेशनल हाईवे बंद होने से सड़क पर लगी ट्रकों की लम्बी कतार

## पीएफआई से पहले आरएसएस पर प्रतिबंध लगना चाहिए था: लालू प्रसाद यादव

● भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री पर वोट बैंक और छद्म धर्मनिरपेक्षता की राजनीति करने का आरोप लगाया

**पटना/नई दिल्ली।** राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने आरएसएस को एक हिंदू चरमपंथी संगठन बताते हुए बुधवार को कहा कि इस पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा इस्लामिक चरमपंथी संगठन पीएफआई पर प्रतिबंध के बारे में पत्रकारों के सवालों के जवाब में यह टिप्पणी की। लालू की टिप्पणी पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री पर वोट बैंक और छद्म धर्मनिरपेक्षता की राजनीति करने का आरोप लगाया है। दिल्ली में अपनी पार्टी के शीर्ष पद के चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद 70 वर्षीय राजद प्रमुख ने कहा, वे पीएफआई के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। यह आरएसएस है जो कि कट्टरपंथी है जिसपर पहले प्रतिबंध लगना चाहिए। लालू को राजद का अध्यक्ष चुना गया क्योंकि बुधवार को नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद वह मैदान में एकमात्र उम्मीदवार थे। भाजपा की बिहार इकाई के प्रवक्ता निखिल आनंद ने एक बयान जारी कर कहा कि लालू पीएफआई का समर्थन करके अपने मुस्लिम वोट बैंक को मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी कारण से लालू आरएसएस और उसके सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के आदर्श के प्रति शत्रुतापूर्ण रवैया रखते हैं। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने यह भी दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का सफाया हो जाएगा। गौरतलब है कि लालू ने 1990 में लालकृष्ण आडवाणी की रथ यात्रा को रोक दिया था और भाजपा के दिग्गज नेता को गिरफ्तार कर लिया था।

## हिमाचल कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हर्ष महाजन भाजपा में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की हिमाचल प्रदेश इकाई के वरिष्ठ नेता व कार्यकारी अध्यक्ष हर्ष महाजन ने बुधवार को भाजपा का दामन थाम लिया। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में उन्होंने यहां भाजपा मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस साल के अंत में हिमाचल प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले महाजन के भाजपा में शामिल होने को बड़ा झटका माना जा रहा है। महाजन को इस साल मई में प्रदेश कांग्रेस समिति का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था। इस अवसर पर गोयल ने महाजन का स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि हिमाचल प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी।

पहाड़ी राज्यों को लेकर पहले यह धारणा थी कि जो पार्टी सत्ता में है वह दोबारा सरकार नहीं बनाती है लेकिन हाल में उत्तराखंड में भाजपा ने इस मिथक को तोड़ा है। महाजन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कांग्रेस नेतृत्व को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि जब तक वीरभद्र सिंह थे तब तक वहां कांग्रेस थी लेकिन हिमाचल प्रदेश में आज कांग्रेस दिशाहीन और नेतृत्वविहीन हो गई है।

# पेज एक का शेष

### पीएफआई पर...

गई थी और करीब 100 से अधिक लोगों को उसकी कई गतिविधियों के लिए गिरफ्तार किया गया था, जबकि काफी संख्या में संपत्तियों को भी जब्त किया गया। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से मंगलवार देर रात जारी एक अधिसूचना के अनुसार, पीएफआई के कुछ संस्थापक सदस्य स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के नेता हैं और पीएफआई के तार जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) से भी जुड़े हैं। जेएमबी और सिमी दोनों ही प्रतिबंधित संगठन हैं। अधिसूचना में कहा गया कि पीएफआई के इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) जैसे आतंकवादी संगठनों के साथ संबंधों के भी कई मामले सामने आए हैं। इस अधिसूचना में दावा किया गया कि पीएफआई और उसके सहयोगी या मोर्चे देश में असुरक्षा होने की भावना फैलाकर एक समुदाय में कट्टरता बढ़ाने के लिए गुप्त रूप से काम कर रहे हैं, जिसकी पुष्टि इस तथ्य से होती है कि पीएफआई के कुछ कार्यकर्ता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय आतंकवादी संगठनों में शामिल हुए हैं।

### लखनऊ से...

और एनआईए की संयुक्त टीमों ने भारी पुलिस बल के साथ छापेमारी की कार्रवाई की। टीमों ने पहले गुड़म्बा के ग्राम पलका में मोहम्मद आबिद की तलाश में छापा मारा। पूरे घर की तलाशी ली गई लेकिन वह हाथ नहीं लगा। घर वालों ने जानकारी दी कि वह पड़ोस में ही रहने वाले अपने रिश्तेदार मुकतबिर के घर है। एसटीएफ और एटीएस के जवानों ने मुकतबिर के घर की घेराबंदी करते हुए मोहम्मद आबिद को धर दबोचा। उसके कब्जे भड़काऊ बातें लिखी 12 किताबें और विस्फोटक बनाने की जानकारी वाले पर्चे बरामद हुए। मोहम्मद आबिद से एसटीएफ मुख्यालय में हुई पूछताछ के दौरान मिले इनपुट के आधार पर टीमों ने कैसरबाग थाना क्षेत्र के ओडिया सिनेमा हाल के पास घेराबंदी करके मोहम्मद हाशमी को गिरफ्तार किया। हाशमी ने कुबूला कि वह कई जिलों में तकरीरें कर चुका है। उसे मीटिंग करने के लिये पीएफआई की ओर से आर्थिक मदद मुहैया करायी जाती थी। हाशमी मूल रूप से हमीरपुर राठ का रहने वाला है। हाशमी ने पीएफआई के बारे में कई नई जानकारियां एसटीएफ को दी।

### योगी सरकार...

अवस्थी की तरफ से केंद्रीय गृह मंत्रालय को इस बारे में पत्र भेजा गया था। इसमें नागरिकता संशोधन कानून को लेकर प्रदेश में हुई हिंसा में गिरफ्तार किए गए पीएफआई से जुड़े आरोपियों को ब्योरा देते हुए उनके यहां से आपत्तिजनक साहित्यए सीडी और अन्य सामग्रियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई थी। सीएए-एनआरसी आंदोलन के दौरान यूपी पुलिस ने पीएफआई के प्रदेश अध्यक्ष वसीम अहमद, कोषाध्यक्ष नदीम अहमद और मंडल अध्यक्ष अशफाक को गिरफ्तार किया था। इसके अलावा कई अन्य सदस्य गिरफ्तार किए गए थे। सीएए आंदोलन के दौरान ही दिल्ली, आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, केरल, झारखंड और पश्चिम बंगाल जैसे सात राज्यों में पीएफआई की सक्रियता के साक्ष्य मिले थे। देश भर में इस आंदोलन के जरिए माहौल बिगाड़ने की साजिश रची गई थी।

### प्रभु राम...

भारत की जड़ों से जुड़े रहकर, आधुनिकता की ओर बढ़ते हुए, भारत की कला और संस्कृति को विश्व के कोन-कोने तक पहुंचाना, ये भी हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहाकि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन संपन्न हुआ था, तो मेरे पास लता दीदी का फोन आया था। वो बहुत खुश थीं, आनंद में थी। उन्हें विश्वास नहीं हो रहा था कि आखिरकार राम मंदिर का निर्माण शुरू हो रहा है। आज मुझे लता दीदी का गाया वो भजन भी याद आ रहा है, मन की अयोध्या तब तक सूनी, जब तक राम ना आए। अयोध्या के भव्य मंदिर में श्रीराम आने वाले हैं और उससे पहले करोड़ों लोगों में राम नाम की प्राण प्रतिष्ठा करने वाली लता दीदी का नाम अयोध्या शहर के साथ हमेशा के लिए स्थापित हो गया है। लता दीदी के साथ जुड़ी मेरी कितनी ही यादें हैं, कितनी ही भावुक और स्नेहिल स्मृतियां हैं। जब भी मेरी उनसे बात होती, उनकी वाणी की युग परिचित मिठास हर बार मुझे मंत्र मुग्ध कर देती थी। दीदी अक्सर मुझसे कहती थी कि मनुष्य उम्र से नहीं कर्म से बड़ा होता है।

### हम अपने...

दिया है। इसी तरह नगर के हर चौराहे को भव्य बनाया जाएगा। चौक में 92 कमल के फूल लगाए गए हैं जो कि उनके जीवन के वर्षों को दिखाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर में लता चौक की तरह हीए हर चौराहे को महर्षि वाल्मीकि, रामानंदाचार्य और अलग अलम महर्षियों के नाम पर बनाएंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 500 वर्षों के इंतजार के बाद अयोध्या में राम मंदिर बन रहा है। इसी तरह हम अपने सभी तीर्थों को सजाएंगे। नगर में एयरपोर्ट का निर्माण भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम विकास के रास्ते में कोई भी रुकावट नहीं आने देंगे। अयोध्या को तीर्थ केंद्र के रूप में विकसित करेंगे।

### दिग्विजय और...

कहेगा तो वे नामांकन दाखिल कर सकते हैं। चुनाव लड़ने की किसी भी संभावना को खारिज करने के कुछ दिनों बाद सिंह ने कहा कि मैंने किसी से इस विषय पर चर्चा नहीं की है। मैंने हाईकमान से अनुमति नहीं ली है। यह मेरे पर छोड़ दीजिए कि मैं चुनाव लड़ूंगा या नहीं। इस बीच, गहलोत ने राजस्थान कांग्रेस में संकट पर सोनिया गांधी से चर्चा के लिए समय मांगा है। वे शाम साढ़े छह बजे चार्टर्ड उड़ान दिल्ली पहुंचे। अपने उत्तराधिकारी के रूप में सचिन पायलट को स्वीकार करने से इनकार करने के बाद गहलोत गांधी परिवार की नजरों से उतर गए हैं। कई वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी हाईकमान को उन्हें पार्टी अध्यक्ष की रेस से बाहर करने की सलाह दी है।

### गरीबों को...

लिए खाद्य सुरक्षा को सफलतापूर्वक बनाए रखा है। इसमें कहा गया है, महामारी के दौरान लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। इसको देखते हुए सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) तीन महीने के लिए बढ़ाने का फैसला किया है ताकि गरीब और समाज के वंचित तबके को त्योहारों के दौरान मदद मिले और कोई समस्या नहीं हो। योजना के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून (एनएफएसए) के अंतर्गत आने वाले सभी लाभार्थियों को हर महीने पांच किलो अनाज प्रति व्यक्ति दिया जाता है। ठाकुर ने कहा कि सरकार ने पीएमजीकेएवाई के अप्रैल, 2020 में शुरू होने के बाद अबतक इसपर 3.45 लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं।

### केंद्रीय कर्मियों...

कर्मचारियों एवं पेंशनधारियों के लिए चार प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता एवं राहत की किस्त जारी की जाएगी। सरकारी बयान के अनुसार, मंत्रिमंडल ने अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के 12 महीने के औसत में प्रतिशत वृद्धि के आधार पर एक जुलाई 2022 से देय केन्द्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को चार प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ते और महंगाई राहत की अतिरिक्त किस्त जारी करने को मंजूरी दी। इसमें कहा गया है कि इससे सरकारी खजाने पर 12,852 करोड़ रूपए का वार्षिक बोझ पड़ेगा। केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में इस वृद्धि के कारण प्रति वर्ष 6,591.36 करोड़ रुपए और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत में इस वृद्धि के कारण प्रति वर्ष 6,261.20 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ने का अनुमान है।

### लखीमपुर-खीरी...

मुन्नू मिश्रा (16), आर्य निगम (8) तथा लखनऊ के सरस्वती प्रसाद वर्मा (94) लखनऊ के रूप में हुई है जबकि बाकी दो की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने बचाव कार्य शुरू कराया और घटना में बुरी तरह पिचक चुकी बस को गैस कटर से काट कर मृतकों और घायलों को बाहर निकाला गया। खीरी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने बताया कि घायलों में से 12 को उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए लखनऊ ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है, जबकि 29 का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। सीतापुर जिले के लहरपुर कस्बे निवासी मान सिंह (42) ने बताया कि वह भाग्यशाली है कि मामूली चोटों के साथ वह दुखद दुर्घटना में बाल-बाल बच गया। सिंह ने बताया, एक तेज रफ्तार ट्रक हमारी बस के ठीक सामने आया, जिसके बाद बस चालक ने टक्कर से बचने का प्रयास किया और एक तेज मोड़ ले लिया। हालांकि, ट्रक चालक ने भी प्रयास किया। लेकिन ट्रक का बायां हिस्सा हमारी बस के बाईं ओर जा टकराया। घायल दिलीप (35) ने बताया कि दुर्घटना के समय पुल पर कोई यातायात नहीं था। उसने कहा, यात्री आपस में बात कर ही रहे थे कि अचानक हमें एक जोर का झटका लगा और हम अपनी सीटों से दूर जा गिरे। मैंने कुछ ही देर में लोगों को दर्द से कराहते हुए सुना।

### ज्ञानवापी मामले...

ज्ञानवापी मस्जिद खड़ी है, प्राचीन काशी विश्वनाथ मंदिर बहाल करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ताओं ने मूल वाद में दावा किया है कि अमुक मस्जिद उस मंदिर का हिस्सा है। उल्लेखनीय है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने नौ सितंबर, 2021 को वाराणसी की अदालत के आठ अप्रैल, 2021 के आदेश पर रोक लगा दी थी जिसमें एएसआई को काशी विश्वनाथ मंदिर-ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का भौतिक सर्वेक्षण करने का निर्देश जारी किया गया था। इससे पूर्व, 12 सितंबर को न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने भी एएसआई के महानिदेशक को 10 दिनों के भीतर व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया था क्योंकि एएसआई द्वारा दाखिल जवाबी हलफनामा बहुत अस्पष्ट था और यह मामला राष्ट्रीय महत्व का है। उच्च न्यायालय के 12 सितंबर के आदेश के अनुपालन में एएसआई (वाराणसी) के अधीक्षण पुरातत्वविद अबिनाश मोहंती ने एक प्रार्थना पत्र देकर महानिदेशक की पेशी के लिए कुछ समय मांगा। मोहंती ने कहा कि महानिदेशक अस्वस्थ हैं और वह व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने की स्थिति में नहीं हैं।

### बांधवगढ़ टाइगर...

की प्रतिमा एरण में मिली थी जिसकी उंचाई 4.26 मीटर है। प्रथम चरण में मिली गुफाओं से उत्साहित पुरातत्व विभाग अब अगले चरण के खोज की तैयारी में जुट गए हैं। एएसआई को सर्वेक्षण में 26 प्राचीन मंदिर, 26 गुफाएं, 2 मठ, 2 स्तूप, 24 अभिलेख, 46 प्रतिमाएं, 20 बिखरे हुए अवशेष एवं 19 जल संरचनाएं मिली हैं। इसके साथ साथ बांधगढ़ में कुछ मुगलकालीन एवं शर्की शासकों के सिक्के भी प्राप्त हुए हैं। एएसआई इन पुरा अवशेषों का गहनता से अध्ययन करने में जुटा है, इन गुफाओं में बिस्तर भी पाया गया है। शिवाकांत वाजपेई ने कहा, कई गुफाएं इतनी बड़ी हैं कि इनमें 30 से 40 लोग एक साथ रह सकते हैं। 26 मंदिर और उनके अवशेष भी खोजे गए हैं। उन्होंने बताया, बाधवगढ़ में काम करना आसान नहीं होता है, ये पूरा टाइगर रिजर्व है लिहाजा फॉरेस्ट विभाग की अनुमति के बाद ही यहां खोजी अभियान चलाया जा सकता है।

# जयशंकर ने सुलिवन से की द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

**भाषा।** वाशिंगटन



**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन से व्हाइट हाउस में मुलाकात के दौरान भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा की और एक मुक्त, खुले, सुरक्षित एवं समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को प्रोत्साहित करने संबंधी दृष्टिकोणों समेत विभिन्न वैश्विक एवं क्षेत्रीय मामलों पर विचार साझा किए। जयशंकर चार दिन की आधिकारिक वाशिंगटन यात्रा पर हैं। उन्होंने सुलिवन के साथ मंगलवार को यूक्रेन के मुद्दे पर भी चर्चा की। सुलिवन ने मंगलवार को ट्वीट किया, भारत के विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर से आज मुलाकात की और भारत-अमेरिका साझेदारी को और मजबूत करने के प्रयास पर चर्चा की। इसके अलावा यूक्रेन में रूस के हमले के प्रभाव को कम करने और एक मुक्त, खुले, सुरक्षित एवं समृद्ध हिंद प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उनके कार्यालय ने बताया कि सुलिवन और जयशंकर ने मुलाकात के दौरान अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की और यूक्रेन के खिलाफ रूस के हमले के प्रभावों एवं इसके कारण दुनियाभर में खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ने वाले असर समेत वैश्विक एवं क्षेत्रीय प्राथमिकता वाले मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उसने बताया कि दोनों नेताओं ने ऋण स्थिरता को प्रोत्साहित करने और एक मुक्त, खुले, सुरक्षित एवं समृद्ध हिंद-प्रशांत को बढ़ावा देने के दृष्टिकोणों पर चर्चा की। अमेरिका, भारत और विश्व की कई अन्य शक्तियां हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों की पृष्ठभूमि में स्वतंत्र, खुले और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दे रही हैं।चीन विवादित दक्षिण चीन सागर के लगभग पूरे हिस्से पर अपना दावा करता है, हालांकि ताइवान, फिलीपीन, ब्रुनेई, मलेशिया और वियतनाम भी इसके कुछ हिस्सों पर अपना दावा करते हैं। बीजिंग ने दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीप और सैन्य प्रतिष्ठान बनाए हैं। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने सुलिवन के साथ यूक्रेन संघर्ष एवं उसके असर, हिंद-प्रशांत की स्थिति, दक्षिण एशिया और खाड़ी के मुद्दे पर चर्चा की। मंत्री ने ट्वीट किया, अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन से मुलाकात करके अच्छा लगा। यूक्रेन संघर्ष एवं उसके असर, हिंद-प्रशांत की स्थिति, दक्षिण एशिया और खाड़ी पर चर्चा की। मौजूदा वैश्विक आर्थिक अस्थिरता को दूर करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। भारत ने यूक्रेन पर रूस के हमले की अभी तक निंदा नहीं की है और उसका कहना है कि इस संकट को कूटनीति एवं वार्ता से सुलझाया जाना चाहिए। इससे पहले, जयशंकर ने पापुआ न्यू गिनी के विदेश मंत्री जस्टिन टकाचेंको से मुलाकात की। उन्होंने कहा, हमने प्रशांत द्वीपों में हमारे बीच जारी सहयोग पर चर्चा की। इसे भविष्य में आगे ले जाने के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा की।

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को और अधिक समावेशी बनाया जाना चाहिए : ब्लिंकन

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के विदेश मंत्री एंथनी ब्लिंकन ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) को और अधिक समावेशी बनाने की जरूरत तथा वैश्विक संस्था में स्थाई सदस्यों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। भारत लगातार संयुक्त राष्ट्र में सुरक्षा परिषद में लंबित सुधारों पर कार्वाई तेज करने को लेकर जोर देता रहा है। उसने स्थाई सदस्यता पाने को लेकर भी अपनी दावेदारी पेश की है। ब्लिंकन ने अमेरिका की यात्रा पर आए विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारा मानना है कि जिन चुनौतियों का हम सामना कर रहे हैं, उनसे निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों को न केवल उसके चार्टर का पालन करना चाहिए, बल्कि सुरक्षा परिषद को और अधिक समावेशी बनाने सहित संस्थान का आधुनिकीकरण भी करना चाहिए।

उन्होंने कहा, इसलिए, महासभा में अपने संबोधन में राष्ट्रपति (जो) बाइडन ने भी सुरक्षा परिषद के स्थाई व गैर-स्थाई दोनों प्रतिनिधियों की संख्या बढ़ाने के कदम का समर्थन किया था, जिसकी भारत लंबे समय से मांग कर रहा है। शीर्ष अमेरिकी राजनयिक ने कहा, इसमें उन देशों को स्थाई सदस्यता देना शामिल हैं जिनका हमने लंबे समय से समर्थन किया है। हम अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, कैरिबियाई देशों को स्थाई सदस्य बनाए जाने का भी समर्थन करते हैं। वर्तमान में यूएनएससी में पांच स्थाई सदस्य और 10 गैर-स्थाई सदस्य देश शामिल हैं, जिन्हें संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा दो साल के कार्यकाल के लिए चुना जाता है। पांच स्थाई सदस्य रूस, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस और अमेरिका हैं और ए देश किसी भी मूल प्रस्ताव को वीटो कर सकते हैं। समकालीन वैश्विक वास्तविकता को प्रतिबिंबित करने के लिए स्थाई सदस्यों की संख्या बढ़ाने की मांग बढ़ रही है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र में भाग लेने के बाद वाशिंगटन पहुंचे जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र में सुधार विशेष रूप से एक वाजिब मुद्दा है। उन्होंने कहा, हम इस मुद्दे पर अमेरिका के सकारात्मक दृष्टिकोण की सराहना करते हैं, जो खुद राष्ट्रपति बाइडन के विचारों में परिलक्षित होता है। हम इसे और आगे ले जाने के वास्ते अमेरिका के साथ काम करने को लेकर उत्सुक हैं। जयशंकर ने कहा, मैं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद से निपटने को लेकर अमेरिका से मिले सहयोग की भी सराहना करता हूं। मैं विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध प्रक्रिया द्वारा कुख्यात और वांछित आतंकवादियों को प्रतिबंधित करने का उल्लेख करना चाहता हूं। दुनिया को सुरक्षित बनाने के लिए कई अन्य क्षेत्रों में भी दोनों देश मिलकर काम कर रहे हैं।

# कोरिया और जापान के बीच तनाव के बावजूद अमेरिका ने एशिया में एकजुट गठबंधन का आह्वान किया

**एपी।** योकोसुका (जापान)

**अमेरिका** की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने बुधवार को यहां एक नौसैनिक अड्डे पर एक अमेरिकी विध्वंसक पोत के डेक पर खड़े होकर चीन को सीधे चुनौती दी और उस पर ताइवान के आसपास परेशान करने वाला और उकसावे वाला व्यवहार करने का आरोप लगाया। हैरिस ने कहा कि अमेरिका विवादित द्वीप के साथ अपने अनौपचारिक संबंधों को प्रगाढ़ करेगा, जिसे चीन अपने हिस्से के तौर पर देखता है। ताइवान को लेकर बढ़ते तनाव की वजह से दुनिया के पहले से ही अस्थिर इस हिस्से में संघर्ष की आशंका बढ़ गई है। हालांकि अमेरिका की योजनाओं का मूल या जरूरी होने पर चीन का सामना करना, उन गठबंधनों पर निर्भर करता है जिसमें अभी तनाव है। हैरिस ने दक्षिण कोरिया और जापान को अमेरिकी रणनीति के लिए महत्वपूर्ण आधार करार दिया लेकिन इन दोनों के संबंधों में अभी भी तनाव है जो द्वितीय विश्व युद्ध के समय से है। इस दोनों देशों के संबंधों को सामान्य करने के लिए हालांकि काफी प्रयास किए गए हैं लेकिन इसका कोई लाभ अभी तक नहीं हुआ है।

जापान और दक्षिण कोरिया ने अपने संबंधों को सुधारने के लिए कदम उठाए हैं, लेकिन प्रगति अनिश्चित बनी हुई है। दोनों देशों के नेताओं को स्वदेश में राजनीतिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जो उनके लिए विदेशों में समझौता करना कठिन बनाता है। दक्षिण कोरिया का मानना है कि वह जापान से अतिरिक्त मुआवजे और अपराध की अधिक पूर्ण स्वीकृति का हकदार है। जापानी नेताओं ने इसका विरोध करते हुए कहा है कि इस तरह के मुद्दों को पहले ही सुलझा लिया गया है। अमेरिका दोनों पक्षों को समझौता करने के लिए प्रेरित कर रहा है क्योंकि वह चीन की बढ़ती ताकत का मुकाबला करने के लिए अपने गठबंधनों पर फिर से ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रहा है। हैरिस इस क्षेत्र की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। वह जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के अंतिम संस्कार में शामिल हुई थीं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि वह क्षेत्र में अमेरिकी विदेश नीति को त्रिपक्षीय संबंधों के संदर्भ में देखती हैं जिसमें अमेरिका, जापान और कोरिया दक्षिण, सभी एकसाथ मिलकर काम कर रहे हैं।

प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर निजी बातचीत के बारे में बताया कि हैरिस ने दक्षिण कोरियाई और जापानी नेताओं के साथ अपनी बैठकों के दौरान उनके अपनी बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## प्रदर्शनकारियों पर अनुचित बल प्रयोग से बचे ईरानः संयुक्त राष्ट्र

**दुबई।** ईरान में पुलिस हिरासत में एक युवती की मौत के बाद फैली अशांति के बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने बुधवार को इस देश के अधिकारियों से प्रदर्शनकारियों के खिलाफ अनावश्यक और अनुचित बल प्रयोग से बचने को कहा है। गुतारेस ने एक प्रवक्ता के माध्यम से कहा कि अधिकारियों को 22 साल की महसा अमीनी की मौत के मामले में तेजी से निष्पक्ष जांच करानी चाहिए। इस घटना के बाद ईरान के सभी प्रांतों और देश की राजधानी में अशांति फैल गई है और प्रदर्शन हो रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने एक बयान में कहा, हम प्रदर्शन के दौरान महिलाओं और बच्चों समेत लोगों के हताहत होने के मामले बढ़ने की खबरों को लेकर अत्यंत चिंतित हैं। उन्होंने कहा, हमारा जोर महसा अमीनी की मौत के मामले में किसी स्वतंत्र सक्षम प्राधिकार से त्वरित, निष्पक्ष और प्रभावी जांच कराने पर है।




ईरान में पुलिस हिरासत में हुई महसा अमीनि नामक युवती के मौत के विरोध में स्पेन में ईरान के दूतावास के बाहर प्रदर्शन करती महिलाएं

## टाइम की 100नेक्स्ट सूची में आकाश अंबानी शामिल

न्यूयॉर्क। रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी को टाइम पत्रिका ने टाइम100 नेक्स्ट की सूची में शामिल किया है। वह इस सूची में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। हालांकि, सूची में सोशल मीडिया मंच ओनलीफैन्स की भारतीय मूल की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आम्रपाली गन को भी स्थान दिया गया है। उल्लेखनीय है कि टाइम100 नेक्स्ट सूची विश्व के सबसे शक्तिशाली लोगों को दर्शाने वाली टाइम100 की सूची से प्रेरित है। टाइम100 नेक्स्ट में उद्योगों और दुनिया भर के ऐसे 100 उभरते सितारों को स्थान दिया जाता है, जो दुनिया को बेहतर करने और भविष्य को परिभाषित करने के असाधारण प्रयास करते है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी और रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक चेयरपर्सन नीता अंबानी के पुत्र आकाश को लीडर श्रेणी के तहत सूची में शामिल किया गया है। तीस वर्षीय आकाश को इस साल जून में भारत की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी जियो के चेयरमैन के रूप में पदोन्नत किया गया था। कंपनी के 42.6 करोड़ से अधिक ग्राहक हैं। इसके अलावा अमेरिका की गायिका एसजेडए, अभिनेत्री सिडनी स्वीनी, बास्केटबॉल खिलाड़ी जा मोरेंट, स्पेन के टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज, अभिनेता और टेलीविजन हस्ती केके पामर और पर्यावरण कार्यकर्ता फरविजा फरहान भी इस सूची में शामिल हैं।

## चावल टुकड़े के निर्यात के लिए समयसीमा बढ़ाकर 15 अक्टूबर की गई

नई दिल्ली। सरकार ने निर्यात प्रक्रिया में जा चुके चावल टुकड़े के लिए अंतिम समयसीमा फिर से 15 दिन के लिए बढ़ा दी है। अब यह समयसीमा 15 अक्टूबर हो गई है। चावल टुकड़े के निर्यात पर आठ सितंबर को प्रतिबंध लगाया गया था हालांकि, नौ से 15 सितंबर के बीच कुछेक खेप के निर्यात की मंजूरी दी गई थी। 20 सितंबर को निर्यात की तारीख बढ़ाकर 30 सितंबर कर दी गई थी।

# पोटाश आयात के लिए तीन उर्वरक कंपनियों का कनाडा की कैनपोटेक्स के साथ करार

**भाषा।** नई दिल्ली

**कोरोमंडल** इंटरनेशनल, चंबल फर्टिलाइजर्स और इंडियन पोटाश लिमिटेड ने कनाडा की कैनपोटेक्स के साथ समझौता किया है। यह समझौता तीन साल के लिए सालाना 15 लाख टन पोटाश के आयात को लेकर किया गया है। कनाडा की कैनपोटेक्स वैश्विक स्तर पर पोटाश के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ताओं में से एक है और सालाना लगभग 130 लाख टन उत्पाद का निर्यात करती है। पोटाश, पोटेशियम का स्रोत है और उसे एमओपी के रूप में सीधा उपयोग किया जाता है। इसके अलावा एनपीके उर्वरकों में भी इसका एन और पी पोषक तत्वों के संयोजन के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। भारत अपनी पोटाश की शत-प्रतिशत आवश्यकता आयात से पूरा करता है। देश हर वर्ष लगभग 40 लाख टन एमओपी का आयात करता है। रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि किसान समुदाय को लंबे समय तक उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। मंत्रालय ने कहा, भारत की उर्वरक कंपनियों...... कोरोमंडल इंटरनेशनल, चम्बल फर्टिलाइजर और इंडियन पोटाश लिमिटेड ने मंगलवार को कनाडा की कैनपोटेक्स के साथ एक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने भारतीय किसानों को एमओपी की आपूर्ति के लिए कंपनियों के बीच दीर्घकालिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाने की सराहना की।

### एसबीआई की पूर्व प्रमुख ने कहा, देश में इतने सरकारी बैंकों की जरूरत नहीं

नई दिल्ली, 28 सितंबर (भाषा) भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की पूर्व प्रमुख अरुंधति भट्टाचार्य का कहना है कि देश को कम लेकिन मजबूत सार्वजनिक बैंकों (पीएसबी) की जरूरत है और छोटे सरकारी बैंको का निजीकरण या विलय किया जा सकता है। भट्टाचार्य ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण के जरिए जिन लक्ष्यों को हासिल करने की उम्मीद है, वे वास्तव में सरकारी बैंकों को सक्षम करके प्राप्त किए जा सकते है। उन्होंने रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव के सुझाव पर एक सवाल का जवाब देते हुए पीटीआई-भाषा से कहा, निजीकरण कभी भी सभी समस्याओं का हल नही रहा है। सुब्बाराव ने दरअसल सरकार को सभी सरकारी बैंकों के निजीकरण के लिए 10 साल की रूपरेखा तैयार करने का सुझाव दिया था। वही, भट्टाचार्य ने कहा, मुझे नही लगता है कि हमे इतने सारे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की जरूरत है। सरकारी बैंकों की संख्या कम हो सकती है। सेल्सफोर्स इंडिया की चेयरपर्सन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी भट्टाचार्य ने कहा, कुछ सरकारी बैंको का निजीकरण किया जा सकता है और सार्वजनिक क्षेत्र के मजबूत बैंक अभी भी बने रह सकते है।

## इसाक डार बने पाकिस्तान के नए वित्त मंत्री

**इस्लामाबाद।** इसाक डार ने बुधवार को पाकिस्तान के नए वित्त मंत्री के रूप में शपथ ली। वह चौथी बार देश के वित्त मंत्री बने हैं। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने यहां एक समारोह में डार (72) को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी मौजूद थे। पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) के सीनेटर डार भ्रष्टाचार के मामले में आरोप लगने के बाद 2017 से स्वनिर्वासन में थे। उन्हें कल ही पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के भारी विरोध के बीच सीनेटर के रूप में शपथ दिलाई गई थी। पूर्व वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल के हटने के बाद डार को इस पद पर लाया गया है। रविवार को लंदन में एक बैठक के दौरान पीएमएल-एन प्रमुख नवाज शरीफ और शहबाज शरीफ ने डार को वित्त मंत्री के रूप में नामजद किया था। डार इससे पहले तीन बार वित्त मंत्री रह चुके हैं।

# तेल कीमतों में तेजी भारत की कमर तोड़ रही हैः जयशंकर

**भाषा।** वाशिंगटन

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण कच्चे तेल की कीमत में तेजी से भारत चिंतित है और यह हमारी कमर तोड़ रही है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ द्विपक्षीय बातचीत के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने मंगलवार को कहा कि विकासशील देशों के बीच ऊर्जा जरूरतों के समाधान को लेकर काफी चिंता है।यूक्रेन युद्ध के बारे में उन्होंने कहा, हमने निजी तौर पर, सार्वजनिक और लगातार यह कहा है कि यह झड़प किसी के हित में नहीं है।

रूस से आने वाले तेल की कीमत सीमा तय किए जाने की जी-7 देशों की पहल के बारे में पूछे जाने पर जयशंकर ने कहा, हम तेल के दाम को लेकर काफी चिंतित हैं। हालांकि, हमारी अर्थव्यवस्था 2,000 डॉलर प्रति व्यक्ति की है, लेकिन जब तेल की कीमत हमारी कमर तोड़ रही है, तब यह हमारे लिए बड़ी चिंता की बात है। विदेश मंत्री ने कहा, पूर्व में जब भी हम कुछ योगदान करने में सक्षम थे, हम उसके लिए तैयार रहे। इस समय कुछ मुद्दे हैं। उन्होंने कहा, आपको यह समझना होगा कि पिछले कुछ महीनों से ऊर्जा बाजार पहले से ही काफी दबाव में हैं। वैश्विक स्तर पर विकासशील और अल्पविकसित देशों के लिए न केवल बढ़ती कीमतों को लेकर बल्कि उपलब्धता के मामले में भी सीमित ऊर्जा के लिए प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल हो गया है। जयशंकर ने कहा, अभी हमारी चिंता यह है कि ऊर्जा बाजार पहले से ही दबाव में है, यह कम होना चाहिए। हम किसी भी स्थिति का स्पष्ट रूप से मूल्यांकन करेंगे कि यह वैश्विक स्तर पर दक्षिण (विकासशील और अल्पविकसित देश) में हमें और अन्य देशों को कैसे प्रभावित करता है। विकासशील देशों के बीच ऊर्जा सुरक्षा की जरूरत के समाधान को लेकर काफी चिंता है। भारत का रूस से तेल आयात अप्रैल से 50 गुना से अधिक बढ़ा है और अब विदेशों से लिए जाने वाले कुल तेल में इसकी हिस्सेदारी 10 प्रतिशत हो गई है। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत के आयातित तेल में रूस की हिस्सेदारी केवल 0.2 प्रतिशत थी।

भारत के रूस से सैन्य उपकरण खरीदे जाने के बारे में पूछे जाने पर विदेश मंत्री ने कहा, हम कहां से अपने सैन्य उपकण प्राप्त करते हैं, वह कोई मुद्दा नहीं है। यह एक नया मुद्दा बन गया है जो विशेष रूप से भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण है। उन्होंने कहा, हम दुनियाभर में संभावना देखते हैं। हम प्रौद्योगिकी की गुणवत्ता, क्षमताओं की गुणवत्ता और उन शर्तों को देखते हैं जिनपर विशेष उपकरण पेश किए जाते हैं।

# सेंसेक्स 509 अंक टूटकर 57,000 अंक से नीचे फिसला

**भाषा।** मुंबई



**घरेलू** शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला बुधवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 509 अंक से अधिक लुढ़क कर 57,000 अंक के नीचे बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच धातु, बैंक और वित्तीय शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। कारोबारियों के अनुसार डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट और लगातार पूंजी निकासी से भी बाजार धारण प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 509.24 अंक यानी 0.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ 56,598.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 621.85 अंक तक नीचे आ गया था। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 148.80 अंक यानी 0.87 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,858.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से आईटीसी सबसे ज्यादा 2.97 प्रतिशत नीचे आया। इसके अलावा एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी लि. और एचडीएफसी बैंक भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, सन फार्मा, डॉ. रेड्डीज और पावरग्रिड शामिल हैं।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, वैश्विक शेयर बाजारों की तरह घरेलू बाजार नुकसान में रहे। दुनिया भर के बाजारों में विकसित देशों में आर्थिक मंदी की आशंका को लेकर उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। इसका असर निवेशकों की धारणा पर पड़ रहा है। घरेलू स्तर पर हाल के सत्रों में एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशकों) की आक्रामक रूप से बिकवाली, भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक और बृहस्पतिवार को वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों के निपटान के आखिरी दिन से निवेशक सतर्क रुख अपनाए हुए हैं। उन्होंने कहा, निफ्टी को 17,000 के आसपास समर्थन था लेकिन अब वह नीचे आ गया है। निकट भविष्य में बाजार में दबाव बना रह सकता है। हालांकि विभिन्न क्षेत्रों में मिले-जुले रुख को देखते हुए त्योहार आने के साथ खासकर वाहन, खपत जैसे क्षेत्रों में शेयर आधारित अवसर उपलब्ध होंगे।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक स्तर पर मंदी को लेकर चिंता के बीच घरेलू बाजार में ऊंचे मूल्य को लेकर निवेशक आशंकित हैं। वहीं विदेशी निवेशक निवेश के लिए सुरक्षित जगह की तलाश में उभरते बाजारों से निकल रहे हैं। उन्होंने कहा, हालांकि, घरेलू अर्थव्यवस्था में मजबूत बुनियाद के साथ तेजी है, लेकिन वैश्विक स्तर पर मंदी को लेकर चिंता बढ़ने से शेयर बाजार में जोखिम लेने से निवेशक बच रहे हैं। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार में मंगलवार को मिला-जुला रुख रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.08 प्रतिशत घटकर 86.20 डॉलर प्रति बैरल रहा। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 40 पैसे टूटकर 81.93 पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 2,823.96 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

## भारत को 2030 तक ईवी लिथियम आयन बैटरी के लिए 10 अरब डॉलर के निवेश की जरूरत : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत को वर्ष 2030 तक इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए लिथियम आयन बैटरी की घरेलू मांग को पूरा करने के लिए लगभग 10 अरब डॉलर के निवेश की जरूरत होगी। प्रबंधन परामर्श कंपनी आर्थर डी लिटिल की रिपोर्ट के अनुसार, इस मांग को पूरा करने के लिए सेल विनिर्माण और कच्चे माल के शोधन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। भारत में लिथियम-आयन बैटरी की मांग वर्तमान में तीन गीगावॉट घंटा (जीडब्ल्यूएच) है और इसके 2026 तक 20 और 2030 तक 70 गीगावॉट घंटा तक बढ़ने की संभावना है। खान मंत्रालय की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया कि वर्तमान में भारत अपनी लिथियम-आयन बैटरी की आवश्यकता का लगभग 70 प्रतिशत चीन और हांगकांग से आयात करता है। रिपोर्ट में कहा गया, वर्ष 2030 तक लिथियम-आयन बैटरी की स्थानीय मांग को पूरा करने के लिए भारत को कच्चे माल की शोधन क्षमताओं में अतिरिक्त निवेश के साथ सेल विनिर्माण क्षमता में अनुमानित 10 अरब डॉलर के निवेश की जरूरत होगी। रिपोर्ट के अनुसार, इस निवेश से बैटरी विनिर्माण और संबंधित सहायक व्यवसायों और सेवाओं में दस लाख या उससे अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगी।

## चीन का युआन 14 साल के सबसे निचले स्तर पर

**बीजिंग।** चीन के केंद्रीय बैंक द्वारा घरेलू मुद्रा में गिरावट को रोकने के प्रयासों के बावजूद बुधवार को डॉलर के मुकाबले युआन गिरकर 14 साल के निचले स्तर पर आ गया। अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि के बाद ऊंचे रिटर्न की संभावना ने निवेशकों को अपनी मुद्राओं को डॉलर में बदलने के लिए प्रेरित किया है। युआन की विनिमय दर में कमजोरी से चीनी निर्यातकों को विदेशों में अपना सामान सस्ते में भेजने में मदद मिलती है। लेकिन इसके कारण अर्थव्यवस्था से पूंजी की निकासी भी होती है। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले युआन गिरकर 7.2301 प्रति डॉलर पर आ गया, जो जनवरी 2008 के बाद से इसका सबसे निचला स्तर है।

## भारत का ब्रिटेन से आयातित 22 वस्तुओं पर जवाबी शुल्क लगाने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** भारत ने ब्रिटेन से आयातित व्हिस्की, चीज और डीजल इंजन कल-पुर्जों समेत 22 उत्पादों पर 15 प्रतिशत अतिरिक्त सीमा शुल्क लगाने का प्रस्ताव किया है। ब्रिटेन के स्टील उत्पादों पर पाबंदी लगाए जाने के निर्णय के बाद यह कदम उठाया गया है। भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) को भेजी सूचना में कहा कि अनुमान के अनुसार ब्रिटेन के स्टील उत्पादों को लेकर रक्षोपाय उपायों के परिणामस्वरूप निर्यात में 2,19,000 टन की गिरावट आएगी। इसपर शुल्क संग्रह 24.77 करोड़ डॉलर बैठता है। इसमें कहा गया है कि उसी के अनुसार भारत ने दी गई रियायतों को निलंबित करने का प्रस्ताव किया है। इससे भारत को ब्रिटेन से आने वाले उत्पादों पर उतनी राशि सीमा शुल्क के रूप में प्राप्त होगी। सूचना के अनुसार, भारत ने डब्ल्यूटीओ की वस्तु व्यापार परिषद को अधिसूचित किया है कि शुल्क और व्यापार पर सामान्य समझौते 1994 तथा रक्षोपाय समझौते के तहत छूट या अन्य बाध्यताओं को उसने निलंबित कर दिया है।

## बीसलपुर को जिला बनाने की मांग का मामला

# भाजपा के दो विधायक आए आमने-सामने

**भाषा।** शाहजहांपुर

**पीलीभीत** जिले की बीसलपुर तहसील और शाहजहांपुर की पुवायां तहसील को शामिल करके जिला बनाने की मांग को लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो विधायक आमने-सामने आ गए हैं।

बीसलपुर क्षेत्र के भाजपा विधायक विवेक वर्मा ने बीसलपुर तहसील और शाहजहांपुर की पुवायां तथा आसपास के कुछ क्षेत्रों को जोड़कर नया जिला बनाने के सिलसिले में विधानसभा में याचिका दाखिल की है जबकि पुवायां क्षेत्र से भाजपा विधायक चेतराम वर्मा ने इसका विरोध करते हुए कहा है कि विवेक वर्मा को नया जिला बनाने की पहल करने के बजाए अपने क्षेत्र के विकास पर ध्यान देना चाहिए। पुवायां क्षेत्र से भाजपा विधायक चेतराम वर्मा ने बुधवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि बीसलपुर से भाजपा विधायक विवेक वर्मा द्वारा विधानसभा में एक याचिका डाली गई है, जिसमें शाहजहांपुर जिले की तहसील पुवायां और आसपास के कुछ क्षेत्रों को शामिल करते हुए बीसलपुर को जिला बनाने की मांग की गई है। पुवायां के जनमानस में इसे लेकर भ्रम एवं आक्रोश व्याप्त है।चेतराम ने बताया कि उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी 23 सितंबर को एक पत्र भेजकर बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा द्वारा बीसलपुर को जिला बनाने की मांग की याचिका का संज्ञान नहीं लेने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि पुवायां तहसील प्रगतिशील क्षेत्र है जिसमें चार विकासखंड हैं। अगर जिला ही बनाना है तो पुवायां को जिला बनाकर बीसलपुर को उसमें जोड़ दिया जाए। चेतराम ने कहा कि बीसलपुर क्षेत्र से विधायक विवेक वर्मा को जिला बनवाने की बजाए अपने क्षेत्र में विकास कार्यों पर ध्यान देना चाहिए। वहीं, बीसलपुर क्षेत्र से भाजपा विधायक विवेक वर्मा ने बताया कि उन्होंने बीसलपुर को जिला बनाने का अनुरोध करते हुए इस संबंध में याचिका विधानसभा अध्यक्ष को दी है जिसे उन्होंने स्वीकार करते हुए जिला प्रशासन से विवरण मांगा है। पुवायां क्षेत्र के विधायक चेतराम वर्मा द्वारा उनकी याचिका का विरोध करने के सवाल पर विवेक ने कहा कि हर अच्छे काम का विरोध तो होता ही है। वह पूरा प्रयास कर रहे हैं कि बीसलपुर को जिला बना दिया जाए।

**शाहजहांपुर में संदिग्ध हालात में घर से नवजात बच्ची गायब, तलाश जारी:** शाहजहांपुर (उत्तर प्रदेश), 28 सितंबर (भाषा) शाहजहांपुर जिले में तीन दिन की नवजात बच्ची घर से कथित रूप से गायब हो गई। पुलिस तथा वन विभाग की टीम उसकी तलाश में जुटी हैं। जिला वन अधिकारी प्रखर गुप्ता ने बुधवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि अल्लाहगंज थाना क्षेत्र के मुंडिया कला गांव में रहने वाले विंद पाल की पत्नी शांति देवी ने तीन दिन पहले एक नवजात बच्ची को जन्म दिया था। आज सुबह जब बच्ची घर में अपनी मां के पास सोई थी तभी वह संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। इस पर मामले की थाना अल्लाहगंज में लिखित रूप से शिकायत दी गई। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने अंदेशा व्यक्त किया है कि कोई जंगली जीव घर के पास पीपल के पेड़ पर रहता है वही बच्ची को उठा ले गया। इसके बाद वन विभाग की एक टीम बुलाई गई जिसने पीपल के पेड़ के अलावा आसपास के क्षेत्र में बच्ची की तलाश शुरू की है लेकिन अब तक बच्ची का कुछ पता नहीं लगा है। अल्लाहगंज थाने के प्रभारी प्रदीप शेरावत ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद पुलिस की टीम गांव में भेजी गई थी। पुलिस बच्चे की तलाश कर रही है। हो सकता है कि कोई जंगली जीव बच्चे को उठा ले गया हो, इसीलिए वन विभाग की टीम भी बच्चे की तलाश के लिए लगाई गई है।

## सपा विधायक नाहीद हसन चित्रकूट जिला जेल स्थानांतरित

**मुजफ्फरनगर।** कैराना सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक नाहीद हसन को मुजफ्फरनगर से चित्रकूट जिला कारागार स्थानांतरित कर दिया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कारागार अधीक्षक सीताराम शर्मा ने बुधवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि सपा विधायक हसन को मंगलवार रात सरकार की अनुमति से कड़ी सुरक्षा के बीच मुजफ्फरनगर से चित्रकूट जिला कारागार स्थानांतरित किया गया। गैंगस्टर अधिनियम के तहत 15 जनवरी को गिरफ्तार किए गए नाहीद हसन तभी से मुजफ्फरनगर जिला कारागार में थे और वहीं से समाजवादी पार्टी उम्मीदवार के तौर पर चुनाव जीते थे।

## आरेडिका में संगोष्ठी का आयोजन



**रायबरेली।** रेलवे बोर्ड एवं महाप्रबंधक आरेडिका श्री एसण् एसण् कलसी के निर्देषानुसारए आरेडिका में आज ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन सतर्कता विभाग द्वारा किया गया । मुख्य वक्ता के रूप में श्रीनिवास मलाडी, निदेशक सतर्कता (इंजीनियरिंग) रेलवे बोर्ड के द्वारा उक्त विषय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।संगोष्ठी में महाप्रबंधक महोदय के साथ.साथ सभी विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्षए विभागाध्यक्षए संबंधित विभाग के उप विभागाध्यक्ष एवं अन्य हितधारक शामिल हुये एवं जानकारी प्राप्त की जो निश्चित तौर पर पारदर्शी तरीके से कार्य करने एवं कार्य दक्षता को बढ़ाने में मद्दगार साबित होगा। इस अवसर पर महाप्रबंधकए महोदय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आशा कि इस प्रकार के आयोजन समय समय पर किये जाने चाहिए जिससे संगठन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्य दक्षता में सुधार होगा और कार्य करने की पद्धति में पारदर्षिता आयेगी।मुख्य सतर्कता अधिकारी मनोज कुमार आग्रवाल ने महाप्रबंधकए मुख्य वक्ता श्रीनिवास मलाडी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण के साथ.साथ अन्य सभी संबंधितों को कार्यक्रम को प्रायोजित करने में सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया।

## चण्डीगढ़ एयरपोर्ट का नाम सरदार भगतसिंह के नाम पर करने पर सभी ने उसका स्वागत किया

**वाराणसी।** भाजपा काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष पिछडा वर्ग मोर्चा अनुप जायसवाल के नेतृत्व में' लहुराबीर स्थित आजाद पार्क में भगत सिंह जी का जन्मदिवस मनाया गया।कार्यक्रम के मुख्यातिथि भाजपा काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष अशोक चौरसिया थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगत सिंह जी के 115वीं जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण पुष्पाजंलि अर्पित कर तिलक लगाकर नमन् किया। सभा में वक्ताओं ने देश के प्रति उनके दिए गए योगदान को याद करते हुए उनके स्मृति में चण्डीगढ़ एयरपोर्ट का नाम सरदार भगतसिंह के नाम पर करने पर सभी ने उसका स्वागत किया।उनके बताए गए मार्ग पर चलने के लिए देश के युवाओं से आवाहन किया तथा केन्द्र व प्रदेश सरकार से लहुराबीर स्थित पार्क में तीनों बलिदानियों संचालन पूर्व पार्षद गिरीश श्रीवास्तव ,धन्यवाद धीरेन्द्र शर्मा ने' किया। भगतसिंह,राजगुरु,सुखदेव जी की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्षद मदन दूबे,दिनेश कालरा,शोभनाथ मौर्य,छेदीलाल वर्मा,कन्हैया सेठ,शंकर जायसवाल,विनय जायसवाल,सतीश वर्मा,शैलेन्द्र श्रीवास्तव,मनीष चौरसिया,मंगलेश जायसवाल,श्रवण गुप्ता,शेखर जायसवाल,जयकिशन जायसवाल,प्रदीप जायसवाल,धरमचंद,प्रदीप जायसवाल आदि अनेकों लोग उपस्थित थे।

## डर्बी शायर क्लब ने भारतरत्न स्व0 लता की 93वीं जन्मदिन पर दी श्रद्धांजलि



**वाराणसी।** पितरकुंडा त्रिमुहानी पर बुधवार को डर्बी शायर क्लब के कार्यकर्ताओं ने महान स्वर कोकिला एवं भारतरत्न स्व0 लता मंगेशकर की 93वॉ जन्मदिन के अवसर राह चलते स्कूली बच्चे, बुर्जुगों आदि को फल वितरित किया। कार्यक्रम का नेतृत्व क्लब के अध्यक्ष शकील अहमद 'जादूगर' ने किया। इस अवसर पर श्री शकील ने कहा कि बचपन से ही लता दीदी ने अपने पिता से संगीत की शिक्षा लेना शुरू कर दिया था आगे पार्श्व गायिकी के रूप महारत हासिल की और ने उन्हें देश ने भारतरत्न से सम्मानित किया था। स्व0 लतादी पीएम मोदी को अपना भाई मानती थी और मोदी उनके जन्मदिन पर घर जाकर जरूर जन्मदिन की बधाई देते थे।अंत में शकील ने कहा कि आज लतादी हमारे बीच नहीं हैं मगर उनकी आवाज अमर होकर हमेशा हमारे कानों में गूंजती रहेगी। कार्यक्रम में सुनील कुमार, बल्ले शर्मा, अकरम,मुस्तफा, शकीब, असरफ अली, हाजी असलम, हैदर मौलाई, पारस जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहें।

# पूर्व विधानपरिषद सदस्य हाजी इकबाल की करोड़ों की सम्पत्ति की गई कुर्क

**सहारनपुर।** सहारनपुर जिले के कथित खनन माफिया और पूर्व विधानपरिषद सदस्य एवं 50 हजार रूपए के इनामी हाजी इकबाल की करीब दो सौ करोड़ से ज्यादा की सम्पति पुलिस ने कुर्क कर ली। इस कार्यवाही के दौरान भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा।

सहारनपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन टाडा ने बताया कि बुधवार को पुलिस बल और राजस्व विभाग की टीम ने मिर्जापुर में फरार हाजी इकबाल की आलीशान कोठी के साथ साथ सहारनपुर जिले में अलग अलग स्थानों पर 203 करोड़ रुपए की उनकी चल-अचल सम्पति को कुर्क कर लिया। टाडा ने बताया कि कुछ दिन पहले ही हाजी इकबाल की 148 सम्पतियों को चिन्हित किया गया था तथा मिर्जापुर में गैंगस्टर अधिनियम की धारा मे वांछित हाजी इकबाल एवं उनके अन्य साथियों के विरूद्ध जिला मजिस्ट्रेट ने जब्तीकरण का आदेश जारी किया। उनके अनुसार इस आदेश के तहत यह जब्तीकरण की कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि मंगलवार को हाजी इकबाल और उनके परिवार एवं साथियों के विरूद्ध पुलिस ने एक रिपोर्ट तैयार की जिसमें यह जिक्र था कि लगभग 148 सम्पतियां अवैध खनन से खरीदी गईं और ए हाजी इकबाल के नाम या बेनामी थीं। उनके मुताबिक यह रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी गई थी। एसएसपी ने बताया कि जो 148 सम्पतियां जब्त की गई हैं, उनका बाजार मूल्य करीब 203 करोड रुपए है। टाडा ने बताया कि हाजी इकबाल और इनके साथियों की जो अन्य सम्पतियां हैं उनकी भी जांच की जा रही है। उनके अनुसार आने वाले समय में अवैध ढंग से अर्जित की गई सम्पति के विरूद जब्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी। एसएसपी ने बताया कि हाजी इकबाल अभी फरार हैं, जबकि उनके भाई और तीन पुत्रों को गिरफतार किया जा चुका है। अधिकारी के अनुसार हाजी इकबाल की गिरफतारी के लिए पुलिस की कई टीम लगातार काम कर रही हैं।

## दर्शनार्थी की मौत

**विन्ध्याचल,** मीरजापुर। आज थाना विंध्याचल क्षेत्र अंतर्गत राम सेवक पुत्र स्व0 राम प्रसाद रैदास उम्र लगभग 50 वर्षए निवासी लालपुर दिविया पोस्ट. जामो गौरीगंजए जनपद अमेठी का बरतर तिराहे पर हाथ में दर्द हुईए जानकारी होने पर स्थानीय पुलिस कर्मियों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विंध्याचल में तत्काल भर्ती कराया गयाए जहां पर चिकित्सकों के द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों द्वारा बताया गया कि दो बोलोरो गाड़ी से लगभग 20 दर्शनार्थी दर्शन करने आए थेए दर्शन करने के बाद लोग बरतर पर इकट्ठा हुए थेए जहां पर उनके हाथ में दर्द होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गयाए वहां पहुंचने पर डाक्टरों के द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। थाना विंध्याचल पुलिस द्वारा मृतक के शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। इस बात की जानकारी अपर जिलाधिकारी ;वि0रा0द्ध मीरजापुर शिव प्रताप शुक्ला ने दी।

# ट्रक की टक्कर से पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली दो लोगों की मौत

## 34 जख्मी, कई गंभीर

**बाराबंकी।** बाराबंकी जिले के रामसनेहीघाट क्षेत्र में बुधवार सुबह ट्रक की टक्कर लगने से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली सवार दो लोगों की मौत हो गई तथा 34 अन्य जख्मी हो गए। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि रामसनेहीघाट क्षेत्र के कटका गांव निवासी करीब 40 लोग एक मांगलिक कार्यक्रम में शिरकत के बाद लंबौआ गांव से बुधवार सुबह ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार होकर वापस लौट रहे थे। रास्ते में अयोध्या-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोटवा सड़क के पास लखनऊ की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। सूत्रों ने बताया कि चीख-पुकार सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीधा करके घायलों को बाहर निकलवाया। पुलिस उपाधीक्षक रघुवीर सिंह ने बताया कि हादसे में मालती देवी (55) और सुवि (पांच) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे में घायल 34 अन्य लोगों का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। गंभीर रूप से घायल छह लोगों को लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया है।

**छत गिरने से दो मजदूरों की मौत:** बिजनौर। बिजनौर जिले के नांगल थानाक्षेत्र में मकान की छत तोड़ते समय उसके गिर जाने से उसके नीचे दबकर दो मजदूरों की मौत हो गई। बुधवार को शहजादपुर गांव में मुफीद के पुराने मकान की छत तोड़ते समय गिर गई और इस काम में लगे मजदूर वकील (40) और मोनू (25) मलबे के नीचे दबकर घायल हो गए।

## आकर्षक सुविधा की पेशकश

**वाराणसी।** लोगों के लिए हमेशा से विशेष सुविधा के लिए विख्यात ट्रांसियन इंडिया के प्रीमियम स्मार्टफोन ब्रांड टेक्नो मोबाइल ने एक बार फिर से टेक्नो पॉप सिक्स प्रो के जरिए सब आठ के सेगमेंट में धमाकेदार एंट्री की है कंपनी ने इस सेगमेंट में अग्रेसिव प्राइस रेंज में टेक्नो पॉप सिक्स प्रो को 6099 रुपये की कीमत में लॉन्च किया है भारत प्राथमिकता वाला बाजार है जहां हर तिमाही लाखों उपभोक्ता अपना पहला स्मार्टफोन खरीदते हैं टेक्नो अपनी पॉप सीरीज के जरिए एंट्री लेवल सेगमेंट में बेहतर स्पेसिफिक्रेशंस कैमरा कैपेबिलिटी, रिलायबल बैटरी और बड़े डिस्प्ले वाले स्मार्टफोन को अग्रेसिव प्राइस में पेश कर रहा है।

**भक्तों ने किया दर्शन पूजन**

सकलडीहाध्चन्दौली । कस्बा के दुर्गा पूजा सेवा समिति की ओर से शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन बुधवार को मां चन्द्रघंटा की आकर्षक झांकी सजायी गयी। शाम को झांकी के दर्शन के लिये महिला पुरूष और बच्चों ने मां की जयकारा लगाते हुए दर्शन पूजन किया। इस दौरान लोगों ने देर रात तक प्रसाद ग्रहण करने के बाद रामलीला का आनंद उठाया। सुबह से लेकर देर रात तक मंदिर में घंटा बजता रहा।

# विंध्याचल नवरात्रि मेले के 15 किमी क्षेत्र में धूम्रपान पर पाबंदी

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर जिला प्रशासन ने विंध्याचल नवरात्रि मेले के करीब 15 किलोमीटर क्षेत्र में धूम्रपान और तंबाकू के सेवन पर प्रतिबंध लगा दिया है। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने इस संबंध में निषेधाज्ञा जारी की है।जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्र सरकार के तंबाकू नियंत्रण कानून के प्रावधानों के तहत मेला क्षेत्र को धूम्रपान और तंबाकू मुक्त घोषित किया गया है। उनके अनुसार मेला क्षेत्र में आने वाले लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि इस आदेश का उल्लंघन करते पाए जाने पर व्यक्ति के खिलाफ कानून के मुताबिक कार्वाई की जाएगी। केंद्र सरकार ने 2004 में एक समग्र तंबाकू नियंत्रण कानून- सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 (विज्ञापन निषेध एवं व्यापार एवं वाणिज्य, उत्पादन, आपूर्ति एवं वितरण नियमन) लागू किया था जिससे तंबाकू के उपयोग को हतोत्साहित किया जा सके। वार्षिक नवरात्रि मेला यहां 25 सितंबर को शुरू हुआ जो चार अक्टूबर तक चलेगा। देशभर से लोग यहां विंध्यवासिनी मां का दर्शन पूजन करने और मुंडन संस्कार कराने आते हैं।

# सोई हुई भाजपा सरकार को जगाने का प्रयास दिल्ली तक करेंगे: नीरज कुंदन

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि के खिलाफ आंदोलन में शामिल होने बुधवार को यहां आए भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन ने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार सत्ता के नशे में सोई हुई है और इसे जगाने के प्रयास वह प्रयागराज से दिल्ली तक करेंगे। यहां आंदोलनरत छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कुंदन ने कहा, सत्ता के ओवरडोज से यह सरकार गहरी नींद में है। सरकार फीस बढ़ाकर चाहती है कि किसी गरीब, मजदूर और पिछड़े का बेटा उच्च शिक्षा हासिल न कर ले। उन्होंने कहा, भाजपा और आरएसएस के राष्ट्रवाद में गरीबों से शिक्षा का हक छीना जा रहा है। जियो विश्वविद्यालय की एक ईंट तक नहीं लगी, उसकी बिल्डिंग तक नहीं बनी, लेकिन उसको यह सरकार मान्यता दे देती है। जिस तरह से एक-एक कर सबकुछ बेचा जा रहा है, उसी तरह से हमारे सरकारी विश्वविद्यालयों को भी सरकार बेचना चाहती है। कुंदन ने कहा, सरकार ने हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशन आदि बेच दिए, अगला निशाना विश्वविद्यालय है। पिछले आठ सालों में अगर किसी का विकास हुआ है तो इन उद्योगपतियों का विकास हुआ है। अडानी, अंबानी का विकास हुआ है। आज अडानी विश्व का दूसरा सबसे अमीर व्यक्ति बन चुका है। इससे पूर्व, छात्राओं ने सभा को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय में विभिन्न मूलभूत सुविधाओं की कमी के चलते आ रही समस्याएं गिनाईं।बीए की छात्रा रजनी ने कहा, जब इस विश्वविद्यालय को पहली महिला कुलपति मिलीं तो हमने सोचा कि वह एक नया इतिहास रचेंगी। लेकिन उन्होंने तो 300 प्रतिशत फीस वृद्धि का इतिहास रच दिया। एक अन्य छात्रा रेनू पासवान ने कहा कि महिला छात्रावास में गंदगी का यह आलम है कि चलते फिरते मच्छर काटते हैं। एमए की छात्रा स्वाति सिंह ने कहा, विश्वविद्यालय में पीरियड (माहवारी) हो जाए तो पैड बदलने के लिए शौचालय नहीं है। शौचालय में ताले लगे हैं। छात्राएं कब से पिंक शौचालय की मांग करती रही हैं, लेकिन विश्वविद्यालय की कुलपति महिला होने के बावजूद वह महिलाओं की दिक्कत नहीं समझतीं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र पिछले 22 दिनों से फीस वृद्धि के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं और पिछले आठ दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हैं।

## अब चलते-फिरते बढ़ेगा कारवां

**कानपुर।** कारवां के साथ विभिन्न उद्योग मानदंडों को तोड़ने के बादए सारेगामा ने कारवां मोबाइल लॉन्च किया हैएजो एक उपयोगिता.आधारित उत्पाद है जो न केवल कार्यात्मक जरूरतों को पूरा करता है बल्कि साथ ही प्री.लोडेड गानों की एक अतिरिक्त सु अनसुना है कीपैड फोन बाजार। कारवां मोबाइल अब तक का पहला कीपैड मोबाइल है जिसमें प्री.लोडेड गाने, शक्तिशाली स्पीकरए लंबे समय तक चलने वाली बैटरी, डुअल सिमए एफएमए शक्तिशाली एलईडी टॉर्च और कई अन्य विशेषताएं हैं। जिस तरह कारवां ने प्री.लोडेड गानों के साथ अपने उपयोगकर्ताओं के लिए एक लीन.बैक सुनने का अनुभव बहाल किया, उसी तरह कारवां मोबाइल का लक्ष्य चलते.फिरते भी ऐसा ही करना है। यह उन सभी उपयोगकर्ताओं के लिए एक मोबाइल है जो अभी भी कीपैड फोन के अनुभव की कसम खाते हैं।

## महाराजा अग्रसेन पौराणिक महामानव थे-शिवशंकर

**वाराणसी।** अग्रकुल शिरोमणि श्री श्री 1008 महाराजा अग्रसेन की जयन्ती पर चल रहे सप्ताहव्यापी श्री काशी अग्रवाल समाज के अन्तर्गत बुधवार को अग्रसेन महाजनी महाविद्यालय, इ0 का0, चौखम्भा में श्री अग्रसेन जी महाराज के जीवन आदर्शों पर प्रकाश डालने हेतु एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता वल्लन दास अग्रवाल, चम्पालाल द्वारा की गयी। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में विचार व्यक्त करते हुये शिव शंकर दास अग्रवाल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन एक पौराणिक महामानव थे, जिनके सिद्धान्त आज के परिवेश में अत्यन्त प्रासंगिक हैं। मजबूत समाज के द्वारा ही समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र की कल्पना की जा सकती है। उन्होंने कहा कि आज अग्रवंश के लोग अपने प्रणेता के सिद्धान्त पर चल रहे हैं और देश के विकास में श्रेष्ठ सहयोग कर रहे हैं। इस अवसर पर अग्रसेन जयन्ती समारोह के संयोजक नीरज अग्रवाल, सह संयोजक आमोद कुमार अग्रवाल एवं संजीव अग्रवाल विद्यालय के प्रबन्धक पंकज अग्रवाल एल आई सी सहायक प्रबन्धक दिनेश कुमार अग्रवाल, सतीश भूषण अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, मनीष गुप्ता, श्रुति जैन, विनय अग्रवाल, कृष्ण मोहन अग्रवाल, राजेश अग्रवाल के अतिरिक्त समाज के प्रधानमंत्री सन्तोष अग्रवाल 'कर्णघण्टा' राकेश जैन, मंत्री समाज उपस्थित रहे। संगोष्ठी का संचालन राजकिशोर चन्द्र अग्रवाल एवं धन्यवाद प्रकाश विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 देवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया।

# देश के गद्दारों के खिलाफ मोर्चा खोलेगी भाअपा

### पीएफआई पर आजीवन प्रतिबंध की उठाई मांग कहा-समर्थकों की सारी संपत्ति जब्त कर जेल में ठूंसा जाए संगठन देश के अंदर हिंसा और नफरत फैलाना चाहता है

**पायनियर समाचार सेवा** ।वाराणसी




**वो** खूनी खेल खेलें, तो हम चुप रहें। वो मुल्क की बर्बादी का नारा लगाए तो हम चुप रहें, वो देश तोड़ने की साजिश को अंजाम दे तो हम चुप रहें। अब चुप्पी टूटेगी और देश के गद्दारों के खिलाफ अवाम सड़कों पर उतरेगी।भारतीय अवाम पार्टी ने मुंशी प्रेमचन्द स्मृति द्वार लमही पर पीएफआई का पुतला फूंककर देश की खिलाफत करने वालों को कड़ा संदेश दे दिया है। भारतीय अवाम पार्टी मुसलमानों के बीच गहरी पकड़ रखती है। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के महान आदर्शों पर चलने वाली भारतीय अवाम पार्टी ने स्पष्ट कर दिया कि किसी भी कीमत पर देश के साथ न समझौता करेंगे और न ही करने देंगे। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष नजमा परवीन के नेतृत्व में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्त्ताओं ने पीएफआई के खिलाफ प्रदर्शन किया और पीएफआई का पुतला फूंका। पार्टी के कार्यकर्त्ताओं ने तख्तियों पर लिखकर भारत द्रोहियों को संदेश दिया कि अब तुम्हारे खिलाफ भारत की अवाम उठ खड़ी होगी। तुमको देश के खिलाफ साजिश करने का जबाव दिया जाएगा। हर मुस्लिम मुहल्ले में पीएफआई के खिलाफ मोर्चा खोला जाएगा ताकि इनके पाप से मुस्लिम नवजवानों को बचाया जा सके। भारतीय अवाम पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष नजमा परवीन ने कहा कि भारत विरोधी ताकतें भारत को तोड़ना चाहती हैं और जब भी सरकार इनके खिलाफ कार्यवाई करती है तो ये मुसलमान की खोल में छुप जाते है और संविधान की दुहाई देते हैं। पीएफआई देश विरोधी संगठन है, इस पर तुरन्त लगाम लगाई जाए और इसके कार्यकर्त्ताओं की संपत्ति जब्त कर जेल में डाला जाए। पीएफआई मुस्लिम नवजवानों के मन में नफरत का बीज बो रही है, देश के हर हिस्से में संगठित और प्रशिक्षित आतंकी पैदा करना चाहती है। राष्ट्रवादी नेता इनके निशाने पर हैं, देशभक्त मुसलमानों को डराकर उनकी आवाज बंद करना चाहते हैं। पीएफआई देश के लिए खतरा बन चुका है। हर सुभाषवादी पीएफआई जैसे संगठनों की हर जगह मुखालफत करेगा और इनको मुंह तोड़ जबाव देगा। भारतीय अवाम पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश ने कहा कि पीएफआई पर 5 साल प्रतिबन्ध लगाने से कुछ नहीं होने वाला है, इस पर आजीवन प्रतिबन्ध लगाया जाए और इसमें शामिल सदस्यों के आधार कार्ड के साथ पासपोर्ट जब्त किया जाए, ताकि ये दूसरा संगठन न बना सकें। पहले सिमी था जब प्रतिबन्ध लगा तो पीएफआई बन गया, कल कोई दूसरा संगठन बनाकर देश तोड़ने की साजिश करेगा।पार्टी के प्रदेश महासचिव अजय सिंह ने कहा कि पीएफआई के नेता जेल में हैं, लेकिन उनके समर्थक बाहर हैं। अगर वो किसी तरह से देश के खिलाफ कोई काम करेंगे तो हम चुप नहीं बैठेंगे। देश के अंदर के गद्दारों से दोदृदो हाथ करने का वक्त आ गया है। पीएफआई के खिलाफ प्रदर्शन में राष्ट्रीय महासचिव डी0एन0 सिंह, प्रदेश जिला उपाध्यक्ष राजकुमार, अफसर बाबा, फिरोज अहमद, मो0 अजहरुद्दीन, मुस्ताक , जियाउद्दीन, अनीस अहमद, मो0 शाहिद, अवधेश यादव, सूरज चौधरी, राजेश कन्नौजिया, राजीव गिरी, नाजनीन अंसारी, पूनम, ममता, अंजु, अर्चना, धनेसरा, प्रभावति, पार्वती, उर्मिला, रीता, लालती, मैना देवी आदि लोगों ने भाग लिया।

## अयोध्या में होगा आदिपुरुष का ग्रैंड पोस्टर और टीजर लॉन्च

**अयोध्या।**आइकोनिक फिल्म तान्हाजीरू द अनसंग हीरो की सफलता के बाद दर्शक राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक ओम राउत की अलगी फिल्म के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहें हैं जोकि आदिपुरुष है। इस फिल्म की शानदार कास्ट की वजह से भी लोगों की इस फिल्म में खूब दिलचस्पी है। इस फिल्म में प्रभासए कृति सेननए सैफअली खान और सनी सिंह नजर आएंगे और डायरेक्टर ओम राउत की इस फिल्म ने शुरुआत से ही सभी का ध्यान खींचा है। ऐसे में अब एक लंबे इंतजार के बाद आखिरकार फिल्म के बहुप्रतीक्षित टीजर और पोस्टर से 2 अक्टूबर को भगवान राम की पवित्र भूमिए अयोध्याए उत्तर प्रदेश में सरयू नदी के तट पर पर्दा उठाया जाएगा। इस ग्रैंड इवेंट में निर्देशक ओम राउत और निर्माता भूषण कुमार के साथ सुपरस्टार प्रभास और कृति सेनन भी मौजूद रहेंगे। यह फिल्म रामायण के महाकाव्य पर आधारित हैए जो बुराई पर अच्छाई की जीत को दर्शाती है। ऐसे में उत्तर प्रदेश के अयोध्या में फिल्म के ग्रैंड इवेंट का आयोजन करना अपने आप में खास है क्योंकि यह धार्मिक शहर भगवान राम का जन्मस्थान भी है। पोस्टर और टीजर दोनों ही फिल्म के पैमाने को दर्शाएगा।

## ईज़ी पे पर ट्रांजिक्शन पर करने वाले पचास प्रतिशत लोग

**वाराणसी।** व्यापारी अपनी सहज और आसान ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया, त्वरित वितरण, कुशल निवारण प्रणाली और चौबीसों घंटे ग्राहक सेवा,सहज उपयोगकर्ता अनुभव आदि बातों के कारण ईज़ी पे के साथ साझेदारी करना पसंद करते हैं। लोन देने के अलावा, ईज़ी पे व्यापारियों को अपने पड़ोस के ग्राहकों को एईपीएस, बीबीपीएस, मिनी स्टेटमेंट आदि जैसी वित्तीय सेवाएं प्रदान करने में सक्षम बनाता है और आय का एक अतिरिक्त स्रोत देता है है, ईज़ी पे, सबसे तेजी से बढ़ता हुआ एम्बेडेड फाइनेंस नियोबैंकिंग प्लेटफॉर्म है, यह पहला ऐसा फिनटेक प्लेयर है जो मध्यम और लघु उद्यमों (एमएसएमई) क्षेत्र पर केंद्रित है।

# अर्शदीप और चाहर ने भारत को दिलाई बड़ी जीत

## ● भारत ने पहले टी-20 मैच में दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट से हराया

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम





**तेज** गेंदबाज अर्शदीप सिंह और दीपक चाहर की तूफानी गेंदबाजी और सूर्यकुमार यादव की शानदार बल्लेबाजी की मदद से भारत ने बुधवार को यहां पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट से हरा दिया।

पहले गेंदबाजी करते हुए भारत ने दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट पर 106 रन पर रोक दिया। जवाब में 16.4 ओवर में दो विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल किया। नमी और उछालभरी पिच पर सूर्यकुमार यादव ने 33 गेंद में नाबाद 50 रन बनाए जबकि केएल राहुल ने 56 गेंद में 51 रन की नाबाद पारी खेली। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने पहले ही इस पिच को टी20 क्रिकेट के लायक नहीं बताया था और दोनों टीमों के बल्लेबाजों को इस पर दिक्कत आई। भारत ने कप्तान रोहित शर्मा(0) और विराट कोहली (तीन) के विकेट जल्दी गंवा दिए लेकिन सूर्यकुमार और राहुल ने इसके बाद 90 रन की साझेदारी करके भारत को जीत तक पहुंचाया। कैगिसो रबाडा ने रोहित को और एनरिच नोर्किया ने कोहली को पवेलियन भेजा। इससे पहले पीठ की समस्या के एक बार फिर उभरने के बाद जसप्रीत बुमराह मैच से बाहर हो गए जिसके बाद बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप (32 रन पर तीन विकेट) और चाहर (24 रन पर दो विकेट) ने गेंद को दोनों तरफ मूव कराके बल्लेबाजों को परेशान किया। इन दोनों गेंदबाजों ने सतह से मिल रहे उछाल और हवा में स्विंग का पूरा फायदा उठाकर गेंद को दोनों ओर मूव कराया। दक्षिण अफ्रीका की टीम मैच की शुरुआती 15 गेंद में ही बैकफुट पर आ गई और टीम कुछ समझ पाती इससे पहले ही उसका स्कोर नौ रन पर पांच विकेट हो गया। चाहर ने सबसे पहले आउटस्विंग के जाल में तेम्बा बावुमा (00) को फंसाया और फिर उन्हें स्विंग होकर अंदर आती गेंद पर बोल्ड कर दिया। अर्शदीप ने बाएं हाथ के बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (01) से गेंद को दूर ले जाते हुए शुरुआत की और यह बल्लेबाज तेज प्रहार करने की कोशिश में गेंद को विकेटों पर खेल गया। बाएं हाथ के एक अन्य बल्लेबाज रिली रोसेसु (00) भी अपने से दूर जाती अर्शदीप की इनस्विंग पर विकेटकीपर ऋषभ पंत को कैच थमा बैठे। हालांकि जिस गेंद को लंबे समय तक याद रखा जाएगा वह अर्शदीप ने डेविड मिलर (00) को डाली। मिलर आउटस्विंग की उम्मीद कर रहे थे और वह इसके लिए फ्रंट फुट पर आ गए लेकिन गेंदबाज ने इनस्विंग डाली और बल्लेबाज शॉट खेलने के प्रयास में बोल्ड हो गया। टी20 क्रिकेट की नई सनसनी ट्रस्टिन स्टब्स (00) भी चाहर की उछाल लेती गेंद को हवा में खेल गए और अर्शदीप ने आगे की ओर कूदते हुए उनका अच्छा कैच लपका। पांच विकेट गंवाने के बाद दक्षिण अफ्रीका के लिए वापसी की राह काफी मुश्किल थी और उम्मीद के मुताबिक ऐसा ही हुआ। ऐडन मार्कराम (24 गेंद में 25 रन), वेन पार्नेल (37 गेंद में 24 रन) और केशव महाराज (35 गेंद में 41 रन) ने उम्दा पारियां खेलते हुए टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

### पिच आसान नहीं थी, विकेट मिलना फायदेमंद रहा: रोहित

**तिरूवनंतपुरम।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 मैच में आठ विकेट से जीत दर्ज करने के बावजूद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि इस पिच पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं था और विकेट चटकाने की वजह से उनकी टीम कामयाब रही। जीत के लिए 107 रन का लक्ष्य भारत ने 16 . 4 ओवर में रोहित और विराट कोहली के विकेट गंवाकर हासिल किया। रोहित ने मैच के बाद कहा , इस तरह के मैचों से काफी कुछ सीखने को मिलता है हमें पता था कि इससे गेंदबाजों को मदद मिलेगी और पूरे मैच में पिच में नमी बनी रही। धूप नहीं होने से शॉट लगाना मुश्किल हो रहा था और दोनों टीमें मैच में थी लेकिन हमने विकेट लिए थे जो मैच का निर्णायक मोड़ रहा।

# बुमराह टी-20 विश्व कप के लिए वॉ के शीर्ष पांच खिलाड़ियों में

**भाषा।** मेलबर्न



**ऑस्ट्रेलिया** की विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे पूर्व सलामी बल्लेबाज मार्क वॉ ने ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपने शीर्ष पांच खिलाड़ियों में भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह को जगह दी है। बुमराह ने पीठ की चोट से उबरने के बाद हाल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की टी20 श्रृंखला में वापसी की जिसे भारत ने 2-। से जीता। बेंगलुरू की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन से गुजरने वाले 28 साल के बुमराह पूरी तरह से फिट नजर आए लेकिन उन्होंने अभी अपनी पुरानी लय हासिल नहीं की है। वॉ ने अंतरराष्ट्रीय किकेट परिषद की वेबसाइट से कहा, मुझे लगता है कि वह सभी प्रारूपों में शानदार गेंदबाज है। टी20 क्रिकेट में उसकी विकेट हासिल करने की क्षमता महत्वपूर्ण है। वह डेथ ओवरों में गेंदबाजी कर सकता है और शुरुआती ओवर भी फेंक सकता है।

वॉ ने बुमराह के तेज गेंदबाजी जोड़ीदार के रूप में पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी को चुना। शीर्ष पांच में ए दोनों ही तेज गेंदबाज है। अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान, ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और इंग्लैंड के जोस बटलर को भी वॉ ने शीर्ष पांच खिलाड़ियों में जगह दी है। वॉ ने कहा, दूसरे छोर पर गेंदबाजी का आगाज करने के लिए मैं नई गेंद के एक अन्य दिग्गज गेंदबाज पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी को चुनूंगा जो बाएं हाथ के शानदार गेंदबाज हैं। शाहीन को विकेट चटकाने वाला गेंदबाज करार देते हुए वॉ ने कहा, वह टीम का मनोबल बढ़ाता है। वह ऐसा खिलाड़ी है जिसकी तरह अन्य खिलाड़ी बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा, वह बाएं हाथ का तेज गेंदबाज है जो एक अन्य अंतर है। वह दाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए गेंद को वापस अंदर स्विंग करा सकता है, उसके पास गति भी है इसलिए मैंने उसे दूसरे नंबर पर चुना।

### उमेश, श्रेयस और शाहबाज को भारतीय टीम में किया गया शामिल

**नई दिल्ली ( भाषा )।** तेज गेंदबाज उमेश यादव, मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर और हरफनमौला शाहबाज अहमद को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए बुधवार को भारतीय टीम में शामिल किया गया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हालिया श्रृंखला में टीम से बाहर रहे तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह तिरुवनंतपुरम में शुरुआती टी20 से पहले टीम से जुड़ गए हैं। हरफनमौला खिलाड़ी दीपक हुड्डा पीठ में चोट के कारण इस श्रृंखला से बाहर हो गए हैं जबकि हार्दिक पंड्या और भुवनेश्वर कुमार चोट से जुड़ी पुरानी समस्याओं से निपटने के लिए एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में रहेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से जारी विज्ञप्ति में सचिव जय शाह ने कहा, मोहम्मद शमी कोविड-19 से पूरी तरह से उबरने में नाकाम रहे हैं। वह तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

**भारतीय टीम**

रोहित शर्मा (कप्तान), लोकेश राहुल (उप-कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल, दीपक चाहर, जसप्रीत बुमराह, उमेश यादव, श्रेयस अय्यर, शाहबाज अहमद।

# सूर्यकुमार यादव ने आईसीसी टी20 रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान की बराबरी की



**दुबई ( भाषा )।** भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा बुधवार को जारी टी20 अंतरराष्ट्रीय पुरुष रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में एक बार फिर करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर पहुंच गए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के आखिरी मैच में 36 गेंद में 69 रन की मैच विजई पारी खेलने के बाद सूर्यकुमार के नाम 801 रेटिंग अंक हो गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को दो रेटिंग अंकों से पछाड़ कर दूसरा स्थान हासिल किया। सूर्यकुमार की हैदराबाद में खेली गई इस दमदार पारी से भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला को 2-। से अपने नाम किया। वह हालांकि पहले भी दूसरे स्थान पर पहुंच चुके हैं। उन्होंने अगस्त में वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद यह मुकाम हासिल किया था। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अपने स्थान पर बने हुए हैं जबकि पूर्व कप्तान विराट कोहली ने रैंकिंग में एक स्थान का सुधार किया है। रोहित 13वें तो वहीं कोहली 15वें स्थान पर पहुंच गए। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला की तीन पारियों में क्रमशः 11, 46 और 17 रन बनाए। कोहली ने इन मैचों में दो, 11 और 63 रन की पारियां खेली। इस श्रृंखला में 55, 10 और एक रन की पारी खेलने वाले भारतीय उप-कप्तान लोकेश राहुल को रैंकिंग में चार स्थान का नुकसान हुआ है और वह 22वें पायदान पर फिसल गए हैं। पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला में प्रभावशाली प्रदर्शन से शीर्ष पर 861 रेटिंग अंकों के साथ अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है।

## क्विक न्यूज

### विश्व कप 2026 तक अर्जेन्टीना के कोच बने रहेंगे स्कालोनी

**हैरिसन।** लियोनल स्कालोनी 2026 विश्व कप तक अर्जेन्टीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच बने रहेंगे। अर्जेन्टीना फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष चिक्वी तापिया ने इस साल के विश्व कप से पहले राष्ट्रीय टीम के अंतिम अभ्यास मैच मे जमैका के खिलाफ 3-0 की जीत के बाद यह घोषणा की। तापिया ने कहा, हम राष्ट्रीय टीम से जुड़ी समग्र योजनाओं पर दांव लगाना जारी रखेंगे। विश्व कप 2018 के प्री क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के खिलाफ अर्जेन्टीना की हार के बाद 44 साल के स्कालोनी ने जॉर्ज सैमपाओली की जगह ली थी। अर्जेन्टीना ने पिछले साल कोपा अमेरिका का खिताब जीता जो 1993 में कोपा अमेरिका के बाद उसका पहला बड़ा खिताब है। दो जुलाई 2019 को कोपा अमेरिका मे ब्राजील के खिलाफ हार के बाद से अर्जेन्टीना 35 मैच से अजेय है

### शमी कोविड-19 जांच में नेगेटिव

**नई दिल्ली।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने बुधवार को कोरोना वायरस संक्रमण जांच में नेगेटिव होने की जानकारी दी। शमी 10 दिन पहले इस बीमारी की चपेट में आए थे। 32 साल के इस गेंदबाज ने इंस्टाग्राम पर अपनी नेगेटिव रिपोर्ट पोस्ट की। इससे कुछ घंटे पहले ही बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए शमी की जगह अनुभवी तेज गेंदबाज उमेश यादव को टीम में शामिल किया। शमी ने कोविड-19 जांच रिपोर्ट की फोटो को साझा करते हुए लिखा, नेगेटिव। वह 17 सितंबर को इस बीमारी की चपेट मे आए थे। इसके बाद वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचो की घरेलू श्रृंखला की टीम से बाहर हो गए थे। शमी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम की स्टैंड-बाय सूची में शामिल खिलाड़ी है।

### कार्तिक शर्मा ने कपिल देव-ग्रांट थॉर्नटन आमंत्रण टूर्नामेंट में बढ़त बनाई

**गुरुग्राम।** स्थानीय गोल्फर कार्तिक शर्मा कपिल देव - ग्रांट थॉर्नटन आमंत्रण टूर्नामेंट के दूसरे दौर मे बुधवार को यहां पांच अंडर 67 के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। एक करोड़ रुपए इनाम राशि वाले इस टूर्नामेंट के दूसरे दौर के बाद कार्तिक का कुल स्कोर छह अंडर 138 है। एक अन्य स्थानीय खिलाड़ी मनु गंडास ने इस दौर में 66 का स्कोर किया और वह दिल्ली के सचिन बैसोया (68) के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। इन दोनो का कुल स्कोर चार-अंडर 140 है। पहले दौर में शीर्ष पर रहे ध्रुव श्योराण ने दूसरे दौर मे 73 का निराशाजनक स्कोर किया। वह तीन-अंडर 141 के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर खिसक गए। इस स्थान पर उनके साथ बेंगलुरु के सैयद साकिब अहमद (67) और गुरुग्राम के हिम्मत राय (70) भी हैं।

### खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन की समय सीमा बढ़ाई

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने इस साल राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए आवेदान जमा कराने की समय सीमा में बुधवार को तीन दिन का इजाफा करते हुए इसे एक अक्टूबर तक कर दिया। इससे पहले मंत्रालय ने आवेदन ऑनलाइन जमा कराने की अंतिम तारीख 27 सितंबर तय की थी। इस वर्ष से एक समर्पित पोर्टल के माध्यम से केवल ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 27 सितंबर, 2022 से बढ़ाकर एक अक्टूबर 2022 (शनिवार) कर दी गई है।

# प्रो लीग मुकाबले से हमें स्पेन को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिलेगी: मनप्रीत



**नई दिल्ली ( भाषा )।** भारत अगले महीने एफआईएच प्रो लीग के नए सत्र में स्पेन की मेजबानी करेगा और कप्तान मनप्रीत सिंह इस अवसर का उपयोग भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाले 2023 पुरुष हॉकी विश्व कप से पहले अपने प्रतिद्वंद्वियों को बेहतर तरीके से समझने के लिए करना चाहते हैं। भारत 28 अक्टूबर को भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में प्रो लीग के पहले मैच में न्यूजीलैंड से खेलेगा। इसके बाद 30 अक्टूबर को स्पेन के खिलाफ दूसरा मैच होगा। एक ही पूल में मौजूद भारत और स्पेन 13 जनवरी को राउरकेला के नवनिर्मित बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में विश्व कप के पहले मैच में आमने सामने होंगे। मनप्रीत ने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा, यह बहुत अच्छा है कि हमें प्रो लीग मुकाबले में अभी स्पेन के खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा। यह हमें उनके खेल को समझने का मौका देगा और हमें पता चलेगा कि एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप भुवनेश्वर-राउरकेला 2023 के पहले मैच में उनसे फिर से भिड़ने से पूर्व हमें क्या सुधार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, कुल मिलाकर हॉकी के लिए यह रोमांचक समय है और मुझे उम्मीद है कि दुनिया भर से प्रशंसक हमारे अभियान का समर्थन करने के लिए राउरकेला और भुवनेश्वर आएंगे।

# भारतीय अंडर-17 टीम ने ओमान को मैत्री मैच में 3-1 से हराया

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** की अंडर-17 लड़कों की फुटबॉल टीम ने पेनल्टी पर दागे दो गोल की मदद से मस्कट में खेले गए मैत्री मैच में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे ओमान को आसानी से 3-। से हरा दिया।

सऊदी अरब के दम्माम में तीन अक्टूबर से शुरू होने वाले एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी के तहत भारतीय टीम मंगलवार को ओमान के खिलाफ उतरी थी। गंगटे (10वें मिनट) ने पेनल्टी को गोल में बदल कर भारत को मैच में बढ़त दिलाई जिसके आठ मिनट बाद थोकचोम (18वें मिनट) ने मेहमान टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। दूसरे हाफ में लालपेखलुआ (69वें मिनट) ने एक और पेनल्टी को गोल में बदलकर भारत को 3-0 से आगे किया। मैच खत्म होने से कुछ मिनट पहले ओमान के लिए एकमात्र गोल अल्हैथम अलशुकैली ने किया। पहले हाफ की शुरुआत से ही भारतीय टीम ने दबदबा बनाने का प्रयास किया। सातवें मिनट में डैनी के पास पर लालपेखलुआ का शॉट गोल से कुछ दूर से बाहर निकल गया। तीन मिनट बाद भारत को पेनल्टी मिली। गंगटे ने मोर्चा संभाला और भारत को बढ़त दिलाने में कोई गलती नहीं की। 18वें मिनट में थोकचोम ने गुइटे के पास पर बढ़त को दोगुना कर दिया।

भारत ने कुछ और मौके गंवाए लेकिन युवा खिलाड़ी अधिक गोल करने के लिए उत्साहित दिखे। मध्यांतर से पहले फ्री किक पर कोरौ का ताकतवर शॉट पोल से टकरा गया। दूसरे हाफ में भी बिबियानो फर्नांडिस की टीम शुरू से ही आक्रमण करने की रणनीति के साथ उतरी। भारत को कुछ फ्री किक मिली लेकिन टीम उनका फायदा नहीं उठा सकी। गुइटे की फ्री किक को 48वें मिनट में विरोधी टीम ने नाकाम किया। कोरौ सिंह ने ओमान की रक्षापंक्ति को लगातार परेशान किया। उन्होंने अपने शॉट्स से विरोधी गोलकीपर की अच्छी परीक्षा ली। कोरौ के 61वें मिनट में लालपेखलुआ के क्रॉस पर गोल करने का मौका मिला लेकिन वह नाकाम रहे। नौ मिनट बाद तमीम अल्बुराकी ने बॉक्स के अंदर लालपेखलुआ के खिलाफ फाउल किया और भारत को एक और पेनल्टी मिली।

लालपेखलुआ ने इस पर गोल दागकर भारत को 3-0 से आगे कर दिया। ओमान के लिए 88वें मिनट में अलशुकैली ने फ्री किक पर एकमात्र गोल किया। तमीम अल्बुराकी को लाल कार्ड दिए जाने के बाद टीम को बाकी समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।

### विश्व कप से पहले अमेरिका की चिंता बढ़ी, सऊदी अरब से गोल रहित ड्रॉ खेला

**एपी।** न्यूयॉर्क

**अमेरिका** ने फुटबॉल विश्व कप से पहले अपने अंतिम अभ्यास मैच में मंगलवार रात स्पेन के मुर्सिया में सऊदी अरब से गोल रहित ड्रॉ खेला। यह नतीजा अमेरिका के लिए गैर प्रभावशाली और चिंताजनक है। शुक्रवार को दुनिया की 24वें नंबर की टीम जापान के खिलाफ 2-0 की हार के दौरान गोल की तरफ कोई भी शॉट नहीं मार पाने के बाद अमेरिकी टीम 53वीं रैंकिंग वाले सऊदी अरब के खिलाफ सिर्फ दो बार ही ऐसा कर पाई। विश्व कप में जगह बनाने वाले देशों के खिलाफ पिछले सात मैच में अमेरिका की टीम सिर्फ एक जीत दर्ज कर पाई है जबकि तीन मैच में उसे हार मिली और तीन ड्रॉ रहे।

# नेशन्स लीग: पुर्तगाल को हराकर स्पेन अंतिम चार में



**मैड्रिड ( एपी )।** लुई एनरिके स्वेदश मे आलोचना झेलने के लिए तैयार थे। उन्हें पता था कि फुटबॉल विश्व कप के इतने करीब एक और निराशानक प्रदर्शन उनकी टीम और उनके काम पर सवाल खड़ा करेगा। लेकिन इसके बाद अंतिम लम्हों में दागे गए एक गोल ने सब कुछ बदल दिया और स्पेन की टीम फुटबॉल की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में खुशी और प्रशंसा के साथ उतरेगी।

स्पेन ने मंगलवार को 88वें मिनट में गोल दागकर पुर्तगाल के खिलाफ जीत के इंतजार को खत्म किया और नेशन्स लीग में अंतिम चार में जगह बनाई। स्पेन के कोच एनरिके ने कहा, फुटबॉल में सवाल हमेशा नतीजों का परिणाम होते हैं। अगर हम 85वें मिनट में हार गए होते तो यह कहा जाता कि सब कुछ एक त्रासदी थी। अब यह सब अलग है। अलवारो मोराटा के अंतिम मिनटों में दागे गोल से स्पेन ने ।-0 की जीत से ग्रुप ए2 में पुर्तगाल को पीछे छोड़ा और अगले साल जून में नीदरलैंड में खेले जाने वाले फाइनल्स में क्रोएशिया, इटली और नीदरलैंड के साथ जगह बनाई।

# मेस्सी के दो गोल से अर्जेन्टीना ने जमैका को 3-0 से हराया

**एपी।** हैरिसन (अमेरिका)



**लियोनेल** मेस्सी के दो गोल की बदौलत अर्जेन्टीना ने फुटबॉल विश्व कप से पूर्व अपने अंतिम अभ्यास मैच में मंगलवार को यहां जमैका को 3-0 से हराया। मेस्सी ने दो गोल किए और इस दौरान दो बार प्रशंसक मैदान पर घुस आए। इस जीत से साथ अर्जेन्टीना का अजेय अभियान 35 मैच का हो गया है। टीम ने पिछले तीन साल में कोई मुकाबला नहीं गंवाया है। अर्जेंटीना के कोच लियोनल स्कालोनी ने कहा, आपको मेस्सी का लुत्फ उठाना होगा। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका देश कौन सा है, हर कोई यही करता है। मैं उनका कोच हूं लेकिन मैं उन्हें देखने के लिए टिकट खरीदूंगा। जूलियन अल्वारेज ने 13वें मिनट में अर्जेंटीना को बढ़त दिलाई। मेस्सी 56वें मिनट में मैदान पर उतरे और उन्होंने 86वें और 89वें मिनट में गोल दागकर अर्जेन्टीना की आसान जीत सुनिश्चित की। मेस्सी के 164 अंतरराष्ट्रीय मैच में 90 गोल हो गए हैं। उन्होंने करियर में 17वीं बार किसी अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में एक से अधिक गोल किए।

# फीफा ने छेत्री को किया सम्मानित

## ● सुनील छेत्री के जीवन और करियर पर सीरीज जारी की

**भाषा।** नई दिल्ली



**फुटबॉल** की वैश्विक संचालन संस्था फीफा ने भारतीय फुटबॉल टीम के करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री को सम्मानित करते हुए उनके जीवन और करियर पर तीन कड़ी (एपिसोड) की श्रृंखला जारी की। फीफा ने घोषणा की कि यह तीन कड़ी की श्रृंखला उनके स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म फीफा प्लस पर उपलब्ध होगी। फीफा ने अपने विश्व कप हैंडल से ट्वीट किया, आपको रोनाल्डो और मेस्सी के बारे में सब कुछ पता है, अब सक्रिय पुरुष खिलाड़ियों में तीसरे सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी की कहानी जानिए। सुनील छेत्री-कैप्टन फेंटास्टिक अब फीफा प्लस पर उपलब्ध है। भारत के 38 साल के छेत्री 84 गोल के साथ सक्रिय खिलाड़ियों में सबसे अधिक गोल करने वालों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं। सक्रिय खिलाड़ियों में उनसे अधिक गोल सिर्फ क्रिस्टियानो रोनाल्डो (117) और लियोनल मेस्सी (90) ने ही किए हैं। पहली कड़ी के बारे में फीफा ने कहा, पहली कड़ी हमें वापस वहां ले जाएगी जहां से इसकी शुरुआत हुई... 20 साल की उम्र में उनके भारत की ओर से पदार्पण करने से पहले की कहानी। करीबी साथी, प्रियजन और फुटबॉल के साथियों ने कहानी सुनाने में मदद की- इसके अलावा वह स्वयं भी, उन्हें प्यार से कप्तान, लीडर और लीजेंड भी कहा जाता है। दूसरी कड़ी में राष्ट्रीय टीम की ओर से छेत्री के शानदार प्रदर्शन और उनके शीर्ष स्तरीय विदेशी क्लबों की ओर से पेशेवर फुटबॉल खेलने के सपने का जिक्र है।

# प्रणीत हारे, मीराबा और रूत्विका प्री क्वार्टर फाइनल में

## वियतनाम ओपन

**भाषा।** हो ची मिन्ह सिटी







**टोक्यो** ओलंपिक खेल चुके बी साइ प्रणीत वियतनाम ओपन सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत के ही रित्विक संजीवी सतीश कुमार के हाथों उलटफेर का शिकार होकर बाहर हो गए। विश्व चैम्पियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता प्रणीत को 21-17, 18-21, 13-21 से पराजय झेलनी पड़ी। पिछले साल दिसंबर में बांग्लादेश इंटरनेशनल चैलेंज में उपविजेता रहे सतीश कुमार का सामना अब मलेशिया के ओंग केन योन से होगा। पुरूष एकल में मीराबा लुवांग मेशाम ने मलेशिया के कोक जिंग हॉंग को 21-16, 18-21, 21-14 से हराया। अब उनका सामना चीनी ताइपै के चि यू जेन से होगा जिन्होंने भारत के मिथुन मंजूनाथ को 21 -17, 21-7 से मात दी। एस शंकर मुथुस्वामी ने इंडोनेशिया के टॉमी सुगियार्तो को दूसरे दौर में 14-21, 22-20, 21-12 से हराया। अब उनका सामना चीन के चिया हाओ से होगा जिन्होंने भारत के रघु मारीस्वामी को 21-16, 21-15 से मात दी। हर्षित अग्रवाल ने मंगोलिया के बी मुंखबात को 21-15, 21-13 से हराया। अब वह जापान के कोडाइ नाराओका से खेलेंगे। किरण कुमार मेकाला ने म्यामां के फोन पी नाइंग को 16-21, 21-14, 21-19 से हराया। अब उनका सामना मलेशिया के चिएम जून वेइ से होगा। महिला एकल में रूत्विका शिवानी गाडे ने वाकओवर मिलने पर प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना वियतनाम की थि त्रांग वू से होगा। प्रेरणा नीलुरी का सामना जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त आया ओहोरी से होगा। उसने स्थानीय खिलाड़ी थि एंगोक लान एंगुएन कसे 21 -16, 21-14 को हराया। ईरा शर्मा और रितुपर्णा दास भी दूसरे दौर में पहुंच गई। मिश्रित युगल में एन सिक्की रेड्डी और रोहन कपूर ने दूसरे दौर में प्रवेश किया।

# एकजुट विपक्ष भी कुछ नहीं कर सकता

## उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लोहिया अस्पताल में हेल्थ एटीएम का लोकार्पण किया

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**उत्तर प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री के केशव प्रसाद मौर्य ने आज शहर के आवास विकास स्थित डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में, स्थापित हेल्थ एटीएम का लोकार्पण किया। इससे पहले उपमुख्यमंत्री श्री मौर्य का आज बुधवार दोपहर काफिला जिला मुख्यालय फतेहगढ़ से फर्रुखाबाद आवास विकास कॉलोनी के भाजपा जिला कार्यालय के लिए रवाना हुआ।

फतेहगढ़ भोलेपुर आवास विकास मार्ग पर नेकपुर पुल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्री मौर्य का जोरदार स्वागत किया। इसके साथ ही आवास विकास कॉलोनी चौराहा पर श्री मौर्य ने अपने स्वागत का अभिवादन स्वीकार किया। इसके बाद उपमुख्यमंत्री श्री मौर्य भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे। बाद में कुछ ही दूरी पर स्थापित डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल मैं पहुंच कर के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने, यहां स्थापित हुए नए हेल्थ एटीएम का लोकार्पण किया। इस अवसर पर जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला अधिकारी संजय कुमार सिंह विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी विधायक सुशील शाक्य विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर विधायक डॉ सुरभि गंगवार आदि मौजूद रहे।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को कहा कि विपक्ष एकजुट होकर भी कुछ नहीं कर सकता। लोकसभा चुनाव से पहले निकाय चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भरने की पूरी दमदारी से जुटे और सभी निकाय चुनाव में कमल को खिलाएं। यहां जिला भाजपाकार्यालय मैं पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा मुखिया कहते हैं कि हम जीतेंगे, लेकिन हमने उन्हें विधानसभा चुनाव में पछाड दिया। कांग्रेस 60 सालों में जो नहीं कर सकी को भाजपा ने 8 साल में कर दिखाया। हम जनता की सेवा करने का काम करते हैं। जबकि विपक्ष साजिश कर रहा है सभी दल एकजुट हो जाएं तो भी भाजपा को 25 साल तक सत्ता से नहीं हटा सकते। डिप्टी सीएम ने कहा बहुत पहले सिमी नाम का संगठन चलता था उसी का नाम बदलकर साजिसन पीएफआई कर दिया गया। पाकिस्तान के आका इसके माध्यम से भारत देश में देश विरोधी गतिविधियां चला रहे थे। उनको यह नहीं मालूम था यहां कांग्रेस की नहीं बल्कि मोदी की सरकार है। उन्होंने कहा कि मोदी ने देर न लगाते हुए इसे पहचाना और प्रतिबंध लगाया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता एवं अन्य सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद थे।

**गंगा एक्सप्रेस वे तथा लखनऊ आगरा हाइवे से इटावा बरेली हाइवे को जोड़ा जाएगा: केशव प्रसाद मौर्य:** उपमुख्य मंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने फतेहगढ़ के सभागार में कहा कि भा ज पा की बैठक में समीक्षा की गई। अपने व्यस्त कार्यक्रम में उधमियोए अधिकारियो की बैठक के बाद सायंकाल 5बजे उन्होंने कहा कि अधिकारियो को बैठक में बता दिया गया है कि लापरवाही उनके विभाग में बर्दास्त नहीं की जायेगी।कानून व्यवस्था दुरुस्त रखी जायेगी।लैंपी रोग का जानवरो पर इलाज जारी है। उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेस वे को आगरा लखनऊ हाइवे से इटावा पीलीभीत हाइवे बनाकर जोड़ा जाएगा । आवारा जानवरो को पकड़कर गौशाला में पहुंचाया जाय जिससे किसानों की फसलों की रक्षा हो सके। निकाय चुनाव में पूरे प्रदेश में भा ज पा नगर निगमए नगर पालिकाए नगर परिषदों सभी में अपना परचम फहराएगी। सिमी के रूप में पापुलर फ्रंट पर कार्यवाही जारी है। माफियाओं पर पर पूछे प्रश्न पर कहा कि अवैध कब्जा करने बालो पर बुलडोजर कार्यवाही की जायेगी। अतिक्रमण पर पूछे जाने पर कहा कि अब दीपावली तक व्यापारियों की मांग पर बुलडोजर कार्यवाही रोक दी गई हैं।समाजवादी पार्टी अब समाप्तवादी पार्टी बन कर रह गई है। परिवार वाद से सारे राजनीतिक दल अब बाहर हो गए है। डाक्टर की किल्लत के बारे में पूछे गए प्रश्न के जवाब में कहा कि प्रत्येक जिले में शासन मेडिकल कालेज खोल रहा है मेडिकल कालेज से अपने आप डाक्टर पैदा होगे जिससे पूरे प्रदेश से डाक्टरों की किल्लत दूर हो जाएगी। इस मौके पर सभी विधायक एजिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादवए डी एमएसी डी ओए एस पी प्रेस वार्ता में मौजूद रहे सांसद नदारद रहे।

## उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने निकले किसानों और पुलिस में नोकझोंक



**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में आज बुधवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को ज्ञापन देने किसानों को पुलिस ने रोका। इस पर पुलिस और किसानों में तीखी नोकझोंक हुई। सूत्रों के अनुसार फर्रुखाबाद जिला मुख्यालय फतेहगढ़ से उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का काफिला, फतेहगढ़ से फर्रुखाबाद आवास विकास कॉलोनी भाजपा जिला कार्यालय के लिए निकला। इसी दौरान स्थानीय किसान नेता प्रभा कांत मिश्रा अपने करीब दो दर्जन साथियों के साथ फतेहगढ़ फर्रुखाबाद मार्ग पर नेकपुर गुमटी के पास एकत्र हुए। इधर पुलिस को जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। उप मुख्यमंत्री का काफिला जैसे ही नेकपुर गुमटी के समीप पहुंचा तो किसान नेता जैसे ही ज्ञापन देने के लिए आगे बढ़े वैसे ही पुलिस ने ज्ञापन देने वाले किसानों को रोका। इसके बाद किसानों और पुलिस में तीखी नोकझोंक हुई और किसान अपनी मांगों का ज्ञापन नहीं दे सके। बाद में उत्तेजित किसानों ने किसान एकता जिंदाबाद की नारेबाजी भी की।

## क्विक न्यूज

### रामलीला मंडल ने धूमधाम से नगर में निकली रामजी की बारात



**फर्रुखाबाद।** रामबिबिध कला केंद्र के अंतर्गत रामलीला मंडल ने आज राम सीता के विवाह की बारात नगर में निकली जिसमे 42 झकिया निकाली गई । निर्देशक मटर लाल दुबे के नेतृत्व में रेलवे रोड के सरस्वती भवन से झाकियां चौकए लोहई रोडए नाला मचरत्ताए घुड़डीए पक्का पुल नेहरू रोड होकर लिंजी गंज में संपन्न हुई ।झकियो में सबसे पहले गणेश जीएकाली जी एसरस्वती जीएमहाकाल उज्जैनएशंकर जीए हनुमान जीएतबतोड़ वीरानाएपरशुराम जीए अष्ठभुजी कालीएलक्ष्मी विष्णुए बाके बिहारीएभूतो की बारातएराधा जीए दुर्गा जीए द्वारका जी एमेहदी वाले हनुमानजीएवशिष्ठ विश्वामित्रएकेरल की झांकी अंत में दशरथ जीएराम एलक्ष्मणए भरतए शत्रुघ्न के रथ शामिल थे ।झांकी में रामलीला कमेटी के सभी पदाधिकारी और अपर भीड़ मौजूद रही।

### 30 लाख रुपये कीमत के मोबाइल बरामद किये गये



**कानपुर देहात।** एसपी सुनीति के निर्देशन में जनपद की सर्विलॉस टीम ने करीब 30 लाख रूपये कीमत के मोबाइल बरामद कर मोबाइल स्वामियों के सुर्पद किये गये। लापता हुये मोबाइल वापस मिलने पर मोबाइल स्वामियों ने खुशी का इजहार करते हुये एसपी सुनीति व सर्विलास टीम का आभार जताया है। गुमशुदा मोबाइलों के सम्बन्ध में एसपी आफिस में आये शिकायती प्रार्थना पत्रों को गम्भीरता से लेते हुये एसपी सुनीति ने सर्विलॉस टीम को एक्टिव मोड में लगा दिया था। सर्विलॉस टीम के प्रयास सार्थक सिद्ध हुये जब जनपद के थाना क्षेत्रों, अन्य प्रान्तों व अन्य जनपदों के गुमशुदा हुये दो सैकडा से अधिक मोबाइल बरामद किये गये, बरामद किये गये मोबाइल फोनों की अनुमानित बाजार कीमत करीब 30 लाख रूपये के आसपास ऑकी जा रही है। वुद्ववार को एसपी ने बरामद किये गये मोबाइल उनके स्वामियों को वितरित किये। अपने गुमशुदा मोबाइल को दोबारा वापस पाने की आशा छोड चुके मोबाइल स्वामियों को मोबाइल वापस मिलने पर उनके चेहरे पर सॅतोष व खुशी की लहर साफतौर पर देखी जा सकती थी। मोबाइल स्वामियों ने एसपी सुनीति की कार्यप्रणाली की प्रशॅसा करते हुये उनके भागीरथों प्रयासों से प्राप्त हुये गुमशुदा मोबाइल के लिये आभार जताया है।

### खेत में विधवा महिला से मारपीट कर दुष्कर्म

**फतेहपुर।** खेत गई एक विधवा से गांव के एक युवक ने मारपीट कर दुष्कर्म किया। घटना के बाद गला दबाकर मारने का प्रयास किया। महिला को परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली विधवा ने आरोप लगाया कि सुबह 05 बजे वह खेत गई थी। तभी वहां पहले से मौजूद गांव के एक युवक ने उसे पीछे से पकड़ लिया। विरोध करने पर ईंट से प्रहार कर दिया। उसके बाद युवक ने दुष्कर्म किया। घटना के बाद युवक ने गला दबाकर मारने का प्रयास किया। वह मौके पर बेहोश हो गई। सुबह जब अन्य महिलाएं खेत की ओर गई तो महिला खेतों में पड़ी मिली। जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। हसवा चौकी इंचार्ज मुकेश सिंह ने अस्पताल पहुंच पीड़िता से तहरीर ली। थानाध्यक्ष आशुतोष सिंह ने बताया कि महिला ने तहरीर दी है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### वाहन की टक्कर से अधेड़ महिला की मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के स्टेशन रोड कर्बला के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से लगभग 50 वर्षीय एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजन पोस्टमार्टम न कराने के उद्देश्य से शव को घर वापस ले गए। जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के चुरियानी गांव निवासी शेर मोहम्मद की पत्नी सईदुन मंगलवार को दिन में अपनी रिश्तेदारी आई थी। बताते हैं कि जब वह गांव जाने के लिए कर्बला के समीप सड़क पार करने लगी उसी बीच तेज रफ्तार आ रहा अज्ञात वाहन उसे टक्कर मारता हुआ निकल गया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। आस-पास के लोगों ने तत्काल महिला को सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर परिजन शव को लेकर वापस गांव चले गए।

### स्टाइल एक्सचेंज करने के लिए गाइड

**कानपुर।** मिंत्रा भारत का सबसे बड़ा फैशनए ब्यूटी और लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन है जोकि देश के 19000 से अधिक पिनकोड पर 5000 से अधिक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय और घरेलू ब्रांड्स की डिलीवरी प्रदान करता है। मिंत्रा के प्लेटफार्म पर ऐसी कई विशेषताएं हैं जिससे ग्राहकों को आसान और सुविधाजनक खरीदारी का अनुभव मिलता है। मिंत्रा पर पहली बार खरीदारी करने वाले लोगों को विशेष ऑफर भी प्राप्त होते हैं। एम.एक्सप्रेस जो कि मिंत्रा का एक्सप्रेस डिलीवरी ऑप्शन हैए जिसके जरिए इस प्लेटफार्म पर ग्राहकों को श्स्टाइल एक्सचेंजश् का विकल्प भी प्राप्त होता है और इससे खरीदारी का अनुभव और भी अधिक मजेदार और सुविधाजनक हो जाता है। स्टाइल एक्सचेंजश् विकल्प के जरिए आप मिंत्रा के प्लेटफार्म पर अपने उत्पाद का आदान.प्रदान कर सकते हैं चाहे आपका उत्पाद अभी खरीदे जा रहे उत्पाद से बिल्कुल अलग क्यों ना हो।

### शौचालय में मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

**फतेहपुर।** शौचालय में मिले युवक के शव का पोस्टमार्टम कराने से पहले परिवार के लोग एसपी कार्यालय पहुंच गए। एसपी से हत्या का मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। एसपी ने पहले हुई मारपीट में धाराएं बढ़ाने के आदेश दिए। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई का आश्वासन दिया। मलवां थाना क्षेत्र के सरांय शहजादा निवासी शालू देवी ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि पति रोशन सिंह पर 23 अप्रैल 2022 की रात गांव के पप्पू उर्फविद्याचरन, मुन्नू, पिंटू समेत पांच लोगों ने कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किया था। पुलिस ने प्राणघातक चोट होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की थी। हल्की धाराओं में मुकदमा लिखा था। इसी रंजिश के चलते ही पति की 24 सितंबर की रात खेत जाते समय दूसरे पक्ष के लोगों ने हत्या कर दी और शव को उनके घर के बाहर शौचालय में छिपा दिया। प्रभारी निरीक्षक एसबी सिंह ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर धाराएं बढ़ाई जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार है।

### सूझबूझ और समझदारी से रेखा और इन्दुरानी की गोद में किलकारी मार रहे नौनिहाल

**फतेहपुर।** शिशु के जन्म के पहले से अगर समझदारी से काम लें तो किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी। गर्भवती महिला को प्रसव से पहले पूर्व तैयारी करनी चाहिए और आवश्यक सामग्री भी जुटा लेनी चाहिये। ऐसा कहना है मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुनील भारतीय का। जिला महिला चिकित्सालय के जच्चा बच्चा वार्ड में करीब 24 जच्चा बच्चा भर्ती हैं। शिवपुर की रेखा और दौलतपुर की इन्दुरानी की गोद में नौनिहाल खेलते नजर आये। इन्दुरानी ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान जिला अस्पताल में इलाज चला इसलिये प्रसव भी यहीं कराया। इसी प्रकार रेखा ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान पहले नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराया लेकिन घरवालों ने प्रसव जिला अस्पताल में कराने का निर्णय लिया और सुरक्षित प्रसव हो गया। रेखा ने जुड़वां बच्चों को जन्म दिया तो उनके परिवार में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुनील भारतीय ने बताया कि अस्पताल में शिशु का जन्म सबसे सुरक्षित है। इसके लिये पहले से ही आशा के द्वारा जन्म योजना तैयार करा दी जाती है। गर्भ का पता चलते ही आशा कार्यकर्ता शिशु जन्म की तैयारी कराती है। पहले गर्भवती की प्रसव पूर्व सभी जांचे कराती है। उन्हे सुपोषित आहार लेने की सलाह दी जाती है। टीडी का टीका लगाया जाता है। अल्ट्रासाउंड किया जाता है। जैसे ही प्रसव की तिथि नजदीक आने वाली होती है तो एक झोले में मां व शिशु के लिये आवश्यक सामग्री रखने के साथ अस्पताल का चयन किया जाता है। प्रसूता के साथ में कौन जायेगा। घर की देखभाल कौन करेगा आदि सभी तैयारियां गर्भावस्था के दौरान करा दी जाती है। जिला महिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 रेखारानी ने बताया कि अस्पताल में प्रसव कराने से शिशु मृत्यु दर में कमी आती है। यदि कोई परेशानी होती है तो इलाज होने में विलंब नहीं होता है। सामान्य प्रसव में तीन दिन व आपरेशन से प्रसव होने पर प्रसूता को सात दिन अस्पताल में पौष्टिक आहार की सुविधा होती है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में प्रसूता को 14 सौ रूपये भी दिये जाते है। जिला मातृत्व स्वास्थ्य परामर्शदाता आलोक कुमार ने बताया कि जन्म से पहले की तैयारी करने से अस्पताल पहुंचने में विलंब नहीं होता है। इससे सही समय पर इलाज मिल जाता हे। किसी भी तरह की स्वास्थ्य समस्या से मां व नवजात को सुरक्षा मिलती है।

## निराकार की प्राप्ति से आत्मा का होता है परमात्मा से मिलनः संत जय नारायण

**पुखरायां कानपुर देहात।** संत निरंकारी मिशन कानपुर मंडल के ब्रह्म ज्ञानी महात्मा जय नारायण ने कहा कि निराकार की प्राप्ति हो जाने पर आत्मा का परमात्मा से मिलन हो जाता है। जीव के सामने निराकार साकार रूप में खड़ा हो तो उनके सानिध्य का जीवन पर असर पड़ता है। निराकार ही परमात्मा है महात्मा जय नारायण बुधवार को रामलीला ग्राउंड पुखरायां स्थित राम चबूतरा में संत निरंकारी मिशन आध्यात्मिक सत्संग को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा ईश्वर परमात्मा निराकार को देखकर व जानकर भक्ति करना सार्थक हैं ।सतगुरु ने भी प्रेम का संदेश दिया है निराकार की प्राप्ति हो जाने पर आत्मा का परमात्मा से मिलन हो जाता है ।निराकार गुरु की ही कृपा से परमात्मा की प्राप्त होती है। निराकार की प्राप्त होने से आनंद की अनुभूति होती है। प्राणियों के कल्याण के लिए जितने भी महापुरुष, पीर, पैगंबर अवतरित हुए हैं सभी ने प्रेम का संदेश दिया है । संतगुरू की कृपा होने पर भक्तों के लिए अनंत भौतिक और आध्यात्मिक खजाने खुल जाते हैं ।सत्य के मार्ग पर चलने से ही मानव का कल्याण संभव है। सत्य के मार्ग पर परेशानियां हो सकती हैं लेकिन परिणाम अच्छे होते हैं। मानवता ही निरंकारी की पहचान है उन्होंने कहा कि एक सच्चे गुरमुख महापुरुष की सेवा करता हुआ व्यक्ति परोपकार के मार्ग पर आगे बढ़ता है। उसका परमात्मा से मिलन हो जाता है। निरंकारी आध्यात्मिक सत्संग में जवाहर लाल, संतोष गुप्ता, राम बाबू पाल, संजय चक, भूप सिंह नायक, लक्ष्मी नारायण, बेबी, उमा, आशा, राजाबाई मौजूद रहे।

## रूरा पुलिस ने पेट्रोल-डीजल चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा




गिरफ्तार अभियुक्त बन्टी उर्फजितेन्द्र व ब्रजेन्द्र प्रकाश पुलिस बल के साथ



**रूरा, कानपुर देहात।** प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव के नेतृत्व में रूरा पुलिस ने दो शातिर डीजल व पेट्रोल चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी अपने ढाबे में खडे वाहनों से पेट्रोल की चोरी कर उसे जरूरतमॅद ग्राहकों को बेंचते थे।रूरा थाने में पेट्रोल चोरी कर क्रय किये जाने के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज हुआ था। कर्मठ प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर मामले के खुलासे के लिये युद्ध स्तर पर प्रयास शुरू हुये। जॉच पडताल के दौरान बन्टी उर्फ जितेन्द्र पुत्र अमर सिंह भदौरिया निवासी ग्राम भाऊपुर सरैंया, औरेया हालमुकाम नवी मुम्बई महाराष्ट्र व ब्रजेन्द्र प्रकाश पुत्र भगवानदीन निवासी सिठमरा थाना रूरा के नाम प्रकाश में आये। वुद्धवार को एसआई लक्ष्मण सिंह, कॉस्टेबल सतीश चन्द्र व हरिओम अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस जीप से भ्रमण कर रहे थे उसी समय मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि अभियुक्त कहीं भागने की फिराक में रूरा थाना क्षेत्र के एक गॉव के पास मौजूद है। मुखबिर की सूचना पर भरोसा कर पुलिस बल ने दोनों संदिग्धों को दबोच लिया। आरोपी चोरों के पास एक कैन खाली डीजल का व एक अदद पाइप बरामद किया गया, पूॅछतॉछ में दोनों शातिर चोरों ने बताया कि होटल ढाबा के किनारे खडी गाडियों से पेट्रोल डीजल चोरी कर वह उसकी बिक्री किया करते थे। थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि दोनों अभियुक्तों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के दो मुकदमें सहित डीजल व पेट्रोल चोरी का मुकदमा दर्ज है, आरोपियों को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेजा जा रहा है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में दो युवकों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

संवाददाता। कानपुर देहात



ट्रेन दुर्घटना में मौत पर पुलिस बल के साथ मृतक की पत्नी



मृतक विमल कुमार की फाइल फोटो



मृतक जसवॅत सिंह यादव की फाइल फोटो

**रहस्यमय तरीके** से वुद्धवार की सुबह दो युवकों ने अलग-अलग स्थानों कानपुर से दिल्ली की ओर जा रही एक ही ट्रेन के आगे कूद कर सॅदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली। सूचना पर जीआरपी झींझक पुलिस ने मृतक युवकों के मोबाइल अपने कब्जे में लेकर दोनों शवों को पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। वुद्धवार की सुबह करीब 10 बजे कानपुर से नई दिल्ली की ओर जा रही तेजस एक्सप्रेस रूरा रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली थी, उसी समय दो युवक अचानक 100 मीटर के अन्तर पर रेलवे ट्रैक पर तेजस ट्रेन के सामने खडे हो गये, और देखते ही देखते दोनों ट्रेन की चपेट में आने से मौत के आगोश में समॉ गये। सूचना पर पहुॅची जीआरपी झींझक पुलिस ने जॉच पडताल की, जीआरपी पुलिस ने बताया कि एक मृतक युवक विमल कुमार पुत्र स्व0 शिवराम बहावलापुर थाना मॅगलपुर का मूल निवासी है, मृतक विमल कुमार अकबरपुर में अपनी पत्नी उमा के साथ किराये के मकान में रहता था, मृतक की पत्नी अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र की एक प्रतिष्ठित फुटवियर कम्पनी में प्राइवेट नौकरी करती थी। उमा को उसके पति ने आत्महत्या करने से पूर्व फोन पर जानकारी दी थी, जिससे उमा घटना स्थल पर पुलिस के आने से पहले ही पहुॅच गयी और मृतक की शिनाख्त अपने पति विमल कुमार के रूप में की। उमा ने बताया कि उसके पति अकबरपुर में प्राइवेट नौकरी करते थे करीब छह महीने पहले मार्ग दुर्घटना में घायल होने के कारण वह भी अकबरपुर में किराये का कमरा लेकर प्राइवेट नौकरी करने लगी। मेरा पति मेरे चरित्र पर सॅदेह करता था और मुझे प्रताडित करता था। वहीं मृतक विमल ने आत्महत्या से पहले डायल 112 को भी फोन कर पत्नी से विवाद के चलते आत्महत्या करने को कहा था। मृतक ने डायल 112 पुलिस को फोन करने के बाद अपना मोबाइल फोन स्विच आफ कर लिया, जिससे पुलिस उसकी पहचान नहीं कर सकी परन्तु पुलिस ने रेलवे स्टेशन से लाउडस्पीकरों के माध्यम से घोषणा करवा कर आत्महत्या से रोकने का भरसक प्रयास किया। दूसरा मृतक जसवॅत सिंह यादव पुत्र मनहर यादव निवासी नसरतपुर, बारा कोतवाली अकबरपुर का था। मृतक जसवॅत के सेवानिवृत शिक्षक पिता ने बताया कि मेरा पुत्र मॅगलवार की शाम को पुत्री की ससुराल अकबरपुर कस्बे में आयोजित भ्ण्डारे में जाने की बात कह कर घर से निकला था, मनहर कठेठी इण्टर कालेज से सेवानिवृत्त अध्यापक है। जसवॅत एमएससी के साथ बीटीसी कर चुका है तथा बेसिक शिक्षा विभाग में अध्यापक पद हेतु नौकरी के लिये प्रयत्नशील था। उन्होनें आगे बताया कि बीती 5 फरवरी को ही मेरे पुत्र की शादी हुयी थी। एक ही ट्रेन से करीब 100 मीटर की दूरी पर दोनों युवकों द्वारा आत्महत्या की घटना को अॅजाम दिये जाने से लोगों में कयासों का दौर जारी रहा, परन्तु मृतक के परिजन तो दोनों मृतक युवकों के आपसी सम्बन्ध को नकारते नजर आ रहे है एक ही समय में दोनों युवकों की आत्महत्या से प्रत्यशदर्शियों व तमाशाबीनों के मन में संदेह व सॅशय पर चर्चा होती रही, परन्तु दोनों मृतक युवकों के अकबरपुर से रूरा रेलवे स्टेशन आने के अलावा आपसी सम्बन्धों की कोई भी पुख्ता जानकारी नहीं मिल पायी है। फिलहाल मामले की तह में जाने के लिये जीआरपी झींझक पुलिस ने दोनों मृतक युवकों के मोबाइल अपने कब्जे में ले लिये है काल डिटेल के आधार पर ही इस आत्महत्या काण्ड के खुलासे की उम्मीद जतायी जा रही है।

## धीरे-धीरे कस रहा है ठग गैंग पर कानून का शिकंजा

- हाईप्रोफाइल शैलेंद्र सिंह उर्फराजू यादव व उसके गैंग पर एक और एफआईआर
- चौथी एफआईआर में बढ़ी 120बी की धारा दर्जनों शिकायतो पर कार्यवाही अभी भी लम्बित

संवाददाता। फतेहपुर

**विदेश भेजने** के नाम पर दर्जनों बेरोजगारों से करोड़ों की उगाही करने वाले हाईप्रोफाइल ठग शैलेंद्र सिंह उर्फ राजू यादव पर कानून का शिकंजा कसता जा रहा है। उस पर गंभीर धाराओ से सम्बंधित अब तक चार मुकदमे दर्ज हो चुके हैं, बावजूद इसके कोतवाली पुलिस उस पर हांथ डालने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। तत्कालीन सपा सरकार में उसने जो रसूख कायम किया वह योगी सरकार में भी बरकरार रहना सत्ता का व्यापक संरक्षण माना जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि शहर के हरिहरगंज इलाके के दुर्गा नगर (चूना वाली गली) निवासी राम नरेश सिंह के पुत्र शैलेंद्र सिंह उर्फ राजू यादव के खिलाफ एक सैकड़ा के करीब बेरोजगारो को विदेश में नौकरी दिलाने समेंत विभिन्न मदों में करोड़ों की उगाही एवं ठगी के आरोप लगते रहे हैं। अब तक दर्ज हो चुकी चार एफआईआर में उस पर बाकायदे गैंग बनाकर मिशन के रूप में धोखाधड़ी करने के आरोप लगे हैं, बावजूद इसके उसकी व अन्य नामजदो की गिरफ्तारी तो दूर दबिश तक न दिया जाना योगी राज में वर्दी की भूमिका को बयॉं करता है।

उपलब्ध घटनाक्रम के मुताबिक शैलेंद्र सिंह उर्फ राजू यादव एवं उसके तथाकथित गैंग के खिलाफ पहली एफआईआर पिछले वर्ष 03 जनवरी 2021 को सदर कोतवाली में अपराध संख्या 07/2021 दर्ज हुई जिसमें वादी मुकदमा अमित शुक्ला पुत्र सुरेश शुक्ला थे। इस एफआईआर में धारा-419, 420, 406, 467, 468, 471 लगा तो दी गई किन्तु विवेचक (हरिहरगंज चौकी इंचार्ज) इस पर गंभीर नहीं हुए। इसी श्रेणी के अपराध से सम्बंधित अगले डेढ़ वर्ष के दरमियान आईं 19 शिकायतों को कोतवाली पुलिस ने दर्ज नहीं किया।


इसी कड़ी में शासन स्तर पर हुई शिकायत के बाद शैलेंद्र सिंह उर्फ राजू यादव एवं उसके तथाकथित गैंग के खिलाफ दूसरी एफआईआर अपराध संख्या 476/2022 विगत 13 जुलाई 2022 को अविनाश त्रिपाठी पुत्र शंकर त्रिपाठी ने दर्ज कराया किन्तु विवेचक ने इसे भी ठंडे बस्ते में डाल दिया। इस एफआईआर में भी धारा-419, 420, 406, 467, 468, 471 लगाई गईं।

तीसरी एफआईआर विगत 21 सितम्बर 2022 को शैलेंद्र सिंह उर्फराजू यादव आदि के खिलाफअपराध संख्या 701/2022 कोतवाली में दर्ज हुई। इस एफआईआर में भी धारा-419, 420, 406, 467, 468, 471 लगी किन्तु नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं हुई। इस गैंग के खिलाफ चौथी एफआईआर शिवम् पुत्र विनोद शिवहरे ने पिछले दिनों 24 सितम्बर 2022 को शैलेंद्र सिंह उर्फ राजू यादव समेत आशुतोष सिंह उर्फ शिवम् पुत्र राम प्रकाश सिंह निवासी हरिहरगंज, विकास यादव उर्फ संदीप यादव निवासी दुर्गा नगर (हरिहरगंज), जीतेन्द्र उर्फपिंटू दुबे पुत्र सूर्यमणि दुबे के निवासी दुर्गा नगर (हरिहरगंज), प्रशान्त सिंह उर्फ दीपू यादव निवासी महिला डिग्री कॉलेज वाली गली (आईटीआई रोड) व प्रवीन यादव उर्फ पप्पू पाइनियर के खिलाफ अपराध संख्या 724/2022 के अन्तर्गत इसमें धारा-419, 420, 406, 467, 468, 471 के अतिरिक्त 120बी की बढ़ोत्तरी हुई है। यहां पर गौरतलब है कि विगत 12 सितम्बर 2022 को एक नाटकीय घटनाक्रम सामने आया जब उपरोक्त मुकदमों के मुख्य अभियुक्त शैलेंद्र सिंह उर्फ राजू यादव ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष पेश होकर 03 जनवरी 2021 को दर्ज हुई एफआईआर (अपराध संख्या 07/2021) के वादी अमित शुक्ला एवं उसके पिता सुरेश शुक्ला के खिलाफ शिकायतीपत्र देकर कुछ माह पूर्व जान से मारने की नियत से गोली चलाने का आरोप लगाया।

## कुत्ते ने दो मासूमों समेत आधा दर्जन लोगों को काटा



अनिका



अर्जुन

**घाटमपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव नबेड़ी और पास के दो गांवों में बीते 24 घंन्टे के अंन्दर कुत्ते ने दो मासूमों समेत आधा दर्जन लोगों को काटा लिया, मासूमों को इलाज के लिये परिजन सीएचसी में भर्ती कराया है उधर कटखने कुत्ते से भयभीत लोग काम-काज के लिये खेतों की ओर जाने से कतरा रहे हैं। बताया जाता है कि कुत्ते ने मंगलवार दोपहर नबेड़ी तिराहे पर केले की ठेलिया लगाये नीरज ( 28 ) व मुईया निवासी अमित कुमार ( 29 ) को नबेड़ी आते समय रास्ते में काट लिया, इसी कटखने कुत्ते ने आज बुद्यवार सबेरे फिर निकट के गांव पाराचॉंद निवासी लल्लू की पुत्री अनिका ( 7 ) को काट लिया, अनिका मुहल्ले की दुकान में सामान ले कर वापस लौट रही थी। इसके बाद इसी कुत्ते ने नबेड़ी पंहुचा और वहॉं बल्ली के पुत्र अर्जुन ( 13 ) को भी काटा, दोनों के परिजन उन्हें इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया है। पूर्व प्रधान राजेश अवस्थी ने बताया कि इस कुत्ते ने नबेड़ी तिराहे पर कल दो अन्य दुकानदारों को भी काटा था। लोगों के मुताविक कटखने कुत्ते को जब ग्रामीण खदेड़ते हैं तो वह भाग कर खेतों में खड़ी ज्वार-बाजरा की फसल में छिप जाता है जिसके चलते लोग में दहशत का महौल है।

# प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनांतर्गत रिवर रैंचिंग कार्यक्रम व जागरूकता गोष्ठी का हुआ आयोजन

संवाददाता। अमेठी

**सहायक निदेशक** मत्स्य एके शुक्ला ने बताया कि नदियों में मत्स्य संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन के दृष्टिकोण से आज विकासखंड मुसाफिरखाना के गाजनपुर दुवरिया घाट गोमती नदी में 02 लाख भारतीय मेजर कार्प के 80 से 100 मिमी के बच्चे छोड़े गए। रिवर रैंचिंग के पूर्व घाट के समीप एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। जिसके मुख्य अतिथि माननीय विधायक जगदीशपुर सुरेश पासी रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय विधायक ने कहा कि रिवर रैंचिंग कार्यक्रम वर्तमान सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसमें नदियों में मत्स्य संपदा के घट रहे संसाधन को बढ़ाया जाना है, क्योंकि नदियों से हमारे मछुआरों को रोजगार के साधन उपलब्ध होते हैं। कार्यक्रम को विकासखंड मुसाफिरखाना के क्षेत्र प्रमुख प्रतिनिधि दिनेश प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया और उन्होंने अपने विकासखंड में आयोजित हुए इस कार्यक्रम के लिए प्रसन्नता व्यक्त की साथ ही कहा कि इस कार्यक्रम से नदियों के किनारे निवास कर रहे व्यक्तियों को मछली पकडने एवं उनकी बिक्री से उन्हें रोजगार उपलब्ध होगा। सहायक निदेशक मत्स्य ने बताया कि नदियों में मत्स्य संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन के दृष्टि से रिवर रैंचिंग का कार्यक्रम प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत पूरे प्रदेश में आयोजित हो रहा है उसी कड़ी में आज जनपद अमेठी के दुवरिया घाट गोमती नदी में 02 लाख कतला रोहू एवं नैन की मत्स्य अंगुलिका छोड़ी गई है। इस मौके पर निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष सागर निषाद ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया एवं मत्स्य अंगुलिका छोड़ी। क्षेत्र पंचायत प्रमुख गौरीगंज के प्रतिनिधि उमेश सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और रिवर रैंचिंग कार्यक्रम में सहयोग किया। गोष्ठी में क्षेत्रीय मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के पदाधिकारी और सदस्य सहित मत्स्य निरीक्षक अनिरुद्ध वर्मा, अनीश हैदर उपस्थित रहे।


गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री

# लालगंज में ब्रांडेड इलेक्ट्रानिक उत्पाद एक ही छत के नीचे: राहुल भदौरिया

**लालगंज रायबरेली।** क्षेत्र के लोगो को विश्वस्तरीय इलेक्ट्रानिक उत्पादों के लिये महानगरो के चक्कर नही काटने पडेगें। अब कस्बे के मेंन रोड स्थित साहू एजेंसीज में सभी ब्रांडेड कंपनियों के उत्पाद एक ही छत के नीचे मिल सकेगें। शोरूम का शुभारम्भ नवरात्र के पावन अवसर पर किया गया। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष राहुल भदौरिया ने कहा कि लालगंज कस्बे में अपनी तरह का यह पहला बडा शोरूम है। जिसमें एसी, फ्रिज, वाशिंग मशीन समेत सभी कंपनियों के उपकरण बेहद किफायती दरो पर उपलब्ध है। इस शोरूम के खुलने के बाद नगर व क्षेत्र के लोगो को अपनी पंसद के उत्पाद लेने के लिये भटकना नही पडेगा। शोरूम के स्वामी आकाश साहू ने बताया कि यहां से लिये गये सामान की कंपनी स्तर की जिम्मेदारी स्वयं की होगी। जिससे प्रोडक्ट में किसी भी प्रकार की दिक्कत के लिये कुशल कारीगरो की टीम से समस्या का तत्काल समाधान कराया जायेगा। इस मौके पर अनिल गुप्ता, हरीशंकर श्रीवास्तव, करूणा शंकर यादव, मो0 कासिफ खान, निसार अहमद, राजेश मेहता, नंद किशोर साहू, एसएस यादव आदि मौजूद रहे।



## क्विक न्यूज

### मदिरा की तस्करी व शराब की अवैध बिक्री की रोकथाम के तहत विशेष प्रवर्तन अभियान के लिए टीम गठित

**रायबरेली।** जिलाधिकारी श्रीमती माला श्रीवास्तव ने शासन के निर्देशानुसार आगामी माह में दशहरा एवं दीपावली त्यौहारों के समय मदिरा की मांग में वृद्धि होने से मदिरा की तस्करी व अवैध/मिलावटी मदिरा की बिक्री की सम्भावनायें बढ़ जाती है। जिसके लिए जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी एवं आबकारी निरीक्षकों की संयुक्त टीम गठित कर विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर गैर प्रान्त से होने वाली मदिरा की सम्भावित तस्करी एवं अवैध मद्य निष्कर्षण तथा अवैध शराब की बिक्री की रोकथाम तथा आबकारी दुकानों के आस-पास अवैध मदिरा के निर्माण पर अंकुश लगाये जाने हेतु त्यौहारों के दृष्टिगत एक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने गठित टीमों को निर्देश दिये है कि इस अभियान को सफल बनाने में पूर्ण निष्ठा एवं गम्भीरता से कार्य करेंगे।

### एम्स में स्थापित मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष का सफलतापूर्वक हो रहा संचालन

**रायबरेली।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री अमित कुमार ने समस्त उपजिलाधिकारी/तहसीलदार को निर्देश दिये है कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायबरेली (एम्स) में स्थापित मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष का संचालन सफलतापूर्वक किया जा रहा है। आप सभी प्रकरणों में नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

### 25 हजार के इनमिया को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**ऊंचाहार।** नगर के बस स्टैंड के पास से पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 25 हजार के इनमिया को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मंगलवार की रात पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर विजय कुमार उर्फअजय उर्फपुत्र राम दुलारे निवासी फ्तूहपुर उपरहार थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर लिया और कोतवाली लेकर आई, जिसे बुधवार को जेल भेजा गया है। कोतवाल संजय त्यागी ने बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त पशु क्रूरता व गोवध निवारण अधिनियम के तहत वांछित चल रहा था और 22 सितंबर को पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने इस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया था, जिसे जेल भेजा गया है।

### ट्रेन से कटकर अधेड़ महिला की हुई मौत

**बछरावां रायबरेली।।** कोतवाली क्षेत्र के दोस्त पुर गांव में एक महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बुधवार सुबह दोस्तपुर गांव निवाशिनी सियावती (50) पत्नी रामदीन शौच क्रिया के लिए खेतों की ओर गई थी । तभी लखनऊ से रायबरेली की ओर जा रही मालगाड़ी की चपेट में आ जाने से कटकर उसकी मौत हो गई । आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने घटना की सूचना परिजनों को दी । मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया । वहीं चर्चा है कि मृतका एक गंभीर बीमारी से पीड़ित थी । जिससे तंग आकर उसने आत्महत्या कर ली है ।

### पुलिस ने पकड़े चार जुआरी, मुकदमा दर्ज

**खीरों, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा खीरों के फ्तेह शाह दरगाह के पास से पुलिस ने छापा मारकर 4 जुआरियों को पकड़ा। फ्ड़से मिली नगदी व ताश के पत्तों को जप्त कर जुआरियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही किया। खीरों थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा खीरों निवासी अमन पुत्र श्यामू 24 वर्ष, शहनवाज पुत्र समसुद्दीन 19 वर्ष, रईस पुत्र जमील खान 30 वर्ष व राजकुमार पुत्र सोहनलाल 45 वर्ष समेत सभी चारों जुआरियों को पुलिस ने मौके से उठा लिया। जुआरियों के कब्जे से माल फ्ड़ व तलाशी कुल 2320 रूपये व ताश के 52 पत्ते व फ्ड़ गमछा बरामद हुआ। थानेदार देवेंद्र कुमार अवस्थी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### तीन वारंटियों को पुलिस ने भेजा जेल

**लालगंज रायबरेली।** कोतवाली पुलिस ने पुराने मुकदमें में गैरहाजिर चल रहे तीन वारंटियो को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कोतवाली प्रभारी हरीशंकर सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाये जा रहे वारंटी अभियान के तहत आज मुनव्वर पुत्र राम सिंह निवासी उमरामऊ, रामकरन सिंह पुत्र मनबोध सिंह निवासीगण उमरामऊ व राजकिशोर यादव पुत्र बिंदादीन निवासी पूरे उसरहा मजरे दीपेमऊ को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया है।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**खीरों, रायबरेली।** गुरूबक्सगंज थाना क्षेत्र की सीमा के अंतर्गत सेमरी-रायबरेली वाया गुरूबक्सगंज मुख्य मार्ग पर बसिगवां के पास खीरों थाना क्षेत्र के निवासी एक बाइक सवार युवक को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिसके बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 ने घायल को इलाज के लिए जतुवा सीएचसी पहुंचाया। जहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।खीरों थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरीपुर निवासी ओवैसी 18 वर्ष पुत्र इजहार बाइक से अपनी बहन की ससुराल निगोहा उसकी विदाई कराने के लिए जा रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुबक्सगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत बसिगवां के पास किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दिया मौके पर पहुंची डायल 112 ने घायल को इलाज के लिए जतुवा सीएचसी पहुंचा दिया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक का पिता सऊदी अरब में रोजी रोटी के लिए रहता है। भाई फ्रान कोलकाता में रोजी रोटी कमाता है। मृतक की बड़ी बहन मारिया की शादी 2 माह बाद होनी तय थी। बेटे की मौत से मां रजिया के ऊपर गमों का पहाड़ टूट पड़ा। एसएचओ दिग्विजय सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

**सलोन ।** कोतवाली क्षेत्र के मोहा मजरे उमरन गांव में अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है और मामले की छानबीन कर रही है, वहीं इस घटना से परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है।गाँव निवासी हसमत अली 30 वर्ष अपने छह भाइयों मेंपांचवेंनम्बर का था । , जिसने मंगलवार की शाम घर में खाना खा कर सो गया रात करीब दो बजे पत्नी मेहनाज बानो ने देखा तो उसका पति बिस्तर पर नहीं था घर में देखने के बाद उसने अपनी सास ससुर व देवर इसरार को बताया तो घर के सभी लोग खोजबीन करने लगे तभी घर के पीछे नीम के पेड़ मे दुपट्टे के सहारे फंदे से लटकते हुए देखा तो चीख पुकार शुरू कर दी। जिसके बाद पड़ोसियों समेत कई लोग मौके पर पहुंच गए और सूचना पुलिस को दी गई, घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम को भेज दिया है।घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है।हसमत अली ई रिक्सा चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था मृतक के दो पुत्र शान 3 वर्ष रेहान डेढ़ वर्ष है , वहीं इस घटना से परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है।

# शिवगढ़ से 20 नेत्र रोगियों को मोतियांबिन्द ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया लखनऊ

संवाददाता। शिवगढ़,रायबरेली

**शिवगढ़ क्षेत्र** के भवानीगढ़ स्थित कांग्रेस पार्टी के ब्लाक कार्यालय प्रांगण से 19 नेत्र रोगियों को चिकित्सालय की बस द्वारा मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र कैसरबाग लखनऊ रवाना किया गया। गौरतलब हो कि 22 अगस्त को भवानीगढ़ स्थित कांग्रेस पार्टी के शिवगढ़ ब्लॉक कार्यालय में कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव दिनेश यादव द्वारा निरूशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र कैसरबाग लखनऊ से आई 7 सदस्यीय नेत्र विशेषज्ञ टीम द्वारा शिविर में आए नेत्र रोगियों का नेत्र परीक्षण कर 49 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया था। जिसमें से 20 नेत्र रोगियों 22 सितम्बर को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए लखनऊ भेजा गया था। शेष 19 नेत्र रोगियों को बुधवार को चिकित्सालय की बस द्वारा लखनऊ भेजा गया। कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव दिनेश यादव, शिवगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट गौरव मिश्रा ने नेत्र रोगियों को बस द्वारा लखनऊ रवाना करते हुए बताया कि पहली बार में जहां 20 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए लखनऊ रवाना किया गया था तो वहीं दूसरी बार में शेष 19 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए लखनऊ रवाना किया गया।



# आस्था का केन्द्र बना देवी हींगलाज माता मंदिर

**●नौ दिन लगता है मेले जैसी भीड़ दूरदराज के क्षेत्रों से आते हैं श्रद्वालु**

**●बाबा पुरूषोत्तम दास जी की तपस्या की ही परिणाम है क्षेत्र मे माता अहोरवा भवानी व माता हींगलाज का मंदिर**

संवाददाता। अमेठी

**जिला मुख्यालय** से उत्तर दिशा में स्थित तहसील मुख्यालय मुसाफिरखाना से उत्तर दिशा मे करीब पांच किमी दूर क्षेत्र की गांव दादरा के पश्चिम स्थाई माता हींगलाज मंदिर लाखो लोगों की आस्था व विश्वास का केन्द्र बना हुआ है। यहाँ चैत्र की नवरात्रि तथा शारदीय नवरात्रि मे नौ दिन मेले जैसी भारी भीड़ उमड़ती है। जहाँ दूर दराज से बड़ी संख्या में श्रद्वालु दर्शन पूजन मन्नते मांगने आते है।

माता देवी हींगलाज की स्थापना के बारें मे स्थानीय लोगो का कहना है कि बाबा पुरूषोत्तम दास जी ने आसुरी शक्तियों के द्वारा किए जा रहे अत्याचार से बचाने व जनकल्याण के उद्देश्य से वर्तमान पाकिस्तान के ब्लूचिस्तान के लासब्रेसा जिले के ल्यारा तहसील के हिंगोस नदी पर स्थित माता हींगलाज के मंदिर से माँ को कठिन तपस्या करके ले आये थे। स्थानीय लोगो के अनुसार बाबा पुरूषोत्तम दास जी महान संत होने के साथ ही उन्होंने कई पुस्तको को भी लिखा है ।लोगो का मानना है कि दादरा व आसपास के इलाके मे महामारी का प्रकोप हमेशा ही बना रहता था ।जिसे देख बाबा पुरूषोत्तम दास ने क्षेत्रवासियों को इससे छुटकारा दिलाने के उददेश्य से तपस्या आरम्भ की ।घोर तपस्या के बाद बाबा को आकाशवाणी हुई कि गाँव के पश्चिम मे मां हींगलाज को लाकर उनका मंदिर बनवाया जाय। जिसे सुनकर बाबा पुरूषोत्तम दास मां हींगलाज का पता लगाया तथा उन्हे लाने के लिए निकल पड़े और माता हिंगलाज को अपनी तपस्या से प्रसन्न करके लाने मे कामायाबी हासिल की।

माता हींगलाज जब चलने को तैयार हुई तो उन्हे उनके शर्तो के अनुसार बाबा अपने साथ लाने लगे। बाबा पुरूषोत्तम दास जी के बारे में उनके बारे में जानकारों ने कई बाते बताई जो इस प्रकार है। बाबा पुरूषोत्तम दास जी के पिता का नाम क्षेमानन्द था । इनकी जैमिनी पुराण 16वी शताब्दी बिक्रम सन् 1501 मे प्रकाशित हुई थी। जिसकी खण्डित पाण्डुलिपि नागरी प्रचारिणी सभा काशी मे रखी हुई है। पुन: संवत 1598 मे जैमिनी अश्वमेघ छन्दोवद्य अवधी भाषा मे लिखा है।, संवत 1620 मे इनके द्वारा लवकुशोपाख्यान लिखा गया। जो राम चरित्र मानस की रचना के पूर्व की बताते है।

लोगों ने बड़े आत्म विश्वास के साथ बताया कि राम चरित्र मानस के रचियता गोस्वामी तुलसीदास यहा आ चुके है। बाबा पुरूषोत्तम दास जी जगन्नाथ पुरी से घूमकर काशी आये तथा यहा उन्होने बेद पुराण उपनिषद का अध्ययन किया उसके बाद बाबा पुरूषोत्तम दास जी ने गुरू से सन्यास की इच्छा जताई गुरू के आज्ञा अनुसार वे माता पिता से अनुमति मांगने आये। माता पिता ने सन्यास लेने से मना कर दिया और इनका विवाह कर दिया। मुगल कालीन इतिहास के अनुसार अकबर को जब धर्म सम्बंधी भ्रान्ति पैदा हो गई तो उन्होने फतेहपुर सीकरी के इबादतखाने मे जोधाबाई महल मे सभी धर्मो के विद्वानो की सभा किया जिसमे बाबा पुरूषोत्तम दास जी गये हुए थे। जहा सभी धर्मो के लोगो ने बाबा पुरूषोत्तम दास जी द्वारा बतायी गई बात की पुष्टि करते हुए माना कि हिन्दू धर्म ही ऐसा धर्म है जिसने विश्व को अपना परिवार माना तब अकबर ने बाबा को अपना गुरू मान लिया कुछ समय बाद बाबा पुरूषोत्तम दास जी हींगलाज की यात्रा की वहां पहुंच कर बाबा ने कठिन समस्या करके देवी माता हींगलाज को अपने साथ चलने के लिए तैयार किया ।

देबी हींगलाज चलने से पूर्व शर्त रखा कि आप आगे आगे मेरे पायलो की झंकार सुनते हुए चलेगें। पीछे मुड.कर नही देखेगें।यदि पीछे मुड.कर देखो गें तो मै वही रूक जाऊगीं। चलते चलते इन्हौना के दक्षिण की तरफ बियावान जंगल मे बाबा पुरूषोत्तम दास जी को पायलो की आवाज सुनायी नही दी तो वे शर्त को भूल गये और जैसे ही पीछे मुड.कर देखा तो आवाज सुनायी पड़ी।जिस पर माता जी ने कहा मै अब यही रहूँगी वह स्थान अब वर्तमान मे अहोरवा भवानी के नाम से बिख्यात है।

जहाँ पर सोमवार व शुक्रवार को श्रद्वालुओ का मेला लगता है। जब बाबा पुरूषोत्तम दास जी ने देखा कि निवास स्थान दादरा अभी काफी दूर है तो पुन: माता देवी हींगलाज के समक्ष तपस्या आरम्भ कर दी एक बार फिर पूर्व शर्तानुसार मां हींगलाज चलने को राजी हुई जो बाबा पुरूषोत्तम दास जी के गांव के नजदीक पश्चिम दिशा मे पुन: पायलो की आवाज बन्द हो गयी तो वही पर माँ देबी हींगलाज का मंदिर बनाया गया जहाँ नवरात्रि मे भव्य मेला लगता है तथा सोमवार व शुक्रवार को बड़ी संख्या में श्रद्वालु मन्दिर पर माता के सामने माथा टेक कर मनौती मानते है पूर्ण होने पर अनुष्ठान करते है।वही सोमवार से शुरू हो रहे शारदीय नवरात्रि में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोग लगातार तैयारियां पूरी करने में जुटे हुए हैं।


माता हिंगलाज देवी


हिंगलाज माता मंदिर

# हिंदी पखवाड़ा समापन कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता। अमेठी

**●हिन्दी को न्यायालयों और कार्यालयों की भाषा बनाई जाये - डॉ.फूलकली**

**एफ.डी.डी.आई.** फुरसतगंज में हिन्दी पखवाड़े का समापन समारोह सम्पन्न हुआ, इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अमेठी की प्रधानाचार्या डॉ0 फूलकली गुप्ता थीं,मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिन्दी भाषा को कार्यालयों और न्यायालयों की प्रमुख भाषा बनाया जाये तभी हिन्दी को उसके हिस्से का सम्मान मिल पायेगा। भाषा और माता अपने पुत्रों से ही सम्मान प्राप्त करती है,उन्होंने विद्यार्थियों का आहवाहन किया कि सपनों को देखना नहीं उन्हे जीना होगा तभी जीवन में सफलता मिलेगी। केन्द्र प्रभारी वरुण गुप्ता ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार भी दिया गया,प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सुश्री सीमा यादव, हिन्दी टंक? में श्री बीरेन्द्र विक्रम सिंह विजेता रहे, विद्यार्थी वर्ग में वैष्णवी सोनल प्रथम, वैष्णवी मिश्रा द्वितीय, रिद्धी सोनकर तृतीय रहीं। इस कार्यक्रम का संचालन श्री नलिन पाण्डेय ने करते हुये कहा कि भाषा व अर्थव्यस्था का गहरा सम्बंध है एवं भाषा का विकास व प्रभाव अर्थव्यवस्था के साथ ब?ता है। कार्यक्रम में फैशन के विभागाध्यक्ष राजेश शर्मा, फुटवियर के विभागाध्यक्ष सुमित फर्नांडी?, अरविंद श्रीवास्तव, मनोज विमल, प्रदीप जॉन, सीमांत शुक्ल, अफाक अली एवं संस्थान के छात्र/छात्राएँ भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# समयबद्ध कार्यक्रम के तहत प्राप्त करने होंगे निपुण भारत लक्ष्य : बीईओ वरुण

**बछरावा रायबरेली।** बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र बछरावां में निपुण भारत मिशन के तहत शिक्षकों के छठे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया । आयोजित शिविर में परिषदीय विद्यालयों के 69 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया है । चार दिवसीय शिविर का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी वरुण मिश्र ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन करके किया । शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कोरोना काल में बच्चों के स्कूल बंद रहने के कारण बच्चों के सीखने में आए अंतर को समाप्त करने एवं बच्चों में कक्षानुसार दक्षता विकसित करने की आवश्यकता है । इस अवधि में ज्ञानात्मक, भावनात्मक एवं संज्ञानात्मक विकास में आए रुकावट को किस प्रकार दूर किया जाए । एवं बच्चों को किस प्रकार सर्वप्रथम निपुण भारत के लक्ष्य तक पहुंचाया जाए । इस पर भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने शिक्षकों के ज्ञान, कौशल एवं समर्पण पर विश्वास जताते हुए इन लक्ष्यों को शीघ्र प्राप्त करने हेतु उन्हें प्रोत्साहित किया। प्रशिक्षकों ने बताया कि निपुण भारत मिशन भारत सरकार का महत्वाकांक्षी अभियान है। शिक्षकों को निर्धारित कार्यक्रम के तहत कालांश के हिसाब से प्रतिदिन बच्चों को पढ़ाना है । प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष आशुतोष शुक्ल ने बताया कि बछरावां ब्लाक के सभी विद्यालय यथासंभव प्रथम चरण में ही निपुण बनने के लिए पूर्णतया संकल्पित है । इस मौके पर दिलीप यादव , रामरतन , राजेन्द्र प्रसाद शर्मा , लोकतंत्र शुक्ला , प्रशांत मोहन , चरण सिंह , चंदन सोनकर , नीरज शुक्ल , जयलक्ष्मी , रामायणी मिश्रा , संगीता यादव , ज्योति सिंह , आलोक शुक्ल , संगीता , प्रमोद कुमार , पुष्पा , रश्मि रावत , निरंकार शुक्ल , वासुदेव त्रिपाठी , जया मौर्य कुमार समेत अन्य प्रतिभागी मौजूद रहें ।

# 50 किलो पशु मांस के साथ तीन गिरफ्तार

**तिलोई,अमेठी ।** मोहनगंज थाना क्षेत्र के मनीमनोहर नाला के निकट पुलिस ने बाइक सवार तीन लोगो को गिरफ्तार कर लिया। पक? में आये लोगो के पास सें पुलिस ने प्रतिबंधित पशु मांस बरामद किया है।मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने संदिग्ध बाइक सवारों को दबोच लिया। पक? में आये लोगो की पहचान मूर्त?ा खां पुत्र जुम्मन खां, तौहीद पुत्र कासिम निवासीगण मनी मनोहर, नौशाद पुत्र अलीशेर निवासी रमई के रूप में हुई। इनको ग्राम मनीमनोहर नाला के पास से समय सुबह 8 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया है । पक? में आये अभियुक्तों के कब्जे से मोटरसाइकिल पर 1 बोरी में 50 किग्रा0 प्रतिबंधित पशु मांस , वध करने के उपकरण आदि बरामद हुआ । मोटरसाइकिल सीडी डिलक्स यूपी 44 डब्ल्यू 6897 के कागज मांगने पर दिखा न सके । पुलिस ने पक? गयें अभियुक्तों को संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया है।

### पीड़ित महिला कि तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा किया दर्ज

**खीरों ( रायबरेली )** । थाना क्षेत्र के एक गांव की एक महिला के साथ उसके बहनोई ने अश्लील हरकत किया । महिला के बिरोध करने पर उसके पति , बहनोई व भांजे ने मिलकर महिला की पिटाई कर बेटे सहित उसे अपने घर से भगा दिया । पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है । उन्नाव जिले के थाना क्षेत्र मौरावां के गांव कुदरा निवासिनी रेहाना बानो ने आरोप लगाया है कि खीरो कस्बा निवासी मेरे पति फ्रिदौस शादी के बाद से ही मुझे मारपीट कर प्रताड़ित करता था। बीती चार सितंबर को तीन बजे मेरे ननदोई फैजआलम मेरे घर में घुसकर मेरे कपड़े फाड़ दिया तथा अश्लील हरकत करते हुए जबरन दुराचार करने का प्रयास किया। जिसकी मैंने पति से शिकायत किया । जिससे नाराज पति फ्रिदौस आलम, ननदोई फैजआलम और भांजे साहिबे आलम ने मुझे मारपीट कर बेटे अरहन 06 वर्ष सहित घर से भगा दिया है। थानाध्यक्ष खीरो देवेंद्र कुमार अवस्थी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के पर मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है ।

# फांसी पर झूलता मिला विवाहिता का शव, दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

**● मृतका के भाई रामदीन ने पुलिस को बताया कि मेरी बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था**

संवाददाता। तिलोई,अमेठी

**मोहनगंज थाना क्षेत्र** के गांव पूरे सरनाम मजरे कोंची में बुधवार की सुबह एक विवाहिता का शव संदिग्ध स्थित में फांसी के फंदे पर झूलता मिला। मृतका के परिजनों ने दहेज के लिए हत्या का. आरोप लगाया है। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार अन्य परिजनों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।बुधवार कि सुबह पूरे सरनाम में रवि पुत्र बुधई की पत्नी रीना का शव संदिग्ध हालात में सा?ी सें लगाई गयी फांसी पर झूलता मिला। इस बात की जानकारी होने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के गांव लौली निवासी रामदीन की बहन रीना की शादी दो साल पहले थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव पूरे सरनाम मजरे कोंची निवासी रवि पुत्र बुधई के साथ हुई थी। मृतका के भाई रामदीन ने पुलिस को बताया कि मेरी बहन को दहेज के लिए प्रताणित किया जाता था। घटना की सूचना पर इंस्पेक्टर ज्ञान चंद्र शुक्ला ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। मृतका के मायके पक्ष के लोग घटनास्थल पर पहुंच तो उन्होंने ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुये पुलिस के पास अपनी शिकायत दर्ज कराई। इंस्पेक्टर ज्ञान चंद्र शुक्ला ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर पर पति रवि,ससुर बुधई,ज्येष्ठ गंगाराम के साथ ही एक महिला के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही तस्वीर साफ होगी।

# भगत सिंह की जयंती पर आयोजित हुई विचार गोष्ठी


गोष्ठी में उपस्थित वक्ता गण

**अमेठी।** रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमेठी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से भगत सिंह की जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई । गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो0 पी0के0 श्रीवास्तव ने कहा कि देश की आजादी के प्रति जैसा जुनून भगत सिंह के मन में था वैसा ही राष्ट्रीयता की भावना हर युवा में होना चाहिए। हम जब भी कोई कार्य करें राष्ट्र को पहले स्थान पर रखें। डॉ धनंजय सिंह ने कहा कि भगतसिंह नास्तिक एवं समाजवाद के समर्थक थे। वे उपनिवेशवाद एवं पूंजीवाद का विरोध किया। वे ऐसा आजाद भारत चाहते थे जहां किसानों एवं मजदूरों का शोषण न हो। डॉ रणविजय सिंह ने भगतसिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगतसिंह से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। सभी के प्रति आभार गोष्ठी के संयोजक डॉ सुधीर सिंह ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डॉ मनीषा? सिंह , डॉ सीमा सिंह एवं महाविद्यालय के शिक्षक तथा छात्र छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम में सभी का स्वागत डॉ पवन कुमार पांडेय तथा संचालन डॉ अनूप कुमार सिंह ने किया।

# प्रधानों की सक्रियता से ही बदलेगी गांव की तकदीर: डीएम

**● आडिटोरिएम में लगी प्रधान, सचिव और पंचायत सेवकों की कार्यशाला**

संवाददाता। बस्ती


संबोधित करती डीएम

**डीएम प्रियंका** निरंजन ने ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव तथा पंचायत सहायकों के लिए लगाई गई कार्यषाला में कहा कि प्रधानों की सक्रियता से गांवों की तकदीर बदल सकती है। उन्होंने सभी से गांव के लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए कार्य करने की अपील किया है। कहा कि तमाम गांव में ग्राम पंचायत भवन बन गए हैं, वहां कंप्यूटर भी लग गया है, इंटरनेट और वाईफाई की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इसका लाभ सभी ग्राम वासियों को मिलना चाहिए।

कहा कि ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल, पंचायत सहायक एवं अन्य ग्राम स्तरीय कर्मचारी टीम भावना से कार्य करें, तो इसका लाभ जन सामान्य को अवश्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाने पर ग्राम पंचायत को 15 रुपया में प्राप्त होते हैं। इसमें से पांच रुपया प्रमाण पत्र बनाने वाले पंचायत सहायक को दिया जाएगा, जो उसके मानदेय से अलग होगा। उन्होंने डीपीआरओ को निर्देशित किया है कि कुछ पंचायत सहायकों को ट्रिपिल सी या ओ लेवल कंप्यूटर की ट्रेनिंग दिलाई जाए ताकि वे दक्षता पूर्वक कार्य कर सकें। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में अभिलेख एवं आंकड़े सदैव तैयार रखें। इसके लिए लाभार्थीपरक योजनाओं के लिए अलग-अलग रजिस्टर मेनटेन करें। उन्होंने बताया कि मनरेगा में सात प्रकार के रजिस्टर मेनटेन किए जाते हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि गांव में निरीक्षण पर जाने वाले अधिकारियों को इन सभी रजिस्टर को अवश्य दिखाया जाए तथा उनकी टिप्पणी अंकित कराई जाए। डीएम ने दीप प्रज्वलित करके कार्यशाला का उद्घाटन किया। उद्घाटन सत्र में सर्वप्रथम उन्होंने केंद्र या राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत प्रधानों को आमंत्रित किया, जिन्होंने अपने द्वारा कराए गए विकास कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। उन्होंने ऐसे प्रधानों को भी संबोधन का मौका दिया, जो तीसरी बार चुनकर आए हैं। उन्होंने ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव एवं सहायक से योजनाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि कुछ गांव के भ्रमण में उन्होंने पाया कि इन्हें योजनाओं के बारे में पूरी जानकारी नहीं है, इसलिए यह कार्यशाला आयोजित की गई है। सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि पांच दिवसीय इस कार्यशाला में बस्ती सदर, साऊघाट तथा कप्तानगंज के ग्राम प्रधान, सचिव एवं सहायक बुलाए गए हैं। इन्हें 28 विभागों के द्वारा लगभग 207 योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसी प्रकार 3-3 ब्लॉकों का कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसका समापन 2 अक्टूबर को किया जाएगा। कार्यशाला में परियोजना निदेशक कमलेश सोनी, डीडीओ अजीत श्रीवास्तव, डीपीआरओ नमिता शरण, समाज कल्याण अधिकारी श्रीप्रकाश पांडे, जिला पूर्ति अधिकारी सत्यवीर सिंह, उपायुक्त एनआरएलएम रामदुलार, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सौरभ द्विवेदी ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला समन्वयक राजा शेर सिंह ने किया।

# बालू का 'भंडारण' करने वालों पर डीएम ने चलाया चाबुक

**● एक ही करोबारी पर लगाया 55.88 लाख का जुर्माना**

**बस्ती।** ...जब-जब बालू के भंडारण करने वालों की जांच हुई, तब-तब सरकार को राजस्व का फायदा हुआ। चूंकि बालू का भंडारण करने वालों की जांच होना लगभग बंद हो गया था, इस लिए चोरी नहीं पकडी जाती। मगर इधर डीएम प्रियंका निरंजन ने पत्रकार सोहन सिंह के षिकायत पर जांच करवाई तो चार स्थानों पर निर्धारित मात्रा से अधिक भंडारण होना मिला। एक कारोबारी पर तो डीएम ने 55 लाख 88 हजार का जुर्माना लगाया। इसी तरह का जुर्माना तत्कालीन डीएम अरविंद कुमार सिंह ने महरीपुर में किए अधिक भंडारण के आरोप में सिम्पी सिंह पर लगाया था। डीएम ने तीन अन्य बालू का भंडारण करने वाले लाइसेंसधारकों पर किया, तीनों को नोटिस जारी किया गया।

लगभग एक माह पहले पत्रकार ने डीएम से मिलकर उनसे बालू का भंडारण करने वालों का सत्यापन करने के लिए लिखित में दिया था। इसमें सदर तहसील में चार और हर्रैया तहसील में एक स्थान पर भंडारण की जांच करने के लिए एसडीएम हर्रैया और एसडीएम सदर की अगुवाई में जांच कमेटी बनाई। हर्रैया की ज्वाइंट मजिस्टेट ने तो खुद जांच किया, जिसमें उन्होंने 13048 घन मीटर अधिक भंडारण होना मिला। इसके लिए उर्मिला पत्नी भानुप्रताप सिंह निवासी कनकपुर षिवदयाल जनपद गोंडा पर 55 लाख 88 हजार 720 रुपया आरोपित किया। इसी तरह हृदयराम यादव पुत्र बदरी राम यादव निवासी लालपुर बारा गोसाइगंज अयोध्या के यहां 2438 घन मीटर अधिक भंडारण मिला। इन्हें नोटिस दिया गया। इसी तरह संतोष कुमार पुत्र अमरनाथ ग्राम गंगाराम तिलकपुर थाना कप्तानगंज को भी 355 घन मीटर अधिक भंडारण करने का मामला मिला, इन्हें भी नोटिस थमाया गया है।

# बज गई नगर निकाय चुनाव की बिगुल

**● तैयारी शुरु, बूथवार, निकायवार, वार्डवार निर्वाचक नियमावली कार्यक्रम जारी, सभी बीएलओ को अपने वार्डों में जाकर पुराने और नये मकानों की गणना करेंगे**

**● पहली जनवरी 22 को 18 वर्ष पूरा करने वाले बनाए जाएंगे वोटर, छूटे हुए नामों को मतदाता सूची में जोड़ी जाएगी, वर्तमान में परिसीमन से अप्रभावित**

**●नगरपालिका, रुधौली और नगर पंचायत बनकटी की हो रही तैयारी, त्रुटिरहित मतदाता सूची बनाने के लिए डीएम और एडीएम ने मांगा सभी नागरिकों से भरपूर सहयोग**

**बस्ती।** ...एक तरह से देखा जाए तो नगर निकाय चुनाव की बिगुल बज गई है। हालांकि चुनाव के पंडितों का मानना हैं, कि इस बार षायद नगर निकाय का चुनाव निर्धारित समय से न हो सके। तैयारी को देख दावा करते हैं, कि चुनाव लगभग छह माह बाद हो सकता है। फिलहाल परिसीमन से अप्रभावित नगरपालिका, नगर पंचायत बनकटी और रुधौली में नगरीय निकायों के सामान्य निर्वाचन-22-23 के लिए निकायवार, वार्डवार एंव बूथवार तैयार की जाने वाली निर्वाचक नामावली के लिए सभी बीएलओ को अपने-अपने वार्ड/बूथों के सभी पुराने और नए मकानों की गणना करने का निर्देष एडीएम कमलेष चंद्र की ओर से जारी किया गया। इस प्रक्रिया को पूरा करने में ही लगभग दो माह लग सकते है।

बताया गया कि गणना के आधार पर जो लोग पहली जनवरी 22 को 18 साल के हो गए उन्हें मतदाता बनाना है। अगर किसी कारण से किसी का नाम मतदाता सूची में छूट गया है, तो ऐसे मतदाताओं का नाम परिवर्धित किया जाएगा। वहीं पर अगर गणना के दौरान यह बात सामने आया कि किसी मतदाता की मुत्यु हो गई है, या फिर वह विलोपित हो गया तो उसे संषोधित किया जाएगा। डीएम प्रियंका निरंजन ने बताया कि त्रुटिरहित मतदाता सूची लोकतंत्र का आधार माना जाता है, बताया कि यह तभी संभव हैं, जब प्रत्येक नागरिक के सक्रिय सहयोग मिलेगा। डीएम और एडीएम ने नगरपालिका परिषद, नगर पंचायत रुधौली और बनकटी के नगरीय के नागरिकों से अपेक्षा की हैं, कि वे अपने-अपने निकाय, वार्ड, बूथ की निर्वाचक नामावली में अपने परिवार के उन सदस्यों का नाम षामिल करवाए जो पहली जनवरी 22 को 18 साल पूरा कर चुके है। इन दोनों अधिकारियों ने उन बीएलओ का सहयोग करने की अपील की है, जो त्रुटिरहित मतदाता सूची में लगे हुएं है। कहा गया कि अगर कोई व्यक्ति यह समझता है, कि मतदाता सूची में किसी का नाम गलत षामिल हो गया तो वह इसकी लिखित जानकारी बीएलओ, पर्यवेक्षक, सेक्टर आफिसर, तहसीलदार, एसडीएम और एडीएम को दे सकते है। यह जानकारी व्यक्तिगत और फोन के जरिए भी दी जा सकती है। ताकि मतदाता सूची को त्रुतिरहित बनाया जा सके और समय से मतदाता सूची को प्रकाषित कराया जा सके। सभी ईओ से कहा गया है, कि अपने-अपने क्षेत्र के निकाय में डुग्गी-मुनादी के जरिए जनसामान्य को इसकी जानकारी दी जाए।

# शशिकान्तधर दूबे अध्यक्ष, राजेश चौधरी मन्त्री बने

**● बीआरसी रुधौली में संपन्न हुआ प्राथमिक शिक्षक संघ का त्रैवाषिक अधिवेशन**



**बस्ती।** बुधवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का त्रैवार्षिक अधिवेशन और रूधौली विकास खण्ड के पदाधिकारियों का चुनाव रूधौली बीआरसी के परिसर में सम्पन्न हुआ। त्रैवार्षिक अधिवेशन एवं शिक्षोन्नयन गोष्ठी के बाद चुनाव अधिकारी अभय सिंह यादव व चुनाव पर्यवेक्षक स्कन्द मिश्रा की देख रेख में अधिवेशन सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में उप जिलाधिकारी आनन्द श्रीनेत्र और तहसीलदार केशरीनन्दन त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक समाज की मजबूत की कड़ी हैं। सर्व सम्मति से ओम प्रकाश दूबे संरक्षक, शशिकान्तधर दूबे अध्यक्ष, राजेश चौधरी मन्त्री, सुधाकर प्रसाद उपाध्याय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रीती ओझा, सुशील कुमार उपाध्याय, गब्बूलाल, कौशल किशोर पाण्डेय, हरिओम, वृजेश कुमार, प्रदीप कुमार चौधरी, सच्चिदानन्द गुप्ता, विपिन कुमार पाण्डेय, हेमन्त कुमार मिश्रा, अशोक पाण्डेय उपाध्यक्ष, योगेश्वर प्रसाद शुक्ला-कोषाध्यक्ष, हीरालाल मधुकर संयुक्त मन्त्री पीयूष मिश्र, गौरव द्विवेदी, गौरव कुमार त्रिपाठी, दिनेश कुमार, सदानन्द मौर्य, धीरेन्द्र कुमार चौधरी, अभिषेक पाण्डेय संगठन मंत्री, रबीश चन्द्र त्रिपाठी, प्रतुल पाण्डेय, आभाकान्त द्विवेदी, श्रीनिवास मिश्र, कृष्ण कुमार शर्मा प्रचार मन्त्री, अवनीश वर्मा ऑडिटर, अवलेन्द्र कुमार भट्ट एकाउन्टेन्ट और चन्द्र प्रकाश मिश्र को मीडिया प्रभारी बनाया गया। संघ के जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुये अधिवेशन में शिक्षकों की समस्या, कर्तव्य, शिक्षा का स्तर बेहतर बनाने पर चर्चा की गई। यह जानकारी संघ के जिला मीडिया प्रभारी रवीश कुमार मिश्र ने दी है। इस दौरान जिला मंत्री राघवेन्द्र सिंह, प्रमोद त्रिपाठी, अखिलानन्द यादव, रामभरत वर्मा, बब्बन पाण्डेय, रमेश विश्वकर्मा, पारूल सांगा नेरिया, शालू सिंह, विनीता पाल, पूनम जायसवाल, मंजू पाण्डेय, आनन्द प्रिया गौतम, भानु प्रकाश चौबे के साथ ही बड़ी संख्या में शिक्षक व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी का चेयरमैन ने किया स्वागत

**● नये परसीमन क्षेत्रों के समस्याएं बताईं**

संवाददाता। संतकबीरनगर


डीएम का स्वागत करते अध्यक्ष एवं सभासदगण

**नवागत जिलाधिकारी** प्रेम रंजन सिंह का नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा की अगुआई मे सभासदों ने स्वागत किया। चेयरमैन की अगुआई मे डीएम कार्यालय पहुंचे सभासदों ने डीएम को बुके भेंट कर उनका हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया। इस दौरान डीएम प्रेम रंजन सिंह से हुए औपचारिक बातचीत के क्रम मे अलग अलग वार्डो के सभासदो ने वार्डो की समस्याओं से उन्हे रूबरू कराते हुए जल्द निस्तारण की मांग की जिस पर डीएम ने यथाशीघ्र निस्तारण का सभी को आश्वासन दिया। डीएम के साथ औपचारिक भेंट के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान चेयरमैन श्याम सुंदर वर्मा ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ से भेंट कर नगर की तमाम सारी समस्याओ से अवगत कराते हुए। समय माता मंदिर के लिए एक विशेष पैकेज का आग्रह किया था और पुरानी तहसील मे एक अडोटोरिएम, पुस्तकालय के लिए हमने डिमांड किया था, साथ ही सीमा विस्तारी क्षेत्र के विकास के लिए पत्र सौपा था। आज इसी क्रम मे मैने डीएम साहब से मुलाक़ात कर उन्हे नगर की समस्याओं से अवगत कराया। नगरीय सीमा अंतर्गत जो लोक निर्माण विभाग की सड़कें हैं काफी क्षतिग्रस्त हो गई है उसकी मरम्मत के लिए हम लोगों ने डीएम से आग्रह किया है। साथ ही जो 16 गांव विस्तारित क्षेत्र में जुड़ा है उन गांव के लोगों को आज भी ग्रामीण बिजली मिल रही है, हम लोगों ने जिलाधिकारी से आग्रह किया है कि उन लोगों को भी शहरी बिजली प्राप्त हो। इसके साथ ही साथ तमाम सारी छोटी-बड़ी समस्याओं जैसे प्रधानमंत्री आवास, जर्जर पोल, बिजली जो भी समस्याएं हैं सबके संबंध मे अवगत कराया गया। हम सभी को जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द उन सारी समास्याओं को निस्तारित करा दिया जाएगा।'

# जिला पर्यटन व संस्कृति परिषद की बैठक सम्पन्न

संवाददाता। श्रावस्ती



**जिलाधिकारी नेहा** प्रकाश की अध्यक्षता में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक सांसद श्रावस्ती राम शिरोमणि वर्माए अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्राए विधायक रामफेरन पाण्डेयए पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य एवं मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें जनपद के विभिन्न आकर्षणों.पौराणिकए पुरातात्विकए ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक धरोहारों का संरक्षण तथा संवर्धन करनाए विभिन्न पर्यटन एवं सांस्कृतिक स्थलों को प्रमुख स्थलों से जुड़े व्यक्तियोंए कलाकारों एंव स्थानीय समुदाय के आर्थिक विकास प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार के साधनों का सृजन करनाए पर्यटन एवं सांस्कृतिक विकास हेतु नए क्षेत्रों की पहचान करनाए पर्यटन सम्भावनाओं से परिपूर्ण स्थलों के पर्यटन विकास तथा मूर्त.अमूर्त कलाओं के विकास हेतु कार्ययोजना तैयार करना एवं भारत सरकार एवं राज्य सरकार की पर्यटन एवं संस्कृति के क्षेत्र में संचालित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में अपेक्षित सहयोग प्रदान करना से सम्बन्धित बैठक में विचार विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए उसी के अनुरूप पर्यटन विभाग कार्ययोजना बनायेए ताकि सरकार को भेजा जा सकेए ताकि सरकार से मंजूरी मिलने के बाद जिले को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित किया जा सके। जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि छात्र.छात्राओं को पर्यटन एवं सांस्कृतिक विकास एवं संरक्षण के सम्बन्ध में जागरूक करने के लिए शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम तैयार कराया जाएए और उसकी सूची पर्यटन विभाग को उपलब्ध कराते हुए बच्चों को भ्रमण कराने हेतु कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंए ताकि जिले के छात्र.छात्राओं को जिले में स्थित ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थलों के बारे में जानकारी मिल सके। बैठक का संचालन सहायक पर्यटन अधिकारी मनीषा चौधरी ने किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी रोहित प्रभागीय वनाधिकारी एपी यादव वरिष्ठ कोषाधिकारी गिरीश कुमार जिला पंचायत राज अधिकारी आनन्द प्रकाश जिला विद्यालय निरीक्षक सन्त प्रकाश जिला क्रीडाधिकारी शिवकुमार यादव जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पर्यटन विभाग से आरटी यादव जिला समन्वयक राजकुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# दुर्गा पूजा पंडालों का डीएम और एसपी ने किया निरीक्षण


पंडालों का निरीक्षण करते अधिकारी

**संतकबीरनगर।** नवरात्रि पर्व, माँ दुर्गापूजा व दशहरा पर्व को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत बुधवार को जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह व पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा जनपद में कस्बा खलीलाबाद, मुखलिसपुर, धनघटा आदि स्थानों पर दुर्गा पूजा पंडालों का भ्रमण/निरीक्षण किया गया। आयोजकों से संवाद कर आयोजन स्थल पर समुचित व्यवस्थापन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। माँ दुर्गा पूजा पण्डाल व्यवस्थापकों एवं रामलीला आयोजकों से शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मिलजुल कर भाई चारे के साथ दुर्गापूजा एवं दशहरा त्योहार मनाने व किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देंने की अपील की गई, यदि उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या है तो पुलिस व प्रशासन को अवश्य बताये, पुलिस व प्रशासन आपके सम्पूर्ण सहयोग के लिए सदैव तत्पर है। दुर्गापूजा कराने वाले सदस्यगण अपने-अपने पण्डालों पर वालेण्टियर लगाकर शिफ्ट वार उनकी ड्यूटी लगायें, ताकि पूजा के दौरान पण्डालों में व्यवस्था बनाने में सहयोग कर सकें। पर्व के दौरान शांति व सौहार्द बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## क्विक न्यूज

### गैंगस्टर एक्ट के वांछित व 25 हजार के दो इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह थाना मल्हीपुर मय हमराह टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि थाना मल्हीपुर पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 450द्2022 धारा 3;1द्ध उ0प्र0 गिरोह बन्द एंव समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 से संबंधित वांछित व 25.25 हजार के पुरस्कार घोषित अभियुक्तगण रुदल यादव पुत्र स्व0 हीरालाल यादव निवासी सोनवरसा थाना सलेमपुर जनपद देवरिया तारकेश्वर पुत्र स्व0 रमन उर्फ रामायन प्रसाद निवासी वार्ड नं0 12 सुगईएसोनवरसा चौराहा थाना सलेमपुर जनपद देवरिया किसी काम से भिनगा आये हुए है जो इस समय जनता इण्टर कालेज के सामने खरगौरा चौराहे के पास खड़े हुए हैए प्राप्त सूचना के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त को जनता इण्टर कालेज के सामने से गिरफ्तार किया गया । पकड़े गए अभियुक्तगण गैंगस्टर विजय चौधरी पुत्र साहबदीन गैंग के सदस्य हैं तथा शातिर अवैध गांजा तस्कर है इनके पास से पूर्व में 88 किलोग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया था। अभियुक्त गण द्वारा आर्थिक एवं भौतिक लाभ हेतु प्रतिबंधित गांजा तस्करी की घटनाएं कारित की जाती रही है। अभियुक्तगण उपरोक्त गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे थेए जिनकी गिरफ्तारी हेतु र 25.25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

### अपहृत 3 बच्चों को पुलिस ने दो घंटे में किया बरामद

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा अपहृत तीन बालकों को सकुशल बरामद किये जाने के आदेश व निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगरध्भिनगा अतुल कुमार चौबे के निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक जीतेंद्र कुमार सिंह थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती के नेतृत्व में मय हमराह टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 529 ध् 2022 धारा 363ए504ए506 भा0द0वि0 से संबंधित अपहृत तीन बालकों को सकुशल बरामद कर चाइल्डलाइन श्रावस्ती को सुपुर्द किया गया। 27 सितंबर को मनोज कुमार पुत्र वित्तन निवासी ग्राम हेमपुर थाना सिरसिया व पंकज श्रीवास्तव पुत्र अखिलेश्वर नाथ श्रीवास्तव निवासी राजगढ़ थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती सदस्य चाइल्डलाइन श्रावस्ती के द्वारा थाना कोतवाली भिनगा में एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया जिसमें उनके द्वारा उल्लेखित किया गया कि तीन बालकों को बालश्रम से मुक्त करा कर चाइल्डलाइन कार्यालय भिनगा लाया गया था उक्त तीनों बालकों को अभियुक्त प्रमोद कुमार निषाद पुत्र अज्ञात निवासी अज्ञात बच्चों के परिजनों के साथ मिलकर उठा ले गए हैं तथा चाइल्डलाइन कर्मियों के साथ अभद्रता करते हुए जानमाल की धमकी दी हैं प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कोतवाली भिनगा पर मुकदमा अपराध संख्या 529 ध् 2022 धारा 363ए504ए506 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया तथा पुलिस की त्वरित सक्रियता के कारण अपहृत तीनों बालकों को घटना के 2 घंटे के अंदर बरामद करते हुए पुनः चाइल्डलाइन को सुपुर्द कर दिया।

### जनपद की बेटी ने नाम किया रोशन



**संतकबीरनगर।** जनपद की बेटी ने जनपद का किया नाम रोशन। मंडल स्तरीय संस्कृत गीत प्रतियोगिता में आदर्श इंटर कालेज कुसुरू खुर्द की छात्रा प्रिया गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब प्रदेश की प्रतियोगिता में शामिल होगी छात्रा प्रिया।

### मगहर में नुक्कड़ नाटक कर कलाकारों ने किया जागरूक



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षार्थ बुधवार को समय सुबह 11.00 से 12.00 बजे तक कस्बा मगहर में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के तत्वाधान में थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस के सहयोग से विकास कल्चरल एंड वेलफेयर सोसायटी के माध्यम से नुक्कड़ नाटक के जरिए 1090 वूमेन पावर लाइन, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 के बारे में विस्तृत जानकारी देकर उपस्थित जनमानस को जागरुक करते हुए उनकी उपयोगिता एवं समाज में महिला सुरक्षा बचाव सशक्तिकरण का प्रचार प्रसार किया गया। नुक्कड़ नाटक में अभिनय करने वालों में लखनऊ निवासी जितेंद्र कुमार, आदित्य कुमार, शिवप्रसाद, अंकित व नेहा शामिल रहे नुक्कड़ नाटक के दौरान प्रभारी चौकी मगहर थाना कोतवाली खलीलाबाद उ0नि0 विजय कुमार दूबे, मुख्य आरक्षी प्रमोद राय, मुख्य आरक्षी राजीव यादव, कांस्टेबल विष्णु भगवान आदि उपस्थित रहे।

### अध्यक्षा संगीता ने दिलाई स्वच्छता की शपथ



**संतकबीरनगर।** नगर पंचायत मगहर कार्यालय के प्रागण में 11 बजे सभी को शपथ दिलाया गया तथा सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलिथीन का प्रयोग न करे। अपने आस पास सफाई रखे जिससे बीमारियों से बचा जा सके। राज्य मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के आदेशनुसार नगर पंचायत मगहर, के अध्यक्षा श्रीमती संगीता वर्मा व अधिशासी अधिकारी नवीन कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में 'स्वछता पखवाड़ा' के अंतर्गत स्वछता शपथ ग्रहण कराया गया एवं शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों, पार्कों, घाटों व जी.वी.पी. स्थानों का निरीक्षण कर सफाई कराया गया। इस अवसर पर लिपिक संजय दूबे, राजस्व मोहर्रिर तीर्थराज यादव, सफाई नायक सुनील, विशाल वर्मा, प्रदीप, आलोक सहित सफाई कर्मी उपस्थित रहे।

### परम्परागत ढंग से मनाई जाएगी गांधी जयंती-डीएम

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह व पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा संयुक्त रुप से कलेक्ट्रेट सभागार में ''महात्मा गॉधी जयंती समारोह'' 02 अक्टूबर 2022 को मनाये जाने के संबंध में अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम निर्धारण हेतु गोष्ठी की गई। गोष्ठी के दौरान कार्यक्रम की रूप रेखा तय करते हुए सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को उनके विभागीय कार्यों के अनुरूप आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सरकारी भवनों, कार्यालयों, सार्वजनिक स्थलों व मलिन बस्तियों में साफसफाई, सभी प्रमुख स्थानों पर रामधुन बजाने व रात्रि में सभी प्रमुख स्थानों पर रोशनी की व्यवस्था आदि सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था सुचारू एवं सुव्यवस्थित रहने के संबंध में लोगो को आस्वस्त किया गया।

### एक जनपद एक उत्पाद योजनान्तर्गत होजरी उत्पाद के लिए प्रस्तावित कलस्टर के डीएसआर वैलिडेशन को लेकर जिलास्तरीय समिति की बैठक हुई आयोजित

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की अध्यक्षता में ''एक जनपद एक उत्पाद'' योजनान्तर्गत होजरी उत्पाद हेतु प्रस्तावित कलस्टर (सीएफसी) के डीएसआर वैलिडेशन हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार उपस्थित रहें। बैठक में ई एण्ड वाई कन्सलटेंट बस्ती अनुराग सिंह, द्वारा समिति के समक्ष डीएसआर का विस्तृत प्रस्तुतिकरण किया गया। बैठक में समिति के सम्बन्धित सदस्यों/स्टेकहोल्डर्स से सुझाव भी प्राप्त किया गया। जिलाधिकारी द्वारा एसपीवी के गठन एवं सीएफसी के संचालन के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि उपायुक्त उद्योग, ई एण्ड वाई कन्सलटेंट एवं समस्त स्टेक होल्डर्स आपसी समन्वय करते हुए योजनान्तर्गत दिये गये प्राविधानानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराये, तथा डीएसआर/ डीपीआर तैयार करा कर राज्य स्तरीय समिति को प्रेषित किये जाने पर सहमति व्यक्त किया गया। बैठक में उपस्थित जिला विकास अधिकारी/प्र मुख्य विकास अधिकारी सुदामा प्रसाद द्वारा निर्देशित किया गया कि होजरी उत्पाद से जुड़े हुए अधिक से अधिक लोगों को इस योजना से जोड़ा जाये, तथा इनके द्वारा मांग की जा रही मशीनों के बारे मे भी सुझाव प्राप्त कर लिया जाये तथा उनकी उपयोगिता का भी डीएसआर में उल्लेख किया जाये। जिससे योजनान्तर्गत लगने वाली सीएफसी जनपद के होजरी उत्पाद से जुड़े हुए कारीगरों हेतु उपयोगी साबित हो सके। बैठक में उपस्थित अध्यक्ष, उप्र इण्ड एसो अरविन्द पाठक एवं महामंत्री, चौम्बर ऑफइण्ड सुभाष चन्द्र शुक्ल द्वारा भी सीएफसी परियोजना के स्थापना हेतु सुझाव दिया गया की इस परियोजना के तकनीकी पक्ष पर भी ध्यान देना चाहिए जिससे कारीगरों द्वारा मांग की जा रही अच्छी से अच्छी मशीनों की स्थापना हो सके जिससे रोजगार में भी वृद्धि होगा तथा इनकोंमार्केट की भी सुविधापर बल दिया गया। राजकुमार शर्मा, उपायुक्तउद्योग द्वारा परियोजना के स्थापना के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया।

# सैम से सामान्य श्रेणी में आए बच्चों की दें जानकारीः डीएम

## ● जिला पोषण समिति की बैठक में हुई चर्चा

संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी अभिषेक** आनन्द की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को हुई।

जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास मनोज कुमार को निर्देश दिए कि सैम बच्चे जो सामान्य श्रेणी में आते हैं, उसका बाल विकास परियोजना अधिकारियों से सत्यापन कराकर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं ई- कवच ऐप पर फीडिंग कम होने के मामले में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी प्रगति कराएं। पोषण पुनर्वास केंद्र में लक्ष्य के सापेक्ष बच्चों को भर्ती कराकर स्वास्थ्य लाभ दिलाया जाए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि बी एच एस एन डी सेशन के दिन ग्राम प्रधानों को निर्देश दे कि वह इस कार्य में सहयोग करें। जिला विकास अधिकारी से कहा कि गत माह के सेशन में कितने प्रधानों को सूचित किया गया है इसकी जांच कर अवगत कराएं। एनीमिक जांच में क्या डाटा आता है, उसकी सूचना प्रभारी चिकित्सा अधिकारी उपलब्ध कराएं। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि तीन दिन में एकत्र करके दे, जो एनएएम जांच नहीं कर पा रही है उनको प्रशिक्षण दिलाया जाए। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि जिन नोडल अधिकारियों ने गोद लिए आंगनबाड़ी केंद्रों एवं बी एच एस एन डी की रिपोर्ट पर्यवेक्षकों द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गई है, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कराएं। मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक भी कराई जाए, मैम श्रेणी से जो सैम में बच्चा गया है, उसको देखें तथा सैम मैम श्रेणी के बच्चों के परिवार वालों को स्वास्थ्य लाभ खानपान की सही जानकारी एएनएम आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व आशा उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों की कुछ विभागों की फीडिंग नहीं हुई है,


बैठक लेते डीएम

सभी विभागों से संपर्क करके फीडिंग कराएं। बाल विकास परियोजना अधिकारी मऊ से कहा कि जो आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण के लिए जगह में समस्या है और कार्य रुका है तो एसडीएम से संपर्क करके निस्तारण कराएं। जिन आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण शुरू नहीं हुए हैं, वहां पर तत्काल निर्माण शुरू कराएं। यह सभी सीडीपीओ सुनिश्चित करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि निर्माण कार्यों की कमेटी बनाकर गुणवत्ता की जांच कराएं। जिला विकास अधिकारी से कहा कि सबसे अधिक मऊ के आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण में समस्या है, खंड विकास अधिकारी मऊ से संपर्क कर प्रगति कराई जाए। जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि जो सैम मैम के बच्चों के घरों पर शौचालय नहीं है, उसका बाल विकास परियोजना अधिकारियों से सर्वे कराकर जिला पंचायत राज अधिकारी को सूची उपलब्ध कराई जाए ताकि वहां पर शौचालय का निर्माण कराया जा सके। उन्होंने कहा कि बी एच एस एन डी के जो कंट्रोलिंग अधिकारी हैं, वह अपने नीचे स्तर के अधिकारी, कर्मचारियों की रिपोर्टिंग अवश्य करें। इसी प्रकार जिला पूर्ति अधिकारी तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भी कराएं। जिन केंद्रों पर स्टेटियो मीटर बजन मशीन नहीं है, वहां पर ग्राम प्रधानों से संपर्क करके व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने बाल विकास परियोजना अधिकारियों से कहा कि जो आंगनबाड़ी कार्यकत्री बच्चों के बजन आदि कार्यों में कार्य न करें, उनके खिलाफ कार्रवाई कराई जाए। जिनका बजन हो रहा है तो उसकी शत-प्रतिशत फिडिंग अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि मऊ की प्रगति बहुत कम है, सीडीपीओ मऊ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी मऊ से संपर्क करके प्रगति कराएं। अगली बैठक में प्रगति चाहिए, इसमें किसी तरह का बहाना नहीं चाहिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह सितंबर के अंतर्गत स्वस्थ बालक बालिका प्रतिस्पर्धा कराई गई है, जिन्हें 2 अक्टूबर 2022 को पुरस्कृत किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों से कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत लाभार्थियों को नवीन व्यवस्था के अंतर्गत जो सूखा राशन का वितरण कराया जाता है, उसका सत्यापन कराया जाए। सूखा राशन वितरण में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। विकासखंड पहाड़ी में जो स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा राशन का उठान नहीं किया जा रहा है, उसको डीसी एनआरएलएम जाकर देखें तथा अवगत भी कराएं। प्रथम त्रैमास में पंजीकरण के उपरांत पंजीकृत गर्भवती महिलाओं को जो पोषाहार वितरण किया जा रहा है, इसका परीक्षण करा लें कि इनको जो सात बार पोषाहार दिया जाना है, उसमें कितनों को कितनी बार प्राप्त हुआ है। इसकी सूची उपलब्ध कराएं, बाल विकास परियोजना अधिकारियों से कहा कि जो जनप्रतिनिधि आंगनबाड़ी केंद्र गोद लिए हैं, उनके निरीक्षण की रिपोर्ट लेकर जिला कार्यक्रम अधिकारी को उपलब्ध कराएं। जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि निरीक्षण के दौरान जिन आंगनबाड़ी केंद्रों में कमियां मिली है, उसकी सूचना एकत्र करके जिला पंचायत राज अधिकारी व खंड विकास अधिकारियों के माध्यम से उनका निस्तारण कराया जाए।

## मुफ्त एहतियाती टीका के लिए मेगा कैम्प आज

**चित्रकूट।** कोरोना संक्रमण से सुरक्षा कवर मुहैया कराने के उद्देश्य से चल रहे 75 दिवसीय निरूशुल्क प्रिकॉशन डोज में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से गुरुवार 29 सितंबर को जनपद में मेगा वैक्सिनेशन कैंप का आयोजन किया गया है। 30 सितंबर को 75 दिवसीय निरूशुल्क प्रिकॉशन डोज अभियान का आखिरी दिन है। अब तक जिले में 37 फीसद लोगों को प्रिकॉशन डोज दी जा चुकी है। जबकि प्रदेश का प्रिकॉशन डोज देने का औसत दर 32 फीसद है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा भूपेश द्विवेदी ने बताया कि जिले में 18 साल से अधिक उम्र के नागरिकों को निरूशुल्क प्रिकॉशन डोज दिया जा रहा है। इसी के तहत 29 सितम्बर को संयुक्त जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और चिन्हित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर निरूशुल्क प्रिकॉशन डोज के लिए मेगा वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 30 सितंबर निरूशुल्क प्रिकॉशन डोज अभियान का आखिरी दिन है। इसके बाद हो सकता है कि प्रकाशन डोज लेने के लिए निर्धारित शुल्क भी देना पड़ेद्य अब तक जिले में 37 फीसद लोगों को प्रीकाशन डोज दी जा चुकी हैद्य जबकि प्रदेश में प्रीकाशन डोज लगाने की औसत दर 32 प्रतिशत है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा महेंद्र कुमार जतारिया ने बताया कि 30 सितंबर को 75 दिवसीय अभियान का समापन होने जा रहा है। ऐसे में 29 सितंबर को मेगा वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया है, जिसमें कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज लगवा चुके ऐसे लाभार्थी, जिन्हें छह माह का वक्त हो गया है, उन्हें निरूशुल्क प्रिकॉशन डोज लगाई जाएगी। सौ से अधिक सेशन चलाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिले में छह लाख से अधिक लोगों को नि:शुल्क प्रिकाशन डोज दिया जाना हैद्य अब तक दो लाख से अधिक लोगों को प्रीकाशन डोज दी जा चुकी है।

# आय बढ़ाएं नगर निकाय, तभी होगा नगरीय विकास

## ● वित्तीय संसाधन बोर्ड के सचिव ने दिए निर्देश

संवाददाता। चित्रकूट

**सचिव उत्तर** प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड पप्पू गुप्ता, अर्थ संख्या अधिकारी बोर्ड अशोक कुमार तथा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह की उपस्थिति में जनपद चित्रकूट की नगरपालिका तथा नगर पंचायतों के वित्तीय परिदृश्य को देखते हुए एक बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को किया गया।

बैठक में उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड सचिव ने बताया कि उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड का गठन भारत सरकार के निर्देश पर 30 मार्च


बैठक लेते नगर विकास अधिकारी

2011 को किया गया है। अधिनियम के अधीन उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड नियमावली 2016, 17 अगस्त 2016 को प्रख्यापित की गई है। नगरीय निकाय में पारदर्शी एवं वैज्ञानिक प्रणाली से संपत्तियों का मूल्यांकन एवं संपत्ति कार्य का निर्धारण कर उनके वित्तीय संसाधनों में वृद्धि करने की आवश्यकता को देखते हुए भारत सरकार द्वारा लागू किया गया है। यह प्रत्येक प्रदेश में लागू किया गया है। सबसे पहले बेंगलुरु से शुरू किया गया है। निकाय में वित्तीय संसाधन को बढ़ाने कि व्यवस्था के लिये नियमों व एक्ट में दिया गया है। आय बढ़ाने के लिये वेबसाइट पर पूरा विवरण उपलब्ध कराया गया है। कहा कि केंद्र सरकार के भवनों पर 1954 में हाउस टैक्स के बारे में संविधान में छूट दिया गया है। अब रेलवे स्टेशन, दूरभाष केंद्र, पोस्ट ऑफिस में आवागमन नगर क्षेत्र से होकर जाता है। जिसमें केंद्र सरकार के भवन से भी सेवा प्रभार लेने के लिए भारत सरकार, प्रदेश सरकार ने शासनादेश जारी किया है। कहा कि एक टैक्स शासन द्वारा लगाया जाता है, दूसरा टैक्स नगर पालिका और नगर पंचायत लगाती है। सरकारी पैसा देने में कोई समस्या नहीं होती है। शासन का उद्देश्य यही है कि आज आत्मनिर्भर भारत की बात हो रही है तो अगर नगर निकाय अपने आय के स्रोत नहीं बनाएंगे तो नगर की सुविधाएं कैसे दे पायेंगे। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों से कहा कि अपने कार्यों और दायित्वों को समझें और जो उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड में नियम शर्तें हैं। उसका अनुपालन सुनिश्चित करें। जिसमें आप लोग आय बढ़ाएं ताकि वेतन आप लोगों को मिल सके। कहा कि स्वच्छ भारत मिशन को लागू करके सफाई पर फोकस करके अन्य योजनाएं लागू किया गया है।

## मंदिर की भूमि से अबैध कब्जा हटवाने की लगाई गुहार

**कोंच(जालौन)।** महंत नगर क्षेत्र में देवी मंदिर की भूमि पर किये गये अबैध कब्जे को हटवाए जाने की मांग करते हुए वहां के लोगों ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र सौंपा। महंतनगर निवासी व संतोषी माता मंदिर समिति के सदस्य विवेक, हरीमोहन, देवेश, मनीष, विनोद, भंवर,हरिनारायण, ललित,दुर्गाप्रसाद, राकेश, वीरेंद्र,नंदकुमार, दीपक, संजीव,सूरज आदि ने एसडीएम कृष्णकुमार सिंह को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि घुसिया- बसोब रोड पर स्थित देवी मंदिर की भूमि पर सालिकराम अहिरवार ने लकड़ी का ढाला रखकर मंदिर की भूमि पर अबैध रूप से कब्जा कर रखा है।शारदीय नवरात्र में मंदिर में देवी माँ की झांकी सजाई गई है और सालिकराम ढाला में अंडे रखकर बेच रहा है जिससे माहौल दूषित हो रहा है और मना करने के बाद भी वह नहीं मान रहा है, उल्टे गाली गलौज कर लड़ाई झगड़ा करने पर आमादा है।उक्त लोगों ने एसडीएम से मामले को लेकर कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

# एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष बने सांसद पटेल

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के सचिव पी के श्रीवास्तव द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में बुधवार को बूट ऐप लिपिक संघ का गठन किया गया। विजय कुमार क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन आर के सिंह पटेल सांसद चित्रकूट के कार्यालय में हुआ। जिसमें सर्वप्रथम पीके श्रीवास्तव को धन्यवाद ज्ञापित किया गया कि उन्होंने चित्रकूट एथलेटिक्स संघ के गठन की अनुमति प्रदान की। इसके बाद बैठक प्रारंभ हुई और सर्वसम्मति से पूर्व एथलीट तथा सांसद आर के पटेल को एथलेटिक संघ का अध्यक्ष चुना गया। इसके बाद सचिव के रूप में शक्ति प्रताप सिंह को, कोषाध्यक्ष के रूप में, अरुण सिंह बघेल सदस्य के रूप में चुना गया।श्री कृष्ण सतीश सिंह, श्याम सुंदर यादव, राजेश पांडेय, राजू श्रीवास्तव, राज कश्यप को संघ का सदस्य चुना गया। अध्यक्ष ने कहा


सांसद को सम्मानित करते क्रीड़ाधिकारी

कि जिला एथलेटिक संघ चित्रकूट उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के नेतृत्व में उनके द्वारा बताए गए कार्यों के अनुसार ही चित्रकूट में संघ का संचालन करेंगे। हाल ही में अपर मुख्य सचिव खेल उत्तर प्रदेश शासन द्वारा खेल संघों के साथ बैठक करने के निर्देश क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी व क्रीड़ा अधिकारी को दिए गए थे लेकिन चित्रकूट में कोई भी संघ नहीं था,इसके लिए विजय कुमार क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी द्वारा संघों के गठन की पहल की गई और उसी पहल की कड़ी में चित्रकूट का पहला संघ स्थाई रूप से आज गठित हुआ है। संघ के गठन पर चित्रकूट के वरिष्ठ खेल प्रेमियों ने प्रसन्नता जाहिर की है। महिला सदस्य के रूप में कशिश चौरसिया को रखा गया है। आगे आने वाले समय में संघ एथलेटिक की खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करके खिलाड़ियों को प्रांतीय व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने क लिये भेजेगा।

# आटा स्टैण्ड पर चला प्रशासन का बुलडोजर, दो दर्जन दुकानें तोड़ी

**उरई ( जालौन )।** बुधवार की सुबह लगभग दस बजे से आटा बस स्टैंड में जिला पंचायत की जगह पर बनी अवैध दुकानों पर प्रशासन द्वारा बुलडोजर चलाया गया। जिला पंचायत जमीन की पूर्व में हो चुकी थी। और काफी समय पहले नोटिस भी चस्पा हो चुके थे। फिर बुधवार की सुबह प्रशासन की कार्रवाई हुई। एसडीएम कालपी रामकुमार, तहसीलदार नरेंद्र कुमार, सीओ रामसिंह, आटा प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार गौतम पूरे पुलिस बल के साथ कार्रवाई की जगह पहुंच गये। एनएचआई की टीम व जिला परिषद के अधिकारी भी मौजूद रहे। पांच जेसीबी मशीनों से ग्राम आटा बस स्टैंड पर बनी अवैध दुकानों को तोड़ दिया गया। ग्राम आटा में अभी और भी जिला पंचायत की जगह पर दुकानें बनी हुई है जिन पर अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं एसडीएम राम कुमार ने बताया कि जैसे ही जिला परिषद उन


दुकानों को तोड़ती जेसीबी मशीन

जगहों को चयनित करेगी। वैसे ही उन दुकानों पर भी तत्काल कार्रवाई होगी। बुधवार को ग्राम आटा बस स्टैंड पर बनी दुकानों पर कार्रवाई हुई और उन्हें जेसीबी मशीन द्वारा तोड़ा गया जिसके मध्य उन दुकानों के बीच में बने अवैध अतिक्रमण को छोड़ दिया गया। जेसीबी का मुंह दूसरी ओर घुमा दिया गया। जबकि उस अतिक्रमण की भी पैमाइश की गई थी। गौरतलब है कि ग्राम आटा बस स्टैंड पर बनी दो दर्जन दुकानों को तोड़ा गया लेकिन उन्हीं दुकानों के बीच बने एक अवैध अतिक्रमण को नहीं हटाया गया।

# पहले रोजगार मेला में 66 लोगों को मिल गई नौकरी, चेहरे खिले

**जालौन ( उरई )।** नगर में पहली बार युवाओं को रोजगार देने के लिए रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेला में 83 अभ्यर्थियों में 66 अभ्यर्थियों को रोजगार मिला। जॉब पाने वाले अभ्यर्थियों के चेहरे खिल उठे। अभ्यर्थियों ने समय समय पर नगर में रोजगार मेला लगावाए जाने की मांग की।

नगर में अभी तक रोजगार मेला का आयोजन नहीं किया गया। बीती एक जून को शिक्षक एवं समाजसेवी धीरज बाथम ने तत्कालीन जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन से भेंट कर बताया था कि बेरोजगार युवक, युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जाता है। जालौन और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले युवक, युवतियों को दूर पहुंचने में कठिनाई होती है। उनका समय और आने जाने में अनावश्यक धन बर्बाद होता है। यदि जालौन नगर में ही रोजगार मेले का आयोजन कराया जाए तो ग्रामीण क्षेत्र के युवक, युवतियों को काफी लाभ मिलेगा। तब जिलाधिकारी ने सेवायोजन अधिकारी को जालौन नगर में रोजगार मेला आयोजन कराने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद बुधवार को ब्लॉक सभागार में पहली बार रोजगार मेले का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट कंपनी आईसेक्ट रोजगार मंत्रा, एलआईसी, वीकेक, वैलस्पन, वर्धमान, मंजुवाल शोभा कंपनी के प्रतिनिधियों ने ब्लॉक सभागार में पहुंचने वाले अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। जिसमें एलआईसी में 22 अभ्यर्थियों में 19 का चयन किया गया। आईसेक्ट रोजगार मंत्रा के अंतर्गत टैक्सटाइल कंपनी वर्धमान, वैलस्पन व ऑटोमोबाइल क्षेत्र की कंपनी मंजुवाल शोभा में 40 प्रतिभागियों में 32 का चयन किया गया। इसी प्रकार प्लांटेशन व फर्टिलाइजर कंपनी वीकेक में 21 में 15 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में चयन हुए अभ्यर्थियों के चेहरे जॉब पाकर खिल उठे। युवाओं ने नगर में समय समय पर रोजगार मेला का आयोजन कराने की मांग जिलाधिकारी से की है। इस मौके पर जिला सेवायोजन प्रभारी भगवत नारायण वर्मा, धर्मेंद्र कुमार, विशाल साहू, अंकित राज, एलआईसी से पीसी गुप्ता, आईसेक्ट से शैलेंद्र परिहार, मुंजाल शोभा से अंजनी भारती, वैल स्पन से धर्मेंद्र, वीकेक से विनोद पटेल आदि मौजूद रहे।

# भूमाफियाओं के विरोध में सैकड़ों लोगों ने किया प्रदर्शन

## ● नगरीय क्षेत्र के नाले किनारे अवैध निर्माण करने वालों पर की कार्रवाई की मांग

## ● सरकारी अभिलेखों में गड़बड़झाला करने वाले कर्मियों के क्रियाकलापों की करायी जाये उच्चस्तरीय जांच

संवाददाता। उरई (जालौन)

**बुधवार को** जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रदर्शन करते हुये नगर के जेल रोड पर पिछले कुछ वर्षों में आलीशान बारात घरों, शोरूम का नहीं बल्कि अनेकों प्रकार के निर्माण कार्य बगैर नक्शा पास कराये ही नजूल की जमीनों पर कब्जा कर करवा लिया है। जिसमें कई जमीनें तो ऐसी हैं जिनकी रजिस्ट्री भी नहीं है जिन्होंने नजूल की जमीन पर कब्जा कर रखा है। ऐसे भूमाफियाओं के क्रियाकलापों की जांच कर अवैध निर्माण हटाये जाने की


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते नगरवासी

आवाज बुलंद की।

बंटी भदौरिया के नेतृत्व में धीरेन्द्र श्रीवास्तव एडवोकेट, विक्रम भदौरिया, रत्नाकर त्रिपाठी, दीपक पटेल, धर्मेंद्र, सतीश, सोमेश, अकबर औंता, अरविंद सिंह, योमेश जादौन आदि ने टाउनहाल मैदान से जुलूस निकाला गया जो कलेक्ट्रेट पहुंचा जहां मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम सौरभ कुमार पांडेय को भेंटकर अवैध कब्जाधारी भूमाफियाओं पर कार्यवाही की मांग करते हुए अवैध कब्जा खाली करवाये जाने की मांग उठाई है। मुख्यमंत्री को संबोधित भेजे ज्ञापन में बताया कि सरकारी दस्तावेजों में गोलमाल करके तहसील के लेखपालों तथा अधिकारियों, नगर पालिका कर्मचारी तथा कलेक्ट्रेट के कर्मचारी जो राजस्व विभाग का काम देखते है जिन्होंने रिकार्ड गायब करके फर्जीवाड़ा बड़े स्तर पर करके सरकारी रिकॉर्ड में छेड़छाड़ कर उरई विकास प्राधिकरण के लिपिकों व अधिकारियों की शह पर बगैर किसी भय के भ्रष्टाचार के पोषक बनकर कथित तरीके से मोटी रकमें राजस्व कर्मियों, उरई विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों व अधिकारियों पर खर्च करके नियमों को ठेंगा दिखाने का काम किया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि उरई विकास प्राधिकरण जिम्मेदार अधिकारी व लिपिक सच्चाई को जानते हैं। प्रदर्शन में शामिल युवाओं का कहना था कि बच्चा जेल से सटाकर नियम विरुद्ध बगैर नक्शा पास जेल शासनादेश का उल्लंघन करके ईशा वैंकट हाल, सरकार गार्डन, सरकारी नाले पर तथा नजूल की भूमि पर अमन रायल क्लब, नाले पर सरकार पैलेस, माधव पैलेस सहित अन्य कई इमारतें, बारात घर जो नियम विरुद्ध बने है तथा नगर पालिका की जमीन पर रामकुंड स्थित 1045 पर अवैध रूप से बंगलादेशी जो कबाड़ बीनने का कार्य करते है जिनकों भी भूमाफिया कब्जा करवाये हुए है। मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में उक्त प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच के साथ ही प्रशासनिक कार्यवाही की मांग उठाई है।

**पर्दे के पीछे रहकर जिम्मेदारों ने माफियाओं का किया संरक्षण:** नजूल की जमीनों पर आलीशान भवनों का निर्माण कराने में कई जिम्मेदार अधिकारियों ने पर्दे के पीछे रहकर ऐसे कार्यों पर अपनी मौत स्वीकृत देने का काम किया था जिसमें ओडीए से लेकर तहसील के कर्मियों की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। यदि उसी समय जिम्मेदार अधिकारी अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करते तो निश्चित रूप से ऐसे अवैध निर्माणों को रोका जा सकता था। अब नगर के जागरूक युवाओं ने ऐसे मामलों को प्रमुखता से उठाते हुये ऐसे तत्वों के विरुद्ध आवाज बुलंद की जिसकी नगरवासी सराहना करते देखे जा रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### एसपी ने की व्यापारियों के साथ बैठक सुरक्षा के प्रति दिलाया पूरा भरोसा



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा की अध्यक्षता में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं सीओ नगर हर्ष पाण्डेय की उपस्थिति में पुलिस कार्यालय स्थित सभा प्रेक्षागार में जनपद के व्यापारियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी। जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यापारियों से उनकी समस्याएं पूछी गई एवं उनके पूर्ण समाधान के लिये सभी को आश्वस्त किया गया। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी से अपील की गयी कि अपनी-अपनी दुकानों एवं मकानों के सामने सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवायें। जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर उसकी संपूर्ण जानकारी कैमरे में कैद हो सके। इसके साथ ही नवरात्रि,दशहरा एवं दीपावली के त्यौहार को सौहार्द एवं शांति पूर्ण ढंग से मनाये। इस गोष्ठी के दौरान प्रतिसार निरीक्षक सुमेर सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी अवधेश कुमार मिश्र, प्रभारी क्राइम ब्रांच राजेश द्विवेदी एवं प्रभारी एएचटीयू अजीत कुमार पाण्डेय, वाचक राम सिंह, पीआरओ वीर प्रताप सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### शातिर बदमाश तमंचा सहित हदरुख चौकी इंचार्ज के हत्थे चढ़ा

**कुठौंद (जालौन)।** पुलिस अधीक्षक रवि कुमार, क्षेत्राधिकारी उमेश पांडे व कुठौंद थानाध्यक्ष अखिलेश द्विवेदी के नेतृत्व में चोरों एवं अपराधियों की धरपकड़ के लिए हदरूख चौकी इंचार्ज ओंकार तिवारी ने हमराही सिपाहियों के साथ गश्त के दौरान एक शातिर बदमाश हत्थे चढ़ गया। जब उसकी तलाशी ली गयी तो उसके पास से तमंचा बरामद हुआ। मिली जानकारी के अनुसार हदरुख चौकी प्रभारी ओंकार तिवारी देर रात्रि गश्त पर थे उसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि एक शातिर बदमाश वारदात को अंजाम देने की फिराक में बाबली तिराहा पर खड़ा है। उक्त जानकारी के बाद वह हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे जहां से शहीद पुत्र मोहम्मद शहीद उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम सिहारी दाउदपुर थाना जालौन गिरफ्तार कर लिया जब उसकी तलाशी ली गयी तो उसके पास से एक 315 बोर तमंचा एवं दो जिंदा कारतूस बरामद हुये। चौकी प्रभारी ने जब उसके बारे में जानकारी की तो पता चला कि उसके विरुद्ध पूर्व के समय में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। थाना कुठौंद पुलिस ने शहीद के विरुद्ध धारा 325 में मुकदमा पंजीकृत कर चालान कर दिया। शातिर बदमाश को गिरफ्तार करने वाली टीम में हदरूख चौकी इंचार्ज ओंकार तिवारी, सिपाही राहुल यादव, आलोक दुबे, नरेंद्र कुमार शामिल रहे।

### फूड्स इंस्पेक्टर ने छापा मार कर दो दुकानों से सैंपल भरा

**कदौरा (जालौन)।** कस्बे में स्थित किराना दुकानों में नकली व मिलावट सामान की ब्रिकी की शिकायत पर बुधवार को फरूड इंस्पेक्टर ने टीम के साथ कस्बे की किराना दुकानों में छापा मारा। छापा मारने की भनक लगते ही दुकानदारो ने आनन फानन में दुकानों के सटर गिरा कर रफूचक्कर हो गए। टीम ने बस स्टैंड में स्थित किराना दुकानदार आकाश शिवहरे की दुकान से गरी व अनिल गुप्ता की दुकान से साबूदाना का सैंपल भर कर जांच के लिए भेजा। फरूड इंस्पेक्टर राहुल शर्मा ने बताया कि मिलावटी व नकली सामान बेंचने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे दुकानदारों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। अभियान लगातार चलेगा।

### किशोर को सर्प ने डंसा

**कोंच(जालौन)।** ग्राम भदेवरा में एक किशोर को सर्प ने दंश कर लिया। परिजन उसे उपचार हेतु निजी नर्सिंग होम लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने फिलहाल मना कर दिया है,लेकिन परिजन फिलहाल झाड़ फूंक कराने के लिए किशोर को गंभीर हालत में कहीं लेकर गये हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदेवरा निवासी शरीफका 11 बर्षीय पुत्र राज मंगलवार- बुधवार की रात घर में बने कमरे में सो रहा था तभी वहां निकले एक जहरीले सर्प ने उसे दंश कर लिया।कुछ देर बाद समीप ही सो रहे पिता शरीफकी आंख खुली तो उसने देखा कि सर्प दीवार के सहारे चल रहा था।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की उपचार दौरान हुई मौत

**कोंच(जालौन)।** अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए अधेड़ की उपचार के दौरान झाँसी में मौत हो गई। मामले के मुताबिक जबलपुर मध्य प्रदेश के ग्राम नरसिंहपुर निवासी 44 वर्षीय अर्जुन सिंह पुत्र भागीरथ गत 26 सितंबर को नगर के मोहल्ला नया गांधीनगर निवासी अपनी बहिन गुड्डी देवी पत्नी शालिग्राम से मिलने आया हुआ था।उसी दिन देर शाम को वह मारकंडेश्वर तिराहे के समीप पंचमुखी हनुमान मंदिर पर सड़क पार कर रहा था तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजन उसे उपचार हेतु झांसी मेडिकल कॉलिज ले गये थे जहां मंगलवार की रात उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा उसके शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### जहरीले कीड़े के काटने से युवक की मौत

**जालौन (उरई)।** जहरीले कीड़े के काटने से 29 वर्षीय युवक की मौत हुई। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहारी दाऊदपुर निवासी पंकज कुशवाहा (29) पुत्र रामनरेश कुशवाहा रात में खाना खाकर अपने कमरे में सो रहा था। तभी रात्रि करीब 2 बजे उसके पैर में किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। जहरीले कीड़े के काटने पर उसकी आंख खुल गई और उसने परिजनों को बताया। परिजन आनन फानन में उसे सीएचसी ले आए। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### विद्युत एसई की अगुवाई में टीम ने चलाया सघन चेकिंग अभियान



**कोंच(जालौन)।** अबैध बिजली चोरी रोकने और कुंडली जमाये बैठे बकायेदार उपभोक्ताओं से शत प्रतिशत राजस्व वसूल करने हेतु शासन स्तर से मिले कड़े निर्देशों के अनुपालन में विद्युत विभाग के अधिकारी लगातार एक्शन मोड में दिखाई दे रहे हैं जिससे बिजली चोरों सहित बकायेदार उपभोक्ताओं में हड़कम्प की स्थिति साफतौर पर देखी जा रही है। गत रोज अधिशाषी अभियंता द्वारा नगर में चलाए गये अभियान के दूसरे दिन बुधवार को अधीक्षण अभियंता राजीव वर्मा की अगुवाई में उप खंड अधिकारी अनिरुद्ध कुमार मौर्य व अवर अभियंता रामू गुप्ता ने विभागीय कर्मियों के साथ मिलकर नगर के मोहल्ला जयप्रकाश नगर, जवाहर नगर, प्रताप नगर व लाजपत नगर में डोर टू डोर चैकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान तमाम बिजली चोरी के मामले पकड़ में आये जिनकी बाकायदा वीडियोग्राफी की गई। 10 हजार रुपये से अधिक धनराशि के बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं के घरों की कुंडी खटखटाकर उनसे राजस्व भी बसूला जबकि कई बकायेदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिये। चैकिंग अभियान को देखकर कुछ बिजली चोर अपने घरों में अबैध रूप से डाले गये कटिया हटाते हुए भी अधिकारियों के कैमरों में कैद हो गये। अधीक्षण अभियंता ने समस्त उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि अपने अपने बिजली बिलों की अदायगी प्रत्येक माह करें और वैध कनेक्शन के सहारे ही बिजली का उपयोग करें अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उपखंड अधिकारी अनिरुद्ध मौर्य और अवर अभियंता रामू गुप्ता ने बकायेदार उपभोक्ताओं को चेताते हुए कहा कि बकाया धनराशि जमा किये बगैर अगर पृथक किया गया कनेक्शन जुड़ा हुआ पाया गया तो ऐसे उपभोक्ताओं के खिलाफएफआईआर दर्ज कराई जाएगी। चैकिंग अभियान में टीजीटू हुकुम सिंह, रिंकू कुमार, धीरज, दीपक, बल्लू आदि विभागीय कर्मी शामिल रहे।

### दो बाइकों की भिड़ंत में एक घायल

**कोंच(जालौन)।** आमने सामने दो बाइकों की हुई भिडन्त में एक युवक घायल हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सैदनगर निवासी युवक जीतू बुधवार को किसी कार्य से बाइक पर सवार होकर कोंच आ रहा था।कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अंडा के समीप मुख्य मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य बाइक से जीतू की बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। भिड़ंत में जीतू बाइक से सड़क पर गिर पड़ा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके से गुजर रहे लोगों ने उसे उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिजवाया जहां चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया गया।वहीं दूसरी बाइक के चालक का फिलहाल कोई नाम पता मालूम नहीं चल सका है।